सूर्योदय : 5:18
सूर्यास्त : 6:47
अधिकतम तापमान : 40.7
न्यूनतम : 28.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-327 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 19 मई 2026
01 जिलहिज्जा 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

नॉर्वे में पश्चिम एशिया संकट और यूक्रेन युद्ध पर बोले पीएम मोदी

सैन्य संघर्ष से हल नहीं हो सकता कोई मुद्दा

ओस्लो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में तनाव के माहौल के बीच नई दिल्ली के भू-राजनीतिक रुख को मजबूती से रेखांकित किया। उन्होंने सोमवार को पश्चिम एशिया संकट और यूक्रेन युद्ध के तत्काल समाधान के लिए संवाद और कूटनीति की पैरवी की। प्रधानमंत्री ने कहा कि एकतरफा सैन्य कार्रवाई से स्थायी शांति हासिल नहीं की जा सकती है।

स्वीडन से ओस्लो पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अपने नॉर्वे के समकक्ष जोनस गाहर स्टोरे के साथ बैठक की। इसके बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत और नॉर्वे दोनों नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और सक्रिय कूटनीतिक सहभागिता के प्रति साझा दृष्टिकोण रखते हैं।

उन्होंने कहा, भारत और नॉर्वे दोनों नियम-आधारित व्यवस्था, संवाद और

कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम सहमत हैं कि कोई भी मुद्दा केवल सैन्य संघर्ष से हल नहीं किया जा सकता। मौजूदा वैश्विक संकटों पर प्रधानमंत्री ने कहा, चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम संघर्ष के शीघ्र अंत और शांति के लिए हर प्रयास का समर्थन करते रहेंगे। नॉर्वे की यात्रा पीएम मोदी के चार यूरोपीय देशों के दौरे का एक अहम चरण है।

'बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार की आवश्यकता'- प्रधानमंत्री ने बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि वैश्विक सहयोग को और गहरा किया जा सके। उन्होंने कहा, हम इस बात पर भी सहमत हैं कि वैश्विक संस्थानों में सुधार बढ़ती वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए जरूरी है। पीएम मोदी ने आगे जोर देकर कहा, आतंकवाद के हर रूप को जड़ से समाप्त करना हमारी साझा प्रतिबद्धता है। ओस्लो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनस गाहर स्टोरे ने कहा कि दुनिया में बढ़ती अनिश्चितता के बीच कूटनीति, व्यापार और तकनीक को हथियार बनाने की कोशिशों के खिलाफ सभी देशों को एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और नॉर्वे हर मुद्दे पर हमेशा एक जैसी राय नहीं रखते। लेकिन दोनों लोकतांत्रिक मूल्यों, संवाद और सहयोग में विश्वास करते हैं। नॉर्वे के प्रधानमंत्री ने कहा कि बढ़ते संरक्षणवाद और भू-राजनीतिक तनाव के दौर में नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था का समर्थन पहले से ज्यादा जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि अलगाव और एकतरफा फैसलों की बजाय सहयोग बेहतर परिणाम देता है, खासकर वैश्विक चुनौतियों से निपटने में। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं ने यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया की स्थिति समेत कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। स्टोरे ने भारत और नॉर्वे के राजनयिकों के बीच लगातार संपर्क की सराहना करते हुए कहा कि इससे जटिल वैश्विक चुनौतियों से निपटने में मदद मिली है।

नॉर्वे के सर्वोच्च सम्मान से नवाजे गए प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नॉर्वे के सर्वोच्च सम्मान से नवाजे गए हैं। इसके साथ उनके नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। उन्होंने नॉर्वे का सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट' प्रदान किया गया। यह प्रधानमंत्री को मिलने वाला 32वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। नॉर्वे से पहले पीएम मोदी को स्वीडन के भी सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया था।

इन देशों में भी प्रधानमंत्री को मिल चुका है सम्मान

सऊदी अरबः किंग अब्दुलअजीज सैश, **अफगानिस्तानः** गाजी अमीर अमानुल्लाह खान **फलस्तीनः** ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फलस्तीन **संयुक्त अरब अमीरातः** ऑर्डर ऑफ जायद, **रूसः** ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल, **मालदीवः** निशान इज्जुद्दीन, **बहरीनः** किंग हमद ऑर्डर ऑफ द रेनसां, **अमेरिकाः** लीजन ऑफ मेरिट, **भूटानः** ऑर्डर ऑफ द द्रुक ग्यालपो, **पापुआ न्यू गिनीः** एबाकल अवॉर्ड, **फिजीः** कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी, **पापुआ न्यू गिनीः** ऑर्डर ऑफ लोगोहू, **मिस्रः** ऑर्डर ऑफ नाइल, **फ्रांसः** ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर, **ग्रीसः** द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर, **डोमिनिकाः** डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर, **नाइजीरियाः** द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजरन, **गुयानाः** द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस, **बारबाडोसः** ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस, **कुवैतः** मुबारक अल-कबीर ऑर्डर **मॉरिशसः** द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन, **श्रीलंकाः** श्रीलंका मित्र विभूषण, **साइप्रसः** ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मैकारीयोस III

केरल को मिला नया मुख्यमंत्री

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस नेता वीडी सतीशन ने तिरुवनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में सोमवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ कुछ अन्य विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। सतीशन की शपथ के बाद राहुल गांधी ने उन्हें गले लगाया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई शीर्ष नेता मौजूद रहे। मुख्यमंत्री सतीशन ने शपथ ग्रहण के बाद सचिवालय में पदभार ग्रहण किया।

केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सोमवार को मुख्यमंत्री वी डी सतीशन और 20 मंत्रियों को शपथ दिलाई जिसमें मंत्रिमंडल के दो सदस्यों ने ईश्वर के नाम पर नहीं बल्कि 'सत्यनिष्ठा से शपथ' ली। (आरएसपी नेता शिबू बेबी जॉन ने ईश्वर के नाम पर शपथ लेने के बजाय 'सत्यनिष्ठा' से शपथ ली। इसी प्रकार सीपीएम के नेता सी पी जॉन ने भी 'सत्यनिष्ठा' से शपथ ली। केरल की वित्तीय और राजकोषीय स्थिति पर श्वेत पत्र जारी किया जाएगा।वर्ष 2023 में नव केरल यात्रा के दौरान युवा कांग्रेस नेताओं पर हमले की जांच के लिए एसआईटी गठित। आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय में 3, 000 रुपये की वृद्धि की गई। महिलाओं के लिए 15 जून से केएसआरटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा। यूडीएफ सरकार ने मंत्रिमंडल की पहली बैठक के बाद महिलाओं के लिए मुफ्त केएसआरटीसी बस यात्रा और बुजुर्गों के लिए विशेष विभाग की घोषणा की।

डीएमएफ घोटाले में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को छत्तीसगढ़ कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को जिला खनिज निधि (डीएमएफ) घोटाले में जमानत दे दी। जमानत देते समय पीठ ने कड़ी शर्तें लगाते हुए पूर्व अधिकारी को छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर रहने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त महाधिवक्ता रवि शर्मा ने जमानत याचिका का कड़ा विरोध किया।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्य बागची की पीठ ने

इस तथ्य पर ध्यान दिया कि पूर्व अधिकारी 24 जनवरी, 2024 से विभिन्न भ्रष्टाचार मामलों में जेल में बंद है।

प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने टुटेजा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता शोएब आलम की दलीलों पर ध्यान दिया कि पूर्व आईएएस अधिकारी को डीएमएफ मामले में 23 फरवरी, 2026 को गिरफ्तार किया गया था।

कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ लगभग 85 गवाहों से पूछताछ की जानी है। मुकदमे के निष्कर्ष में समय लगने की संभावना है। यद्यपि यह सच है कि याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोप गंभीर हैं, लेकिन यह मुकदमे का विषय होगा।

यह मामला उस चरण में है जहां अभियोजन पक्ष के गवाहों से पूछताछ की जानी है।

योगी कैबिनेट: एक रुपये में मिलेगी मेडिकल कॉलेज की जमीन

लखनऊ। सीएम योगी की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट बैठक हुई। कैबिनेट ने लखनऊ मेट्रो के विस्तार समेत 12 प्रस्तावों पर मुहर लगाई। इनमें कई बड़े आदेश शामिल हैं। अब एक रुपए में मेडिकल कॉलेज को मिलेगी जमीन। लोहिया संस्थान में बनेगा 1010 बेड का अत्याधुनिक इमरजेंसी सेंटर। वहीं, पंचायत आरक्षण आयोग का गठन किया गया।

डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के नवीन परिसर में 1010 बेड का नया अस्पताल बनेगा। यह अस्पताल शहीद पथ स्थित गोमती नगर विस्तार

■ पंचायत चुनाव में पिछड़ा आयोग का गठन

सेक्टर-7 में बनेगा ।। यह अस्पताल मल्टी स्पेशलिटी इमरजेंसी सेंटर अस्पताल के रूप में कार्य करेगा। यहां नवीन ओपीडी ब्लॉक एवं टीचिंग ब्लॉक का भी निर्माण होगा। इस आशय के प्रस्ताव को सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दे दी गई है। निर्माण कार्य की परियोजना के लिए 855 करोड़ 4 लाख 34 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसमें अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त मल्टी स्पेशलिटी इमरजेंसी सेंटर

अस्पताल का निर्माण किया जाएगा, जिसमें कुल 1010 बेड स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही मरीजों की बढ़ती संख्या और बेहतर उपचार व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए एक नया ओपीडी ब्लॉक भी बनाया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत 200 सीटों की क्षमता वाला नया टीचिंग ब्लॉक भी विकसित किया जाएगा। इससे चिकित्सा छात्रों को आधुनिक तकनीक और संसाधनों से युक्त शिक्षण वातावरण मिलेगा तथा मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार होगा। इस नई चिकित्सा अवसंरचना के विकसित होने से गंभीर रोगियों को त्वरित और विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले मरीजों को भी राजधानी में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि लोहिया संस्थान में कई नई सुविधाएं शुरू की गई है। अब नए अस्पताल के लिए मंजूरी मिली है। इससे यहां सुपर स्पेशियलिटी सेवा को विस्तार मिलेगा। मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। शहीद पथ के किनारे इस अस्पताल के होने से विभिन्न जिलों के मरीज आसानी से पहुंच सकेंगे।

प्रदेश में अध्ययनरत पशु चिकित्सा के छात्रों के इंटर्नशिप भत्ते को 4,000 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 12,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है।इस निर्णय से तीनों विश्वविद्यालयों में अनुमोदित 300 छात्रों को लाभ मिलेगा।

बस्तर में नक्सलवाद के खात्मे के साथ तेज होगा विकास : अमित शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बस्तर में नक्सलवाद के पूरी तरह खात्मे और क्षेत्र के तेज विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी साफ कहा है कि नक्सलवाद खत्म होने के बाद भी चैन से नहीं बैठना है। शाह ने कहा कि नक्सलवाद का असली अंत तब माना जाएगा, जब पिछले पांच वर्षों में हुए नुकसान की पूरी भरपाई कर ली जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि देरी से हुए नुकसान की भरपाई तेजी से की जाएगी। अमित शाह ने कहा कि भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार मिलकर क्षेत्र के लोगों के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। उन्होंने नक्सलवादियों के उस दावे को भी खारिज किया, जिसमें विकास न होने को हथियार उठाने की वजह बताया जाता रहा है। शाह ने कहा कि क्षेत्र का विकास इसलिए नहीं हो पाया क्योंकि नक्सलवादी हथियार लेकर वहां बैठे थे। अब उनके आत्मसमर्पण के बाद विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है।

मंदिर पुजारियों के वेतन और सुविधाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

■ सरकारी नियंत्रण वाले मंदिरों के कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन की मांग

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई करने वाला है, जिसमें सरकार-नियंत्रित मंदिरों में पुजारियों, सेवादारों और मंदिर कर्मचारियों को दिए जाने वाले वेतन और अन्य लाभों की समीक्षा के लिए एक न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति गठित करने की मांग की गई है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ वकील अश्विनी उपाध्याय की ओर से दायर इस जनहित पीआईएल पर सुनवाई कर सकती है। याचिकाकर्ता चाहते हैं कि पुजारियों-मंदिर कर्मचारियों को वेतन संहिता, 2019 की धारा 2(के) के तहत कर्मचारी माना जाए। याचिका में तर्क दिया गया है कि जब राज्य किसी मंदिर का प्रशासनिक और आर्थिक

नियंत्रण अपने हाथ में ले लेता है, तो वहां मालिक और कर्मचारी का रिश्ता बन जाता है। ऐसे में पुजारियों को सम्मानजनक वेतन न देना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले जीवन जीने के अधिकार का उल्लंघन है। याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय ने बताया कि मामले की शुरुआत 4 अप्रैल को हुई। उस दिन वह वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वहां पूजा करने के बाद उन्हें पता चला कि सरकारी नियंत्रण वाले इस मंदिर के पुजारियों और कर्मचारियों को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए न्यूनतम वेतन भी नहीं मिलता है।

याचिका में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना का भी जिक्र किया गया है। वहां हाल ही में पुजारियों और कर्मचारियों ने न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर बड़ा विरोध प्रदर्शन किया था। याचिका के अनुसार, इन लोगों को अकुशल या अर्ध-कुशल मजदूरों के लिए तय न्यूनतम वेतन भी नहीं मिल रहा है। इसे एक तरह का शोषण बताया गया है। राज्य एक आदर्श नियोक्ता के रूप में काम करने के बजाय न्यूनतम मजदूरी अधिनियम और नीति निर्देशक सिद्धांतों (अनुच्छेद 43) का उल्लंघन कर रहा है। याचिका में 7 फरवरी 2025 की एक घटना का भी जिक्र है। उस दिन मदुरै के दंडायुथपाणि स्वामी मंदिर में एक सर्कुलर जारी कर पुजारियों को आरती की थाली में दक्षिणा लेने से मना कर दिया गया था। हालांकि विरोध के बाद इसे वापस ले लिया गया, लेकिन इससे पुजारियों के सामने भुखमरी का खतरा पैदा हो गया था।

भट्टी में तब्दील हुई दिल्ली

नई दिल्ली। पिछले करीब एक पखवाड़े से पश्चिमी विक्षोभों के चलते मिल रही राहत का दौर खत्म हो गया है। अब गर्मी अपने रौद्र रूप में आने लगी है। इसी का नतीजा है कि साफ आसमान और तेज धूप के बीच उमस भरी गर्मी ही नहीं, तापमान भी तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में दिन के साथ रातें भी लगातार गर्म हो रही हैं। दोपहर के समय तो यूं मानों ऐसा लगता हो, जैसे भट्टी जल रही हो। इसी कड़ी में सोमवार को दिनभर तेज धूप के चलते लोगों को चुभन भरी गर्मी का अहसास हुआ। इस दौरान लोग पसीने से तरबतर दिखाई दिए। धूप 11 बजे के बाद से ही बेहद तीखी हो गई। इसके चलते लोगों को गर्म हवा के थपेड़ों का भी अहसास हुआ। यही नहीं, हालात ऐसे थे कि रात में भी सुकून नहीं मिला। दिन और रात के समय गर्म हवा चली। ऐसे में हीट इंडेक्स 48 डिग्री के पार पहुंच गया। गर्मी और नमी एक साथ मिलकर हीट इंडेक्स बनता है। हालांकि, तापमान इससे काफी कम रहा, लेकिन लोगों को 48 डिग्री की गर्मी जैसी असहजता महसूस हुई। दिल्ली के लोगों को झुलसाने वाली गर्मी परेशान कर रही है।

भारत की 38 देशों के साथ फ्री ट्रेड डील

नई दिल्ली। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में एक लाख करोड़ डॉलर के निर्यात करने का लक्ष्य रखा गया है।

अगले पांच साल में इस निर्यात को दो लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचाना है। इस लक्ष्य में वस्तु व सेवा दोनों निर्यात शामिल है।

गत वित्त वर्ष 2025-26 में वस्तु व सेवा को मिलाकर 863 अरब डॉलर का निर्यात किया गया। गोयल ने कहा कि 38 देशों के साथ होने वाले मुक्त व्यापार समझौते से भारतीय निर्यात के लिए बड़ा बाजार खुल चुका है।

सोमवार को नई दिल्ली में भारतीय व्यापार महोत्सव पोर्टल के उद्घाटन अवसर पर गोयल ने देश के उद्यमियों से आयात होने वाली वस्तुओं का घरेलू स्तर पर उत्पादन आरंभ करने के लिए कहा।

उद्यमी वाणिज्य मंत्रालय की साइट पर आयात होने वाली वस्तुओं का अध्ययन कर मैन्यूफैक्चरिंग की अपनी तैयारी कर सकते हैं। मंत्रालय

■ निर्यात के लिए खुला बड़ा बाजार', पीयूष गोयल ने बताया एक लाख करोड़ डॉलर का रोडमैप

अपनी साइट पर निर्यात के अवसरों को भी दर्शाता है और इसका भी लाभ उठाया जा सकता है। पीयूष गोयल ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न स्थिति का मुकाबला करने के लिए हमें घरेलू वस्तुओं को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। खरीदारी में विदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देने से हमारे घरेलू उद्योग पर विपरीत असर पड़ेगा।

गोयल ने कहा कि कैपिटल गुड्स के मामले में भारत काफी हद तक आयात पर निर्भर करता है।

उन्होंने राजकोट, जालंधर, लुधियाना, पुणे के औद्योगिक क्लस्टर से कैपिटल गुड्स के उत्पादन पर जोर देने के लिए कहा। गोयल ने कहा कि उत्पादन में गुणवत्ता का ध्यान रख कर ही भारतीय वस्तु वैश्विक कारोबार में अपनी पहचान और जगह बना सकती है। अब सिर्फ एसेंबलिंग करने से काम नहीं चलेगा, भारत को अब वस्तुओं का पूरा-पूरा उत्पादन करना होगा।

अमेरिका-ईरान युद्ध — पेट्रोल-डीजल कैसे होगा सस्ता, महंगाई से भी मिल सकती है राहत?

ईंधन कीमतों पर राज्यों से राहत देने की अपील

■ चीन की

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के कारण वित्तीय दबाव झेल रही ऑयल मैन्यूफैक्टरिंग कंपनियों (ओएमसी) ने तीन दिन पहले पेट्रोल व डीजल के दाम में तीन रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की। ओएमसी के दबाव को देखते हुए अभी पेट्रोल व डीजल के खुदरा दाम में और बढ़ोतरी के कयास लगाए जा रहे हैं।

ऐसे में कई राजनीतिक पार्टियों से लेकर विशेषज्ञ तक अब राज्यों से पेट्रोल व डीजल पर वसूले जाने वाले टैक्स वैट (वैल्यू एडेड टैक्स) की दर को कम करने की मांग करने लगे हैं। ताकि जनता को पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमत से राहत मिल सके।

राज्यों के बीच वैट में भारी अंतर होने से पोर्ट ब्लेयर में फिलहाल पेट्रोल की खुदरा कीमत 84.99 रुपए प्रति लीटर है तो तेलंगाना में यह कीमत 113 रुपए प्रति लीटर है। तेलंगाना में राज्य सरकार पेट्रोल पर 35.20 प्रतिशत तो डीजल पर 27 प्रतिशत का वैट वसूलती है। वहीं, अंडमान निकोबार में पेट्रोल व डीजल दोनों पर राज्य सरकार एक-एक प्रतिशत का वैट लेती है।

केंद्र सरकार पेट्रोल व डीजल पर उत्पाद कर वसूलती है और हाल ही में केंद्र ने इस कर में 10 रुपए प्रति लीटर की कटौती की है। वर्तमान में केंद्र सरकार पेट्रोल पर 11.90 रुपए प्रति लीटर तो डीजल पर 10.20 रुपए प्रति लीटर का उत्पाद कर वसूल रही है। राज्य सरकार की तरफ से वैट की भरपूर वसूली को देखते हुए ही कांग्रेस ने दिल्ली की भाजपा सरकार से तो बीजू जनता दल ने उड़ीसा की भाजपा सरकार से वैट कम कर जनता को राहत देने की मांग की है। बीजेडी से राज्य सभा के एक सांसद ने तो वित्त

मंत्री से पेट्रोल व डीजल को जीएसटी में शामिल कर इस पर 28 प्रतिशत का टैक्स लगाने की मांग की है।

पेट्रोल व डीजल की कीमत बढ़ने से खुदरा महंगाई का बढ़ना लाजिमी है क्योंकि उपभोग की अधिकतर वस्तुओं की ढुलाई डीजल से चलने वाले वाहनों से होती है। एसबीआई रिसर्च का मानना है कि पेट्रोल व डीजल के खुदरा दाम में होने वाली इस बढ़ोतरी से खुदरा महंगाई दर में 0.20 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है। हालांकि एचडीएफसी बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता का मानना है कि पेट्रोल व डीजल की खुदरा कीमत जब और अधिक बढ़ जाती है और इससे खपत कम होने लगे तब राज्यों की तरफ से वैट में कटौती की स्थिति पैदा होगी। दूसरी तरफ विभिन्न देशों की सरकार व प्रमुख कंपनियों को आर्थिक सलाह का काम करने वाली कंपनी बावर ग्रुप एशिया के एमडी अनुज गुप्ता का मानना है कि पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में राज्य सरकार के कर का बड़ा हाथ है।

किस राज्य में पेट्रोल व डीजल पर कितना वैट

अंडमान-निकोबारः एक प्रतिशत पेट्रोल व डीजल दोनों पर
आंध्र प्रदेशः पेट्रोल पर 31 प्रतिशत डीजल पर 22.25 प्रतिशत
असमः पेट्रोल पर 24.77 प्रतिशत तो डीजल पर 22.19
दिल्लीः पेट्रोल पर 19.40 तो डीजल पर 16.75
हरियाणाः पेट्रोल पर 18.20 तो डीजल पर 16 प्रतिशत
बिहारः पेट्रोल पर 23.58 तो डीजल पर 16.37
छत्तीसगढ़ः पेट्रोल पर 24 प्रतिशत तो डीजल पर 23 प्रतिशत
गुजरातः पेट्रोल पर 13.7 प्रतिशत डीजल पर 14.9 प्रतिशत
उत्तर प्रदेशः पेट्रोल पर 19.36 प्रतिशत तो डीजल पर 17.08
तेलंगानाः पेट्रोल पर 35.20 डीजल पर 27 प्रतिशत
पश्चिम बंगालः 25 प्रतिशत तो डीजल पर 17 प्रतिशत
पुडुचेरीः पेट्रोल पर 16.98 तो डीजल पर 11.22
झारखंडः पेट्रोल 22 प्रतिशत डीजल 22 प्रतिशत
हिमाचल प्रदेशः पेट्रोल 17.5 प्रतिशत तो 13.90 प्रतिशत

अमेरिकी मियाद ख़त्म होने के बाद भी रूसी तेल ख़रीद रहा है भारत

■ वैश्विक तनाव का असरः भारत में महंगा हो सकता है ईंधन

नई दिल्ली। ईरान के साथ अमेरिका और इसराइल की जंग के बाद से भारत में ऊर्जा संकट के हालात पैदा हुए हैं। भारत अब तक कच्चे तेल की कमी की समस्या से बचता रहा था क्योंकि वो रूस से काफ़ी कच्चा तेल ख़रीदता था।

लेकिन अमेरिका के भारत पर टैरिफ़ लगाने के फ़ैसले के बाद से रूसी तेल ख़रीद में गिरावट देखी गई थी।

हालांकि, ईरान के साथ अमेरिका की जंग के बाद से ट्रंप प्रशासन ने रूसी तेल की ख़रीद में छूट दी थी। पहली बार मार्च महीने में एक महीने की छूट दी गई थी।

इसके बाद 17 अप्रैल को ट्रंप प्रशासन ने दुनिया के सभी देशों को (तीन को छोड़कर) प्रतिबंधित रूसी तेल और पेट्रोलियम उत्पाद समुद्र के रास्ते ख़रीदने की अनुमति दी गई थी।

अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने कहा था कि जहाज़ों पर लोड किए गए तेल की ख़रीद 16 मई तक की जा सकेगी।

बीते शुक्रवार को तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीज़ल के दामों में तीन-तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। इसके साथ ही पीएम मोदी कई बार अलग-अलग मौक़ों पर तेल की बचत करने और सोना न ख़रीदने की अपील कर चुके हैं।

अब रूसी तेल ख़रीद पर अमेरिका की छूट ख़त्म होने के बाद अनुमान लगाए जा रहे हैं कि भारत में तेल के दामों में फिर बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि भारत सरकार ने साफ़ कर दिया है कि भारत रूस से तेल ख़रीदता रहेगा।

एनएच-730 पर भीषण हादसा
10 की मौत, डीएम-एसपी ने जताया दुख

डीएम-एसपी ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति जताई गहरी संवेदना, दिया हरसंभव सहायता का भरोसा

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। ईसानगर क्षेत्र अंतर्गत एनएच-730 पर सोमवार को भरेहटा मजरा अदलीसपुर के पास मैजिक एवं ट्रक की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में 10 लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो गई। हादसे की सूचना पर प्रशासन व पुलिस महकमा तत्काल सक्रिय हो गया और वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की। डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने घटनास्थल व पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर पूरी स्थिति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। घटना की सूचना मिलते ही डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने दुर्घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली तथा राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर जरूरी निर्देश दिए।

इसके बाद डीएम और एसपी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने मृतकों की पहचान और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। इस दौरान एएसपी पूर्वी पवन गौतम, एसडीएम शशि कांत मणि,सीओ एसबी सिंह मौजूद रहे डीएम अंजनी कुमार सिंह ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत हृदयविदारक घटना है। इस सड़क हादसे में कई लोगों के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। लखीमपुर से नानपारा बहराइच जा रही मय ड्राइवर 10 लोग सवार मैजिक और बहराइच से लखीमपुर आ रही ट्रक में आमने-सामने की टक्कर हुई है। मैजिक में सवार 09 लोगों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई।

वही एक व्यक्ति की मृत्यु अस्पताल ले जाते समय हो गई। मृतकों में सात पुरुष और दो महिला शामिल है डीएम ने बताया कि घटनास्थल को देखने से प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि ओवरटेक करने में या किसी अन्य कारण से मैजिक अपना लेन छोड़कर दूसरे लेन में गया, जिससे आमने-सामने की टक्कर हो गई। पुलिस और प्रशासन तत्पर है। मृतकों को सरकार की ओर से हर संभव मदद प्रदान की जाएगी।

03 वांछित अभियुक्तोकोपुलिस मुठभेड़ में तमंचा-कारतूस व लूट के सामान के साथ कियागिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। थाना कोतवाली सदर एवं थाना खीरी की संयुक्त टीम द्वारा, दिनांक 17.05.2026 को थाना क्षेत्र कोतवाली सदर मे लूट की घटना कारित करने के संबंध में थाना कोतवाली सदर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 376/26 धारा 309(4) बीएनएस व मु0अ0सं0 378/26 धारा 309(4) बीएनएस तथा थाना खीरी पर दिनांक 06.05.2026 को पंजीकृत मु0अ0सं0 305/26 धारा 304(2) बीएनएस व दिनांक 17.05.2026 को पंजीकृत मु0अ0सं0 336/26 धारा 309(4)/351(3) बीएनएस मे वांछित 03 अभियुक्तो 1.सादान पुत्र कमरूद्दीन निवासी ग्राम हसनपुर कटौली थाना ईसानगर जनपद खीरी 2.रेहान पुत्र रहीस निवासी मो0 सिकटिहा थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी 3.महताब पुत्र कमरूद्दीन निवासी ग्राम हसनपुर कटौली थाना ईसानगर जनपद खीरी को शारदा नदी रवही पुल के पास पुलिस मुठभेड़ में अवैध तमंचा-कारतूस व लूट के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया । मुठभेड़ के दौरान अभियुक्तों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया जाने लगा । पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में 02 अभियुक्तों 1.सादान 2.रेहान उपरोक्त के पैर में गोली लगी है । अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 02 अदद मोटरसाइकिल, 02 अदद तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर, 6450/- रु0 व 02 अदद चाकू बरामद किये गये है। घायल 02 अभियुक्तों को तत्काल इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मुठभेड़ के संबंध में थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 381/2026 धारा 109(1) BNS व 3/25 व 9/25 आर्म्स एक्ट व 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।दिनांक 17.05.2026 को वादी मुकदमा जितेन्द्र प्रताप पुत्र रामदुलारे निवासी ग्राम मुकन्दा मजरा मकसोढा खम्भारखेडा थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 376/2026 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया, जिसमे वादी मुकदमा द्वारा बताया गया कि दिनांक 03.05.2026 को रात्रि 10.20 बजे चफन्दी मोड के पास ई - लोडर के सामने अपनी मो0सा0 खडी कर तीन अज्ञात मे से एक ने चाकू दिखाकर 20,000 रू0 विकलांग सर्टिफिकेट, पैन कार्ड, आधार कार्ड, ए0टी0एम0 कार्ड व वीवो कम्पनी का मोबाईल डरा धमकाकर छीन लिया था । 2.दिनांक 17.05.2026 को वादी मुकदमा सतीश कुमार पुत्र चेतराम निवासी त्रिकोलिया थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी की लिखित सूचना दी कि दिनांक 16.05.2026 को मै अपनी मो0सा0 टीवीएस स्पोर्टस से दूध लेने जा रहा था कि रात्रि लगभग 10.30 बजे सेमरा चौराहे के पास तीन अज्ञात व्यक्तियो द्वारा मो0सा0 रोककर मेरी गर्दन पर चाकू लगाकर मेरे पास से मो0सा0 व 150/- रूपये तथा मेरे साथ बैठे अखिलेश का ओप्पो फोन तथा 500 रूपये डरा - धमकाकर छीन लिया था, जिसके आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 378/2026 धारा 309(2) बीएनएस बनाम तीन अज्ञात व्यक्ति के पंजीकृत किया गया था। 3.दिनांक 17.05.2026 को वादी मुकदमा आलोक वर्मा पुत्र रामसिंह वर्मा नि0 देईरामा पो0 रूद्रपुर कलां थाना हरगांव जनपद सीतापुर ने थाना खीरी मे लिखित तहरीर दी कि दिनांक 16.05.2026 को मै अपनी मो0सा0 ब्लैक स्पेलेण्डर से अपने घर से अपने ससुराल अटौहा जा रहा था कि डिमहौरा नहरिया पर तीन अज्ञात लोगो ने मुझे अकेला पाकर अपनी मो0सा0 अपाची आगे लगाकर रोक लिया व असलहा के बल पर मेरी मो0सा0 व मोटोरोला का फोन छीन लिया । तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 336/2026 धारा 309(4)/304 बीएनएस पंजीकृत किया गया । 4.दिनांक 06.05.2026 को वादी मुकेश कुमार पुत्र अरूण कुमार निवासी पिपरावां थाना फरधान जनपद खीरी ने लिखित तहरीर दी कि दिनांक 06.05.2026 को मै अपनी पत्नी रेशमा के साथ मो0सा0 से अपनी ससुराल पकरिया थाना हरगांव जनपद सीतापुर से वापस आ रहे थे कि चिमनी गांव के पास एक मो0सा0 सवार व्यक्ति मेरी पत्नी के कान का एक झाला छीनकर भाग गया था । तहरीर के आधार पर थाना खीरी पर मु0अ0सं0 305/2026 धारा 304(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया । उपरोक्त घटनाओ का सफल अनावरण करते हुये निम्नलिखित अभियुक्तगण को पुलिस मुठभेड मे गिरफ्तार किया गया।

मैजिक गाड़ी और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर से 10 लोगों की मौत
भीषण सड़क हादसा ऊंच गांव भरेहटा के बीच लखीमपुर-बहराइच हाईवे पर हुआ

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। ईसानगर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में दस लोगों की मौत हो गई। ऊंच गांव भरेहटा के बीच लखीमपुर-बहराइच हाईवे पर मैजिक गाड़ी और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर से यह हादसा हुआ। मरने वाले सभी लोग मैजिक गाड़ी में सवार थे। मृतकों में दो सगे भाई और शिक्षिका भी शामिल हैं। हादसे के बाद मृतक के परिवारों में गहरा मातम छा गया है। अस्पताल में एक साथ 10 लाशें देखकर लोगों की रूह कांप गई। इस दर्दनाक हादसे पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने गहरा दुख व्यक्त किया है जानकारी के अनुसार, मैजिक गाड़ी लखीमपुर से सिसैया जा रही थी, जिसमें 10 लोग सवार थे। बहराइच की ओर से आ रहे ट्रक से मैजिक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बचाव अभियान शुरू किया। घायलों को तुरंत सीएचसी खमरिया पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने नौ लोगों को मृत घोषित कर दिया। एक अन्य ने ओयल अस्पताल में दम तोड़ दिया सीएचसी खमरिया में एक साथ नौ लाशें देखकर परिजनों और अन्य लोगों का कलेजा कांप उठा। मृतकों के परिजन अस्पताल में अपनों को तलाशते हुए रोते-बिलखते नजर आए, जिससे माहौल गमगीन हो गया। सीओ धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि इस हादसे में दस लोगों की मौत हो गई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है बचाव अभियान और प्रशासनिक कार्रवाई हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने करीब 40 मिनट तक बचाव अभियान चलाया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सीएचसी खमरिया पहुंचाया गया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों से बातचीत कर घटना की जानकारी ली और घटनास्थल का भी मुआयना किया हादसे में मरने वाले नौ लोगों की शिनाख्त हो गई है, जिनमें दो सगे भाई भी शामिल हैं।

इन मजदूरों के गांव पहुंचने से पहले ही काल ने उन्हें छीन लिया। इस हृदय विदारक घटना से मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया है और हर तरफ शोक का माहौल है।

इन मृतकों की हुई शिनाख्त

अदनान 15 वर्ष पुत्र अकील खान निवासी मुस्लिमनगर रामापुर, कोतवाली सदर, खीरी। पप्पू 18 वर्ष पुत्र दूलन गौतम निवासी देवदत्तपुर थाना खैरी घाट, बहराइच। पवन पुत्र संतोष निवासी मझरा थाना मूर्तिहा, जनपद बहराइच। सोहन 21 वर्ष पुत्र संतोष निवासी मझरा, थाना मूर्तिहा, जनपद बहराइच। पवन और सोहन आपस में सगे भाई हैं। राजेश गोयल पुत्र मनिलाल निवासी महपुरवा थाना मिहींपुरवा, बहराइच। सहजराम 35 वर्ष पुत्र छोटेलाल निवासी ककरहा मूर्तिहा, जनपद बहराइच। जयवीर सिंह पुत्र पेशकार सिंह निवासी मनगौढिया, जनपद बहराइच। गायत्री गुप्ता 44 वर्ष रमेश चंद्र गुप्ता मोहल्ला विजय लक्ष्मी नगर बस स्टॉप सीतापुर थाना कोतवाली सदर, खीरी। जुलेखा 45 पत्नी हबीब, पलटूपुरवा थाना धौरहरा

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने जताया गहरा दुख

राष्ट्रपति, पीएम और सीएम ने जताया दुख लखीमपुर खीरी के ईसानगर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में दस लोगों की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये मुआवजा देने का एलान किया है।

पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन
जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

लखीमपुर खीरी। महंगाई और पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आम जनता को राहत देने की मांग उठाई।

पं. गणेश शंकर विद्यार्थी जी की प्रतिमा स्थापना को लेकर विधायक अमिताभ बाजपेई ने स्वयं के रक्त से पत्र लिखा

कानपुर। आर्यनगर विधानसभा से विधायक अमिताभ बाजपेई ने आज माल रोड स्थित पं. गणेश शंकर विद्यार्थी जी के चबूतरे पर अपने रक्त से विधायक अमिताभ बाजपेई पिछले दिनों से लिए गए अपने संकल्प के तहत बिना चप्पल एवं बिना शर्ट के आंदोलन कर रहे हैं। उसी क्रम में आज वह नंगे पैर एवं बिना शर्ट के माल रोड पहुंचे और उस चबूतरे पर अपने रक्त से संदेश लिखा, जहां पं. गणेश शंकर विद्यार्थी जी की प्रतिमा स्थापित होनी है। उन्होंने कहा कि सबसे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि प्रतिमा स्थापना हेतु पूरा चबूतरा एवं शेड बनकर तैयार है, लेकिन आज तक प्रतिमा नहीं लगाई गई। विधायक और साथियों ने आरोप लगाया कि वही व्यक्ति *जिसकी पहचान हाथ में चप्पल और मुंह पर गाली से है*, जिसने सार्वजनिक रूप से लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार किया था, *वही आज कानपुर गौरव श्री गणेश शंकर विद्यार्थी जी की प्रतिमा को अपने पास रखे हुए है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक प्रतिमा का विषय नहीं बल्कि कानपुर की अस्मिता, स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास , पहचान , और शहर की आत्मा का प्रश्न है। पं. गणेश शंकर विद्यार्थी जी ने देश और समाज के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था, और आज उनकी प्रतिमा को महीनों तक उसके स्थान से दूर रखना पूरे शहर का अपमान है। विधायक अमिताभ बाजपेई ने बताया कि इस पूरे मामले को लेकर वह पूर्व में जिलाधिकारी से मिल चुके हैं। साथ ही एडीएम सिटी द्वारा मौके पर निरीक्षण भी किया गया था। इसके बावजूद अब तक प्रतिमा को सम्मानपूर्वक स्थापित नहीं कराया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व में नरोना चौराहा, माल रोड पर धरना-प्रदर्शन कर मेट्रो प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया था, जिसमें एक माह के भीतर प्रतिमा पुनः स्थापित करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन समय बीतने के बावजूद केवल ढांचा तैयार हुआ और प्रतिमा अब भी गायब है।

20 मई को खुलेंगी दवा की सभी दुकानें

सहारनपुर। ऑन लाइन दवा कारोबार पर प्रतिबंध लगाये जाने की मांग को लेकर अगामी 20 मई को होने वाली हड़ताल में जनपद के दवा कारोबारी शामिल नहीं होगे। सभी थोक एंव फुटकर दवा दुकानें खुली रहेगी। आज जिला सहारनपुर केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन की आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष विजय सैनी व महामंत्री सुनील ठाकुर ने बताया कि प्रदेश संस्था के निर्देशानुसार जानकारी दी है कि 20 मई को जिले की सभी थोक एवं फुटकर दवा दुकानें खुली रहेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह ऑनलाइन दवा व्यापार के विरोध में है तथा इस समस्या के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों, योगी सरकार एवं मोदी सरकार से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दवा व्यापार जीवन रक्षा से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण व्यवसाय है, इसलिए किसी भी मरीज को दवाओं की कमी का सामना नहीं करने दिया जाएगा।

नागरिकों को पेयजल सप्लाई उपलब्ध कराने में असफल साबित हो रही नगर पालिका

अवधनामा संवाददाता

बदायूँ। नगर पालिका सदर अपने क्षेत्र के नागरिकों को पेयजल सप्लाई उपलब्ध कराने में असफल साबित हो रही है। इस भीषण गर्मी में नागरिक एक-एक बूंद पेयजल के लिए तरस रहे हैं। पालिका क्षेत्र के बहुत बड़े भाग में पेयजल सप्लाई का संकट बना हुआ है। जिन इलाकों में पेयजल सप्लाई मिल रही है उनमें जरूरत के मुताबिक पेयजल सप्लाई न मिलने से नागरिक परेशान हैं। लोगों की शिकायत है कि पानी बहुत कम मात्रा में आ रहा है।

जिन भागों में पेयजल कम मात्रा में मिल रहा है उन भागों के नागरिकों का कहना है कि पानी में बहुत ज्यादा गंदगी आ रही है जिस कारण पेयजल किसी घरेलू कार्य योग नहीं है। शहर के मोहल्ला मीरा जी,वैदो टोला, हकीमगंज,मुंडी मस्जिद,शेख पट्टी,सय्यद वाड़ा, में पिछले 15 दिनों से पेयजल सप्लाई पर्याप्त रूप में नहीं मिल पा रहा है।सोमवार को तो एक बूंद भी पानी न मिलने के कारण इन क्षेत्रों के नागरिक दर-दर पानी के लिए भटकने को मजबूर दिखाई दिए। मोहल्ला विजय नगर के वाशिंदों का कहना है कि पिछले डेढ़ माह से पेयजल की किल्लत बनी हुई है।यहां के नागरिकों का कहना है कि पानी की टोटियों से या तो बूंद बूंद कर पानी आ रहा है या फिर बहुत कम मात्रा में गंदगी युक्त पेयजल सप्लाई की जा रही है, जिस कारण

रोज मर्रा के कार्यों में भारी परेशानी का सामना करने के साथ-साथ बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। नागरिकों का कहना है कि कुछ समय पहले यहां एक और पानी की लाइन डाली गई थी, जिससे उन्हें लगा था कि अब पेयजल समस्या का समाधान हो जाएगा लेकिन उसके बाद से उनकी परेशानी पहले से चार गुना ज्यादा बढ़ गई है। इस सबके कारण यहां के नागरिकों में पालिका के प्रति रोष व्याप्त है। सोमवार को सुबह से ही पेयजल सप्लाई न मिलने के कारण शहर के नागरिक काफी परेशान रहे।लोग उनके घर से काफी दूर लगे हडपंपों से पानी भरकर लाने को मजबूर रहे।

ज्यादातर हैं डपंप पड़े हैं खराब,पालिका बेखबर

इन क्षेत्रों में लगे ज्यादातर हैंडपंप खराब पड़े होने के कारण लोगों की दिक्कतें और ज्यादा बढ़ गई। लोग ऐसे हैंडपंपों की तलाश में एक दूसरे से जानकारियां जुटाकर सही वाले हैंड पंपो से अपनी जरूरत अनुसार पानी भरते दिखाई दिए।यहां सवाल यह उठता है कि गर्मी का मौसम आने से पहले ही पालिका द्वारा खराब हैंडपंपों को क्यों सही नहीं किया गया। क्या पालिका को अपने क्षेत्र के नागरिकों की कतई परवाह नहीं है। जहां-जहां नगर पालिका के इंडियामार्का हैंडपंप लगे हुए हैं वहां कुछ हैंडपंप ऐसे भी हैं जिन्हें क्षेत्रीय लोगों ने अपने-अपने तरीके से ढककर बंद कर रखा है बावजूद इसके नगर पालिका इस ओर से अपनी आंखें मूंदे बैठी है।मोहल्ला वैदो टोला के लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र के कुछ लोगों द्वारा एक हैंडपंप के पास कई ऑटो रिक्शा खड़े करके इसे पूर्ण रूप से बंद कर रखा है।

ऑटो रिक्शा खड़ा होने से हैंडपंप के साथ-साथ लोगों को आवागमन में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पेयजल सप्लाई के संबंध में जानकारी लेने के लिए पालिकाध्यक्ष को फोन लगाया गया लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हो सका, जिसके बाद अधिशासी अधिकारी से फोन द्वारा इस संबंध में जानकारी चाही गई तब वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।दोबारा फोन करने पर

उन्होंने बड़ा अटपटा सा जवाब देते हुए कहा कि नगर पालिका से पानी छोड़ा जा रहा है कुछ ही देर में पहुंच जाएगा,जबकि हमारी जानकारी अनुसार पालिका कार्यालय में नागरिकों के लिए पेयजल सप्लाई हेतु पेयजल के स्टोरेज की कोई व्यवस्था नहीं है।

जिलाधिकारी ने किया लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट का शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चैहान द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट (एलएमयू) का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि नवजात शिशु की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए इसको ध्यान में रखते हुए प्रत्येक बच्चे को जीवन की स्वस्थ शुरुआत सुनिश्चित करने के लिये लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट स्थापित की गयी है। इसके तहत समय से पूर्व जन्में, कम वनज वाले तथा बीमार बच्चों के लिये प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता को और मजबूती मिलेगी। उन्होने कहा कि माँ का दूध नवजात शिशु के लिए सबसे उत्तम और सुरक्षित पोषण हैं। यह बच्चों को संक्रमणों से बचाने तथा उन्हें शीघ्र स्वस्थ्य होने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि यह लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट माताओं को उचित परामर्श, स्तनपान में सहयोग एवं दूध को सुरक्षित रुप से संग्रहित करने की सुविधा तथा भर्ती नवजात शिशुओं को सही तरीके से दूध पिलाने संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करेगी। इस यूनिट में नवजात शिशुओं कि एसएनसीयू या एमएलयू में भर्ती हैं, उसकी अपनी माँ का दूध संग्रहित किया जाता हैं। यह यूनिट नवजात शिशुओं के स्वस्थ होने और उनके जीवन रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

एसपीसीए को सक्रिय बनाने पर जोर, पशु चिकित्सकों की दो पालियों में लगेगी ड्यूटी

कानपुर नगर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट भवन में नव नियुक्त एसपीसीए (सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स) सदस्यों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में नवनियुक्त सदस्यों का परिचय कराया गया तथा संस्था के प्रभावी संचालन और पशु कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने समिति को एसपीसीए के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सक्रिय और जिम्मेदारीपूर्ण ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसपीसीए के लिए एक निजी पशु चिकित्सक की नियुक्ति नियमानुसार चयन प्रक्रिया के माध्यम से कराने को कहा। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि एसपीसीए के लिए उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया जाए।

निपुण मिशन की जमीनी हकीकत परखने स्कूल पहुंचे सीडीओ

अवधनामा संवाददाता

कानपुर नगर। निपुण भारत मिशन की जमीनी स्थिति परखने के लिए मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जे. जैन सोमवार को अचानक मसवानपुर स्थित विद्यालयों में पहुंच गए। बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह के साथ उन्होंने कंपोजिट विद्यालय मसवानपुर और प्राइमरी विद्यालय मसवानपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के सीखने के स्तर को परखा और शिक्षकों से शिक्षण व्यवस्था तथा विद्यालय संचालन को लेकर विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कंपोजिट विद्यालय मसवानपुर में 270 नामांकित छात्रों में से 239 तथा प्राइमरी विद्यालय मसवानपुर में 101 नामांकित छात्रों में से 85 छात्र उपस्थित मिले। सीडीओ ने मध्याह्न भोजन, डीबीटी, डिजिटल कक्षाओं और ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत कराए गए कार्यों की समीक्षा की। विद्यालय परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय का वातावरण ऐसा होना चाहिए, जहां बच्चे सीखने के लिए प्रेरित महसूस करें। सीडीओ ने विद्यालय में उपलब्ध डिजिटल संसाधनों के उपयोग की भी जानकारी ली और शिक्षकों को स्मार्ट क्लास एवं अन्य तकनीकी माध्यमों का नियमित प्रयोग सुनिश्चित करने को कहा।

आर्यनगर में शिक्षा, सामाजिक सम्मान और राजनीतिक सौहार्द की अनूठी मिसाल : स्व. दीपक शर्मा की स्मृति में आधुनिक सरकारी कम्पोजिट विद्यालय का लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता

कानपुर आर्यनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कक्षा 01 से 08 तक संचालित कंपोजिट विद्यालय हाता सवाई सिंह के आधुनिकीकरण, डिजिटल बोर्ड एवं सुंदरीकरण कार्य का आज अत्यंत भावनात्मक, गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में लोकार्पण सम्पन्न हुआ। विधायक अमिताभ बाजपेयी द्वारा विधायक निधि से कराए गए इस आधुनिक विद्यालय का उद्घाटन स्वर्गीय भाजपा पार्षद श्री दीपक शर्मा जी की धर्मपत्नी श्रीमती दीपा शर्मा के करकमलों द्वारा कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय वरिष्ठ समाजसेवी एवं सम्मानित नागरिक राजन पांडेय द्वारा विधायक अमिताभ बाजपेयी का स्वागत एवं सम्मान किया गया। वहीं श्रीमती वंदना बाजपेयी द्वारा मुख्य अतिथि श्रीमती दीपा शर्मा को सम्मानित कर उनका अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत श्रीमती दीपा शर्मा द्वारा विद्यालय का विधिवत फीता काटकर लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की सबसे विशेष एवं प्रेरणादायी बात यह रही कि वर्तमान समय में जहाँ राजनीतिक दलों के बीच कटुता एवं टकराव का वातावरण देखने को मिलता है, वहीं विधायक अमिताभ बाजपेयी द्वारा राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर स्वर्गीय भाजपा पार्षद दीपक शर्मा जी के सामाजिक योगदान को सम्मान देना क्षेत्र में सकारात्मक राजनीति एवं सामाजिक समरसता का बड़ा संदेश बनकर सामने आया। उल्लेखनीय है कि दिनांक 19 अप्रैल को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विधायक अमिताभ बाजपेयी ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि स्व. दीपक शर्मा जी एक शिष्ट, मिलनसार एवं सर्वसमाज को साथ लेकर चलने वाले जनप्रतिनिधि थे तथा उनके परिवार का सदैव सम्मान एवं सहयोग किया जाएगा। आज का यह कार्यक्रम उसी भावना का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। इसी क्रम में वार्ड माहेश्वरी मोहाल स्थित कंपोजिट विद्यालय हाता सवाई सिंह में विधायक निधि से निर्मित 03 नए कमरों एवं आधुनिकीकृत विद्यालय का लोकार्पण श्रीमती दीपा शर्मा द्वारा किया गया। पूरे क्षेत्र में यह कार्यक्रम चर्चा का विषय बना रहा। विधायक अमिताभ बाजपेयी ने घोषणा की कि सरकारी विद्यालय को स्वर्गीय दीपक शर्मा जी की स्मृति से जोड़ा जाएगा, क्योंकि वे ऐसे जनप्रतिनिधि थे जिन्होंने समाज के हर वर्ग को साथ लेकर कार्य किया।

गंगा में बहाया हुआ वस्त्र पुण्य नहीं प्रदूषण हैः राजेश शुक्ला

मणिकर्णिका तीर्थ पर पंचक्रोशी यात्रियों द्वारा की गई गंदगी को किया साफ

(उत्पल दादा)
अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। मोक्षदायिनी मां गंगा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु रोज आते हैं और मां गंगा में पुण्य की डुबकी लगाकर पूजा पाठ करते हैं एवं श्री काशी विश्वनाथ धाम के साथ शहर भ्रमण कर अपने गंतव्य स्थान लौट जाते हैं। ऐसे में

नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक व नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर राजेश शुक्ला ने नगर निगम की संयुक्त टीमों के साथ मिलकर सोमवार को श्रमदान करते हुए लाउडस्पीकर के माध्यम से पंचक्रोशी यात्रियों व अन्य श्रद्धालुओं से अपील कि,और कहा की ÷वे धार्मिक मान्यताओं के नाम पर गंगा जल या किनारों पर पुराने वस्त्र न छोड़ें और घाटों को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। गंगा सेवक राजेश शुक्ला ने कहा कि, ÷गंगा की सफाई ही गंगा की पूजा है। गंगा में बहाया हुआ वस्त्र पुण्य नहीं प्रदूषण है÷। पूजन सामग्री, श्रृंगार और वस्त्र नदी में बहाने के स्थान पर उन्हें छूकर मंदिर में अर्पित कर देना चाहिए। मां गंगा जीवंत हैं उन्हें फूल चाहिए,फेंका हुआ वस्त्र नहीं। उन्होंने कहा कि, सनातन धर्म में विशेष महत्व रखने वाले पुरुषोत्तम मास प्रारंभ होने के अवसर पर मणिकर्णिका तीर्थ और उसके आस-पास के गंगा घाटों पर पंचकोशी यात्रियों और श्रद्धालुओं द्वारा छोड़े गए पुराने वस्त्रों, प्लास्टिक और अन्य कचरे को साफ किया। उन्होंने बताया कि,बीजेपी द्वारा पिछले रविवार को नई दिल्ली पार्टी मुख्यालय से नमामि गंगे योजना पर आधारित एक वीडियो जारी किया गया जिसमे नमामि गंगे परियोजना के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में मां गंगा के निर्मलीकरण के लिए जल शक्ति मंत्रालय राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन एवं गंगा सेवा कार्य कर रहे नमामि गंगे के स्वयंसेवकों के अतुलनीय प्रयासों को दर्शाया गया है।

उन्होंने बताया कि,जारी वीडियो में नमामि गंगे योजना के तहत सन् 2014 की अपेक्षा वर्तमान में 30 गुना ज्यादा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट मां गंगा के निर्मलता के लिए कार्य कर रहे हैं और नमामि गंगे योजना के तहत सरकार ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट,रिवर फ्रंट विकास, घाटों का आधुनिकीकरण, वनीकरण और जैव विविधता के संरक्षण को एक साथ जोड़ा है। नमामि गंगे योजना के उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए ÷यूनाइटेड नेशन ने भी विश्व की सबसे बड़ी 10 परियोजनाओं में नमामि गंगे योजना को शामिल किया है। उन्होंने कहा कि सन् 2014 से नमामि गंगे से जुड़कर लगातार गंगा सेवा के लिए कार्य कर रहे हैं। स्वच्छता के दौरान मुख्य रूप से नमामि गंगे के संयोजक राजेश शुक्ला,रीना नीलम सुनीता मनोज आदि महिला एवं पुरुष शामिल रहे।

युवाओं को रोजगार और गरीबों को रोटी, कपड़ा और मकान मिलेः डॉ.सत्येन्द्र भारतीय

वाराणसी। (अवधनामा ब्यूरो) शहर उत्तरी विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां अभी से तेज होने लगी हैं। इसी क्रम में डी.जनता महाविद्यालय के प्रवक्ता एवं पूर्व छात्र नेता (महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ) डॉ. सत्येन्द्र भारतीय ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव मे अपना भाग्य आजमाने जा रहे हैं। एक भेंट मुलाकात के दरमियान उन्होंने बताया कि,2027 विधानसभा चुनाव में उनका मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार के साथ गरीबों, ठेला-खुमचा व्यवसायियों और जरूरतमंद लोगों के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा और रोजगार को बढ़ावा देना उनकी प्रथम प्राथमिकता होगी,ताकि युवाओं को बेहतर अवसर मिल सकें और समाज के कमजोर वर्गों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि ÷सबका साथ, सबका विकास÷ की भावना के साथ वह जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझेंगे और समाधान के लिए संघर्ष करेंगे। डॉ. भारतीय ने यह भी कहा कि शहर उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास, युवाओं को रोजगार और शिक्षा से जोड़ने तथा छोटे व्यापारियों को सम्मानजनक पहचान दिलाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी लक्ष्य मेरा जनसंपर्क का होगा जो मैं क्षेत्र में जाकर हर एक लोगों से उनकी समस्याओं को समझेगा और उसके निवारण के लिए कार्य करूंगा।

डीएम के सख्त रुख के बाद स्वास्थ्य विभाग सक्रिय, झोलाछापों पर कार्रवाई तेज

44 अवैध चिकित्सा इकाइयां बंद, 4 के खिलाफ कार्रवाई प्रस्तावित

अवधनामा संवाददाता

अलीगढ़। जिले में अवैध रूप से संचालित चिकित्सा इकाइयों, झोलाछाप चिकित्सकों और मानकों की अनदेखी कर रहे निजी अस्पतालों के मामले को जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नीरज त्यागी से विस्तृत आख्या तलब की। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए अभियान को और तेज करने की बात कही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नीरज त्यागी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि जिले में निजी चिकित्सालयों एवं नर्सिंग होम के पंजीकरण एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन संचालित की जाती है। आवेदन प्राप्त होने के बाद चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की शैक्षिक योग्यता, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन, प्रदूषण एवं फायर एनओसी सहित सभी आवश्यक अभिलेखों की जांच की जाती है। इसके साथ ही संबंधित चिकित्सा इकाई का स्थलीय निरीक्षण और भौतिक सत्यापन भी कराया जाता है। सभी मानक पूरे होने पर ही क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत पंजीकरण अथवा नवीनीकरण जारी किया जाता है। सीएमओ ने बताया कि विभागीय नोडल अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम, अल्ट्रासाउंड सेंटर और झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। 1 मई 2025 से अप्रैल 2026 तक 50 बेड से कम क्षमता वाली पंजीकृत 359 चिकित्सा इकाइयों में से 53 का निरीक्षण किया गया, जिनमें से 3 के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसी अवधि में 166 अपंजीकृत चिकित्सकों का निरीक्षण कर उन्हें नोटिस जारी किए गए। प्राप्त जवाबों के आधार पर 19 इकाइयों को सील कर एफआईआर की संस्तुति की गई। जांच के दौरान 15 मेडिकल स्टोर अवैध रूप से उपचार करते पाए गए, जबकि 29 इकाइयां आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग के अंतर्गत संचालित मिलीं। वहीं 18 संचालकों ने पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। नोटिस के बाद 44 अवैध चिकित्सा इकाइयों को बंद कराया गया, जबकि 4 के खिलाफ कार्रवाई प्रस्तावित है। पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत जिले में पंजीकृत 166 अल्ट्रासाउंड केंद्रों में से 79 का औचक निरीक्षण किया गया। वहीं 50 बेड से अधिक क्षमता वाले 22 पंजीकृत अस्पतालों में से 12 का निरीक्षण किया गया।

सीएमओ ने स्पष्ट किया कि पूर्व में प्रस्तुत आंकड़ों में हुई त्रुटि को संशोधित कर दिया गया है। जिलाधिकारी अविनाश कुमार के निर्देश पर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर झोलाछाप चिकित्सा इकाइयों को चिन्हित करने, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और की गई कार्रवाई का रिकॉर्ड तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा है कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अवैध चिकित्सा इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

21 मई को होगा वाराणसी किराना व्यापार समिति का चुनाव

अवधनामा संवाददाता

वाराणसी। वाराणसी किराना व्यापार समिति (रजि.) कतुआपुरा, विश्वेश्वरगंज के आगामी चुनाव को लेकर रविवार को विश्वेश्वरगंज स्थित एक सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान वर्तमान अध्यक्ष एवं अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि समिति का चुनाव 21 मई 2026, गुरुवार को केशरवानी धर्मशाला, विश्वेश्वरगंज में संपन्न कराया जाएगा। मतदान प्रक्रिया दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी, जिसके बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे।

मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि चुनाव लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भाईचारे के वातावरण में संपन्न होना चाहिए। उन्होंने व्यापारियों से अनुशासन बनाए रखने और अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की एकता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और मजबूत संगठन से ही व्यापारिक समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है।

उन्होंने बताया कि विश्वेश्वरगंज वाराणसी का प्रमुख व्यापारिक केंद्र है, जहां प्रतिदिन हजारों व्यापारी व्यापारिक गतिविधियों में जुड़े रहते हैं। ऐसे में बाजार व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, जाम, पार्किंग और साफ-सफाई जैसी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाना समिति की प्राथमिकता है। महामंत्री पद के प्रत्याशी अशोक कसेरा ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने समिति को और अधिक संगठित एवं सक्रिय बनाने की बात कही। वहीं कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी संजय जायसवाल ने संगठन में आर्थिक पारदर्शिता को मजबूत करने पर जोर दिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी राजेश डोडवानी ने व्यापारियों की एकता को संगठन की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए सभी से मतभेद भुलाकर संगठन हित में कार्य करने का आह्वान किया। प्रेस वार्ता के दौरान उपस्थित व्यापारियों ने भी संगठन की मजबूती और व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। अंत में सभी प्रत्याशियों ने शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने की अपील की।

वेतन कटौती से नाराज बिजली मीटर रीडरों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

महोबा। जिले में बिजली मीटर रीडरों की समस्याएं दिन व दिन बढ़ती जा रही है। पिछले कई माह न्यूतम वेतन में कटौती करते हुए चार से पांच हजार रुपये दिए जाने से नाराज मीटर रीडरों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में न्यूनतम वेतन प्रदान किए जाने किए जाने की मांग की है।

ज्ञापन में मीटर रीडरो ने बताया कि वह कई सालों से बिजली विभाग में मीटर रीडिंग का कार्य पूरी ईमानदारी, निष्ठा और मेहनत के साथ करते आ रहे हैं। वह हर कठिन परिस्थिति में अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं साथ ही कोविड-19 जैसी महामारी के समय भी अपने कार्य को नहीं छोड़ा गया, बावजूद इसके उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। बताया कि पिछले मानदेय के रुप में उन्हें चार से पांच हजार रुपये ही प्रतिमाह दिया जा रहा है। उनकी वेतन कटौती के चलते उनका परिवार का पालन पोषण और बच्चों की शिक्षा करने में तमाम दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में बताया गया कि अन्य विभागों के कर्मियों को निगम में सम्मिलित कर न्यूनतम मजदूरी के अनुसार वेतन प्रदान किया जा रहा है, लेकिन हम लोगों दो से तीन माह में न्यूतम वेतन से बहुत कम दिया जा रहा है, जो न्योचित नहीं है। उन्होंने अन्य विभागों के कर्मियों के अनुसार उन्हें भी समान अधिकार मिलने की मांग उठाई है। मीटर रीडरों ने मुख्यमंत्री से न्यूनतम वेतन प्रदान करने और विद्युत विभाग में मायोजित करने की मांग की है, जिससे मीटर रीडर्स भी सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सके। ज्ञापन देने वालों में योगेश कुमार, विपिन कुमार, रमेश, अशरफ खान, प्रिंस साहू, कौशलकिशोर, नरेश किशोर, धीरेंद्र कुमार, रतनेश विश्वकर्मा, गजराज सहित अन्य मीटर रीडर शामिल रहे।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर पर मरीजों ने स्वास्थ संबंधित जानकारी का लाभ उठाया

वाराणसी। (अवधनामा ब्यूरो) जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शांडिल्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, वाराणसी द्वारा आज 17 मई 2026 को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया यह स्वास्थ्य शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक हॉस्पिटल परिसर आयोजित किया गया शिविर में न्यूरो सर्जन एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ द्वारा मरीजों का परीक्षण एवं परामर्श दिया गया। शिविर में न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन डॉ. आशीष तिवारी द्वारा ब्रेन ट्यूमर, लकवा, माइग्रेन, सिर दर्द, मिर्गी, रीढ़ की हड्डी में चोट, स्लिप डिस्क, साइटिका, स्पॉन्डिलाइटिस, नसों के सुनपन तथा हाथ-पैर में झनझनाहट जैसी गंभीर समस्याओं से पीड़ित मरीजों की जांच की गई साथ ही मरीजों को आधुनिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से उचित परामर्श एवं उपचार संबंधी जानकारी दी गई। इसके अलावा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा तिवारी द्वारा महिलाओं से संबंधित विभिन्न रोगों की जांच एवं परामर्श दिया गया शिविर में बांझपन, आईयूआई, बच्चेदानी में सूजन, ट्यूमर, अनियमित मासिक धर्म, मासिक धर्म के दौरान असहनीय पीड़ा तथा डिलीवरी से जुड़ी समस्याओं का परीक्षण कर महिलाओं को स्वास्थ्य जागरूकता एवं उचित उपचार के प्रति भी प्रेरित किया गया। मौके पर लगभग सैकड़ो की संख्या में मरीजों ने स्वास्थ संबंधित जानकारी का लाभ उठाया।

स्मार्ट पुलिसिंगः अब टैबलेट और ऐप्स के सहारे जांच करेगी महोबा पुलिस

महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के आदेशानुसार रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभा कक्ष में जनपद के समस्त थानों के उपनिरीक्षक (विवेचना अधिकारी) के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सीसीटीएनएस सहायक उपनिरीक्षक रहमान रशीद व सहायक उपनिरीक्षक अंकुर जायसवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण दौरान प्रतिभागी अधिकारियों को टैबलेट में आवश्यक एप्लीकेशन इंस्टॉल कराते हुए एप संचालन व उपयोगिता के अलावा फील्ड में उनके व्यावहारिक प्रयोग के संबन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण दौरान ई-साक्ष्य एप में डिजिटल साक्ष्यों के संग्रहण, सुरक्षित संधारण और न्यायालय में प्रस्तुतिकरण का उपयोग की जानकारी दी गई। सहायक उपनिरीक्षक ने बताया कि यूपी कॉप एप में आमजन की शिकायत, आपातकालीन सहायता और पुलिस सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराने वाला एप है जिससे पुलिस जन संवाद मजबूत होता है।

महंगाई और पेपर लीक युवाओं व आम जनता के भविष्य के साथ खिलवाड़ः संतोष धुरिया

अवधनामा संवाददाता

महोबा। कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी नियंत्रित करने में भाजपा सरकार का असफल हो चुकी है। नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के पेपर लीक होना युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते खर्चों से जूझ रही जनता पर अब ईंधन मूल्य वृद्धि का अतिरिक्त बोझ डाल दिया गया है।

जिलाध्यक्ष ने यह बात सोमवार को शहर के आल्हा चैक और अंबेडकर पार्क में डीजल, पेट्रोल, सीएनजी व घरेलू उपयोगी वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि किए जाने के विरोध में किए गए प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जनता को महंगाई के नाम पर एक और आर्थिक झटका सरकार ने दिया है। उनका आरोप है कि सरकार आम लोगों की परेशानियों को समझने में विफल रही है और लगातार टैक्स बढ़ाकर जनता से पैसा वसूला जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद केंद्र सरकार टैक्स कम करने को तैयार नहीं है। जिला प्रवक्ता कुंवर राकेश सिंह ने कहा कि मोदी जी की जन विरोधी नीतियों के कारण ही आज देश की ऐसी स्थिति हुई है।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शकीला बानो उर्फ मामा भारती जी ने सरकार निम्न वर्ग और मध्यम वर्ग के लिए कोई ठोस नीति नहीं बना रही है। पूर्व प्रदेश सचिव ब्रजराज सिंह कहा कि घरेलू वस्तुओं की बेतहाशा मूल प्रति वृद्धि से आने वाले समय में जनता जवाब देगी। ब्लॉक अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि सरकार की नीतियां मुट्ठी भर उद्योगपतियों के लिए ही है जिला महासचिव अरविंद द्विवेदी ने महंगाई से निम्न वर्ग को अपने घर का खर्चा चलाना मुश्किल हो रहा है। प्रदर्शन दौरान कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की महंगाई के विरोध में आवाज बुलंद की। प्रदर्शन दौरान बृजराज सिंह अहिरवार, अरविंद द्विवेदी, प्रमोद कुमार, छत्रपाल अहिरवार देशराज, प्रेम सिंह वर्मा, सुनील कुमार, पंकज कुमार, विक्रम सिंह, आमना खातून, फरहा खातून, मुकेश सक्सेना, देवकीनंदन राजपूत सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

एसपी ने की वर्चुअल जनसुनवाई, मौके पर ही थाना प्रभारियों को दिए निपटारे के निर्देश

महोबा। (अवधनामा संवाददाता) सोमवार को पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।

साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

दोदपुर मार्ग पर आई दरार का नगर निगम ने लिया तत्काल संज्ञान

पुलिया पुनर्निर्माण के साथ सड़क मरम्मत कार्य प्रगति पर

अलीगढ़। दोदपुर क्षेत्र में निर्माणाधीन सीएम ग्रिड योजना फेस-2 के अंतर्गत नई सड़क पर दरार आने की सूचना का नगर निगम प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया है। अधिशासी अभियन्ता, नगर निगम ने स्पष्ट किया कि जिस स्थान पर सड़क पर क्रैक दिखाई दिया, वहां पूर्व से निर्मित पुरानी पुलिया के बैठ जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई।

नगर निगम द्वारा तकनीकी निरीक्षण के उपरांत पाया गया कि पुलिया की संरचनात्मक कमजोरी के चलते सड़क का उक्त हिस्सा प्रभावित हुआ। मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित स्थल पर पुरानी पुलिया को पुनर्निर्मित करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अधिशासी अभियन्ता ने बताया कि क्षतिग्रस्त सड़क के हिस्से को हटाकर मानकों के अनुरूप पुनर्निर्माण कराया जा रहा है। वर्तमान में पुलिया निर्माण एवं सड़क मरम्मत का कार्य तेजी से प्रगति पर है, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुरक्षित आवागमन सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जा रहा है तथा जनसुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में योजनाओं को लेकर बैठक संपन्न हुई

अवधनामा संवाददाता

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में जल निगम शहरी एवं जल निगम ग्रामीण द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न पेयजल एवं सीवर परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में चल रही परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्ध क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जल निगम शहरी के अंतर्गत आवास विकास में संचालित 24X7 वाटर सप्लाई पायलट प्रोजेक्ट, कैंट एरिया वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट, शमसाबाद वाटर सप्लाई स्कीम तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत शमसाबाद में निर्माणाधीन सीवर एवं एस0टी0पी0 प्रोजेक्ट की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी को निर्देशित किया कि जिन कार्यदायी संस्थाओं द्वारा परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण नहीं किया जा रहा है, उनके विरुद्ध नियमानुसार पेनाल्टी की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पाइपलाइन डालने हेतु खोदे गए गड्ढों को कार्य पूर्ण होते ही तत्काल बंद कराया जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा जल निगम ग्रामीण के अंतर्गत हर घर जल÷ परियोजना के तहत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जनपद में कार्यरत वी0टी0एल0 गजा एवं जी0वी0पी0आर0 कंपनी द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि वी0टी0एल0 गजा कंपनी द्वारा 154 ओवरहेड टैंकों के सापेक्ष 151 टैंकों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है, जबकि जी0वी0पी0आर0 कंपनी द्वारा 227 टैंकों के सापेक्ष मात्र 69 टैंकों का निर्माण पूर्ण किया गया है। इस धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि जी0वी0पी0आर0 कंपनी को ब्लैकलिस्ट किए जाने हेतु शासन को संस्तुति पत्र प्रेषित किया जाए। साथ ही जिन परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, उनमें नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारंभ कराई जाए।

समस्याओं को लेकर किसानों ने थानाध्यक्ष मेरापुर को ज्ञापन सौंपा

अवधनामा संवाददाता

फर्रुखाबाद। भारती कृषक एसोसिएशन अराजनैतिक भारत की पंचायत गुरु शादी नगर ब्लॉक मोहम्मदाबाद मे जल जीबन मिशन योजना के अन्तर्गत आधे गाँव मे पानी की सप्लाई नही दी जा रही। जब कि अनेक माग पत्र दिये परन्तु समस्या का हल नही हुआ तो सुनील द्विवेदी की अध्यक्षता में किसानों ने आन्दोलन शुरु किया गया जिसमे मुख्य मांगे बिजली विभाग के भ्रष्ट जेई को तत्काल प्रभाव से हटाया जाये जिसमे मक्का की फसल की पानी भराई का समय चल रहा है बिजली चार पांच घन्टे ही आती है किसानो को पर्याप्त मात्रा बिजली दी जाये जिससे किसानों की फसल बर्बाद होने से बच सके किसनो ने थाना मेरापुर थानाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन देने बालो मे राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे प्रदेश अध्यक्ष गोपाल तिबारी जिलाध्यक्ष राय सिह जन्टसिह बादामसिह राम नरायन राकेश सिंह सुनीलकुमार राठौर सर्वेश दुबे रीतेश राज कपूर दुबे लज्जा राम राजपूत कौशलेन्द्र उदय प्रताप सिह प्रबीन गुप्ता केदार सिंह उर्मिला शान्ति देबी सरला देबी आदि मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में देश हित की बैठक, सुरक्षा और पारदर्शी लेनदेन पर जोर

डीएम और एसपी की मौजूदगी में हुई सर्राफा व्यवसायियों की बैठक

अवधनामा संवाददाता

महोबा। प्रधानमंत्री के आहवान एवं मुख्यमंत्री के निर्देश पर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह मौजूदगी में देश हित को लेकर एक बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करना, विदेशी मुद्रा भंडार पर आ रहे दबाव को कम करना और सोने के आयात को नियंत्रित करना है रहा। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित व्यापारियों को विदेशी मुद्रा पर आए वैश्विक दबाव के विषय में विस्तार से समझाया और यह अपेक्षा की गई कि सभी व्यापारी देश हित में स्वेच्छा से सोने व चांदी की बुलियन (ईंट, बिस्कुट) की खरीद बिक्री को हतोत्साहित करेंगे। जिलाधिकारी ने बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था, पारदर्शी लेनदेन और उपभोक्ता हितों को सुरक्षित रखने पर विस्तृत चर्चा की। डीएम ने त्योहार व विवाह सीजन को देखते हुए बाजारों में भीड़ बढ़ने की संभावना पर पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर दुकानों और गलियों में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने व्यापारियों से सीसीटीवी कैमरे ठीक रखने, कैश लेनदेन में पारदर्शिता अपनाने और उपभोक्ताओं को सही वजन एवं गुणवत्तायुक्त आभूषण उपलब्ध कराने की अपील की। बैठक में व्यापार संघ के प्रतिनिधियों ने चोरी छिनैती की घटनाओं पर नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था सुधारने और बाजार में ट्रैफिक प्रबंधन को बेहतर बनाने जैसे सुझाव रखे। सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन और स्थानीय व्यापारियों ने अपनी पूर्ण सहमति व्यक्त की गई। व्यापारियों ने एकजुटता दिखाते हुए कहा कि युद्ध के कारण उपजी वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए वे देश की अर्थव्यवस्था को संबल देने के लिए सरकार का हर संभव सहयोग करेंगे। बैठक में उपस्थित एसोसिएशन के नगर महामंत्री अवनीश सोनी सुझाव दिया कि सरकार की बुलियन बैंक की स्थापना एवं गोल्ड मोनेटाइजेशन जैसी वैकल्पिक व्यवस्थाएं करायी जाएं। इसके अतिरिक्त सर्राफा व्यापारियों की सुरक्षा दृष्टि से उन्हें शस्त्र लाइसेंस उपलब्ध कराये जाने पर जोर दिया। डीएम ने कहा कि प्रशासन और व्यापारियों के बीच तालमेल बेहतर होगा तो आमजन को अधिक सुरक्षित व सुव्यवस्थित बाजार सुविधा मिल सकेगी।

वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का आरोप, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने भाजपा पर साधा निशाना

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। समाजवादी पार्टी ने मतदाता सूची में गड़बड़ी और पीडीए समाज के वोट काटे जाने का आरोप लगाते हुए भाजपा सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। शहर के एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने कहा कि सपा लगातार भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर कर रही है।उन्होंने बूथ संख्या 222 गंजा का मामला उठाते हुए आरोप लगाया कि पीडीए समाज के मतदाताओं के वोट सुनियोजित तरीके से काटे गए हैं। उनका कहना था कि सभी मतदाताओं ने एसआईआर फार्म सही तरीके से भरा था, इसके बावजूद करीब 150 लोगों के नाम अंतिम मतदाता सूची से गायब मिले।पूर्व मंत्री ने कहा कि बिना किसी कमी के फार्म जमा होने के बाद भी वोट हटाना लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने दावा किया कि संबंधित रजिस्टर के पन्ने उनके पास मौजूद हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि भाग संख्या 8 में एक ही व्यक्ति ÷जय निवास गुप्ता÷ का नाम दो स्थानों पर दर्ज है।सपा नेताओं ने मांग की कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण कर काटे गए वोट दोबारा जोड़े जाएं तथा मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए।इसी संबंध में समाजवादी पार्टी महानगर अयोध्या का प्रतिनिधिमंडल पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिला और ज्ञापन सौंपा। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया कि भाग संख्या 222 में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय स्थित मतदान स्थल के लगभग 150 मतदाताओं के फार्म-6 बीएलओ को जमा कराए गए थे, लेकिन अंतिम सूची में नाम शामिल नहीं किए गए। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को सभी साक्ष्य उपलब्ध कराते हुए शिकायत दर्ज कराई। जिलाधिकारी ने मामले की जांच कराने और गड़बड़ी पाए जाने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।प्रेसवार्ता में पूर्व मंत्री ने नीट परीक्षा को लेकर भी भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। किसानों और नौजवानों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि समाजवादी पार्टी इस मुद्दे को लेकर आंदोलन करेगी।इस दौरान महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, हामिद जाफर मीसम, राम अचल यादव, श्रीचंद यादव, राकेश पांडे, संजय सिंह, मंसूर इलाही एडवोकेट, शावेज जाफरी एडवोकेट, वीरेंद्र गौतम, राम प्रकाश यादव, अपर्णा जायसवाल और अजय यादव समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

राशन दुकान चयन में हंगामा, अब 23 मई को होगी खुली बैठक

सोहावल, अयोध्या। विकासखंड सोहावल की ग्राम पंचायत कोटडीह सरैया में उचित दर दुकान चयन को लेकर विवाद खड़ा हो गया।

7 मई को आयोजित खुली बैठक में ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर पक्षपात और मनमानी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया, जिसके चलते चयन प्रक्रिया स्थगित करनी पड़ी।ग्रामीणों का आरोप है कि बैठक की सूचना सार्वजनिक रूप से नहीं दी गई और केवल प्रधान समर्थकों को बुलाया गया।

सूचना मिलने पर पहुंचे ग्रामीणों ने विरोध जताया तो आरोप है कि उन्हें बैठक स्थल से भगा दिया गया। बढ़ते विवाद को देखते हुए एडीओ पंचायत अनिरुद्ध सिंह वर्मा व अन्य अधिकारियों ने चयन प्रक्रिया स्थगित कर दी। अब राशन दुकान चयन के लिए 23 मई को दोबारा खुली बैठक कराई जाएगी।

ब्लड बैंक में रक्त की भारी कमी, ब्लॉक-वार्ड स्तर पर शिविर लगाने की मांग

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। जिला अस्पताल रिकाबगंज स्थित 600 यूनिट क्षमता वाले ब्लड बैंक में रक्त की भारी कमी को लेकर सामाजिक संस्था संकल्प संस्थान ने चिंता जताई है। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. आशीष पाण्डेय 'दीपू' ने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) को पत्र भेजकर ब्लॉक एवं वार्ड स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित कराने की मांग की है।डॉ. पाण्डेय ने कहा कि पिछले कई दिनों से ब्लड बैंक में रक्त की कमी बनी हुई है। इसके चलते मरीजों और उनके परिजनों को स्वयं डोनर तलाशकर रक्त की व्यवस्था करनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि थैलीसीमिया, कैंसर, एनीमिया से पीड़ित मरीजों, गर्भवती महिलाओं तथा सर्जरी कराने वाले मरीजों को समय पर रक्त नहीं मिल पाने से गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि रक्त की कमी के कारण जरूरतमंद मरीजों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में नियमित रूप से व्यापक स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाने की आवश्यकता है।संकल्प संस्थान की ओर से सीएमएस से यह भी आग्रह किया गया है कि जिले में रक्तदान के क्षेत्र में कार्य करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों की बैठक बुलाई जाए। आपसी समन्वय और सहभागिता से ब्लॉक व वार्ड स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित कर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी जरूरतमंद मरीज को रक्त के अभाव में परेशानी न उठानी पड़े।

ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में 20 मई को बंद रहेंगी दवा दुकानें

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में दवा व्यवसायियों ने 20 मई को जिलेभर में दवा दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया है। आरडीएमसी मेडिकल एसोसिएशन दर्शन नगर ने मेडिकल कॉलेज के सामने स्थित सभी मेडिकल स्टोर बंद रखने की घोषणा की है।जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र तिवारी 'बाबा' ने कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री से छोटे दवा व्यवसायियों की आजीविका प्रभावित हो रही है। साथ ही बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाएं मिलने से मरीजों के स्वास्थ्य पर भी खतरा बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बिना प्रिस्क्रिप्शन दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे गलत दवा या एक्सपायरी दवा मिलने की आशंका बनी रहती है।इस संबंध में आयोजित बैठक में 20 मई को पूर्ण बंदी का फैसला लिया गया। बैठक में रोहित बिजलानी, अभिषेक तिवारी, संजीत सोनी, सुनील मिश्रा, विशाल यादव, हर्ष श्रीवास्तव, रवि गुप्ता, अनुराग पाठक व अभिषेक वर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

पेट्रोल-डीजल व गैस कीमतों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। पेट्रोल, डीजल एवं सीएनजी के दामों में लगातार हो रही वृद्धि तथा बढ़ती महंगाई के विरोध में सोमवार को जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कमला नेहरू भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में सरकार विरोधी पोस्टर और गैस सिलेंडर लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी कांग्रेस कार्यालय से जुलूस के रूप में रिकाबगंज गंज चौराहे की ओर बढ़े, जहां भारी पुलिस बल ने उन्हें रोक लिया। बाद में मौके पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आम जनता महंगाई की मार झेलने को मजबूर है। पेट्रोल, डीजल और गैस के दामों में लगातार बढ़ोतरी से गरीब, किसान, मजदूर एवं मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हितों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी।

उन्होंने धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 72 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि को अपर्याप्त बताते हुए इसे 3000 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने की मांग की। साथ ही नीट प्रश्न पत्र लीक प्रकरण की निंदा करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई।महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ने से रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम नागरिकों का जीवन कठिन हो गया है।पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, रामअवध पासी एवं कर्मराज यादव ने कहा कि केंद्र सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए आम जनता पर लगातार आर्थिक बोझ डाल रही है। कांग्रेस पार्टी जनविरोधी नीतियों का विरोध करती रहेगी।

डीएम के निर्देश पर पत्रकार से अभद्रता करने वाले डाक्टर के खिलाफ जांच प्रारंभ

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। पत्रकार कुशल चन्द्र मिश्र से फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर उनको अपमानित करने के मामले में डीएम शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर जांच के लिए गठित समिति ने जांच शुरू कर दी है।

सोमवार को जांच टीम के अध्यक्ष डा. देवेन्द्र कुमार भिटौरिया ने पत्रकार कुशल चन्द्र मिश्र का बयान दर्ज किया। बताते चलें कि मेडिकल कालेज में पोस्टमार्टम हाउस बनाने को लेकर प्रदेश सरकार की ओर निर्देश जारी किए गए थे। 29 अप्रैल को समाचार में मेडिकल कालेज प्रशासन का पक्ष लेने के लिए पत्रकार ने मेडिकल कालेज के मीडिया प्रभारी डा. डीके सिंह को फोन किया था। डाक्टर ने पत्रकार को जानकारी देने के स्थान पर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया। इस मामले की शिकायत डीएम से की गई थी। डीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दो सदस्यीय जांच टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए। डीएम के निर्देश पर सीएमओ ने सोमवार को अपना बयान एवं साक्ष्य सीएमओ को सौंपा। पत्रकार की ओर से आरोपी बनाए गए मेडिकल कालेज के मीडिया प्रभारी डा. डीके सिंह बुलाने के बाद भी जांच टीम के पास अपना पक्ष रखने नहीं पहुंचे। उन्होंने सीएमओ को बताया कि उन्हें कोई सूचना नहीं मिली। फिलहाल सीएमओ ने डा डीके सिंह को जांच टीम के सामने अपना पक्ष रखने के लिएदोबारा सूचना भेजी है। सूत्रों की मानें तो डाक्टर डीके सिंह जानबूझकर जांच को टालने का प्रयास कर रहे हैं। यही नहीं मामले को रफा-दफा करने की भी जुगुत लगा रहे हैं। मामले को दबाने के लिए डीके सिंह ने प्राचार्य के नाम से पत्रकार को अपने अधिवक्ता के माध्यम से लीगल नोटिस भी दी है। यह नोटिस उसी दिन भेजी गई है जिस दिन पत्रकार ने डीएम से डा. डीके सिंह की शिकायत की थी। राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज की ओर से पत्रकार की आवाज को दबाने के लिए किए जा रहे प्रयास की जिले के पत्रकारों में निन्दा की है।

जर्जर सड़क का निर्माण शुरू, वार्डवासियों में खुशी

रुदौली, अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) नगर पालिका परिषद रुदौली के महाराजा रुद्रमल वार्ड में वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। माता हलवाई की दुकान से पान दरिबा मार्ग तक की सड़क की बदहाल स्थिति से लोग लंबे समय से परेशान थे।सामाजिक कार्यकर्ता एखलाक राजा ने वार्डवासियों के साथ ईओ से मुलाकात कर सड़क निर्माण की मांग उठाई थी। निर्माण कार्य शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने खुशी जताते हुए एखलाक राजा के प्रयासों की सराहना की।

हाईकोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद कब्जे का आरोप, विधवा ने पुलिस पर उठाए सवाल

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) कैंट थाना क्षेत्र के मऊ यदुवंशपुर स्थित हाईवे किनारे विवादित भूमि पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के स्थगन आदेश के बावजूद कब्जा और निर्माण कराने का आरोप सामने आया है। पीड़िता ललिता सिंह ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।ललिता सिंह का कहना है कि गाटा संख्या 695 व 698 से जुड़ा मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है और न्यायालय ने किसी भी प्रकार का थर्ड पार्टी अधिकार उत्पन्न न करने का आदेश दिया है। इसके बावजूद कुछ लोग जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।पीड़िता ने विपक्षियों पर फर्जी अभिलेखों के सहारे कब्जे की कोशिश का आरोप लगाया है। वहीं कैंट पुलिस पर भी मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायत के बाद भी निर्माण कार्य नहीं रुकवाया गया।

जीआईसी में जल्द बनेगा अत्याधुनिक इंडोर मिनी स्टेडियम

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) राजकीय इंटर कॉलेज में 4.92 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक इंडोर मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। माध्यमिक शिक्षा विभाग की इस परियोजना के तहत मल्टी स्पोर्ट्स इंडोर हॉल बनाया जाएगा, जिसमें प्लंबिंग, सीवरेज और विद्युतीकरण कार्य भी शामिल होंगे।निर्माण कार्य सीएंडडीएस एवं उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा कराया जाएगा और इसे एक वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना के लिए 20 जनवरी 2026 तक 2.16 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हो चुकी है। हालांकि, जीर्ण-शीर्ण भवनों के ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया पूरी न होने से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।इंडोर स्टेडियम बनने के बाद छात्र बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल समेत विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण आधुनिक सुविधाओं के बीच ले सकेंगे।

मंदिर के पीछे तालाब पर अवैध कब्जे का आरोप, पुजारी ने प्रशासन से लगाई गुहार

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। अयोध्या जिले की सोहावल तहसील अंतर्गत बड़ागांव स्थित हनुमान मंदिर के पीछे की खाली भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। मंदिर के पुजारी अखंड नाथ अघोरी ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग दबंगई के बल पर मंदिर के पीछे स्थित तालाब की जमीन को पाटकर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विरोध करने पर मारपीट और धमकी देने जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है।पुजारी के अनुसार प्रदेश सरकार जहां एक ओर तालाबों और सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण के लिए अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर बड़ागांव में खुलेआम सरकारी एवं धार्मिक स्थल से जुड़ी भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर पर शिकायत के बावजूद अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।अखंड नाथ अघोरी ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक तथा जिलाधिकारी अयोध्या को पत्र भेजकर मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से तालाब एवं मंदिर परिसर की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की अपील की है।ग्रामीणों में भी इस मामले को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो धार्मिक स्थल और सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण बढ़ सकता है।

लोकसभा-विधानसभा में एससी-एसटी राजनीतिक आरक्षण की समीक्षा की मांग

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजकर लोकतंत्र प्रहरी के प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा एवं विधानसभा में लागू एससी/एसटी राजनीतिक आरक्षण की संवैधानिक समीक्षा कराए जाने की मांग उठाई है।ज्ञापन में कहा गया कि यह व्यवस्था ऐतिहासिक परिस्थितियों में अस्थायी रूप से लागू की गई थी, लेकिन वर्तमान समय में शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं लोकतांत्रिक भागीदारी में व्यापक परिवर्तन आए हैं। ऐसे में इसकी आवश्यकता और प्रभाव का पुनर्मूल्यांकन किया जाना चाहिए।प्रतिनिधिमंडल ने समान राजनीतिक अवसर, योग्यता आधारित लोकतंत्र एवं राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक संवाद की आवश्यकता पर बल देते हुए राजनीतिक आरक्षण पर समीक्षा आयोग गठित करने की मांग की।ज्ञापन देने वालों में रामानंदन त्रिपाठी, अभय मिश्रा, वरुण शुक्ला, आशीष पांडेय एवं गुलशन तिवारी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

जिला महिला चिकित्सालय का डीएम ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के दिए निर्देश

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जिला महिला अस्पताल का स्थलीय निरीक्षण कर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता, साफ-सफाई, मरीजों को दी जा रही सेवाओं तथा व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान आयुष्मान रूम, लेबर रूम, वेटिंग एरिया, वार्ड रूम, नवजात शिशु चिकित्सा इकाई आयुष्मान वार्ड, प्राइवेट वार्ड,पेयजल व्यवस्था,एवं आपातकालीन निकासी व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं तीमारदारों से संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने, मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने तथा आवश्यक दवाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले प्रत्येक मरीज के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए तथा उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।जिलाधिकारी ने विशेष रूप से नवजात शिशु चिकित्सा इकाई एवं लेबर रूम की व्यवस्थाओं को गंभीरता से परखा तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आपातकालीन निकासी व्यवस्था की भी समीक्षा करते हुए सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने को कहा।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेंद्र भटौरिया,अधीक्षक , चिकित्सकगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

एसडीएम ने अवैध खनन कर रहे तीन वाहन को पकड़ा

पकड़े गए अवैध खनन की मिट्टी लगी वाहन

निचलौल(महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता) स्थानीय थाना क्षेत्र में अवैध खनन पर अंकुश लगाने और खनन माफिया पर निचलौल एसडीएम सिद्धार्थ गुप्ता ने बड़ी कार्रवाई की है। एसडीएम ने दो जगहों पर अवैध खनन कर रहे तीन वाहनों को पकड़ ली। इसके बाद पकड़े गए तीनों वाहनों को एसडीएम ने निचलौल पुलिस को सुपुर्द कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया।

एसडीएम के इस कार्रवाई के बाद अवैध खनन करने वाले लोगों में पूरे दिन हड़कंप मचा रहा। एसडीएम सिद्धार्थ गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन पर अंकुश लगाने को लेकर क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इसी बीच अवैध खनन करने की सूचना मिलने पर ग्राम सभा बजही के सिवान में अवैध खनन कर रहे दो वाहनों को पकड़ लिया गया। इसी तरह में मेघौली गांव के सिवान में अवैध खनन कर रहे हैं एक वाहन को पकड़ा गया है। ऐसे में अवैध खनन कर रहे तीनों वाहनों को कब्जे में लेकर निचलौल पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई के लिए जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बंदी को लेकर ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन, महराजगंज ने 20 मई को प्रस्तावित भारत बंद से स्वयं को अलग रखने का निर्णय लिया है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि जनहित और मरीजों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिले की सभी दवा दुकानें सामान्य दिनों की तरह खुली रहेंगी। एसोसिएशन की बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया कि किसी भी मरीज को दवा के अभाव में परेशानी का सामना न करना पड़े। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि दवा व्यवसाय केवल व्यापार नहीं, बल्कि सामाजिक सेवा का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे में आवश्यक एवं गुणवत्तापूर्ण दवाओं की उपलब्धता बनाए रखना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। बैठक में यह भी बताया गया कि ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स द्वारा 20 मई को भारत बंद का आह्वान किया गया है, लेकिन महराजगंज जिला इकाई इस बंद में शामिल नहीं होगी। संगठन ने प्रदेश एवं केंद्र सरकार के निर्देशों के साथ-साथ आम नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है। जिलाध्यक्ष अशोक कुमार चौरसिया ने कहा कि मरीजों की जरूरतों से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता। दवा दुकानों को खुला रखने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी व्यक्ति को इलाज या दवा प्राप्त करने में कठिनाई न हो। जिला महामंत्री विनय कुमार नायक ने कहा कि संगठन हर परिस्थिति में मरीजों की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की असुविधा उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी।

प्रधानों ने कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

आनन्दनगर (महराजगंज)। पंचायतों के अधिकारों की रक्षा,समय पर पंचायत चुनाव कराए जाने अथवा वर्तमान ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग को लेकर सोमवार को ग्राम प्रधान संघ फरेंदा के पदाधिकारियों एवं प्रधानों ने फरेन्दा खंड विकास अधिकारी राजकुमार को ज्ञापन सौंपा। फरेंदा ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष रामप्रताप यादव की अध्यक्षता में दिए गए ज्ञापन में लिखा है कि प्रदेश की ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्ति की ओर है, लेकिन अभी तक पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। ऐसी स्थिति में पंचायतों में पुनः प्रशासक व्यवस्था लागू होने की आशंका बढ़ गई है। प्रधानों ने कहा कि पूर्व में प्रशासक व्यवस्था लागू होने के दौरान पंचायतों में कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हुई थीं तथा ग्राम पंचायतों की स्वायत्तता और लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित हुई थी।ग्राम पंचायतें भारतीय लोकतंत्र की मूल इकाई हैं और गांव की जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों के माध्यम से ही ग्रामीण विकास योजनाएं पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ संचालित होती हैं।ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि प्रदेश में पंचायत चुनाव समय पर कराए जाएं। यदि किसी कारणवश समय से चुनाव संभव न हो तो वर्तमान ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाए तथा पंचायतों के अधिकार एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुरक्षित रखा जाए।इस दौरान साधु शरण सहानी, प्रमोद चौधरी, बाबूराम गुप्ता,महेंद्र कुमार,दिनेश चंद्रा, मनोज कुमार,मिथिलेश, बलिराम चौधरी, चंद्रशेखर यादव, शाह आलम,उपेंद्र सहानी, नीरज गुप्ता उर्फ बबलू,नारद मुनि,शैलेश कुमार व जावेद आलम सहित तमाम ग्राम प्रधान मौजूद रहें।

सांसद निधि से ट्रांसफार्मर हटाने को धनराशि जारी, 20 जुलाई तक कार्य पूरा करने के निर्देश

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत अब्बू सराय शांतिनगर कॉलोनी में 100 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर हटाने के कार्य के लिए प्रथम किश्त के रूप में 69,269 रुपये जारी किए हैं। परियोजना की कुल लागत 1.07 लाख रुपये निर्धारित है। वहीं ग्रामसभा धेनवांवा में नलकूप संचालन हेतु 100 केवीए ट्रांसफार्मर को पवन कुमार यादव के खेत से हटाने के लिए 84,421 रुपये की प्रथम किश्त जारी की गई है। इस कार्य की कुल लागत 1.27 लाख रुपये है। परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण गिरीश कुमार पाठक ने बताया कि दोनों कार्यों को 20 जुलाई 2026 तक पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरे चालू हालत में मिले तथा अग्निशमन यंत्र अप्रैल 2027 तक वैध पाए गए। वेयर हाउस की सुरक्षा में तैनात कर्मी भी उपस्थित रहे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, नोडल अधिकारी ईवीएम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बेकाबू ट्रक ने ई-रिक्शा रौंदा, एक की मौत

रुदौली, अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) शुजागंज बाजार में तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े ई-रिक्शा को रौंद दिया। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें विक्रमा चौहान की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं सुनील को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। विधायक रामचंद्र यादव ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना और परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

अयोध्या दर्शन से लौट रही पिकअप पलटी, कई घायल

कुमारगंज, अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) अयोध्या दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप रविवार शाम पिठला गांव के पास अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। हादसे में महिलाएं और बच्चे समेत कई लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया गया।

जिला प्रशासन एवं सिद्धार्थ विवि के मध्य पर हुआ हस्ताक्षर

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। उप्र शासन द्वारा संचालित जीरो पॉवर्टी-उत्तर प्रदेश अभियान के उद्देश्यों की प्रभावी पूर्ति तथा समाज के आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से जनपद सिद्धार्थनगर में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। अभियान के अंतर्गत जनपद स्तर पर उच्च शिक्षण संस्थानों की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में सोमवार को जिला प्रशासन एवं सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के मध्य एक नॉन-फाइनेंशियल Memorandum of Understanding (MOU) पर हस्ताक्षर किया गया।

जिला प्रशासन की ओर से बलराम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी तथा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु की ओर से डा. अश्विन कुमार, रजिस्ट्रार द्वारा मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में Memorandum of Understanding (MOU) पर हस्ताक्षर किए गए। इस सहमति पत्र के माध्यम से जनपद में गरीबी उन्मूलन एवं सामाजिक विकास से संबंधित गतिविधियों में शैक्षणिक संस्थानों की सहभागिता को बढ़ावा दिया जाएगा।

जीरो पॉवर्टी-उत्तर प्रदेश अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के गरीब एवं वंचित वर्गों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, रोजगारपरक अवसरों, कौशल विकास कार्यक्रमों तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने हेतु कम से कम 10 ग्राम पंचायतों को गोंद लिया जायेगा। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय एवं जिला प्रशासन के मध्य यह सहयोग स्थापित किया गया है, जिससे शैक्षणिक ज्ञान एवं प्रशासनिक अनुभव का समन्वय करते हुए बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकें।

इस सहमति पत्र के अंतर्गत विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थी विभिन्न प्रकार के सर्वेक्षण, शोध अध्ययन, जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण गतिविधियों तथा सामाजिक विकास संबंधी कार्यों में सहयोग प्रदान करेंगे। साथ ही जनपद स्तर पर विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं उनके परिणामों के मूल्यांकन में भी तकनीकी एवं शैक्षणिक सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्रम के दौरान डा. प्रदीप पाण्डेय, सहायक आचार्य, बी.एस. यादव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, वीरेन्द्र सिंह, अपर सांख्यिकीय अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण एवं संबंधित प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

सिद्धार्थनगर में साइक्लिंग एसोसिएशन को मिली मान्यता

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिले के खेल जगत के लिए गर्व की बात है कि 'सिद्धार्थनगर साइक्लिंग एसोसिएशन' को उत्तर प्रदेश साइक्लिंग एसोसिएशन द्वारा आधिकारिक संबद्ध इकाई (Affiliated Unit) के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। एसोसिएशन में अध्यक्ष पद पर अरुण कुमार प्रजापति, सचिव पद पर धर्मेन्द्र कुमार पाठक तथा कोषाध्यक्ष पद पर शुभम श्रीवास्तव को जिम्मेदारी दी गई है।

इस मान्यता के बाद जिले में साइक्लिंग खेल को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अब खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर अवसर मिल सकेंगे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी साइक्लिंग प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि आने वाले समय में जिले में साइक्लिंग प्रतियोगिताएं, प्रशिक्षण शिविर तथा युवाओं को साइक्लिंग के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों सहित ओलम्पिक एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, सचिव इब्राहिम बाबा, उपाध्यक्ष देवेंद्र पाण्डेय, क्रीड़ा भारती के प्रान्त आई टी प्रमुख अमित त्रिपाठी, अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, मंत्री रामशंकर पाण्डेय, अंबरीश यादव, कमलेन्द्र चौधरी, बजरंगी, अनिल राय, रविंद्र गुर्जर, राजकुमार यादव ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे सिद्धार्थनगर में खेल संस्कृति को मजबूती मिलेगी और युवाओं को नई पहचान बनाने का अवसर प्राप्त होगा।

उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा संघ जिला इकाई की कार्यकारिणी का हुआ गठन

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। विकास भवन सभागार में उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा संघ, सिद्धार्थनगर की जनपद कार्यकारिणी के गठन हेतु बैठक एवं चुनाव प्रक्रिया सभी सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई। चुनाव प्रक्रिया मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सिद्धार्थनगर डॉ गणेश प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा संघ, जिला इकाई सिद्धार्थनगर की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर डॉ. जे. एल. चौधरी, (पशु चिकित्सा अधिकारी, गौर डीह) उपाध्यक्ष पद पर डॉ. राकेश कुमार चौधरी (पशु चिकित्सा अधिकारी, मिठवल) महामंत्री पद पर दूसरी बार निर्विरोध डॉ. महेंद्र तिवारी (पशु चिकित्सा अधिकारी, परसा हुसैन), सयुक्त मंत्री के पद पर डॉ. प्रदीप कुमार (पशु चिकित्सा अधिकारी, देवरा बाजार), कोषाध्यक्ष के पद पर डॉ. देवेंद्र गौतम (पशु चिकित्सा अधिकारी, बैरवा नानकार) और केंद्रीय कार्य कारणी सदस्य के रूप में डॉ. उपेंद्र शर्मा,(पशु चिकित्सा अधिकारी,भनवा पुर), डॉ. राकेश कुमार गुप्ता (पशु चिकित्सा अधिकारी, बढ़नी) में निर्वाचित हुए। सभी पदाधिकारियों का चयन भी आपसी सहमति एवं सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी जनपद में पशु चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। निर्वाचन पर डॉ विनोद पांडे डॉक्टर विनोद पांडे, डॉ अखिलेश पांडे, डॉ विजय प्रकाश, डॉ अतुल प्रकाश डॉक्टर फखरुद्दीन डॉक्टर विजय वर्मा डॉ उपेंद्र शर्मा डॉक्टर राजकमल यादव सहित पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

वाहन लिफ्टरों के दांव पेच में फंसी ढेबरूआ पुलिस

- 11 से 13 में के बीच तीन बाईकों पर वाहन लिफ्टरों ने किया हाथ साफ

अवधनामा संवाददाता

बढ़नी सिद्धार्थनगर। ढेबरूआ थाना क्षेत्र में गत दिनों हुई वाहन चोरी की घटनाओं से वाहन स्वामी दहशतज़दा नजर आ रहे हैं पुलिस की मुस्तैदी और मॉनिटरिंग पर लोगो द्वारा तरह तरह के सवाल खड़े किये जा रहे हैं तथा लोगों में असुरक्षा का भाव है, कहा जाता है कि वाहन लिफ्टरों के दांव पेंच में पुलिस उलझती चली जा रही है लेकिन अब तक कोई सुराग तक नहीं लगा सकी है।

ढेबरूआ थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बढ़नी में बाइक लिफ्टरों ने पुलिस की नाक में दम कर दिया है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस व्यापारिक केंद्र में 'खाकी' का खौफ पूरी तरह खत्म होता नजर आ रहा है। बेखौफ चोरों ने एक के बाद एक तीन बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देकर पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए दुस्साहसिक घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो गये।बेखौफ बाइक लिफ्टरों ने गत 11 मई को बढ़नी स्थित पंजाब नेशनल बैंक के उप प्रबंधक संजय कुमार वर्मा की होंडा यूनिकॉर्न (क्र 47 ह्र 8845) दिनदहाड़े बैंक के सामने से ही चुरा कर फरार हो गये। हैरत की बात यह है कि भारी भीड़ भाड़ और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के बावजूद चोरों ने इतनी सफाई से हाथ साफ किया और रफूचक्कर हो गये। इस दुस्साहसिक घटना से बैंक कर्मियों और स्थानीय व्यापारियों में असुरक्षा का भाव है।

अपने दुस्साहस का परिचय देते हुए बेखौफ चोरों ने गत 13 मई 2026 को एक ही दिन में दो बाईकों को चुराकर दुस्साहसिक घटना को अंजाम दिया। पहली बाइक अमन हॉस्पिटल के पास से वार्ड नंबर 1 निवासी मोहम्मद सलीम अपनी चाय-नाश्ते की दुकान पर काम कर रहे थे। उन्होंने अपनी हीरो ।ग्न डीलक्स (क्र 55,क्त 4810) दुकान के बगल में लॉक करके खड़ी की थी, जिसे अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर उड़ा ले गये। वहीं दूसरी वारदात केडीएम हॉस्पिटल के सामने हुई, जहाँ ग्राम जमधरा निवासी रमेश कुमार गुप्ता अपनी स्प्लेंडर प्रो (क्र55 ह्र 5324) खड़ी कर बाजार गए थे। महज आधे घंटे के भीतर ही चोर उनकी बाइक लेकर फरार हो गए। लगातार हो रही इन चोरियों से स्थानीय जनों में भारी रोष है। जहाँ एक ओर थानाध्यक्ष द्वारा दावा किया जा रहा कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं जल्द ही बाइक चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे किंतु फिर भी क्षेत्रीय जनों में दहशत का माहौल है। क्षेत्र के दर्जनों बुद्धिजीवियों ने पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन से गुहार लगाते हुए बाइक चोरों पर शिकंजा कसने तथा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद किए जाने की मांग की है।

नगर पंचायत सदस्यों की बोर्ड बैठक हुई सम्पन्न, विकास कार्यों पर चर्चा

अवधनामा संवाददाता

बढ़नी सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत बढ़नी के सभागार में सोमवार को सदस्यों की बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें विकास कार्यों पर विस्तार रुप में चर्चा हुई, जिसमें आरसीसी नाला व फर्श पर टायल्स सहित रेलिंग का निर्माण, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, कर्मचारियों को समान वेतन, स्वच्छ पेय जल, कूड़े-कचरे का निस्तारण, नालियों की साफ-सफाई, लाईट की समुचित व्यवस्था सहित खराब सड़कें आदि को ठीक कराने पर बल दिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष बढ़नी सुनील अग्रहरि ने बताया कि नपं सदन की एक प्रकार की बड़ी गरिमा होती है। जिसमें केवल जनता द्वारा चुने हुए सदस्य व अध्यक्ष तथा सम्बन्धित अधिकारी ही बैठकर चर्चा करते हैं, लेकिन नगर पंचायत के सदन में तमाम इधर उधर के लोग भी घुसे रहे, जिससे सदन की गरिमा तार-तार हुई। यह निन्दनीय है, इस पर प्रशासन को सख्त रवैया अपनाते हुए नोटिस जारी कर चेतावनी देनी चाहिए। जिस प्रकार विधानसभा व लोकसभा की गरिमा होती है जहां पर विधानसभा सदस्य लोकसभा सदस्य अध्यक्ष ही बैठक में शामिल होते हैं। उसी प्रकार नगर पंचायत बोर्ड के भी बैठक में नियम है। बैठक के दौरान चेयरमैन सुनील अग्रहरि, सभासद निजाम अहमद, अनीता जायसवाल, त्रियुगी नाथ अग्रहरि, रामधनी मौर्य, कन्हैयालाल मित्तल, मनोज यादव, दीपमाला, आसमा खातून, दरख्शा सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

सुल्तानगढ़ बाज़ार में वृद्ध दर्जी की निर्मम हत्या

हजपुरा, अंबेडकरनगर सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानगढ़ बाजार में शनिवार देर रात दुकान के सामने सो रहे एक वृद्ध दर्जी की धारदार हथियार से हत्या कर दिए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। रविवार तड़के उनका शव चारपाई के नीचे खून से लथपथ हालत में मिलने के बाद बाजार और आसपास के गांवों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस, एसओजी और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सम्मनपुर थाना क्षेत्र के दाऊदपुर गांव निवासी 65 वर्षीय जयराम गौड़ सुल्तानगढ़ बाजार में कपड़ा सिलाई की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिजनों ने बताया कि शनिवार रात वह गांव में आयोजित एक ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वहां से लौटने के बाद रोज की तरह अपनी दुकान के सामने चारपाई पर सो गए।

बताया जा रहा है कि रात करीब डेढ़ बजे उनका शव चारपाई से नीचे लहूलुहान हालत में पड़ा मिला।

राहगीर से जबरन रुपये वसूलने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने राह चलते युवक से जबरन रुपये वसूलने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों की पहचान इरशाद, श्यामू गिरी और विशाल के रूप में हुई है। तीनों को केशवपुर पहाड़वा रेलवे ओवरब्रिज के नीचे से गिरफ्तार किया गया। बस्ती जनपद के अमोढ़ा निवासी राज कश्यप ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह गोण्डा में रहकर एक शोरूम में नौकरी करता है। आरोप है कि 16 मई की रात ड्यूटी से लौटते समय बालाजी मंदिर के पास तीन युवकों ने उसे रोक लिया और डराकर गूगल पे के माध्यम से ?5000 ट्रांसफर करा लिए। घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया है।

माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद में महिलाओं ने उठाई समस्याएं

गोण्डा। मण्डलायुक्त कार्यालय में आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में आयोजित 'माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद' महिला विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम में महिलाओं ने अपनी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कार्यक्रम में भूमि विवाद, अवैध कब्जा, रास्ता अवरुद्ध किए जाने, मारपीट, उत्पीड़न एवं पुलिस द्वारा समय से कार्रवाई न किए जाने सहित 27 प्रकरण सामने आए। ग्राम चौरी निवासी अन्नपूर्णा ने नाली विवाद को लेकर मारपीट एवं पुलिस कार्रवाई न होने की शिकायत की, जबकि खोड़ारे क्षेत्र की जुगुना ने फर्जी बैनामा कर भूमि कब्जाने का आरोप लगाया। वहीं ठाकुर पुरवा की रीचा सिंह तथा तरबगंज क्षेत्र की लक्ष्मी ने पुराने रास्ते बंद किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। नगर पंचायत कटरा बाजार निवासी नीलम जायसवाल ने संपत्ति पर अवैध कब्जे के प्रयास एवं धमकी दिए जाने की शिकायत की। आयुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा पांच दिवस के भीतर आख्या प्रस्तुत करने को कहा।

परम फाउंडेशन ने बांटी शिक्षा और सहारा ग़रीब बच्चों के चेहरे पर मुस्कान

हजपुरा, अंबेडकरनगर। जलालपुर तहसील क्षेत्र के कटघर मूसा गांव स्थित हीरा मार्का ईंट भट्ठे पर रविवार को सामाजिक संस्था परम फाउंडेशन द्वारा गरीब एवं वंचित बच्चों के बीच शैक्षिक एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। संस्था द्वारा पहले ही इन बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी उठाने का संकल्प लिया गया था, जिसके तहत बच्चों को किताबें, कॉपियां एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। संस्था के अध्यक्ष धीरेंद्र पांडेय ने कहा कि मजदूर परिवारों के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें बेहतर भविष्य देना परम फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि संस्था समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा 'परम पाठशाला' का संचालन, तमसा नदी सफाई अभियान, सामाजिक जन-जागरूकता कार्यक्रम, वृद्धाश्रमों में सेवा-सहायता तथा भीषण गर्मी में बेजुबान जानवरों के लिए 'परम प्याऊ' जैसी जनहितकारी पहलें निरंतर संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में प्रधान मो. आलम, समाजसेवी मो. तालिब, अमन, नीरज, अभिमन्यु, आदित्य, दिलशाद अब्बास, जमालुद्दीन, मो. अम्मार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

सीमा पार शराब तस्करी का भंडाफोड़

अवधनामा संवाददाता

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। नेपाल-भारत सीमा पर शराब तस्करी का बड़ा मामला सामने आया है। नेपाल के कपिलवस्तु जिले में ट्रैफिक पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक टोयोटा कार से भारी मात्रा में भारतीय शराब बरामद की। तस्करों ने शराब छिपाने के लिए कार में बाकायदा नकली तहखाना तैयार कर रखा था। जानकारी के मुताबिक, शिवराज एसपी-01 रेंजर पोस्ट क्षेत्र स्थित ईस्ट-वेस्ट महेन्द्र हाईवे पर नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पश्चिम से पूर्व की ओर जा रही टोयोटा कार संख्या DL4C NE 9412 को रोककर तलाशी ली गई। जांच में कार के कागजात और कस्टम क्लियरेंस संदिग्ध पाए गए। इसके बाद वाहन को जिला ट्रैफिक पुलिस कार्यालय गोरुसिंघे ले जाया गया, जहां गहन जांच में कार की पिछली सीट के नीचे बना सीक्रेट चैंबर मिला। इसी में भारतीय शराब की खेप छिपाकर रखी गई थी। पुलिस ने कार से रॉयल स्टैग और सिग्नेचर ब्रांड की कुल 233 बोतल शराब बरामद की। बरामद शराब में 750ml, 375ml और 180ml की बोतलें शामिल हैं। नेपाल पुलिस ने कार और शराब को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई के लिए डिस्ट्रिक्ट पुलिस ऑफिस कपिलवस्तु, तौलिहवा भेज दिया है। पुलिस अब तस्करी नेटवर्क से जुड़े लोगों की पहचान में जुटी है। सीमा क्षेत्र में लगातार बढ़ रही तस्करी की घटनाओं ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। अधिकारियों का मानना है कि यह कोई छोटा नेटवर्क नहीं, बल्कि संगठित तस्करी गिरोह का हिस्सा हो सकता है।

भीषण गर्मी और लू से बचाव को लेकर मण्डलायुक्त सख्त

अवधनामा संवाददाता

गोण्डा। लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रभाव को देखते हुए देवीपाटन मण्डल की मण्डलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने मण्डल के सभी जिलाधिकारियों को तत्काल जिला स्तरीय हीट एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि हीटवेव राज्य सरकार द्वारा घोषित आपदा है, इसलिए इससे बचाव के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जाएं। मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि जनपदों में सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, बस स्टैंड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, विद्यालयों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए। आवश्यकता अनुसार प्याऊ भी स्थापित कराए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालयों के संचालन समय में आवश्यक परिवर्तन करने के निर्देश दिए, जिससे बच्चों को लू और अत्यधिक तापमान से सुरक्षित रखा जा सके। साथ ही अधिकारियों को हीटवेव से बचाव के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने को कहा।

मण्डलायुक्त ने कहा कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए कि अत्यधिक आवश्यकता होने पर ही दोपहर के समय घरों से बाहर निकलें तथा गर्मी से बचाव के लिए जरूरी सावधानियां अपनाएं। उन्होंने पशुओं के लिए भी विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गौशालाओं एवं अन्य स्थानों पर पशुओं के लिए पर्याप्त चारा, स्वच्छ पेयजल और छांव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके अलावा 'संपूर्ण समाधान दिवस' के अवसर पर प्रत्येक जनपद में कम से कम दो जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ वितरित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके लिए रोस्टर तैयार कर योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हीटवेव से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

ईद उल अजहा एवं गंगा दशहरा को लेकर शान्त समिति की बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

जलालपुर, अंबेडकर नगर। आगामी गंगा दशहरा एवं ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को कोतवाली जलालपुर परिसर में पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने की, जबकि क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह, कोतवाल अजय प्रताप यादव सहित नगर के गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने कहा कि जलालपुर की गंगा-जमुनी तहजीब हमेशा आपसी भाईचारे और सौहार्द की मिसाल रही है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि त्योहारों को प्रेम, शांति और आपसी सहयोग के साथ मनाएं तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह ने कहा कि त्योहारों के दौरान ऐसा कोई भी कार्य न किया जाए जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें।

कोतवाल अजय प्रताप यादव ने बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और क्षेत्र की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ईद-उल-अजहा के अवसर पर सार्वजनिक स्थलों या खुले स्थानों पर कुर्बानी न की जाए। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि कुर्बानी से संबंधित फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर साझा न करें, ताकि किसी प्रकार की भावनाएं आहत न हों और सामाजिक सद्भाव बना रहे।

बैठक के दौरान नगर की विभिन्न समस्याओं एवं व्यवस्थाओं को लेकर भी लोगों ने अपने सुझाव रखे।

11 हज़ार वोल्ट की लाइन छूते ही डमफर में भड़की आग

- चालक गम्भीर रूप से जला

अवधनामा संवाददाता

अंबेडकरनगर। एक दर्दनाक दुर्घटना ने पूरे अमरौला वार्ड को शोक में डुबो दिया है। डंपर से मिट्टी गिराते समय उच्च वोल्टेज की बिजली लाइन छू जाने से डंपर में अचानक भीषण आग लग गई। चालक गाड़ी से बाहर निकलने का मौका भी नहीं पा सका और जिंदा जलकर मौत के आगोश में समा गया।घटना जनपद मुख्यालय के कस्बा शहजादपुर के अमरौला वार्ड में हुई। जानकारी के अनुसार, जंग बहादुर के भट्टे के लिए मिट्टी डाली जा रही थी। चालक ने डंपर का डाला (हाइड्रॉलिक बॉडी) ऊपर किया और गाड़ी आगे बढ़ाई। ठीक उसी समय डंपर का ऊपरी हिस्सा 11,000 वोल्ट की उच्च क्षमता वाली बिजली लाइन से टकरा गया। तुरंत स्पार्किंग हुई और पूरी डंपर में आग की लपटें उठने लगीं। गाड़ी तेजी से जलने लगी।चालक की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग दौड़े, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि कोई भी उसके पास नहीं पहुंच सका। चालक मौके पर ही जलकर भस्म हो गया। बताया जा रहा है कि घटना के समय प्रशासन और पुलिस की टीम मौजूद थी। भट्टे पर मिट्टी डालने का काम चल रहा था। आग लगने के बाद स्थानीय लोगों और मौजूद अधिकारियों ने तुरंत दमकल को सूचित किया, लेकिन आग पर काबू पाने से पहले ही चालक की जान चली गई। आलोक वर्मा पुत्र वीरेंद्र वर्मा निवासी चियूटीपारा डंपर के चालक का नाम बताया जा रहा है जो जानकारी भट्टे से प्राप्त हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले में जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में लापरवाही के संकेत मिले हैं। भट्टा मालिक जंग बहादुर और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ भी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

100 प्रतिशत उपस्थित पर छात्रों का हुआ सम्मान मेधावियों को मिली साईकिल

अवधनामा संवाददाता

जलालपुर, अंबेडकर नगर। शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासन, नियमित उपस्थिति और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को संज्ञान ग्लोबल एकेडमी परिसर में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरे शैक्षिक सत्र में 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को साइकिल वितरित कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे, वहीं अभिभावकों ने विद्यालय की इस अनूठी पहल की सराहना की। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंधक हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि नियमित विद्यालय आने वाले विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, समयपालन और पढ़ाई के प्रति गंभीरता स्वतः विकसित होती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों को केवल किताबों तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवनशैली और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देना भी आवश्यक है। इसी सोच के तहत विद्यार्थियों को साइकिल देकर उन्हें आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक बच्चे साइकिल से विद्यालय आएं, जिससे स्वास्थ्य बेहतर रहेगा, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और डीजल-पेट्रोल की भी बचत होगी। विद्यालय प्रबंधक ने यह भी घोषणा की कि आगामी सत्र में कक्षा 9 एवं 10 के नियमित उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को टैबलेट तथा कक्षा 11 एवं 12 के छात्रों को मनचाहे स्थान पर शैक्षणिक भ्रमण का अवसर प्रदान किया जाएगा। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में एलकेजी के अभय यादव, यूकेजी की आरजू वर्मा, कक्षा 1 के आरुष यादव, कक्षा 2 के अभय, कक्षा 3 की मानवी सिंह, कक्षा 4 के दर्पण वर्मा, कक्षा 5 के तेजस पटेल एवं अर्पित मिश्रा, कक्षा 6 के देव सिंह तथा कक्षा 7 की अर्पिता मिश्रा शामिल रहे। विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट और बच्चों के उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नियमित उपस्थिति ही सफलता की पहली सीढ़ी है। अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन समय से विद्यालय भेजने की अपील की गई।

कहा गए ट्रंप

प्रधानमंत्री मोदी ने नीदरलैंड के एक मंच से आगाह किया है कि यह आपदाओं का दशक बन गया है। यदि पश्चिम एशिया युद्ध के हालात नहीं बदले, युद्ध नहीं थमा, तो दशकों की कई उपलब्धियों पर पानी फिर जाएगा। दुनिया की बड़ी आबादी फिर से गरीबी के दलदल में फंस जाएगी। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने भी कहा है कि ऊर्जा-संकट अभी इतना बढ़ेगा कि दुनिया में आर्थिक महामंदी का दौर शुरू हो सकता है। होर्मुज अभी खुलता नहीं लग रहा, बल्कि समंदर का तनाव और बढ़ेगा। जंग अभी जारी रहेगी, लिहाजा हमें इन स्थितियों के लिए तैयार रहना है और मुकाबला भी करना है। जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, इटली सरीखे विकसित देशों की अपनी चिंताएं हैं, क्योंकि तेल-गैस की उनकी सप्लाई चेन भी बहुत प्रभावित हुई है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप न जाने किस ब्रह्मांड में रहते हैं? कैसे आत्म-मुग्ध, साम्राज्यवादी, आक्रांता किस्म के, कब्जेबाज राष्ट्रपति हैं, जिसे दुनिया की चिंता भी नहीं है और उसके प्रति सरोकार भी 'शून्य' हैं। ट्रंप चीन प्रवास से खाली हाथ, नाकाम, फ्लॉप, समझौते के बिना, ईरान युद्ध के किसी समाधान के बिना और ताइवान पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की 'युद्ध-सी' चेतावनी सुनकर लौटे हैं और ईरान पर नए आक्रमण की रणनीति में जुट गए हैं। उनके अपने देश अमरीका में मुद्रास्फीति बढ़ गई है। पेट्रोल-डीजल 44-48 फीसदी तक महंगे हो गए हैं, जबकि अमरीका खुद तेल-उत्पादक और निर्यातक देश है। विश्व में हाहाकार मची है। जापान जैसे देश को अपना तेल रिजर्व खोलना पड़ा है, ताकि देश में आपूर्ति बराबर बनी रहे। कच्चे तेल की कीमतें 108 डॉलर प्रति बैरल तक उछल चुकी हैं। कच्चा तेल औसतन 51 फीसदी महंगा हुआ है। यूरिया और अमोनिया 65 फीसदी और बुटान (हाईड्रोकॉर्बन गैस) 51 फीसदी से अधिक महंगे हुए हैं। यह कोई अस्थायी बाधा और सामान्य स्थिति नहीं है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी का आकलन है कि ईरान युद्ध के कारण दुनिया के 4.5 करोड़ लोग भुखमरी के शिकार हो सकते हैं। क्या ट्रंप को इन स्थितियों का एहसास तक नहीं है?

क्या वह विश्व-विजयी आक्रांता साबित होना चाहते हैं? राष्ट्रपति ट्रंप के सौजन्य से ऐसी खबरें न्यूयॉर्क टाइम्स जैसे मीडिया में छपी हैं कि ट्रंप ईरान के परमाणु कार्यक्रम और संवर्धित यूरेनियम (करीब 450 किग्रा.) पर कब्जा करने को सैन्य व्यूह-रचना करवा रहे हैं। यह कौन-सी कूटनीति है? अभी तक के युद्ध में तो अमरीका ईरान के परमाणु कार्यक्रम की परछाई तक ढूंढ नहीं सका है और अब तो रूस, चीन उसे बराबर मदद दे रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप चीन गए थे, लेकिन चीन के प्रति इतना घोर अविश्वास और संदेह है कि चीन ने जो उपहार दिए थे, उन्हें हवाई अड्डे पर ही कूड़ेदान में डलवा कर नष्ट करा दिया गया। हैकिंग और जासूसी के उपकरणों का शक...! चीन ने सेमीकंडक्टर चिप, दुर्लभ खनिज, बोइंग विमान, बिजली के वाहन, आपसी व्यापार समझौते आदि पर कोई ठोस बात ही नहीं की, समझौता तो दूर की कौड़ी है। राष्ट्रपति ट्रंप तो अपने ही ब्रह्मांड में रहते हैं, बेशक गालबजाई करते रहें कि चीन दौरा बेहद सफल रहा। हकीकत यह है कि ट्रंप चीन से खाली हाथ लौटे हैं, लिहाजा गुस्से और कुंठा में ईरान पर नए आक्रमण की बात कर रहे हैं। पेंटागन के कमांडरों को युद्ध की तैयारियां करने के अघोषित आदेश दिए जा चुके हैं। हकीकत यह भी है कि चीन और रूस की मदद से ईरान युद्ध के मोर्चे पर अब भी डटा है और पलटवार की चेतावनियां भी जारी कर रहा है। भारत में लोगों की तल्ख प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी हैं। शनिवार को देश के अलग-अलग हिस्सों में गिग वर्कर्स ने दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक प्रतीकात्मक हड़ताल रखी। गिग की संख्या देश भर में 1.2 करोड़ से अधिक बताई जाती है। कैब सेवाएं, ट्रक आदि ने भी हड़ताल के संकेत दिए हैं। हमारे देश में तेल कंपनियों ने 2022 के बाद पेट्रोल-डीजल के दाम 3-3 रुपए बढ़ाए हैं। उसी पर चीखा-चिल्ली मची है। विशेषज्ञ मानते हैं कि ये दाम 20-30 रुपए तक बढ़ेंगे, तभी तेल कंपनियों के घाटे पूरे होंगे और वे मुनाफा कमाने लगेंगी। अगर हालात सामन्य नहीं हुए तो आने वाला समय और ज्यादा संकट वाला होगा।

कुछ रिपोर्टों में कहा गया कि परीक्षा से पहले कुछ कोचिंग संस्थानों द्वारा बांटे गए प्रश्नों का बड़ा हिस्सा असली पेपर से मेल खा रहा था। कुछ जगहों पर टेलीग्राम चैनलों और सोशल मीडिया समूहों में प्रश्नपत्र बिकने की चर्चा हुई। कुछ गिरफ्तारियों में ऐसे लोगों का नाम सामने आया जो खुद छात्र थे या काउंसलिंग से जुड़े काम करते थे। बिहार और अन्य राज्यों में पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया। बाद में जांच केंद्रीय एजेंसी तक पहुंची। इस पूरे विवाद में एक और बात ने छात्रों को परेशान किया। लाखों छात्रों के बीच अचानक असामान्य रूप से अधिक टॉपर सामने आए।

नीट पेपर लीक विवाद और टूटता परीक्षा व्यवस्था पर भरोसा

देश में हर साल करोड़ों छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठते हैं। कोई डॉक्टर बनना चाहता है, कोई इंजीनियर, कोई सरकारी अधिकारी। इन परीक्षाओं के साथ केवल अंक नहीं जुड़े होते, बल्कि परिवारों की उम्मीदें, कई वर्षों की मेहनत और भविष्य की दिशा भी जुड़ी होती है। यही कारण है कि जब किसी बड़ी परीक्षा में पेपर लीक होने की खबर आती है तो केवल एक परीक्षा प्रभावित नहीं होती, बल्कि पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो जाते हैं। हाल के वर्षों में नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा को लेकर जो विवाद सामने आए, उन्होंने लाखों छात्रों का भरोसा हिला दिया। फिजिक्स वाला के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अलख पांडे ने दावा किया कि बच्चों से लगातार ऐसी बातें सुनने को मिल रही थीं कि 50,000 रुपये में पेपर उपलब्ध कराया जा रहा है। बाद में अलग अलग जांचों और मीडिया रिपोर्टों में इससे भी बड़े दावों की चर्चा हुई। कुछ जगहों पर कथित तौर पर 10 लाख से 25 लाख रुपये तक में प्रश्नपत्र बेचे जाने की बात सामने आई। बिहार पुलिस की शुरुआती जांच में यह भी कहा गया कि कुछ अभ्यर्थियों से 30 लाख से 50 लाख रुपये तक लिए गए। यह पूरा मामला केवल एक परीक्षा का विवाद नहीं रहा, बल्कि इसने देश की परीक्षा प्रणाली की कमजोरियों को उजागर कर दिया।

महेन्द्र तिवारी

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब परीक्षा केंद्र के बाहर छात्रों की इतनी कड़ी जांच होती है तो फिर प्रश्नपत्र लीक कैसे हो जाता है। परीक्षा देने पहुंचे छात्र को कई स्तरों की जांच से गुजरना पड़ता है। प्रवेश पत्र की जांच होती है। पहचान पत्र मिलाया जाता है। बायोमेट्रिक सत्यापन होता है। मेटल डिटेक्टर से जांच होती है। जूते तक उतरवाए जाते हैं। लड़कियों के हेयर क्लिप और लड़कों की बेल्ट तक जांची जाती है। कई जगहों पर पानी की बोतल तक पारदर्शी रखने की शर्त होती है। छात्रों को घड़ी, मोबाइल, ब्लूटूथ, पेन ड्राइव जैसी चीजें ले जाने की अनुमति नहीं होती। इतनी सख्ती के बाद भी यदि पेपर लीक हो जाता है तो इसका अर्थ साफ है कि समस्या परीक्षा केंद्र के बाहर कम और व्यवस्था के भीतर ज्यादा है। असली कमजोरी वहां है जहां प्रश्नपत्र तैयार होता है, छपता है, पैक होता है, भेजा जाता है और परीक्षा शुरू होने तक सुरक्षित रखा जाता है। एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा का प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया बहुत लंबी होती है। सबसे पहले विशेषज्ञों की टीम प्रश्न तैयार करती है। फिर उनका चयन और संपादन होता है। उसके बाद अंतिम प्रश्नपत्र तैयार किया जाता है। फिर उसे गोपनीय तरीके से छपाई केंद्र तक भेजा जाता है। वहां प्रिंटिंग होती है। इसके बाद पैकेजिंग और सीलिंग होती है। फिर अलग अलग राज्यों और जिलों तक ट्रांसपोर्ट के जरिए पहुंचाया जाता है। परीक्षा केंद्रों में इन्हें मजबूत कमरों में रखा जाता है। परीक्षा शुरू होने से ठीक पहले सील खोली जाती है।

यही पूरी यात्रा सबसे बड़ी चुनौती बन जाती है। इस दौरान यदि किसी एक चरण में भी मिलीभगत हो जाए तो पूरी सुरक्षा व्यवस्था बेकार हो जाती है। समस्या यह है कि इस प्रक्रिया में बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। प्रश्नपत्र बनाने वाले विशेषज्ञ, तकनीकी कर्मचारी, प्रिंटिंग प्रेस के कर्मचारी, ट्रांसपोर्ट एजेंसियां, प्रशासनिक अधिकारी, केंद्र अधीक्षक, गोदाम कर्मचारी और कई अन्य लोग। जितने अधिक लोग जुड़ेंगे, उतना अधिक रिसाव का खतरा रहेगा।

नीट मामले में अलग अलग प्रकार के दावे सामने आए। कुछ रिपोर्टों में कहा गया कि परीक्षा से पहले कुछ कोचिंग संस्थानों द्वारा बांटे गए प्रश्नों का बड़ा हिस्सा असली पेपर से मेल खा रहा था। कुछ जगहों पर टेलीग्राम चैनलों और सोशल मीडिया समूहों में प्रश्नपत्र बिकने की चर्चा हुई। कुछ गिरफ्तारियों में ऐसे लोगों का नाम सामने आया जो खुद छात्र थे या काउंसलिंग से जुड़े काम करते थे। बिहार और अन्य राज्यों में पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया। बाद में जांच केंद्रीय एजेंसी तक पहुंची। इस पूरे विवाद में एक और बात ने छात्रों को परेशान किया। लाखों छात्रों के बीच अचानक असामान्य रूप से अधिक टॉपर सामने आए। कुछ छात्रों को 718 और 719 जैसे अंक मिले, जिसने लोगों को हैरान कर दिया क्योंकि परीक्षा के अंकन पैटर्न में ऐसे अंक सामान्य रूप से संभव नहीं माने जाते। बाद में ग्रेस मार्क्स को लेकर भी विवाद हुआ। सुप्रीम कोर्ट तक मामला पहुंचा। अदालत ने परीक्षा की पवित्रता पर सवाल उठाए और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी से जवाब मांगा। हालांकि बाद में अदालत ने यह भी कहा कि पूरे देश में बड़े स्तर पर लीक के पर्याप्त प्रमाण नहीं मिले। लेकिन यहां सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चाहे लीक सीमित स्तर पर हुआ हो या बड़े स्तर पर, भरोसा एक बार टूट जाए तो उसे वापस बनाना बहुत कठिन होता है। लाखों छात्र यह सोचने लगते हैं कि उनकी मेहनत कहीं किसी पैसे वाले या प्रभावशाली व्यक्ति के सामने कमजोर तो नहीं पड़ जाएगी। यही डर सबसे बड़ी क्षति है। पेपर लीक का कारोबार अब संगठित अपराध का रूप ले चुका है। इसमें केवल एक व्यक्ति शामिल नहीं होता। कई बार पूरा गिरोह सक्रिय होता है। कुछ लोग छात्रों तक पहुंचते हैं। कुछ लोग प्रश्नपत्र के स्रोत तक पहुंचते हैं। कुछ पैसे का लेनदेन संभालते हैं। कुछ डिजिटल माध्यमों से प्रश्न फैलाते हैं। कई मामलों में नकली पेपर बेचकर भी ठगी की जाती है। परीक्षा से पहले छात्रों और अभिभावकों की बेचैनी का फायदा उठाया जाता है। यह भी सच है कि भारत में प्रतियोगी परीक्षाओं का दबाव बहुत अधिक है। एक एक सीट के लिए सैकड़ों छात्र प्रतिस्पर्धा करते हैं। नीट जैसी परीक्षा में 24 लाख से अधिक छात्र बैठते हैं। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सीटें बहुत सीमित हैं। ऐसे माहौल में कुछ लोग गलत रास्ता अपनाने के लिए तैयार हो जाते हैं। जब सफलता और असफलता के बीच बहुत बड़ा अंतर हो, तब भ्रष्ट नेटवर्क तेजी से पनपते हैं।

सरकारें और परीक्षा एजेंसियां लगातार नई सुरक्षा तकनीकें लाती रही हैं। एन्क्रिप्टेड डिजिटल ट्रांसमिशन, मजबूत पैकेजिंग, सीसीटीवी निगरानी, जैमर, बायोमेट्रिक सत्यापन और लाइव मॉनिटरिंग जैसी व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। लेकिन फिर भी समस्या खत्म नहीं हो रही। इसका कारण यह है कि तकनीक केवल उपकरण है। यदि व्यवस्था में शामिल लोग ईमानदार नहीं हों तो सबसे मजबूत तकनीक भी असफल हो सकती है। विशेषज्ञ अब कई नए सुझाव दे रहे हैं। कहा जा रहा है कि प्रश्नपत्र को परीक्षा से केवल कुछ घंटे पहले डिजिटल रूप से केंद्रों तक भेजा जाए। अंतिम समय पर स्थानीय स्तर पर प्रिंटिंग हो। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी प्रणाली लागू की जाए। हर चरण का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाए। प्रश्नपत्र तक पहुंच रखने वाले लोगों की संख्या बेहद सीमित हो।

ट्रंप की चीन यात्रा: बड़े बे आबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले

ट्रंप और जिनपिंग के बीच बीजिंग में हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक के दौरान घटी एक असामान्य घटना ने पूरे विश्व का ध्यान अपनी तरफ़ खींचा। बैठक के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अपने स्थान से उठने के बाद ट्रंप ने शी जिनपिंग के पास रखी उनकी व्यक्तिगत 'डायरी' के पन्ने पलट कर चुपके से झांकने की कोशिश की। 'निजी ताक-झांक' की इस हरकत को विशेषज्ञों व अंतर्राष्ट्रीय मीडिया द्वारा ट्रंप की व्यक्तिगत शैली से जोड़कर देखा गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गत 13-14 मई को चीन का बहुप्रतीक्षित दौरा किया। विश्व की इन दोनों महाशक्तियों के प्रमुखों की मुलाक़ात पर पूरे विश्व की निगाहें लगी हुई थीं। ख़ासकर अमेरिका-ईरान के मध्य चल रहे तनाव के बीच इस मुलाक़ात को काफ़ी अहम माना जा रहा था। दुनिया की नज़रें इस बात पर भी टिकी थीं कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जोकि अनेक फ्रांस, ब्रिटेन व यूक्रेन जैसे कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ अपनी असामान्य हरकतों से पेश आने व असहज करने वाले बयानों के लिये सुर्ख़ियों में रहते हैं, आख़िर चीन में उनकी भाषा,रवैय्या व बर्ताव कैसा रहेगा। बहरहाल,जिस अमेरिकी राष्ट्रपति के आगमन पर दुनिया के तमाम देश अपनी पलकें बिछाये रहते हैं और प्रायः अमेरिकी राष्ट्रपति के समकक्ष ही हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करते हैं वहीं बीजिंग में उनके स्वागत के लिये चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग स्वयं नहीं पहुंचे बल्कि उपराष्ट्रपति हान झेंग ने राष्ट्रपति ट्रंप का स्वागत किया। हान झेंग हालांकि सीधे तौर पर चीन के विदेश मंत्री नहीं हैं परन्तु विदेश मामलों में उनकी भूमिका मुख्यतः कूटनीतिक प्रतिनिधित्व, उच्च-स्तरीय मुलाक़ातें , और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने की होती है।

तनवीर जाफ़री

ट्रंप और जिनपिंग के बीच बीजिंग में हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक के दौरान घटी एक असामान्य घटना ने पूरे विश्व का ध्यान अपनी तरफ़ खींचा। बैठक के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अपने स्थान से उठने के बाद ट्रंप ने शी जिनपिंग के पास रखी उनकी व्यक्तिगत 'डायरी' के पन्ने पलट कर चुपके से झांकने की कोशिश की। 'निजी ताक-झांक' की इस हरकत को विशेषज्ञों व अंतर्राष्ट्रीय मीडिया द्वारा ट्रंप की व्यक्तिगत शैली से जोड़कर देखा गया। इस घटना को दस्तावेज़ या नोट में बिना पूछे झांकना, दूसरे नेता को 'पलायन' या नियंत्रण की स्थिति में दिखाना और संवाद-दौरे के दौरान नर्म दबाव बनाने की चाल चलना आदि के रूप में भी परिभाषित किया गया। दुनिया ने चीन दौरे के दौरान उसी राष्ट्रपति ट्रंप राष्ट्रपति शी जिनपिंग की 'बॉडी लैंग्वेज ' पर भी नज़र रखी।

राष्ट्रपति ट्रंप चीन में अत्यंत संतुलित भाषा का प्रयोग करते और अपने चीनी समक्ष के सामने पूरी नरमी से पेश आते दिखाई दिये। अपनी चीन यात्रा के बाद अमेरिकी प्रशासन और स्वयं राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कई स्तरों पर बयान जारी किए गए जिनमें इस यात्रा को 'ऐतिहासिक' और 'सफल' बताया गया। ट्रंप ने अमेरिका वापस लौटने के बाद कहा कि शी जिनपिंग के साथ हुई बैठक को इतिहास में दो महान शक्तियों (जी-2) की ऐतिहासिक मुलाक़ात के रूप में याद किया जाएगा।उन्होंने इस मुलाक़ात को अविस्मरणीय भी कहा। उन्होंने बताया कि यह 'दो महान देशों' के नेताओं की मुलाक़ात थी । चीन यात्रा के बाद ईरान पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन दोनों यह मानते हैं कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलने चाहिए और हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य को 'तुरंत खोलना' ज़रूरी है। परन्तु यह बात ट्रंप ने अमेरिका जा कर तो कही जबकि चीन की ओर से अपने बयान में इस बात का कोई ज़िक्र नहीं हुआ। ट्रंप ने अपनी इस यात्रा को 'सौदेबाज़ी की सफलता' और अमेरिकी उद्योगों के लिए बड़े अवसर के रूप में भी पेश किया।

उधर चीन की ओर से ट्रंप को ताइवान को लेकर सख़्त शब्दों में चेतावनी दी गयी जिसके बाद ताइवान मुद्दे पर ट्रंप की भाषा और रुख़ दोनों ही बदल गये। ट्रंप की यात्रा के बाद चीन ने अपनी 'रेड लाइन' को दोहराया और ख़ासकर ताइवान मुद्दे पर अपना सख़्त लहजा रखा। चीनी विदेश मंत्रालय और राष्ट्रपति पक्ष के बयानों में ताइवान को अपना 'अविभाज्य हिस्सा' बताया गया और यह चेतावनी दी गई कि अगर अमेरिका ने ताइवान के साथ सैन्य-रणनीतिक संबंध बनाए या ताइवान को अधिक हथियार बेचे, तो यह दोनों ताक़तों के बीच 'टकराव और यहां तक कि संघर्ष' को न्यौता दे सकता है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ट्रंप के समक्ष चेतावनी भरे अंदाज़ में स्पष्ट शब्दों में ज़ोर देकर कहा कि ताइवान मुद्दा पूरी तरह चीन का 'आंतरिक मामला' है और किसी बाहरी ताक़त को इसमें हस्तक्षेप करने की इजाज़त नहीं दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी, 'अगर इसे सही तरीक़े से नहीं संभाला गया तो दोनों देश टकराव या यहां तक कि संघर्ष की स्थिति में पहुंच सकते हैं। ' संभवतः यह पहला अवसर था जबकि किसी राष्ट्राध्यक्ष ने अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष चेतावनी भरे लहजे में 'टकराव और संघर्ष' की बात कही हो।

चीन की इस चेतावनी के बाद जो अमेरिका व्यवहार में ताइवान को अपना सबसे बड़ा राजनीतिक व सैन्य सहयोगी मानता आया है, उसे चीन से अपनी सुरक्षा के नाम पर हथियार देता है और चीन के विरोध के बावजूद उसकी स्वतंत्र-जैसी स्थिति को बनाए रखने के लिए रणनीतिक तौर पर समर्थन देता है। उसी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ताइवान को चीन से वापसी के बाद अब औपचारिक रूप से ताइवान को आज़ादी का ऐलान करने के ख़िलाफ़ चेतावनी दे दी है। ट्रंप ने कहा है कि 'मैं नहीं चाहता कि कोई स्वतंत्रता की ओर बढ़े। ट्रंप ने यह भी कहा कि 'सोचिए, हमें युद्ध लड़ने के लिए 9,500 मील दूर जाना पड़ेगा। मैं ऐसा नहीं चाहता। मैं चाहता हूं कि हालात शांत हों। मैं चाहता हूं कि चीन भी शांत रहे। ' ग़ौरतलब है कि जो अमेरिका क़ानूनी तौर पर ताइवान को आत्मरक्षा के लिए संसाधन मुहैया कराने के लिए बाध्य था उसी अमेरिका को चीनी राष्ट्रपति की चेतावनी के बाद चीन के साथ कूटनीतिक संबंध बनाए रखने के कारण अब संतुलन साधना पड़ रहा है। उधर चीन स्पष्ट रूप से ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है। और वो ये भी कहता रहता है कि जरूरत पड़ने पर वह बल प्रयोग से उसे अपने अधीन कर सकता है। चीन ने ईरान युद्ध को लेकर भी अमेरिकी रुख़ का समर्थन करने के बजाये इसे इस तरह की लड़ाई बताया जो 'मूल रूप से होनी ही नहीं चाहिए थी' गोया अमेरिका-इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपा गया युद्ध। चीन ने अमेरिका और ईरान के बीच जल्द समाधान की ज़रूरत पर भी ज़ोर दिया। व्यापारिक स्तर पर भी ट्रंप को उतनी बड़ी सफलता हासिल नहीं हुई जितनी उम्मीद की जा रही थी। क्योंकि उनके साथ एलन मस्क, टिम कुक, जेन्सेन हुआंग, संजय मेहरोत्रा, केली ऑर्टबर्ग जैसे विश्व के 17 प्रमुख अमेरिकी उद्योगपति और कॉर्पोरेट अधिकारी बीजिंग गए थे। कुल मिलाकर ट्रंप को बीजिंग से जहां ताइवान को लेकर चेतावनी मिली वहीं ईरान मामले को लेकर भी अपेक्षित सहयोग नहीं मिल सका।

'कोठी' हयात बख़्श' में व्याप्त अनुकूल वातावरण और 'बेगम समरू' का रंगीन स्वभाव

'बेगम समरू' एक समय में दिल्ली के लाल किले में शाह आलम के महल में काम करती थीं। उनकी जवानी, सौन्दर्य व साहस ने 'ईस्ट इण्डिया कम्पनी' के एक फ्रेन्च अफ़्सर 'रैनी हार्ट के दिल पर कब्जा कर लिया था। फलस्वरूप दोनो की शादी हो गयी। इस अधिकारी का 'सरनेम, समरू' था। यही कारण था कि शादी के बाद ये महिला, सरकारी तौर पर 'बेगम समरू' के नाम से प्रसिद्ध हो गयी। इस फ्रेन्च अधिकारी 'समरू' की 4 मई सन् 1781 को हत्या कर दी गयी। जिसके पश्चात उसकी विधवा होने के नाते 04 मई सन् 1791 को, आगरा के कैथोलिक चर्च जाकर 'बेगम समरू' ने ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया, जहाँ उसे नया क्रिश्चियन नाम 'जोअन्ना' दिया गया। इस क्रम में सन् 1783 में जब 'गुलाम क़ादिर' के रोहिल्ला सरदार ने आक्रमण किया तो 'बेगम समरू' ने अपनी सेना की सहायता से, मौके पर उसे खदेड़कर, दिल्ली के बाहर निकाल दिया। उनके इस साहस को देखकर बादशाह ने 'बेगम समरू' को 'ज़ैबुन्निसां' के खिताब से नवाज़ा। 'बेगम समरू' के व्यक्तित्व के अर्न्तगत, उनका अतीत विभिन्न रंगीन कहानियों से जुड़ा दिखाई पड़ता है। धीरे धीरे उनका व्यक्तित्व 'दिलरूबा' के तौर पर जानी, जाने वाली एक पहचान बन गया। पहले तो वह एक फ्रान्सीसी जवान के साथ सम्बद्ध रही, फ़िर उन्होनें 'जार्ज थामस' के साथ विवाह रचाया। परन्तु सुहाग शायद उनके भाग्य को रास नहीं आ रहा था, चुनानचे वह फ़िर से विधवा हो गयीं। मगर फ़िर भी वह चर्चाओं में बनी रहीं। मेरठ में अपनी जागीर 'सरधना' में उन्होनें एक विराट चर्च बनवाया। उनके विषय में कहा यह जाता है कि 'कम्पनी सरकार' की कृपा से 'बेगम समरू' एक ज़माने में कोठी हयात बख़्श में आकर रहीं, बाद में उन्होनें इस कोठी को खरीद लिया, जबकि कुछ लोग यह भी कहते हैं कि 'कम्पनी सरकार' के ही किसी अधिकारी की कृपा पात्र बन कर वह मरटिन साहब की इस प्रापर्टी तक पहुँच पायीं थीं। यह बात भी चर्चाओं में रहती थी कि अपने निवास के दौरान बेगम ने यहाँ के नौजवानो का भरपूर इस्तेमाल किया तथा अपने यौवन को उनके साथ बांटा। ऐसे नौजवानों के साथ ऐश करने के पश्चात, बेगम उन्हें मरवा दिया करती थी, तथा उनके शवों को इस विशाल कोठी के तहख़ाने मे फिकवा दिया करती थी। पुराने लखनऊ निवासियों का दावा रहा है कि बाद में यहाँ के तहखाने मे नवजवानों के शवों की हडडियों के अंश पाये गये हैं।

मुहम्मद कमर खाँ

'बेगम समरू' ने कुछ अरसे बाद, कोठी हयात बख़्श, 'यूरोपीयन' व्यवसायियों को उपहार स्वरूप् भेंट कर दी, जो इस कोठी मे रह कर 'नील' का व्यापार किया करते थे। गुज़रे दौर में नील की खेती, लखनऊ के निकटवर्ती गावों मे हुआ करती थी। लखनऊ कैन्ट के समीप का नील मथा गांव, खेती के इस व्यवसाय के लिये प्रसिद्ध था। बेगम के स्वामित्व वाले सरधना क्षेत्र के कथित चर्च में, अवध दरबार की आकर्षक पेन्टिंग्स लगी हुयी है। 'बेगम समरू' की मृत्यु 27 जनवरी, सन 1836 को हुयी थी। उस समय अवध के बादशाह-ए-दोम, नसीरूद्दीन हैदर का शासन रहा था। संदर्भित क्रम में राज भवन लखनऊ में लगी हुयी 'बेगम समरू' की एक बड़ी तसवीर तथा उनके दीवान ख़ाने में 'अतिथियों' के साथ उनकी एक अन्य तसवीर एक रहस्य हैं कथित तसवीर में एक वृद्ध महिला, सफेद रंग की पोशाक में बैठी हुयी है, जो वास्तव मे 'बेगम समरू' मालूम होती है, मगर उसके लिबास और हुलिया से उसे, अवध की बेगम नहीं कहा जा सकता । उस तसवीर के नीचे कोई नाम अंकित नहीं है। दरअसल यह मेरठ की 'सरधना' रियासत की जानी मानी मालकिन 'बेगम समरू' की ही तसवीर है, इसमें किसी शक की कोई गुन्जाइश नही बचती।

आदिवासी मौन क्रांति के महानायक: गणि राजेन्द्र विजय

गणि राजेन्द आदिवासी समाज को दया का पात्र नहीं माना, बल्कि क्षमता और संभावनाओं से भरे समुदाय के रूप में देखा। उन्होंने उनमें आत्मसम्मान जगाया, जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टि विकसित की और यह विश्वास पैदा किया कि वे भी राष्ट्र निर्माण के सक्रिय भागीदार बन सकते हैं। उनके प्रयासों का एक महत्वपूर्ण आयाम है- 'सुखी परिवार अभियान। परिवार केवल रक्त संबंधों का समूह नहीं, बल्कि संस्कारों की पहली पाठशाला है। यदि परिवार टूटते हैं तो समाज बिखरता है और यदि परिवार मजबूत होते हैं तो राष्ट्र मजबूत होता है।

समाज परिवर्तन के इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो मंचों की चकाचौंध, प्रचार के कोलाहल और सम्मान की आकांक्षाओं से दूर रहकर भी अपने कार्यों से युग की दिशा बदल देते हैं। वे न तो प्रसिद्धि के भूखे होते हैं, न राजनीतिक शक्ति के प्रदर्शन के इच्छुक। उनका जीवन ही उनका संदेश बन जाता है और उनका मौन कर्म ही उनकी पहचान। ऐसे ही व्यक्तित्व हैं गणि राजेन्द्र विजयजी, जिन्होंने आदिवासी समाज के उत्थान, अहिंसक चेतना के प्रसार और संस्कार आधारित सामाजिक पुनर्निर्माण के माध्यम से एक ऐसी परिवर्तन-धारा प्रवाहित की है, जो आज अनेक क्षेत्रों में आशा की नई किरण बनकर उभर रही है।

ललित गर्ग

आज जब समाज का बड़ा हिस्सा प्रदर्शन, प्रचार और शक्ति-प्रदर्शन की मानसिकता से प्रभावित है, तब गणि राजेन्द्र विजयजी का कार्य हमें यह विश्वास दिलाता है कि बिना शोर किए भी इतिहास रचा जा सकता है। उन्होंने अपने जीवन को आदिवासी समाज के पुनर्जागरण के लिए समर्पित कर दिया। यह समर्पण केवल भाषणों या घोषणाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि धरातल पर उसके ठोस परिणाम दिखाई देते हैं। गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के अनेक आदिवासी क्षेत्रों-कंवाट, बलद, रंगपुर, बोडेली और अन्य अंचलों में सामाजिक परिवर्तन की जो नई तस्वीर दिखाई देती है, वह इसी तप, त्याग और दूरदर्शिता का परिणाम है।

आदिवासी समाज को अक्सर विकास की मुख्यधारा से दूर माना गया है। इतिहास गवाह है कि इस समाज को लंबे समय तक उपेक्षा, अभाव, शोषण और विस्थापन का सामना करना पड़ा। उनके संसाधनों का उपयोग तो हुआ, पर उनके जीवन में समृद्धि नहीं पहुंची। उनके जंगल, जल और जमीन पर अधिकारों की लड़ाइयां चलती रहीं, लेकिन उनके आंसुओं को समझने वाले बहुत कम मिले। ऐसे समय में यदि कोई संत उनके बीच जाकर उन्हें आत्मविश्वास, शिक्षा, संस्कार और अहिंसा का मार्ग दिखाए, तो वह केवल सेवा नहीं बल्कि सामाजिक पुनर्जन्म का कार्य है। गणि राजेन्द्र विजयजी ने यही किया। उन्होंने आदिवासी समाज को दया का पात्र नहीं माना, बल्कि क्षमता और संभावनाओं से भरे समुदाय के रूप में देखा। उन्होंने उनमें आत्मसम्मान जगाया, जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टि विकसित की और यह विश्वास पैदा किया कि वे भी राष्ट्र निर्माण के सक्रिय भागीदार बन सकते हैं। उनके प्रयासों का एक महत्वपूर्ण आयाम है- 'सुखी परिवार अभियान '। परिवार केवल रक्त संबंधों का समूह नहीं, बल्कि संस्कारों की पहली पाठशाला है। यदि परिवार टूटते हैं तो समाज बिखरता है और यदि परिवार मजबूत होते हैं तो राष्ट्र मजबूत होता है। इसी सोच के साथ सुखी परिवार फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2006 से संचालित यह अभियान समाज में संस्कार, संवाद और समरसता का वातावरण निर्मित कर रहा है।

गणि राजेन्द्र विजय जन्म जयन्ती

मुझे इस अभियान से प्रारंभ से जुड़ने और संस्थापक महामंत्री से लेकर वर्तमान में अध्यक्ष के रूप में कार्य करने का अवसर मिला, यह मेरा सौभाग्य है। इस यात्रा में मैंने निकट से देखा है कि गणिजी परिवार को समाज परिवर्तन की मूल इकाई मानते हैं। उनका स्पष्ट विचार है कि यदि माता-पिता संस्कारवान होंगे, तो बच्चों में स्वतः चरित्र, अनुशासन और नैतिकता का विकास होगा। आज समाज के सामने सबसे बड़ी चुनौती आर्थिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक संकट की है। भौतिक उपलब्धियां बढ़ रही हैं, लेकिन संवेदनाएं घट रही हैं। शिक्षा का विस्तार हुआ है, पर संस्कारों का क्षरण भी तेज हुआ है। आधुनिकता की दौड़ में परिवारों का संवाद टूट रहा है और बच्चे दिशाहीनता की ओर बढ़ रहे हैं। यदि बाल पीढ़ी संस्कारों से वंचित हो गई, तो उसका प्रभाव केवल परिवार तक सीमित नहीं रहेगा; वह पूरे समाज और राष्ट्र के चरित्र को प्रभावित करेगा। यही कारण है कि गणि राजेन्द्र विजयजी बच्चों और युवाओं के चरित्र निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। वे मानते हैं कि भारत का भविष्य केवल तकनीकी विकास से सुरक्षित नहीं होगा, बल्कि सांस्कृत

इटौरा पिलखनी पहुंच डीएम ने लिया नुकसान का जायजा

अवधनामा संवाददाता

गैस सिलेंडर विस्फोट में घायलों का हाल जानने मेडिकल कॉलेज पहुंचीं डीएम निधि गुप्ता वत्स

फतेहपुर। तहसील बिंदकी अंतर्गत ग्राम सभा इटौरा पिलखनी में घरेलू गैस सिलेंडर फटने की घटना में घायल लोगों का हाल जानने के लिए जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने रविवार रात को मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक भी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए। प्राचार्य ने बताया कि घटना में कुल 9 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 7 को बेहतर उपचार के लिए कानपुर रेफर किया गया है, जबकि अन्य का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। इस पर डीएम ने कहा कि सभी घायलों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जाए और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

इसके बाद जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने इटौरा पिलखनी गांव पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया और विस्फोट से हुई क्षति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी बिंदकी को निर्देशित किया कि पीड़ित परिवार को आपदा राहत के तहत मिलने वाले सभी अनुमन्य लाभ तत्काल उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही सरकार की अन्य योजनाओं से भी परिवार को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इश्तियाक अहमद, एसडीएम बिंदकी प्रदीप कुमार रमन, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

यादव समाज की एकता पर मंथन, चौधरी राजेश सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

खागा/फतेहपुर। यादव समाज की सामाजिक एकता, संगठन विस्तार और युवाओं की भागीदारी को लेकर खागा में आयोजित बैठक में समाज के कई प्रमुख लोगों ने सहभागिता की। इस दौरान अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं युवा प्रभारी चौधरी राजेश यादव को समाजसेवा और पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय आचार्य सूरजपाल यादव ने अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही 'यदु यादव कोश' पत्रिका भेंट कर उनका अभिनंदन भी किया गया।

जानकारी के अनुसार मुंबई महानगर एवं उपनगरों में लंबे समय से सामाजिक सरोकारों और पत्रकारिता से जुड़े आचार्य सूरजपाल यादव प्रयागराज से मुंबई रवाना होने के दौरान हाईवे स्थित अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा उत्तर प्रदेश के नगर अध्यक्ष भूपसिंह यादव के आवास पहुंचे, जहां समाज के लोगों के बीच विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के वर्तमान हालात, संगठन को मजबूत बनाने तथा नई पीढ़ी को सामाजिक कार्यों से जोड़ने पर विस्तार से चर्चा हुई। आचार्य सूरजपाल यादव ने कहा कि किसी भी समाज की मजबूती उसके संगठन, शिक्षा और युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने समाज में शिक्षा, सामाजिक चेतना और आपसी सहयोग की भावना को बढ़ाने पर जोर दिया।

पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस की बढ़ी कीमतों पर कांग्रेस का प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

कचहरी पहुंच कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

फतेहपुर। पेट्रोल, डीजल, सीएनजी एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की बढ़ी कीमतों के विरोध में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कचहरी परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मूल्य वृद्धि वापस लेने की मांग उठाई।

प्रदर्शन का नेतृत्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डू ने किया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एक ओर केंद्र सरकार जनता को पेट्रोल-डीजल और गैस की बचत का संदेश देती है, वहीं दूसरी ओर विदेशों को तेल निर्यात किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लगातार जनता को भ्रमित करने का काम कर रही है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता शेख एजाज अहमद ने कहा कि देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है और आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों में जहां पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी देखी जा रही है, वहीं भारत में लगातार मूल्य वृद्धि हो रही है, जो चिंताजनक है। प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ महिला नेता संतोष कुमारी शुक्ला, प्रदेश सचिव शोभा दुबे, पार्टी प्रवक्ता ई. देवी प्रकाश दुबे, ब्रजेश मिश्रा और कलीम उल्ला सिद्दीकी समेत अन्य नेताओं ने भी केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। इस अवसर पर पप्पी राजपूत, शकीला बानो, आशीष गौड़, राजेंद्र लोधी, राजीव लोचन निषाद, जेपी पासवान, राम नरेश, सैयद सहाब अली, निजामुद्दीन, मनोज घायल, नरेंद्र सिंह रिक्की, आदित्य श्रीवास्तव, फजलुर्रहमान, नवनीत तिवारी, मोइन राइन, आनंद सिंह गौतम, डॉ. अब्दुल हमीद, बसीर अहमद, शुभम दुबे, नौशाद, अजय बच्चा सलीम शेख, धर्मेंद्र सिंह, अब्दुल रज्जाक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लापरवाह चालकों और सड़क किनारे खड़े वाहनों पर चलेगा अभियान

अवधनामा संवाददाता

सुरक्षा मानकों व परमिट की विशेष जांच के निर्देश

उरई (जालौन)। मुख्यमंत्री द्वारा समय-समय पर सड़क सुरक्षा को लेकर दिए जा रहे निर्देशों तथा राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठकों में लिए गए निर्णयों के क्रम में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक कार्रवाई शुरू की जा रही है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी बिंदुओं पर प्रभावी, नियमित एवं परिणामपरक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी तथा शासन द्वारा प्रत्येक माह जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में जनपद में सड़क सुरक्षा संबंधी सभी अभियानों की नियमित समीक्षा की जाएगी तथा तय मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में संचालित समस्त स्कूली वाहनों की फिटनेस, सुरक्षा मानकों एवं परमिट की विशेष जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि अप्रैल में चलाए गए विशेष फिटनेस सत्यापन अभियान की समीक्षा करते हुए बिना फिटनेस अथवा बिना परमिट संचालित स्कूल वाहनों के विरुद्ध सख्त प्रवर्तन कार्रवाई की जाए, ताकि बच्चों का आवागमन पूरी तरह सुरक्षित रह सके।

अयाह शाह में बसपा का बढ़ा जनाधार

फतेहपुर। अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 137/138 पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बसपा जिला अध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी एडवोकेट ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सतीश जाटव, चिंतामणि वर्मा, विवेक कुमार माधुरे, मनोज गौतम, गुलाब पासी, एम.पी. भास्कर, बाराती लाल निषाद एवं राजपाल गौतम मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लल्लू पाल की अगुवाई में पंकज पाल, बाबू प्रसाद पाल, रामबाबू पाल, संतलाल पाल, रामकिशोर पाल, चंद्रशेखर पाल, राजेंद्र पाल, प्रहलाद पाल और संतोष पाल सहित लगभग एक दर्जन लोगों ने बहुजन समाज पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा में विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान सभी नव सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

विश्वव्यापी विलक्षण मुद्रा प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

उरई(जालौन)। अन्तराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर इन्टैक उरई अध्याय, कानपुर बुन्देल खण्ड प्रान्तीय कला धरोहर समिति संस्कार भारती, भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा उरई के संयुक्त तत्वावधान में चूड़ी वाली गली स्थित श्रीमती संध्या पुरवार के निज निवास पर विश्व के तमाम देशों द्वारा जारी की गई अपने भारत देश की एकमात्र विश्व व्यापी विलक्षण मुद्राओं की एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस प्रदर्शनी का शुभारंभ जनपद जालौन के लोकप्रिय मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह पीसीएस ने शंख ध्वनि के मध्य मॉ शारदा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रदर्शनी के अवलोकन के समय मुख्य अतिथि सिंह ने कहा कि उरई जैसे स्थान पर देसी विदेश की विलक्षण मुद्राएं वास्तव में हतप्रभ करने वाली हैं। इन मुद्राओं को देखकर विश्वास ही नहीं होता कि इस प्रकार के सिक्के भी हो सकते हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी अयोध्या प्रसाद भी उपस्थित रहे।

इस विलक्षण मुद्रा की प्रदर्शनी के संयोजक डॉ हरी मोहन पुरवार ने बतलाया कि इस प्रदर्शनी में कांगो, न्यू आइलैंड, पलाऊ, इजिप्ट,सोमालिया, श्रीलंका, टूआलू, भारत, चीन, कनाडा इत्यादि देशों की भिन्न-भिन्न आकार प्रकार की रंगीन ,सादा मुद्राएं प्रदर्शित की गई हैं जिनमें भवनो के आकार की, ज्यामितीय आकार की ,पशुओं पक्षियों के आकार की, रंगीन नोटों के आकार की, देशों के मानचित्रों के आकार की, धार्मिक मूर्तियों के आकार की, गुड़ियों के आकार की,अलग-अलग भार के सिक्कों को प्रदर्शित किया गया है। इनके अलावा इस प्रदर्शनी में द्विआयामी , त्रिआयामी सिक्के भी प्रदर्शित किए गए हैं।

साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन का 6वां स्थापना दिवस धूमधाम से मना

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। बिंदकी तहसील क्षेत्र के खजुहा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सिजौली के मजरे गोधइया स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर परिसर में रविवार को साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) का छठवां स्थापना दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता, साहित्य, समाजसेवा एवं स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े अनेक गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। पूरे आयोजन में पत्रकारिता के दायित्व, समाज के प्रति मीडिया की भूमिका तथा जनपद के महानायकों के योगदान को विशेष रूप से याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार वसीम अख्तर ने की, जबकि संचालन संगठन के राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान ने किया। कार्यक्रम का संयोजन बिंदकी तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ सर्वेश सिंह द्वारा किया गया। गौरतलब है कि सिजौली की धरती राष्ट्रकवि पंडित सोहनलाल द्विवेदी की जन्मस्थली रही है। ऐसे ऐतिहासिक महत्व वाले स्थान पर स्थापना दिवस आयोजित कर आयोजकों ने जनपद के गौरवशाली इतिहास और महान विभूतियों को याद करने का प्रयास किया।

सुहैल की पुस्तक किनवारनामा का लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता

गाजीपुर। साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में 'चेतना-प्रवाह' कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर के रूईमण्डी स्थित जे.पी. जे.ज्ञानदीप अकादमी के सभागार में सुहैल खाँ की पुस्तक 'किनवारनामा' का लोकार्पण सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शायर मासूम रज़ा राशदी (डाक अधीक्षक-गाजीपुर मण्डल) थे। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार शेषनाथ राय ने की। एम.ए. एच. इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य खालिद अमीर ने कहा कि यह पुस्तक किनवारों का नसबनामा है।

नसबनामा और सफरनामा लिखना अत्यंत कठिन है। इसकी सामग्री जुटाना बहुत जटिल कार्य है। सुहैल खाँ ने बहुत परिश्रम करके यह पुस्तक तैयार किया है। हिन्दू इण्टर कॉलेज जमानियां की शिक्षिका डॉ.ऋचा राय ने इस पुस्तक को आंचलिक इतिहास पर शोध करने वालों के लिए प्रमाणिक दस्तावेज बताया। उन्होंने कहा कि नाम,कुल,गोत्र प्रवर के साथ ही किनवार, दोनवार एवं सकरवारों की उत्पत्ति, विकास,विस्तार एवं वैभव को भी यह पुस्तक प्रतिपादित करती है।साहित्य चेतना समाज के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर ने कहा कि गणित और विज्ञान के विद्यार्थी होते हुए भी सुहैल खाँ ने कमसारनामा, बारानामा और अब किनवारनामा लिखकर महत्वपूर्ण कार्य किया है। मुख्य अतिथि मासूम रज़ा राशदी ने भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पुस्तक लेखक का लेखन के प्रति जुनून और समर्पण का परिचायक है। इस कृति के माध्यम से सुहैल खाँ ने समाज को अमूल्य उपहार दिया है। अध्यक्षीय उद्बोधन में शेषनाथ राय ने कहा कि यह पुस्तक शोधार्थियों को प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध कराएगी। अपने पूर्वजों को जानने और समझने में यह पुस्तक महत्वपूर्ण योगदान करेगी।

लेखक सुहैल खाँ ने कहा कि इस पुस्तक में वंशावली का महत्व,भूमिहार एवं किनवार शब्दों की उत्पत्ति एवं इतिहास,गोत्र प्रवर,वेद आदि के साथ सकरवार एवं दोनवार वंश के इतिहास का भी जिक्र किया गया है। संचालन डॉ.ऋचा राय ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से साहित्य चेतना समाज के संगठन सचिव प्रभाकर त्रिपाठी, विपिन बिहारी राय, डा. प्रेमशंकर सिंह, रामाश्रय सिंह, सुधीर प्रधान,पारसनाथ गुप्त, गिरिजा राय, सुभाष प्रसाद,मनीष अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

मां ने घोंटा तीन साल की बेटी का गला

गाजियाबाद। यूपी के गाजियाबाद से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने अपनी ही तीन साल की सौतेली बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मासूम को एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, पीड़ित बच्ची के ताऊ अमित कुमार पुत्र रनवीर सिंह निवासी गांव सोफा खैर अलीगढ़ ने वेव सिटी थाने में अपने भाई की दूसरी पत्नी ज्योति के खिलाफ शिकायत देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता अमित के अनुसार उनका छोटा भाई नितेश, जो वेव सिटी में ही एक क्रेन ऑपरेटर के रूप में काम करता है, अपने परिवार के साथ वेव सिटी के फ्लैट नंबर 316, ब्लॉक 1, इडब्लूएस में रहता है। नितेश की पहली शादी विनेश नाम की महिला से हुई थी, जिससे उनके दो बच्चे, दर्श 4 वर्ष और वंशिका 3 वर्ष हैं।

पाठशाला में सिखाया निष्पक्ष पत्रकारिता के गुर

चंदौली प्रेस क्लब के तत्वावधान में आयोजित हुई एक दिवसीय पत्रकारिता कार्यशाला

अवधनामा संवाददाता

चंदौली। पीडीडीयू नगर पालिका सभासद सभागार प्रांगण में रविवार को चंदौली प्रेस क्लब के तत्वावधान में एक दिवसीय पत्रकारिता कार्यशाला 'पत्रकारिता की पाठशाला' का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में जिले के नवोदित एवं वरिष्ठ पत्रकारों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों, समाचार लेखन, रिपोर्टिंग कौशल तथा पत्रकारिता की नैतिक जिम्मेदारियों से प्रतिभागियों को अवगत कराना रहा।

कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में वरिष्ठ पत्रकार संजय मिश्र उपस्थित रहे। उन्होंने 'खबर की समझ, रिपोर्टिंग के गुण, नैतिकता और जिम्मेदारी, डिजिटल मीडिया, जनहित और पत्रकारिता' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अपने संबोधन में श्री संजय मिश्र ने कहा कि आज के दौर की पत्रकारिता में खबर लिखते समय विशेषणों के प्रयोग से बचना चाहिए। पत्रकार का कार्य निष्पक्ष और तथ्यों पर आधारित समाचार प्रस्तुत करना है, न कि किसी व्यक्ति या घटना का अनावश्यक महिमामंडन करना। उन्होंने पत्रकारों को खबरों के कवरेज के दौरान तकनीकी जानकारी रखने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि डिजिटल युग में मोबाइल पत्रकारिता, वीडियो रिकॉर्डिंग, ऑडियो क्वालिटी, फोटो फ्रेमिंग, लाइव अपडेट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की समझ बेहद आवश्यक हो गई है।

उन्होंने कहा कि किसी भी समाचार को प्रकाशित करने से पहले तथ्यों की पुष्टि करना, भाषा की शुद्धता बनाए रखना तथा समाजहित को प्राथमिकता देना एक जिम्मेदार पत्रकार की पहचान है। साथ ही पत्रकारों को समय के साथ नई तकनीकों को सीखते रहना चाहिए, ताकि पत्रकारिता की विश्वसनीयता और गुणवत्ता बनी रहे।

इस कार्यशाला में लगभग 50 से अधिक पत्रकारों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान नवोदित पत्रकारों एवं वरिष्ठ पत्रकारों के बीच मॉक टेस्ट का आयोजन भी कराया गया, जिसमें 25 नवोदित पत्रकारों ने भाग लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को आगामी 30 मई हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

अमरेंद्र पाण्डेय ने कहा कि चंदौली प्रेस क्लब पिछले एक वर्ष से लगातार पत्रकारों के हितों में कार्य कर रहा है। पत्रकारों का सहयोग और प्रेम ही क्लब की सबसे बड़ी ताकत है। भविष्य में भी ख्यातिलब्ध संपादकों और वरिष्ठ पत्रकारों को आमंत्रित कर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। वरिष्ठ पत्रकार पवन तिवारी ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं पत्रकारिता के क्षेत्र में नए लोगों को दिशा देने का कार्य करती हैं तथा अनुभवी पत्रकारों को अपने अनुभव साझा करने का अवसर प्रदान करती हैं।

यूएन वीमेन: महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम प्रयास

अवधनामा संवाददाता

बलिया। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूएन वीमेन के आयोजित शी लीड्स कार्यक्रम में बलिया की सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता स्मृति सिंह ने प्रतिभाग किया। लखनऊ स्थित आईटीसी ग्रुप के पांच सितारा होटल में तीन दिवसीय आवासीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित महिलाओं को शामिल किया गया था। कार्यक्रम में महिला कल्याण मंत्री उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल बेबीरानी मौर्य सहित अनेक महिला विधायक, उद्यमी एवं विभिन्न क्षेत्रों की ख्यातिप्राप्त महिलाएं उपस्थित रहीं। पूर्व ग्राम प्रधान रतसरकला भाजपा नेत्री स्मृति सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिला आरक्षण विधेयक पारित कर महिलाओं को राजनीति एवं नीति निर्माण में नई भागीदारी देने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की गई है । उसी क्रम में संयुक्त राष्ट्र संघ की संस्था यूएन वीमेन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम महिला नेतृत्व सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सामुदायिक सहभागिता एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अपने जमीनी अनुभवों को व्यापक सामाजिक एवं नीतिगत दृष्टिकोण से समझने का महत्वपूर्ण अवसर रहा। ऐसे कार्यक्रम महिलाओं को नेतृत्व, संवाद एवं निर्णय प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी के लिए प्रेरित करते हैं। स्मृति सिंह पूर्व में देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित प्रतिष्ठित सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थाओं तथा विश्वविद्यालयों के कार्यक्रमों में सहभागिता कर चुकी हैं। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित विभिन्न प्रतिष्ठित सम्मानों व पुरस्कारो से सम्मानित किया जा चुका है।

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल

अवधनामा संवाददाता

उठा महानगर अध्यक्ष ने भाजपा सरकारों को घेरा बोले जुनेद इकराम- भाजपा की गलत नीतियों से तीस साल

मुरादाबाद। केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और रसोई गैस के दामों में बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ जोरदार तरीके से अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। महानगर अध्यक्ष ने हाथ ठेले पर बाइक खड़ी की और उसपर बैठकर दोनों हाथों से गैस सिलेंडर को उठाकर सरकारों के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश् सरकारों की जनविरोधी नीतियों के कारण गरीब भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है।

जिला और महानगर कमेटी के संयुक्त प्रदर्शन में महानगर अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने आम आदमी को गाड़ियां खड़ी कर ठेले खींचने को मजबूर कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल सस्ता होने के बावजूद देश में पेट्रोल-डीजल के दाम सौ रुपये के पार पहुंच दिए हैं। सरकार जनता की जेब पर खुलेआम डकैती डालने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस महंगी होने के साथ राशन, सब्जी और दूध जैसी हर जरूरी चीज महंगी होने से गरीब की रसांई का बजट बिगड़ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अपने चाहने वाले चंद पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए गरीबों की कमर तोड़ रही है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार विदेशी मामलों व आवश्यक सामान की उपलब्धता कराने में विफल साबित हुई है। उन्होंने ऐलान किया है कि यह संघर्ष बढ़ी हुई कीमतें वापस लेने तक जारी रहेगा। जिला अध्यक्ष विनोद गुम्बर ने सरकार की जनविरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि महंगाई से त्रस्त जनता अब इस सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। प्रदर्शन में अजय सारस्वत सोनी, अनूप दुबे, फहीम मिर्जा, मुशाहिद चौधरी, नजाकत अंसारी, आजम खान, अहसान चौधरी, पार्षद, मोअज्जम अली, शकील अहमद , राशिद अंसारी, परवेज उर्फ नन्हे, भारतीय परवेज इस्लाम, अफसर अंसारी, हाजी वसीम, काशिफ, इफ्तेखार, नदीम, जमीर अंसारी, गोसिया साबिर, अफसर खान, राजा अली, शरीफ घोसी राजा, शाबू, जावेद इकवाल, दानिश कुरैशी आदि मौजूद रहे।

जनआरोग्य मेलों में 160 मरीजों का हुआ उपचार

उरई (जालौन)। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की महात्वाकांक्षी योजना के तहत कालपी, वावई, नियामतपुर,चुरखी तथा महेवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकीय टीमों के द्वारा 160 मरीजों का उपचार करके लूं तथा गर्मी के मौसम में स्वस्थ रहने का परामर्श दिया गया।

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा कालपी में चिकित्साधिकारी डॉक्टर अमित पोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेले में 64 मरीजों का इलाज किया गया। जिसमें 41 पुरुष, 23 महिला मरीज शामिल रहे। इस दौरान शुगर के 5 टेस्ट किए जबकि बुखार तथा स्किन के 6- 6मरीजों की जांच की गयी। राजकीय होम्योपैथी महिला चिकित्साधिकारी डॉ रंजना सिंह ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां देते हुये बताया कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से उपचार करने के लिये जागरूक किया।

हाइवे पर लूटपाट करने वाले गिरोह का पर्दाफास

अवधनामा संवाददाता

चंदौली। जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस और स्वाट/एसओजी टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। संयुक्त पुलिस टीम ने हाईवे पर लूटपाट करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल हो गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस और नगदी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार 17 मई को अमेठी निवासी ज्ञानेन्द्र तिवारी ने सदर कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि वह वाराणसी से बिहार जा रहे थे। इसी दौरान भगवानपुर नहर के पास चार अज्ञात लोगों ने उनकी गाड़ी रुकवाकर मारपीट की और 42 हजार रुपये नगद लूट लिए। मामले में थाना चन्दौली पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की गई। पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल के निर्देशन में थाना चंदौली पुलिस और स्वाट/एसओजी टीम आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में 18 मई को मुखबिर से सूचना मिली कि हाईवे पर लूट करने वाला गिरोह भगवान तालाब के पास मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी की। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। बदमाशों ने बताया कि वे सुनसान हाईवे और सड़क किनारे राहगीरों तथा वाहन चालकों को निशाना बनाते थे। कई बार वे महिला का भेष धारण कर मदद मांगने के बहाने वाहन रुकवाते थे। वाहन रुकते ही चालक के साथ मारपीट कर नगदी, मोबाइल और अन्य कीमती सामान लूट लेते थे। आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने ही 17 मई को भगवानपुर नहर के पास ज्ञानेन्द्र तिवारी से 42 हजार रुपये लूटे थे।

चारा फसलों की बुवाई पर विशेष फोकस किया जाए

- डीएम ने गौ आश्रय स्थल योजना के संबंध में समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

अवधनामा संवाददाता

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में गौ आश्रय स्थल योजना के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद की समस्त गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों के संरक्षण, समुचित देखभाल एवं भीषण गर्मी से बचाव हेतु सुदृढ़, संवेदनशील एवं प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने वर्तमान तापमान, लू एवं उष्ण लहर की परिस्थितियों को गंभीरता से लेते हुए निर्देशित किया कि गौशालाओं में टीन शेड के ऊपर जूट टाट बिछाई जाए तथा नियमित रूप से पानी का छिड़काव कर तापमान नियंत्रित रखा जाए। गोवंशों के लिए ताजे, स्वच्छ एवं ठंडे पेयजल की निरंतर उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए। गौशालाओं के परिसर में छायादार वृक्षों का रोपण किया जाए। हरे चारे की पर्याप्त उपलब्धता हेतु नेपियर घास एवं अन्य चारा फसलों की बुवाई पर विशेष फोकस किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी गौशालाओं में स्थापित सीसीटीवी कैमरे नियमित रूप से संचालित अवस्था में रहें, जिससे निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे। पशु चिकित्सा अधिकारी नियमित निरीक्षण कर गोवंशों के स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही गौशालाओं में साफ-सफाई, स्वच्छता, वेंटिलेशन एवं समुचित रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि इन निर्देशों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी तथा व्यवस्थाओं की समय-समय पर समीक्षा कर उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सरदुल सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पुलिस ने दो पारिवारिक विवादों का निस्तारण कराया

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। स्थानीय कोतवाली में नव स्थापित मिशन शक्ति केंद्र पर पारिवारिक विवादों के दो मामलो में दोनो पक्षों के बीच आपसी समझौता करा दिया गया।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी के नेतृत्व में मुख्य महिला आरक्षी शशि बाला एवं महिला आरक्षी सीमा भदौरिया द्वारा आवेदिका वंदना देवी पत्नी पवन चौरसिया निवासी मोहल्ला चावल मंडी शास्त्री नगर के प्रार्थना पत्र पर आवेदिका के देवर शिवम पुत्र स्वर्गीय दयाशंकर चौरसिया को मिशन शक्ति केंद्र में बुलवाया गया। जहां दोनों पक्षों की काउंसलिंग की और समझा बुझा कर और संवाद के माध्यम से यह तय हुआ है कि शिवम को चल अचल संपत्ति में आधा हिस्सा दिया जाए। वहीं आवेदिका लक्ष्मी देवी पत्नी दिवाकर लाल निवासी ग्राम इस्माइलपुर के प्रार्थना पत्र पर आवेदिका के पुत्र रामजीत व बहू ममता देवी को बुलाकर समझाया गया। काफी देर चली काउंसलिंग के बाद दोनों पक्ष समझौते पर सहमत हो गए और काउंसिलिंग कराकर सभी पक्षों को सकुशल रवाना करनें के उपरान्त मुख्य महिला आरक्षी शशि बाला ने बताया कि मिशन शक्ति केन्द्र में प्रतिदिन पारिवारिक मामलों की काउंसिलिंग कर सुलह समझौते के माध्यम से परिवारों को आपसी सौहार्द कायम करनें के लिये प्रेरित करनें का कार्य किया जा रहा है।

भोजशाला मामला: एआइपीएमएम ने की शांति की अपील

अवधनामा संवाददाता

- अफवाहों से बचें, भाईचारा बनाए रखें : एआइपीएमएम
- ईद पर शांति और सद्भाव की अपील
- सामाजिक न्याय के मुद्दों पर ध्यान देने की मांग
- पसमांदा महाज़ ने सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही

लखनऊ। मध्य प्रदेश के धार स्थित विवादित परिसर भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद को लेकर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ द्वारा 15 मई 2026 को दिए गए फैसले के बाद ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने पसमांदा मुस्लिम समाज (एआइपीएमएम) से शांति, संयम और कानूनी प्रक्रिया पर भरोसा बनाए रखने की अपील की है।

महाज़ ने अपने बयान में कहा कि यदि किसी पक्ष को न्यायालय के निर्णय पर आपत्ति है तो उसे संवैधानिक और कानूनी तरीके से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जानी चाहिए। संगठन का मानना है कि किसी भी प्रकार का तनावपूर्ण माहौल या उग्र प्रतिक्रिया समाज और देश दोनों के हित में नहीं है।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद युनुस ने कहा कि पसमांदा मुस्लिम समाज को इस विषय पर किसी प्रकार का भय या तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने अपील की कि मस्जिद-मंदिर जैसे संवेदनशील मुद्दों पर धैर्य, समझदारी और जिम्मेदारी का परिचय दिया जाए।

उन्होंने कहा कि संगठन खुली, निष्पक्ष और संवैधानिक बहस का समर्थन करता है ताकि सभी पक्षों की सहमति से देशहित में स्थायी समाधान निकाला जा सके।

मुहम्मद युनुस ने यह भी सुझाव दिया कि देश में मौजूद विवादित मंदिर-मस्जिद एवं मजारों से जुड़े प्रमुख स्थलों की एक स्पष्ट सूची जारी की जानी चाहिए और दोनों पक्षों के जिम्मेदार प्रतिनिधियों को आपसी संवाद के माध्यम से राष्ट्रीय हित में समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को लगातार धार्मिक विवादों में उलझाए रखना उचित नहीं है। महाज़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज़ हनीफ ने कहा कि 24 अगस्त 1935 के धार रियासत के राजपत्र में पूरे परिसर को 'कमाल मौला मस्जिद' घोषित किया गया था और मुस्लिम समुदाय को वहां नमाज अदा करने की अनुमति दी गई थी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय पवार राजवंश के शासनकाल में लिया गया था। मुस्लिम पक्ष का यह भी तर्क है कि भारतीय इस्लामी स्थापत्य में कमल, कलश जैसे स्थानीय प्रतीकों का प्रयोग सामान्य परंपरा का हिस्सा रहा है तथा सूफी और मुगल परंपरा में साझा सांस्कृतिक तत्वों को अपनाया जाता रहा है।

महाज़ ने कहा कि देश की जनता आज शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, महंगाई और सामाजिक न्याय जैसे वास्तविक मुद्दों पर गंभीर चर्चा चाहती है, इसलिए समाज को आपसी सद्भाव और विकास के मुद्दों पर आगे बढ़ना चाहिए। ईद-उल-अज़हा के अवसर पर संगठन ने विशेष अपील करते हुए कहा कि पसमांदा मुस्लिम समाज पूरी शांति, संयम और जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाए तथा देश में भाईचारे, संविधान और कानून के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करे। संगठन ने सभी नागरिकों से अफवाहों से बचने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की।

टेंपो की टक्कर लगनें से युवक घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता) सदर कोतवाली की पुलिस चौकी मानीमऊ के ग्राम तरामऊगढी निवासी संतराम पुत्र होमकरन जाटव रजीपुर से टेंपो में बैठकर समधन क्षेत्र के ग्राम भुड़ाहा निवासी महेश जाटव के घर जा रहा था। जैसे ही समधन के राजकीय इंटर कॉलेज के पास टेंपो से उतरा तभी पीछे से आ रहे हैं तेज रफ्तार टेंपो ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना को अंजाम देकर टेंपो चालक मौके से फरार होनें में सफल रहा। सूचना पर पहुंचे साले महेश ने आनन फानन में अपने बहनोई को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भिजवाया।

पोल से टकराकर बाईक सवार पिता-पुत्र घायल

गुरसहायगंज/तालग्राम, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता) कोतवाली गुरसहायगंज के मोहल्ला गांधी नगर निवासी मोहम्मद रजा अपने पुत्र खुश नवाब के साथ तालग्राम थाना क्षेत्र के पुखराया गांव में अपने बहनोई शमशाद के यहां जा रहे थे। तालग्राम-इंदरगढ़ मार्ग पर जैसे ही जनता होटल के पास पहुंचे, तो एक कार को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर एक खंभे से टकरा गई और पिता-पुत्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें मौके पर मौजूद राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को तालग्राम सीएचसी पहुंचाया। जहां दोनों का उपचार चल रहा है।

तीन अज्ञात लोगों पर घर में पत्थर फेंकनें का आरोप

गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता) क्षेत्र के ग्राम मझपुरवा निवासी राम रतन शंखवार पुत्र प्रेमचंद द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि रविवार की रात्रि 11:20 बजे तीन अज्ञात लोगों ने उसके घर पर पत्थर फेंके। जब उसने खदेड़ा तो रात्रि होने की वजह से पहचान नहीं सका। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर उसके घर के पास में एवं विद्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कराए जाने की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद बीती रात्रि डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई थी। पीडित की तहरीर पर कोतवाल पुलिस द्वारा घटना की जॉच शुरू कर दी गई है।

जनता दर्शन में फरियाद सुन डीएम ने की सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की पहल

देवरिया (अवधनामा संवाददाता) जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनता दर्शन के दौरान फरियाद लेकर पहुंची एक महिला की समस्या सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। राउतपार रघेल निवासी उषा देवी अपनी पुत्री के साथ जनता दर्शन में पहुंचीं। जिलाधिकारी ने उनसे परिवार की स्थिति एवं बच्चों की पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। महिला ने बताया कि उनके तीन पुत्रियां एवं एक पुत्र हैं तथा आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। महिला की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पात्रता के अनुसार आवासीय पट्टा उपलब्ध कराने, राशन कार्ड बनवाने, आयुष्मान कार्ड जारी कराने तथा प्रोबेशन विभाग की संचालित योजनाओं के अंतर्गत कन्या सुमंगला योजना का लाभ दिलाने के साथ ही बच्चियों को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में दाखिला कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए, जिससे उन्हें राहत मिल सके।

राजा हरिश्चंद्र ने कभी सत्य और धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा

- श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन का वर्णन सुनकर भाव-विभोर हुये श्रद्धालु

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज/तालग्राम, कन्नौज। क्षेत्र के ग्राम कुशलपुर्वा स्थित नारायणी देवी स्थान पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक संजय शास्त्री ने दानवीर एवं सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र की मार्मिक कथा सुनाई। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पंडाल में मौजूद कई श्रोताओं की आंखें नम हो गईं।

सोमवार को कथावाचक संजय शास्त्री ने कहा कि राजा हरिश्चंद्र भारतीय संस्कृति में सत्य, वचनबद्धता और त्याग के सर्वोच्च आदर्श माने जाते हैं। उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी राजा हरिश्चंद्र ने सत्य और धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा। बताया कि जब राजा हरिश्चंद्र श्मशान में शवों के अंतिम संस्कार के लिए कर वसूलने का कार्य कर रहे थे, तभी एक दुखद घटना घटी। उनके पुत्र रोहिताश्व की सर्पदंश से मृत्यु हो गई। रानी तारामती अपने पुत्र के शव को लेकर श्मशान पहुंचीं। राजा हरिश्चंद्र ने उन्हें पहचान लिया, लेकिन गहरे दुख में होने के बावजूद अपने कर्तव्य को सर्वोपरि रखा। उन्होंने कहा कि बिना कर चुकाए अंतिम संस्कार नहीं हो सकता। रानी तारामती के पास कर चुकाने के लिए धन नहीं था। ऐसे में उन्होंने अपनी साड़ी का एक हिस्सा फाड़कर कर के रूप में देने का प्रयास किया। तभी स्वयं भगवान विष्णु और ऋषि विश्वामित्र प्रकट हुए तथा राजा हरिश्चंद्र की सत्यनिष्ठा और धर्मपालन की प्रशंसा की। कथा का यह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे। इस दौरान मेघनाथ पाल, दया देवी, सतीश पाल (मास्टर), मंगू यादव, विनोद पाल, अमित चक, प्रमोद पाल, जितेंद्र पाल, सुमित पाल, अंकित चक, प्रेम सिंह ठाकुर, उदयवीर पाल, सुरेश चंद्र पाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

शीर्षक: भारतीय भाषाएं राष्ट्रीय एकता की आधारशिला : डॉ. राजेश

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। सेवा समिति बनवारी लाल इंटरमीडिएट कॉलेज में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार भारतीय भाषा ग्रीष्म शिविर के अंतर्गत भारतीय भाषा विषयक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय भाषाओं की परंपरा, संरचना और सामाजिक महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।

परिचर्चा की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए डॉ. राजेश मिश्र, प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय परंपरा के दृष्टिकोण से सभी भारतीय भाषाएं सहोदर बहनों के समान हैं। उन्होंने कहा कि कुछ भाषा वैज्ञानिक विचारधाराएं भारतीय भाषाओं का मूल्यांकन आर्यन और द्रविड़ियन मूल के भ्रमपूर्ण सिद्धांतों के आधार पर करती हैं, जबकि सभी भारतीय भाषाओं के व्याकरण की मूल संरचना संस्कृत भाषा पर आधारित है। उन्होंने भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान निर्माताओं ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता को ध्यान में रखते हुए भाषायी लोकतंत्र की मजबूत नींव रखी है।

शिविर को संबोधित करते हुए अनिल कुमार मिश्र, प्रवक्ता ने वाक्य संरचना के विभिन्न तत्वों और उनके आपसी संबंधों के नियमों एवं सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। वहीं गुलाब चंद चौरसिया, सहायक अध्यापक ने स्वर और व्यंजन के महत्व को चुटीले अंदाज में प्रस्तुत करते हुए कहा कि भाषा का एक प्रमुख दायित्व समाज जीवन में माधुर्य का संचार करना भी है। कार्यक्रम का संचालन रमाशंकर चौरसिया ने किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अजय मणि त्रिपाठी ने सभी वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय परंपरा शब्द साधना की परंपरा है तथा देवभाषा संस्कृत भारतीय संस्कृति की प्राणवायु है।

इस अवसर पर अशोक कुमार चौहान, डॉ. अरविंद कुमार शुक्ल, डॉ. शिवधारी प्रसाद, अखिलेश कुमार पाण्डेय, अजय कुमार पाण्डेय, संजयानंद पाण्डेय, संजीव कुमार पाठक, श्रीमती सुमन सिंह, अविनाश कुमार बरनवाल, संतोष कुमार राय, गुलाबचंद चौरसिया एवं आदित्य कुमार त्रिपाठी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

शूटिंग में दिव्यांश कपरवान ने जीता गोल्ड

मथुरा। जिले के उभरते शूटर दिव्यांश कपरवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर मथुरा का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित जिले के खेल प्रेमियों और शूटिंग रेंज में खुशी की लहर दौड़ गई है। जिला रायफल एसोसिएशन के शूटिंग कोच मनीष चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखंड रायफल एसोसिएशन की ओर से देहरादून स्थित त्रिशूल शूटिंग रेंज में द्वितीय प्री स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन 12 मई से 15 मई 2026 तक किया गया। प्रतियोगिता में कई राज्यों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के 25 मीटर पिस्टल जूनियर मेन इवेंट में दिव्यांश कपरवान ने शानदार निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 300 अंकों में से 265 अंक हासिल किए और गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। दिव्यांश के पिता अनिल कपरवान वर्तमान में मथुरा पुलिस में सीओ पद पर तैनात हैं। बेटे की इस उपलब्धि से परिवार में गर्व और खुशी का माहौल है।

दवाइयों की बढ़ती कीमतों पर जनता की चुप्पी और सरकार की उदासीनता चिंताजनक

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। देश में जब पेट्रोल, डीजल या रसोई गैस के दाम बढ़ते हैं तो पूरे देश में राजनीतिक बहस शुरू हो जाती है। विपक्ष सरकार को घेरता है, संगठन सड़क पर उतर आते हैं और आम जनता में भी व्यापक चर्चा होती है। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि जब जीवन बचाने वाली दवाइयों की कीमतें बढ़ाई जाती हैं, तब न तो जनता को इसकी जानकारी होती है और न ही कोई बड़ा राजनीतिक या सामाजिक आंदोलन दिखाई देता है। दवा कंपनियां समय-समय पर आवश्यक मेडिसिन के दाम बढ़ाती रहती हैं। कई बार यह बढ़ोतरी इतनी अधिक होती है कि गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर सीधा आर्थिक बोझ पड़ता है। गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए यह बढ़ी हुई कीमतें किसी संकट से कम नहीं हैं। इसके बावजूद देश के अधिकांश राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन और उपभोक्ता मंच इस मुद्दे पर मौन रहते हैं। प्रश्न यह है कि आखिर दवाइयों की कीमतों पर जनता की आवाज इतनी कमजोर क्यों हो जाती है? क्या स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा मुद्दा पेट्रोल-डीजल से कम महत्वपूर्ण है? यदि गैस सिलेंडर के कुछ रुपये बढ़ने पर राष्ट्रीय बहस हो सकती है, तो जरूरी दवाइयों के दाम बढ़ने पर देशव्यापी चर्चा क्यों नहीं होती? आज आवश्यकता है कि सरकार दवा कंपनियों पर सख्त निगरानी रखे, आवश्यक दवाइयों की कीमतों को नियंत्रित करे और जनता को पारदर्शी जानकारी उपलब्ध कराए। साथ ही सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और उपभोक्ता अधिकार समूहों को इस गंभीर विषय पर आगे आकर आवाज उठानी चाहिए। स्वास्थ्य कोई व्यापार नहीं, बल्कि जनता का मूल अधिकार है। यदि दवाइयां आम आदमी की पहुंच से बाहर होती चली गईं, तो यह समाज और व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर खतरे का संकेत होगा।

चौमुहां इंडेन: उपभोक्ता परेशान, नहीं मिल रही होम सर्विस

मथुरा। चौमुहां इंडेन गैस सर्विस की कार्यप्रणाली से उपभोक्ता परेशान हैं। बुकिंग के बावजूद भी गैस सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। डीएसी नम्बर लेने के लिए भी दूरदराज के उपभोक्ताओं को चौमुहां के मैन बाजार स्थित एजेंसी के कार्यालय पर जाना पड़ता है। सोमवार को जैत, भरतिया, भरना, पाली, देवीपुरा आदि दूरदराज के गांवों से आए उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया और लोगों के आक्रोश को देखते हुए शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बुलानी पड़ गई। जैत निवासी मलुआ राम धनगर ने बताया है कि उन्होंने विगत तीन मई को रिफिल की बुकिंग करवाई थी, परंतु अभी तक डीएसी नम्बर भी जारी नहीं किया गया है। इसी तरह जैत के ही दारा सिंह ने अपने गैस सिलेंडर की बुकिंग दो मई को ऑनलाइन कराई थी, जिसका अभी तक डीएसी नंबर जारी नहीं हुआ है।

जयगुरुदेव आश्रम में वार्षिक भंडारा सत्संग मेला, नाम योग साधना पर दिया बल

मथुरा (अवधनामा संवाददाता) जयगुरुदेव आश्रम में चल रहे चौदहवें वार्षिक भंडारा सत्संग मेले के दूसरे दिन राष्ट्रीय उपदेशक बाबूराम एवं सतीश चन्द्र ने सृष्टि की रचना और आध्यात्मिक ज्ञान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सृष्टि के विस्तार के दो भाग हैं–सतलोक की रचना और काल देश की रचना। उन्होंने कहा कि काल प्रभु ने सतपुरुष के भेद को गुप्त रखकर पाप-पुण्य का विधान बनाया, जिससे मनुष्य विभिन्न पूजा-पाठ में उलझ गया और सुरत-शब्द के वास्तविक ज्ञान को भूल बैठा। संतों ने सुरत-शब्द के भेद को पांचवां वेद बताया है, जबकि चारों वेदों में केवल ब्रह्म तक का ही उल्लेख मिलता है। उपदेशकों ने कहा कि मानव जन्म आत्मा की रक्षा के लिए मिला है लेकिन मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं और शरीर की देखभाल में ही उलझा रहता है। उन्होंने प्रकृति के निकट रहने पर जोर देते हुए कहा कि जितना अधिक मनुष्य प्रकृति के करीब रहेगा, उतना ही सुखी रहेगा। उन्होंने बताया कि बढ़ते शहरीकरण, प्रदूषण और तापमान में वृद्धि मानव जीवन के लिए खतरा बनती जा रही है। गांवों की तुलना में शहरों में प्रदूषण अधिक होने से भविष्य में प्राकृतिक आपदाओं और बीमारियों का खतरा भी बढ़ेगा। सत्संग में जीवन और मृत्यु के रहस्य पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि आत्मा का केंद्र शरीर में दोनों आंखों के मध्य भाग में स्थित है तथा मृत्यु के समय चक्रों के टूटने से पीड़ा होती है। नाम योग साधना के अभ्यास से इस पीड़ा से बचाव संभव है।

स्काउट एण्ड गाइड के लिए अनुशासन ही जीवन की अमूल्य निधि है : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

संभल। स्काउट एण्ड गाइड के राज्य पुरस्कार प्राप्त बच्चों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल से भेंट की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी ने स्काउट एण्ड गाइड से जुड़े पदाधिकारियों एवं बच्चों का परिचय प्राप्त किया तथा स्काउट एण्ड गाइड भवन निर्माण के संबंध में चर्चा की। साथ ही स्काउट एण्ड गाइड की जिला कार्यकारिणी की बैठक के स्थान एवं समय का निर्धारण भी किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्काउट एण्ड गाइड की समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने राज्य पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई देते हुए उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 'स्काउट एण्ड गाइड के लिए अनुशासन ही जीवन की अमूल्य निधि है। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा लखनऊ से प्राप्त राज्य पुरस्कार के प्रमाण-पत्र बच्चों को वितरित किए गए। इसके उपरांत लखनऊ में आयोजित नेशनल जम्बूरी से संबंधित प्रमाण-पत्र पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्काउट एण्ड गाइड के बच्चों को वितरित किए गए, जिन्हें प्राप्त कर बच्चों ने हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सौरभ कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष तिवारी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मुरादाबाद मंडल बृजेश कुमार, जिला सचिव उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड डॉ. राजीव कुमार वार्ष्णेय, स्काउट कमिश्नर नरेंद्र, गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव, डीओसी गाइड मीन पंकज कुमार, ट्रेनिंग काउंसलर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिला उद्योग बंधु की बैठक में औद्योगिक विकास कार्यों की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में औद्योगिक इकाइयों से संबंधित समस्याओं, रोजगार सृजन एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें तथा उद्यमियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने उद्योग विभाग, विद्युत विभाग, प्रदूषण नियंत्रण, राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि उद्योगों की स्थापना से जुड़े प्रकरणों में अनावश्यक विलंब न किया जाए। भूमि उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन, एनओसी एवं अन्य अनुमतियों से संबंधित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में रोजगार के अधिक अवसर सृजित करने के लिए लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों को समय से ऋण उपलब्ध कराने तथा बैंकों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

सावधान: पेड़ा प्रसादी के नाम पर बिकता है जहर

- खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई धौलपुर से आपूर्ति होने वाला 17 कुंतल दूषित पेड़ा पकड़ा
- 9 सेम्पिल लिए, बरामद किया पेड़ा किया जमीदोज, पिकअप व चालक पकड़ा

मथुरा। मथुरा वृंदावन में लंबे समय से राजस्थान के धौलपुर से अपमिश्रित पेड़ा का आयात लंबे समय से हो रहा था जिस पेड़ की कीमत डेढ़ सौ रुपए किलो बताई जाती है वही दूषित और जहरीला पेड़ा प्रमुख मंदिरों के आसपास भोग प्रसाद के नाम पर धड़ल्ले से बिक रहा था जिसको लेकर समय-समय पर प्रशासन के संज्ञान में मामले को लाया जाता रहा जिस पर वर्षो बाद प्रशासन की कुंभकरनी नींद टूटी है लगातार ताबड़तोड़ खाद्य विभाग की कार्रवाई ने दुष्ट और नकली अखाद्य पदार्थो से तैयार पीड़ा के कारोबार पर कार्रवाई शुरू की है यहां यह स्पष्ट करना है जो लोग इस अवैध कारोबार में लिप्त हैं वह सभी कहीं ना कहीं धर्म के धंधे से जुड़े हुए हैं प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई से नकली पेड़ा प्रसाद बेचने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में ज्ञानपाल सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में मुखबिर खास से प्राप्त अभिसूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के सचल दल द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान पुरूषोत्तम मास के महीने में धौलपुर से वृन्दावन में खपाने हेतु विष्णु पुत्र अमरचंद एवं दिनेश गर्ग द्वारा बुलेरो पिकअप द्वारा पेड़ा मंगाया, जिसमें 43 बोरों में लगभग 17 कुंतल दूषित पेड़ा अस्वस्थकर परिस्थितियों दशाओं में प्लास्टिक के बैग में भंडारित था। गाड़ी के साथ आए देवेन्द्र पुत्र पीतम निवासी धौलपुर द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा त्यागी इण्डस्ट्रीज धौलपुर से बड़े पैमाने पर बना बनाया पेड़ा मथुरा लाया जाता है। मथुरा में अमरचंद निवासी छटीकरा द्वारा वृन्दावन क्षेत्र में श्री बांके बिहारी मंदिर के आस-पास मिठाईयों की दुकान पर इस बने बनाए पेड़ा की आपूर्ति की जाती है।

खाद्य सचल दल के सदस्य जितेन्द्र सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा दो नमूने, राम नरेश खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा दो नमूने, मोहर सिंह कुशवाह द्वारा दो नमूने, भरत सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा एक नमूना, दलवीर सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा एक नमूना तथा धर्मेन्द्र सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा एक नमूना लिया गया। वृन्दावन के खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि कुल 09 नमूने जांच हेतु संग्रहित कर शेष बचे पेड़ा को विनिश्वर प्रकृति का होने के कारण खाद्य कारोबारकर्ताओं की लिखित सहमति के पश्चात नष्ट करा दिया गया जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 258000 रू0 है। उक्त संग्रहित 09 पेड़ा के नमूनें जांच हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन लखनऊ एवं जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में ज्ञानपाल सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में रमणरेती चौकी प्रभारी वृंदावन के सहयोग से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के सचल दल अरुण कुमार एवं दलबीर सिंह द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान पुरूषोत्तम मास के महीने में वृन्दावन में खपाने हेतु विष्णु पुत्र अमरचंद निवासी छटीकरा मथुरा के नौकर द्वारा स्कूटी संख्या यूपी 85 बीड ब्लूयू 2816 पर 4 प्लास्टिक के बोरों में लगभग 150 किलोग्राम संदिग्ध पेड़ा बिक्री हेतु ले जाते हुए पकड़ा गया , दूषित पेड़ा अस्वस्थकर परिस्थितियों दशाओं में प्लास्टिक के बैग में भंडारित था।.

व्हीलचेयर से विश्व चैंपियन तक

संघर्ष-जुनून और जीत की मिसाल हैं संग्राम सिंह

नई दिल्ली। हरियाणा के छोटे से गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचने वाले संग्राम सिंह की कहानी संघर्ष, साहस और आत्मविश्वास की मिसाल है। 21 जुलाई 1985 को हरियाणा के रोहतक जिले के मदीना गांव में जन्मे संग्राम सिंह का शुरुआती जीवन बेहद कठिन रहा। बचपन में उन्हें रूमेटाइड अर्थराइटिस जैसी गंभीर बीमारी हो गई थी, जिसके कारण जीवन के शुरुआती आठ साल उन्होंने व्हीलचेयर पर बिताए। डॉक्टरों ने सामान्य जीवन की उम्मीद तक छोड़ दी थी, लेकिन संग्राम ने हार नहीं मानी। उनके पिता उमेद सिंह भारतीय सेना से रिटायर्ड हैं, जबकि मां रामोदेवी गृहिणी हैं। परिवार के सहयोग और अपने अदम्य साहस के दम पर संग्राम ने बीमारी को मात दी और खेलों की दुनिया में कदम रखा।

संग्राम सिंह ने 1999 में दिल्ली पुलिस के साथ एक खिलाड़ी के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। वर्ष 2005 में ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में दिल्ली पुलिस का

भरण-पोषण

संग्राम सिंह ने 1999 में दिल्ली पुलिस के साथ एक खिलाड़ी के रूप में अपने करियर की शुरुआत की।

प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने कांस्य पदक जीता। इसके बाद उन्होंने प्रोफेशनल रेसलिंग की दुनिया में तेजी से अपनी पहचान बनाई।

साल 2012 में दक्षिण अफ्रीका में आयोजित मुकाबले के बाद वर्ल्ड रेसलिंग प्रोफेशनल्स (डब्ल्यूडब्ल्यूपी) ने संग्राम सिंह को वर्ल्ड्स बेस्ट प्रोफेशनल रेसलर के खिताब से सम्मानित किया। उनकी फिटनेस, स्टैमिना और रेसलिंग स्टाइल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों का ध्यान खींचा। इसके बाद जुलाई 2015 में पोर्ट एलिजाबेथ में हुए लास्ट मैन स्टैंडिंग फाइट में उन्होंने जो ई. लेजेंड को हराकर डब्ल्यूडब्ल्यूपी कॉमनवेल्थ हेवीवेट चैंपियनशिप अपने नाम की। उनकी इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद भवन में बुलाकर उन्हें बधाई दी थी। संग्राम ने 27 मार्च 2016 को दक्षिण अफ्रीका के ही पोर्ट एलिजाबेथ में दक्षिण अफ्रीकी रेसलर अनांजी को हराकर दूसरी बार डब्ल्यूडब्ल्यूपी कॉमनवेल्थ हेवीवेट चैंपियनशिप जीती और खिताब भारत के नाम बरकरार रखा।

करीब छह साल के अंतराल के बाद संग्राम सिंह ने 2024 में दुबई प्रो इंटरनेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में वापसी की। यहां उन्होंने पाकिस्तान के मोहम्मद सईद को हराकर शानदार जीत दर्ज की।

संग्राम सिंह ने अक्तूबर 2024 में जॉर्जिया के त्बिलिसी में गामा इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप के जरिए एमएमए में पदार्पण किया। उन्होंने पाकिस्तान के अली रजा नासिर को सिर्फ 90 सेकंड में हराकर सनसनी फैला दी। मीडिया रिपोर्ट्स में इसे भारतीय खेल इतिहास का अहम पड़ाव बताया गया, क्योंकि संग्राम सफलतापूर्वक एमएमए में जीत दर्ज करने वाले पहले भारतीय पुरुष रेसलर बने।

40 वर्ष की उम्र में एमएमए करियर शुरू करना अपने आप में असाधारण माना गया। इसके बाद नवंबर 2025 में एम्स्टर्डम, नीदरलैंड्स में आयोजित लेवल्स फाइट लीग में उन्होंने ट्यूनीशिया के हकीम ट्राबेल्सी को हराया। इस जीत के साथ वह इस लीग में उतरने और जीत दर्ज करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। अप्रैल 2026 में अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में हुए मुकाबले में संग्राम सिंह ने फ्रांस के फ्लोरियन कूडियर को 1 मिनट 45 सेकंड में हराया।

थाईलैंड ओपन में रजत पदक जीतने के बाद मलयेशिया मास्टर्स से हटे सात्विक-चिराग

नई दिल्ली। भारत की स्टार पुरुष युगल बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने आगामी मलयेशिया मास्टर्स से हटने का फैसला किया है। थाईलैंड ओपन में शानदार प्रदर्शन के बाद दोनों खिलाड़ी अब अपने व्यस्त कार्यक्रम को संतुलित तरीके से मैनेज करना चाहते हैं। थाईलैंड ओपन के फाइनल में उपविजेता रहने के बाद भारतीय जोड़ी ने पुष्टि की कि वे अब सीधे सिंगापुर, इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट्स में हिस्सा लेंगे। मैच के बाद सात्विक ने कहा, नहीं, हम मलयेशिया नहीं खेल रहे हैं। अब हम सिंगापुर, इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया खेलेंगे।

थाईलैंड ओपन के फाइनल में भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया के लीओ रॉली कार्नांडो और डेनियल मार्थिन के खिलाफ 21-12, 25-23 से हार का सामना करना पड़ा। निमिबुत्र स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में पहले गेम में भारतीय जोड़ी पूरी तरह दबाव में दिखी, लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने जोरदार वापसी की और चार चैंपियनशिप पॉइंट बचाए। हालांकि अंत में वे मुकाबला निर्णायक गेम तक नहीं ले जा सके। चिराग शेट्टी ने मैच के बाद कहा, हम शुरुआत अच्छी नहीं कर पाए। शटल काफी तेज थी और हम उसे नीचे रखने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन लगातार बैकफुट पर थे। दूसरे गेम में हमने शटल को ऊपर से खेलना शुरू किया और कुछ फ्लिक्स भी इस्तेमाल किए, जिससे मुकाबला बेहतर हुआ, लेकिन अंत में यह काफी नहीं था।

सात्विक ने बताया कि पहले गेम में कोर्ट की परिस्थितियां और इंडोनेशियाई जोड़ी की आक्रामक रणनीति उनके लिए बड़ी चुनौती बनी। उन्होंने कहा, पहले साइड पर खेलना काफी मुश्किल था क्योंकि वहां शटल बहुत तेज जा रही थी। विरोधी हमें अपने गेम स्टाइल में ले गए। हमें परिस्थितियों के अनुसार ढलने में समय लगा। दूसरे गेम में हमने बेहतर खेल दिखाया। अगर कुछ अहम पॉइंट्स में और सटीक होते तो मैच तीसरे गेम तक जा सकता था।

थाईलैंड ओपन के फाइनल में हारे सात्विक-चिराग

बैंकॉक। भारत की स्टार पुरुष युगल बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीतने से चूक गई। बैंकॉक में खेले गए रोमांचक फाइनल में इंडोनेशिया की लियो कार्नांडो और डेनिएल मार्टिन की जोड़ी ने भारतीय खिलाड़ियों को 53 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 25-23 से हराया। दुनिया की चौथे नंबर की भारतीय जोड़ी शुरुआत से ही दबाव में नजर आई। चिराग शुरुआती सर्विस एक्सचेंज में संघर्ष करते दिखे, जिसका फायदा इंडोनेशियाई जोड़ी ने उठाया और जल्दी 4-1 की बढ़त बना ली। हालांकि भारतीय जोड़ी ने कुछ समय तक मुकाबले में बने रहने की कोशिश की, लेकिन लियो और डेनियल के आक्रामक स्मैश और तेज नेट प्ले के सामने वे टिक नहीं सके। इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने लगातार दबाव बनाए रखा और पहला गेम 21-12 से अपने नाम कर लिया।

पहला गेम गंवाने के बाद सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में शानदार वापसी की। भारतीय जोड़ी ने तेज रफ्तार रैलियों और बेहतर नेट गेम के दम पर मुकाबले में बराबरी बनाई। एक समय भारतीय जोड़ी 7-5 से आगे निकल गई और फिर दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। स्कोर 14-14 से लेकर 19-19 तक बराबरी पर चलता रहा। इसके बाद इंडोनेशियाई जोड़ी ने लगातार चैंपियनशिप प्वाइंट हासिल किए, लेकिन सात्विक और चिराग ने शानदार जुझारूपन दिखाते हुए चार बार मुकाबला बचा लिया। हालांकि पांचवें चैंपियनशिप प्वाइंट पर भारतीय जोड़ी नेट में शटल मार बैठी और मुकाबला हार गई। सात्विक और चिराग के लिए यह सीजन का पहला फाइनल था। सात्विक के कंधे की चोट के कारण भारतीय जोड़ी कुछ टूर्नामेंट नहीं खेल पाई थी, लेकिन वापसी के बाद उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। यह थाईलैंड ओपन में उनका तीसरा फाइनल था। इससे पहले भारतीय जोड़ी 2019 और 2024 में यहां खिताब जीत चुकी थी। लियो कार्नांडो और डेनियल मार्टिन की जोड़ी के लिए यह जीत बेहद खास रही। दोनों खिलाड़ी दो साल बाद फिर साथ खेले थे, क्योंकि डेनियल घुटने की गंभीर चोट और सर्जरी के बाद वापसी कर रहे थे।

50 साल बाद इटैलियन ओपन का ताज इटली के नाम

रोम। स्टार टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर ने इतिहास रचते हुए इटैलियन ओपन 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। रोम के प्रतिष्ठित फोरो इटालिको में खेले गए फाइनल मुकाबले में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी सिनर ने नॉर्वे के कैस्पर रुड को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराया। इस जीत के साथ सिनर पिछले 50 वर्षों में इटैलियन ओपन जीतने वाले पहले इतालवी पुरुष खिलाड़ी बन गए। इससे पहले 1976 में एड्रिआनो पनाटा ने यह खिताब जीता था।

सिनर की यह जीत सिर्फ घरेलू खिताब तक सीमित नहीं रही। उन्होंने टेनिस इतिहास में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। अब वह नोवाक जोकोविच के बाद ऐसे दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने सभी नौ एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट जीत लिए हैं। जोकोविच ने यह उपलब्धि 2018 में हासिल की थी, जबकि 24 वर्षीय सिनर ने कम उम्र में ही इस रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

सिनर शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने लगातार 29वां मैच जीता और इस साल क्ले कोर्ट पर उनका रिकॉर्ड 17-0 हो गया है। उनकी

आखिरी हार फरवरी में कतर ओपन के दौरान जैकुब मैन्सिक के खिलाफ हुई थी। अब सभी की नजरें अगले सप्ताह शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन पर हैं, जहां सिनर खिताब के सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे हैं। रोलां गैरो ही एकमात्र ग्रैंड स्लैम है जिसे वह अभी तक नहीं जीत पाए हैं।

फाइनल मुकाबले के दौरान रोम का सेंट्रल कोर्ट पूरी तरह सिनर के रंग में रंगा नजर आया। बड़ी संख्या में फैंस नारंगी कपड़ों में पहुंचे, जो सिनर का सिग्नेचर कलर माना जाता है। मैच के दौरान स्टेडियम में लगातार सिनर-सिनर के नारे गूंजते रहे। इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटरेला भी मुकाबला देखने पहुंचे थे। खिताब जीतने के बाद सिनर ने कहा, 50 साल बाद यह ट्रॉफी फिर इटली आई है। यह मेरे और पूरे देश के लिए बेहद खास पल है।

दो बार फ्रेंच ओपन फाइनल खेल चुके रुड ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत की थी और शुरुआती बढ़त भी बनाई, लेकिन सिनर ने शानदार वापसी करते हुए मैच पर पूरी पकड़ बना ली। दूसरे सेट में दमदार बैकहैंड विनर के जरिए सिनर ने निर्णायक बढ़त हासिल की। करियर में अब उनका रिकॉर्ड रुड के खिलाफ 5-0 हो गया है। मैच के बाद रुड ने कहा, जो आप इस साल कर रहे हैं, उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। इतिहास रचने के लिए बधाई।

इटली के लिए यह दिन और भी खास बन गया जब सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावासोरी की जोड़ी ने पुरुष युगल खिताब भी जीत लिया। दोनों ने फाइनल में मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस को 7-6 (8), 6-7 (3), 10-3 से हराया। 1960 के बाद यह पहला मौका है जब किसी इतालवी जोड़ी ने रोम में पुरुष युगल खिताब जीता है।

एलिना स्वितोलिना ने जीता इटैलियन ओपन का खिताब, फाइनल में कोको गॉफ को हराया

रोम। सातवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विमेंस सिंगल्स फाइनल मुकाबले में कोको गॉफ को दो घंटे तक चले मैच में 6-4, 6-7 (3), 6-2 से हराकर इटैलियन ओपन के खिताब को अपने नाम किया। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेना रायबाकिना और सेमीफाइनल में इगा स्वियाटेक को हराकर फाइनल में पहुंचीं स्वितोलिना पिछले साल की रनर-अप गॉफ के खिलाफ शुरुआत में दबाव में दिखाई दीं और पहले सेट में 2-4 से पीछे चल रही थीं। मैच का टर्निंग पॉइंट आठवें गेम में आया, जब गॉफ ने 40-0 की लीड बनाने के बाद दो बार डबल-फॉल्ट किया, जिससे स्वितोलिना को ब्रेक बैक करने का मौका मिला। शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेनी खिलाड़ी स्वितोलिना ने फिर नौवें गेम में तीन ब्रेक पॉइंट बचाकर सर्व बनाई रखी और सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। दूसरा सेट में स्वितोलिना और गॉफ के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। गॉफ ने 11वें गेम में अहम ब्रेक लिया, लेकिन जब वह सेट जीतने के लिए सर्व कर रही थीं, तब स्वितोलिना ने तुरंत वापसी करते हुए ब्रेक हासिल कर लिया और मुकाबला टाईब्रेक तक पहुंच गया। टाईब्रेक में गॉफ ने शानदार खेल दिखाया और सेट को 7-3 से अपने नाम करते हुए मैच को बराबरी पर ला दिया। स्वितोलिना ने पांचवें और सातवें गेम में ब्रेक करके निर्णायक सेट में कंट्रोल वापस पा लिया। चैंपियनशिप के लिए सर्व करते हुए, उन्होंने बैकहैंड वॉली लगाकर अपनी जीत पक्की करने से पहले तीन ब्रेक पॉइंट बचाए। यह जीत रोम में उनका तीसरा सिंगल्स टाइटल और उनके करियर का 20वां डब्ल्यूटीए सिंगल्स टाइटल है। मैच के बाद स्वितोलिना ने कहा, निश्चित रूप से यह एक बहुत मुश्किल लड़ाई थी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने अपनी घबराहट को संभाला उससे मैं काफी खुश हूं। पुरुषों के ड्रॉ में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने शनिवार को सातवें सीड दानिल मेदवेदेव के खिलाफ बारिश की वजह से रुका हुआ अपना सेमीफाइनल मैच पूरा किया।

वेलकम टू द जंगल का धमाकेदार टाइटल ट्रैक रिलीज

डबल रोल निभाएंगे अक्षय कुमार, जंगल में धमाल मचाएगी पूरी टोली

नई दिल्ली। अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, दिशा पाटनी, जैकलीन, रवीना टंडन सहित कई चर्चित सितारों से सजी फिल्म वेलकम टू द जंगल बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल है। इतने सारे सितारे जहां होंगे, वहां एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज मिलना पक्का है। इस फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो चुका है और काफी धमाकेदार है। फिल्म वेलकम टू द जंगल का गाना आज सोमवार को आया है। इसमें एक्शन भी है, इमोशन भी हैं और भरपूर कॉमेडी का डोज है। जंगल का इलाका है और अक्षय कुमार अपनी टोली के साथ वहां मौजूद हैं। जंगल में एक से बढ़कर एक चैलेंज सामने आते हैं। पूरी टोली सर्वाइव करती है। साथ में मस्ती भी भरपूर होती है। इस टाइटल ट्रैक के जरिए यह बात कंफर्म हो चुकी है कि अक्षय कुमार का फिल्म में डबल रोल है। अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से यह गाना साझा किया है। उन्होंने इसके साथ कैप्शन लिखा है, इस जंगल में अब दहाड़ भी होगी और शोर भी होगा। फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। यह फिल्म 26 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म बॉलीवुड की पॉपुलर वेलकम फ्रेंचाईजी की तीसरी किस्त है। इसमें अक्षय कुमार के अलावा अरशद वारसी, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, जैकी श्रॉफ, पेरश रावल, राजपाल यादव, रवीना टंडन और कीकू शारदा सहित कई चर्चित सितारे हैं। इस फिल्म का निर्देशन अहमद खान ने किया है। फिल्म के गाने की बात करें तो गाने की तो इसे संगीतकार जोड़ी साजिद-वाजिद ने कंपोज किया है। इस गाने को रीक्रिएट संस्करण के साथ जारी किया गया है। पहले की तरह इस बार भी आवाज शान ने दी है।

78 साल के एक्टर अशोक सराफ ने कान फेस्टिवल में मचाई धूम

मुंबई। कान फिल्म फेस्टिवल में 78 साल के अभिनेता अशोक सराफ ने भी शिरकत भी की। वह अपनी पत्नी और एक्ट्रेस निवेदिता जोशी सराफ के साथ शामिल हुए। इस मौके पर उनके लुक और पहनावे ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। हिंदी और मराठी फिल्मों के चर्चित अभिनेता अशोक और उनकी पत्नी की ड्रेसेस किन मायनों में खास रहीं।

अशोक सराफ जहां कान फिल्म फेस्टिवल में बंद गले का सफेद कोट पहने नजर आए। वहीं पत्नी निवेदिता ने महाराष्ट्रियन साड़ी पहनी थी, इस पर प्रकृति से प्रेरित चित्र बने थे। दोनों हाथ में हाथ डाले, कान फेस्टिवल के रेड कारपेट पर चले। सोशल मीडिया पर फैंस ने इनके लुक और अंदाज को खूब पसंद किया।

अशोक सराफ के करियर फ्रंट की बात करें तो वह मराठी और हिंदी फिल्मों में उम्दा किरदार निभाने के लिए जाने जाते हैं।

बाद सूरज नांबियार का पोस्टः 'दोस्तों को घसीटना बंद करें'

मुंबई। अभिनेत्री मौनी रॉय इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। पति सूरज नांबियार से अपने अलगाव की घोषणा करने के बाद मौनी रॉय और दिशा पाटनी को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं चल रही हैं। अब सूरज नांबियार ने इस पूरे मामले पर एक विस्तृत बयान जारी किया है। व्यवसायी सूरज ने खुद को लेकर चल रही खबरों को दुर्भाग्यपूर्ण और बेबुनियाद बताया है। साथ ही उन्होंने एल्युमिनी विवाद और किसी तीसरे व्यक्ति के इंटरफेयर को लेकर चल रही अफवाहों का भी खंडन किया है। सूरज नांबियार ने अपने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर एक लंबा नोट साझा किया है। इसमें उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चल रहे विवाद पर बात करते हुए लिखा, 'मैं यह बात स्पष्ट रूप से और अंतिम रूप से कहना चाहता हूं हम दोनों या किसी तीसरे पक्ष के बारे में लगाए जा रहे किसी भी आरोप में कोई सच्चाई नहीं है।

इसमें अन्य लोगों को घसीटना गलत है। खासकर उन निर्दोष दोस्तों को जिनका इससे कोई लेना-देना नहीं है। मौनी और मैंने इस दौरान

सम्मानजनक व्यवहार किया है और हम उम्मीद करते हैं कि इस मामले पर रिपोर्टिंग करने वाले भी हमारे प्रति वही सम्मान दिखाएंगे।

लोगों ने ऐसी मनगढ़ंत कहानियां गढ़ी हैं, जिनका कोई वजूद नहीं है। ये रिपोर्टें बिना किसी कंफर्मेशन के चल रही हैं, जो पूरी तरह से गलत है। मैं इसका साफ तौर पर विरोध करता हूं। जानबूझकर फैलाई गई गलत खबर या जानकारी के सामने चुप रहना मुझे मंजूर नहीं है।'

सूरज ने आखिर में कहा कि मैंने और मौनी ने अपने संयुक्त बयान में वो सब कह दिया, जो कहना था। इसलिए मैं एक बार फिर आप लोगों से ये उम्मीद करता हूं और अपील करता हूं कि उस बयान का सम्मान करें। साथ ही हमें आगे बढ़ने के लिए समय दें। हमारी प्राइवेसी का ख्याल रखें।

सूरज और मौनी के अलगाव और तलाक की चर्चाएं तब शुरू हुई थीं, जब दोनों ने एक दूसरे को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया था। साथ ही शादी की तस्वीरें भी डिलीट कर दी थीं। इसके बाद 14 मई को मौनी ने अपनी शादी को लेकर चल रही अटकलों के बीच सूरज से अलग होने की पुष्टि की।

सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक संयुक्त बयान में उन्होंने लोगों से बेवजह की खबरों को चलाने पर निराशा जताई। साथ ही अलग होने का खुलासा करते हुए लोगों से उनकी निजता का सम्मान करने और स्पेस देने की अपील भी की।

मौनी रॉय और सूरज नांबियार ने 27 जनवरी 2022 को गोवा में शादी की। शादी मलयाली और बंगाली दोनों रीति-रिवाज से हुई थी। शादी से पहले दोनों ने लगभग तीन साल तक एक-दूसरे को डेट भी किया था।

'फर्क नहीं पड़ता तुम कौन हो?' सोनाक्षी सिन्हा ने रिवर्स नेपोटिज्म पर की बात; कहा- खुद को साबित करना होता है

मुंबई। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सिस्टम' को लेकर चर्चाओ में हैं। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है। यह एक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म है, जिसमें सोनाक्षी एक वकील के किरदार में नजर आएंगी। सोनाक्षी ने इससे पहले फिल्म और अपने किरदार को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने बताया कि इसमें रिवर्स नेपोटिज्म पर कमेंट भी है।

सोनाक्षी ने फिल्म को लेकर कहा कि फिल्म में कई ऐसे मुद्दों को उठाया गया है, जिनके बारे में हम शायद सोचते भी नहीं। ये वास्तविक लोगों, वास्तविक घटनाओं और हमारे आसपास घटने वाली चीजों से प्रेरित है। कई जगहों पर फिल्म आपको सोचने पर मजबूर कर देती है।

कोई भी फिल्म जो आपको

नींव

सोनाक्षी ने फिल्म को लेकर कहा कि फिल्म में कई ऐसे मुद्दों को उठाया गया है, जिनके बारे में हम शायद सोचते भी नहीं।

सोचने पर मजबूर कर दे, वह अच्छी फिल्म होती है। अपने किरदार नेहा राजवंश को लेकर सोनाक्षी ने कहा कि वह अपने पेशे की वजह से नहीं बल्कि अपने व्यक्तित्व की वजह से लोगों से जुड़ाव महसूस कराता है।

वह कई खामियों से भरी, बहुआयामी और अपनी गलतियों से जूझने वाली महिला है, जिसके

अपने अंदरूनी संघर्ष हैं। ये सभी बातें मुझसे और निश्चित रूप से उन कई और महिलाओं से भी जुड़ी हुई हैं, जो खुद को साबित करने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन जिन्हें आसानी से सफलता नहीं मिलती।

फिल्म में सोनाक्षी का किरदार नेहा वकीलों के परिवार से आता है। उसके पिता देश के बड़े डिफेंस लॉयर में से एक हैं। लेकिन वो चाहते हैं कि उनकी बेटी फैमिली बिजनेस में शामिल होने से पहले एक वीकल के रूप में काम करके खुद को साबित करे।

इस बात पर नेहा अपने पिता से पूछती है, 'यह किस तरह का रिवर्स नेपोटिज्म है?' फिल्म की इस लाइन और कहानी को लेकर सोनाक्षी ने कहा कि यह कहानी कुछ हद तक मेरी अपनी जिंदगी से मिलती-जुलती है। उन्होंने कहा कि सच कहूं तो मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ है।

मेरे पिता हमेशा मुझसे कहते रहे हैं, तुम्हें खुद को साबित करना होगा। क्योंकि वो खुद भी ऐसे ही थे। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि तुम कौन हो; जीवन में आगे बढ़ने के लिए तुम्हें खुद को साबित करना होगा। इसी तरह तुम्हें वह मिलता है, जिसके तुम हकदार हो। इसलिए यह बात भी मेरे लिए बहुत मायने रखती है। अश्विनी अय्यर तिवारी द्वारा निर्देशित फिल्म सिस्टम में सोनाक्षी एक यंग सरकारी वकील की भूमिका निभा रही हैं। वो एक पावरफुल बिजनेसमैन के खिलाफ हत्या के मामले में अदालत की स्टेनोग्राफर (ज्योतिका) के साथ मिलकर लड़ती हैं। 'सिस्टम' 22 मई को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

'एक बार धोखेबाज का टैग लग गया तो हटता नहीं': सारा खान

मुंबई। सारा अली खान और आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई है। फिल्म प्यार, शादी, शक और धोखे पर आधारित है। इस बीच सारा अली खान ने रिश्ते में चीट करने यानी धोखा देने को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने 'वन्स अ चीटर ऑलवेज अ चीटर' वाली कहावत पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी।

हाल ही में रेड एफएम के साथ एक बातचीत के दौरान जब सारा अली खान से 'वन्स अ चीटर ऑलवेज अ चीटर' वाली थ्योरी पर राय मांगी गई, तो एक्ट्रेस ने इससे सहमति जताई। सारा ने कहा, 'मैं मानती हूं कि एक बार धोखा देने वाला, हमेशा धोखेबाज होता है। क्योंकि उसने धोखा दिया है। धोखेबाज की परिभाषा क्या है? अगर किसी ने धोखा दिया है, तो

वह धोखेबाज है।' हालांकि, फिल्म के साथी कलाकारों आयुष्मान खुराना और रकुल प्रीत सिंह ने सारा के मत से सहमति नहीं जताई।

आयुष्मान खुराना ने इस कहावत पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'एक बार धोखा देने वाले से एक बार धोखा देने वाले बनने तक का सफर होता है। कोई भी जन्म से धोखा देने वाला नहीं होता।' वहीं रकुल प्रीत सिंह ने भी आयुष्मान से सहमति जताते हुए कहा कि जरूरी नहीं कि वह व्यक्ति दोबारा धोखा दे।

हालांकि, सारा इससे सहमत नहीं थीं और उन्होंने कहा, 'आपको धोखेबाज का लेबल लग जाता है और इसे बदला नहीं जा सकता। अगर वह धोखेबाज है, तो संभावना है कि वह दोबारा धोखा देगा, लेकिन शायद नहीं भी दे। एक बार धोखा देने के बाद आप यह कहने का अधिकार खो देते हैं कि यह मेरे बस की बात नहीं है, मैं इसे दोबारा कभी नहीं करूंगा। आप धोखेबाज हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि आप दोबारा धोखा दें। यह एक अलग बात है। मैं यह नहीं कह रही हूं कि वह फिर से धोखा देगा, लेकिन एक बार जब आपको वह टैग मिल जाता है, तो उसे हटाया नहीं जा सकता।'

सोशल मीडिया पर लोगों को लुभाकर बन गए सीएमः स्टालिन का विजय पर तीखा हमला

संबोधित

एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्टालिन ने डीएमके की विभिन्न गतिविधियों का जिक्र किया।

चेन्नई। तमिलनाडु के पूर्व सीएम एमके स्टालिन ने कहा है कि टीवीके ने जमीन पर कोई काम नहीं किया और पार्टी सिर्फ सोशल मीडिया के दम पर जीत गई। स्टालिन ने माना कि उनकी पार्टी से ये चूक हुई कि वे इसे नहीं समझ सके, लेकिन आगे से इसका ध्यान रखेंगे।

Tamil nadu dmk chief mk stalin said TVK did no field work won श्वतमिलनाडु के पूर्व सीएम और डीमके प्रमुख एम के स्टालिन ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ टीवीके ने कोई जमीनी काम नहीं किया, बल्कि सोशल मीडिया के जरिए लोगों को प्रभावित कर विधानसभा चुनाव जीत लिया। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्टालिन ने डीएमके की विभिन्न गतिविधियों का जिक्र किया। उन्होंने पार्टी सम्मेलनों और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े कामों का भी उल्लेख किया। सत्तारूढ़ टीवीके का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि डीएमके की तरह पार्टी ने कोई जमीनी तैयारी नहीं की। यहां तक कि कई जगहों पर उसने मतगणना एजेंट तक नियुक्त नहीं किए थे। स्टालिन ने कहा कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल बच्चों के जरिए परिवारों को प्रभावित करने के लिए किया गया और यह हमारी नजरों से बच गया।

उन्होंने कहा कि डीएमके अब इस बात को समझ चुकी है और आगे से बेहद सतर्क रहेगी। सोशल मीडिया आधारित ऐसी रणनीतियों का मुकाबला करने के लिए पार्टी ने नई योजनाएं तैयार की गई हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 1949 में स्थापित डीएमके ने कई चुनावी जीत और हार देखी हैं, लेकिन पार्टी हमेशा की तरह फिर से मजबूती से खड़ी हुई है। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में सी जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके की जीत ने सभी को चौंकाया है। खुद टीवीके की सहयोगी कांग्रेस पार्टी के नेता कार्ति चिदंबरम कह चुके हैं कि हमने थलापित विजय को कम करके आंका। स्टालिन ने कहा कि विजय की पार्टी टीवीके का प्रचार काफी मजबूत था और उनकी पार्टी इस और ध्यान नहीं दे पायी। हाल ही में सुपरस्टार अभिनेता रजनीकांत ने एमके स्टालिन से मुलाकात की थी।

जहांगीर खान ने कलकत्ता हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत मांगी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले की फाल्टा विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार जहांगीर खान ने कलकत्ता हाई कोर्ट की सिंगल-जज बेंच में अग्रिम जमानत की अर्जी दी है। उन्हें डर है कि वोटिंग की तारीख से पहले उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। इस सीट पर 21 मई को फिर से वोटिंग होनी है।

जस्टिस सौगत भट्टाचार्य की सिंगल-जज बेंच ने उनकी अर्जी स्वीकार कर ली है, और इस मामले की सुनवाई सोमवार को दोपहर 2 बजे के बाद दूसरे सत्र में होगी। अपनी अर्जी में, खान ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने उनके खिलाफ मनगढ़ंत आरोपों के आधार पर एफआईआर दर्ज की है। उन्होंने अपनी अर्जी में कोर्ट से यह निर्देश देने की भी गुजारिश की है कि राज्य सरकार उन्हें बताए कि राज्य पुलिस ने उनके खिलाफ कितनी एफआईआर दर्ज की हैं और उन एफआईआर में क्या-क्या आरोप लगाए गए हैं। अग्रिम जमानत की अर्जी में, खान ने वोटिंग के दिन से पहले गिरफ्तार होने की आशंका जताई है। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने शनिवार को फाल्टा में एक बैठक की थी। खान पर तंज कसते हुए, जिन्हें तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और पार्टी के लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी का करीबी सहयोगी माना जाता है, मुख्यमंत्री ने कहा कि दोबारा वोटिंग खत्म होने के बाद खान से निपट लिया जाएगा।

फाल्टा विधानसभा सीट के लिए वोटिंग हाल ही में संपन्न हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के दो चरणों में से दूसरे चरण में, 29 अप्रैल को हुई थी। उस दिन, फाल्टा से चुनावी धांधली की कई शिकायतें सामने आई थीं। कई बूथों पर, भाजपा उम्मीदवारों के नाम और चुनाव चिह्नों के बगल वाले ईवीएम बटन पर सफेद टेप लगा दिया गया था। इसके बाद, विशेष चुनाव पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता, जो फिलहाल मुख्यमंत्री अधिकारी के सलाहकार हैं।

पार्क सर्कस में हिंसा मामले पर सरकार सख्त, 40 गिरफ्तार

डुकोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुभेंदु अधिकारी ने कोलकाता के पार्क सर्कस में हुई हिंसा के बाद सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

उन्होंने पुलिस पर हमले की निंदा करते हुए सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। मामले में अब तक 40 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं और इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को कोलकाता पुलिस के दक्षिण-पूर्व डिवीजन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने शहर की कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। यह बैठक पार्क सर्कस इलाके में हुई हिंसा के एक दिन बाद बुलाई गई थी।

रविवार को अल्पसंख्यक-बहुल इस इलाके में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई थी।

पुलिस ने बताया कि तिलजला इलाके में अतिक्रमण विरोधी अभियान के खिलाफ प्रदर्शन हो रहा था। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों पर पत्थर और ईंटें फेंकीं। इस हमले में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।

मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने कोलकाता में कहा कि पुलिसकर्मियों पर हमला किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने साफ किया कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि पार्क सर्कस हिंसा के मामले में अब तक 40 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके अलावा पुलिस ने कई अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया है।

इलाके में दोबारा हिंसा न भड़के, इसके लिए सोमवार को भी पार्क सर्कस और उसके आसपास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएं। पुलिस ने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

बंगाल भर्ती घोटाले में ईडी का शिकंजा, पूर्व चेयरमैन पंचू रॉय से पूछताछ

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के कथित नगर पालिका भर्ती घोटाले में ईडी ने कार्रवाई तेज कर दी है। पूर्व मंत्री सुजीत बोस की गिरफ्तारी के बाद अब पूर्व नगरपालिका चेयरमैन पंचू रॉय से पूछताछ की जा रही है।

पश्चिम बंगाल में कथित नगर पालिका भर्ती घोटाले की जांच लगातार गहराती जा रही है। पूर्व अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस की गिरफ्तारी के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) ने दक्षिण दमदम नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन पंचू रॉय से पूछताछ शुरू की है। सोमवार को पंचू रॉय कोलकाता के साल्ट लेक स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे, जहां उनसे कथित कैश फॉर म्यूनिसिपल जॉब्स घोटाले को लेकर सवाल-जवाब किए गए। सूत्रों के मुताबिक ईडी अधिकारी उनसे पूर्व मंत्री सुजीत बोस के साथ आमने-सामने बैठाकर भी पूछताछ कर सकते हैं। पिछले सप्ताह ईडी ने लंबी पूछताछ और दस्तावेजों की जांच के बाद पूर्व मंत्री सुजीत बोस को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसियों का दावा है कि दक्षिण दमदम नगरपालिका में भर्ती प्रक्रिया के दौरान बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुईं। सूत्रों के अनुसार, जांच में ऐसे सबूत मिले हैं जिनसे संकेत मिलता है कि कथित तौर पर पैसों के बदले करीब 150 उम्मीदवारों की नियुक्ति की सिफारिश की गई थी। नगर पालिका भर्ती घोटाले की जांच कर रही सीबीआई की चार्जशीट में भी पंचू रॉय का नाम सामने आया था। यह दूसरी बार है जब उन्हें ईडी के सामने पेश होना पड़ा है। इससे पहले पूछताछ के दौरान पंचू रॉय ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया था। उन्होंने दावा किया था कि उन्हें केवल परेशान करने के उद्देश्य से समन भेजा गया है और उनका किसी अवैध भर्ती या भ्रष्टाचार से कोई संबंध नहीं है। बताया जा रहा है कि ईडी को इस नगर पालिका भर्ती घोटाले की जानकारी तब मिली जब एजेंसी स्कूल भर्ती घोटाले और उससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही थी। इसी दौरान टीएमसी से जुड़े कारोबारी अयान शील के ठिकानों पर छापेमारी में कई अहम दस्तावेज और जानकारी सामने आई थी। इसके बाद कलकत्ता हाईकोर्ट ने सीबीआई को नगर पालिका भर्ती मामले में अलग जांच शुरू करने का निर्देश दिया था।

बांग्लादेश में राजनीतिक हिंसाः बेटे को बचाने आई मां की हत्या

बांग्लादेश बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में राजनीतिक हिंसा के दौरान बेटे को बचाने पहुंचीं 55 वर्षीय सयादा बेगम की मौत हो गई। बीएनपी और छात्र दल कार्यकर्ताओं पर हमला करने के आरोप लगे हैं। शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

बांग्लादेश के कॉक्स बाजार जिले में शनिवार शाम राजनीतिक हिंसा के दौरान 55 वर्षीय सयादा बेगम की कथित तौर पर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और उसके छात्र संगठन छात्र दल के कार्यकर्ताओं के हमले में घायल होने के बाद मौत हो गई। यह घटना उखिया उपजिला में हुई, जहां एक दीवार पर लिखे नारों को लेकर विवाद शुरू हुआ था। सयादा बेगम अपने बेटे को बचाने के लिए दौड़ी थीं, जिस पर हमला किया जा रहा था। कलेजा चीर रहीं ये तस्वीरें: जवान बेटे की हत्या, मां की बिगड़ी हालत; जिस प्रेमिका को दुल्हन बनाकर लाया था घर; वो हुई बेहोश स्थानीय दैनिक 'द डेली स्टार' ने बताया कि कुछ दिन पहले ताइपालोंग मदरसा की दीवार पर जय बंगला, जयतु शेख हसीना के नारे लिखे गए थे। इस घटना के बाद स्थानीय बीएनपी नेताओं ने अवामी लीग और उसके छात्र संगठन छात्र लीग के कई कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। रिपोर्टों के अनुसार, छात्र दल के कार्यकर्ता जिसान सिकदर ने इस ग्रैफिटी को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था। इस पोस्ट पर छात्र दल से जुड़े मोहम्मद यूनुस ने कथित तौर पर ठहाके लगाकर प्रतिक्रिया दी।

इसके बाद बीएनपी और छात्र दल के कई कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर यूनुस पर हमला कर दिया। यूनुस को बचाने के लिए उसके दोस्त एसएम इमरान के आने पर हमलावरों ने उसे भी पीटना शुरू कर दिया। परिवार के सदस्यों के अनुसार, इमरान पर हमले की खबर मिलते ही उसकी मां सयादा अपने बेटे को बचाने के लिए दौड़ीं। इसी दौरान उन्हें धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया गया, जिसके बाद उन्हें उखिया उपजिला स्वास्थ्य परिसर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इमरान ने स्थानीय वार्ड बीएनपी अध्यक्ष अब्दुर रहीम और उनके बेटे आकाश पर हमला करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बीएनपी नेता मिजान सिकदर और उनके बेटे जिसान सिकदर सहित एक दर्जन से अधिक लोगों को भी इस हमले का जिम्मेदार ठहराया। इमरान ने द डेली स्टार से कहा, मेरी मां मुझे बचाने के लिए दौड़ी थीं। हमलावरों ने मेरी मां का गला पकड़कर उन्हें धक्का दिया, जिससे वह जमीन पर गिर गईं। इमरान ने आगे कहा कि उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि उनका परिवार राजनीति से जुड़ा नहीं है और वह अपनी मां के लिए न्याय चाहते हैं। इस हमले की निंदा करते हुए बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद ने इसे शर्मनाक घटना बताया। उन्होंने कहा कि यह किसी भी सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य है।

केरल का नया मंत्रिमंडल- कांग्रेस के सहयोगी दल के नेता सबसे अमीर मंत्री

केरल। केरल की नई सरकार में मुख्यमंत्री समेत कुल 21 मंत्री हो गए हैं। आइये जानते हैं कि इन सभी मंत्रियों की प्रोफाइल क्या है इन सभी मंत्रियों में कौन सबसे अमीर है सबसे ज्यादा आपराधिक मामले किस नए मंत्री पर दर्ज हैं इन सभी नेताओं में सबसे शिक्षित कौन है केरल की नई कैबिनेट की उम्र का औसत क्या है और सबसे युवा और सबसे बुजुर्ग मंत्री की उम्र का फासला कितना है केरल में सोमवार को नई कैबिनेट का शपथग्रहण पूरा हुआ। वीडी सतीशन ने राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद 20 और मंत्रियों ने अपने पद और गोपनीयता की शपथ पूरी की। जिन अहम चेहरों ने मंत्री पद की शपथ ली है, उनमें केरल के मुख्यमंत्री पद के दावेदार माने जा रहे रमेश चेन्नीथला, के. मुरलीधरन औ एपी अनिल कुमार जैसे नाम शामिल हैं।

23 वर्षीय तुषार कुमार ने रचा इतिहास, ब्रिटेन में सबसे युवा भारतीय मूल के मेयर बने

लंदन। 23 वर्षीय तुषार कुमार ब्रिटेन के एल्सट्री और बोरेहामवुड के मेयर बने हैं। वह ब्रिटेन के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाले सबसे युवा भारतीय मूल के व्यक्ति हैं। तुषार ने अपनी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए युवाओं को जनसेवा से जोड़ने का संकल्प लिया है।

भारतीय मूल के 23 वर्षीय तुषार कुमार ने ब्रिटेन में इतिहास रच दिया है। उन्हें आधिकारिक तौर पर एल्सट्री और बोरेहामवुड का मेयर नियुक्त किया गया है। वह ब्रिटेन के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय मूल के व्यक्ति बन गए हैं।

13 मई को बोरेहामवुड के फेयरवे हॉल में आयोजित एक समारोह में उनकी नियुक्ति की पुष्टि हुई। तुषार कुमार ने लंदन के किंग्स कॉलेज से राजनीति विज्ञान की पढ़ाई की है। मेयर की जिम्मेदारी संभालने से पहले वह डिप्टी मेयर के रूप में काम कर रहे थे। वह लंबे समय से बोरेहामवुड में स्थानीय नागरिक और सामुदायिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं।

इस बड़ी उपलब्धि पर तुषार कुमार ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने इसे एक बड़ा सम्मान बताया। तुषार ने कहा कि किंग्स कॉलेज में राजनीति विज्ञान पढ़ने से लेकर अपने पसंदीदा शहर का मेयर बनने तक का यह सफर उनके लिए किसी सपने जैसा है। उन्होंने अपने राजनीतिक सफर में मिले समर्थन के लिए सभी का आभार जताया। इसी दौरान तुषार ने निवर्तमान मेयर डैन ओजारो को उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि डिप्टी मेयर रहते हुए उन्हें डैन से बहुत कुछ सीखने को मिला। डैन ने पिछले एक साल में शहर की सेवा में जो योगदान दिया, तुषार ने उसकी भी सराहना की। आगामी नागरिक वर्ष के लिए लिंडा स्मिथ को नया डिप्टी मेयर नियुक्त किया गया है।

मेयर के रूप में तुषार कुमार का मुख्य लक्ष्य समुदाय के बीच अपनी मौजूदगी बढ़ाना है।

वह स्थानीय चैरिटी संस्थाओं और संगठनों की मदद करना चाहते हैं। इसके साथ ही वह चाहते हैं कि अधिक से अधिक युवा सार्वजनिक सेवा और सामुदायिक जीवन में हिस्सा लें।

तुषार ने संकल्प लिया कि वह समाज के बीच रहकर लोगों की समस्याओं को सुलझाने और युवाओं को प्रेरित करने का काम करेंगे।

चीन में आया 5.2 तीव्रता का भूकंप

बीजिंग। चीन के दक्षिणी इलाके में भूकंप के झटके लगे हैं। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.2 रही। भूकंप के चलते कई इमारतें गिर गई हैं और दो लोगों की मौत हुई है। कई लोग लापता हैं।

चीन के दक्षिणी इलाके में सोमवार सुबह भूकंप के झटके लगे। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.2 रही। भूकंप के चलते कई इमारतों को भारी नुकसान हुआ है। अब तक भूकंप के चलते दो लोगों की मौत हुई है और एक लापता है। कई इमारतों को खाली कराया गया है। भूकंप के चलते कई इमारतें गिर गई हैं। राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है और तबाह इमारतों में लोगों की तलाश की जा रही है।

भूकंप के झटके चीन के लिउझोउ शहर में के नजदीक महसूस हुए, जिससे लोगों में डर फैल गया। प्रशासन ने सात हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है और आपात सेवा के कर्मचारी लगातार राहत और बचाव अभियान चलाए हुए हैं।

कनाडा में मिला पहला हंता वायरस संक्रमित मरीज, यात्री आइसोलेशन में

ओटावा कनाडा में हंता वायरस का पहला मामला सामने आया है। एमवी होंडियस क्रूज शिप पर फैले संक्रमण के बीच 3 लोगों की मौत हो चुकी है। जानिए क्या है हंता वायरस, इसके लक्षण और कनाडा सरकार की ताजा अपडेट...

कनाडा में हंता वायरस संक्रमण का पहला मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य एजेंसियों में चिंता बढ़ गई है। पब्लिक हेल्थ एजेंसी ऑफ कनाडा ने पुष्टि की है कि ब्रिटिश कोलंबिया में आइसोलेशन में रखे गए एक क्रूज यात्री की रिपोर्ट हंता वायरस पॉजिटिव आई है।

स्वास्थ्य एजेंसी के अनुसार, संक्रमित व्यक्ति के सैंपल को विनिपेग स्थित नेशनल माइक्रोबायोलॉजी लैबोरेटरी भेजा गया था, जहां जांच के बाद शनिवार को संक्रमण की पुष्टि हुई। वहीं संक्रमित यात्री के साथ यात्रा कर रहे दूसरे व्यक्ति की रिपोर्ट निगेटिव आई है। PHAC ने कहा कि फिलहाल कनाडा में कोई दूसरा मामला सामने नहीं आया है। हालांकि संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए हाई-रिस्क लोगों को आइसोलेशन में रखा गया है और स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। एजेंसी ने यह भी स्पष्ट किया कि आम लोगों के लिए फिलहाल खतरा कम है।

यह संक्रमण पोलर एक्सपीडिशन क्रूज शिप एमवी होंडियस पर फैला था। इस जहाज पर अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जिसके बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक हंता वायरस का इनक्यूबेशन पीरियड एक से आठ सप्ताह तक हो सकता है। ब्रिटिश कोलंबिया की प्रांतीय स्वास्थ्य अधिकारी बोनी हेनरी ने बताया कि संक्रमित यात्री में बुखार और सिरदर्द जैसे हल्के लक्षण दिखाई दिए थे। दो दिन पहले तबीयत बिगड़ने पर उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। फिलहाल मरीज को आइसोलेशन में रखकर इलाज किया जा रहा है।

इस बीच नीदरलैंड सरकार ने जानकारी दी है कि हंता वायरस से प्रभावित MV Hondius सोमवार को डिसइंफेक्शन के लिए डच पोर्ट रॉटरडैम पहुंचा। जहाज के अधिकांश क्रू मेंबर्स को छह सप्ताह तक क्वारंटीन में रखा जाएगा। डच सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया कि रॉटरडैम को शिपिंग से जुड़े संक्रामक रोगों से निपटने के लिए विशेष पोर्ट के रूप में चुना गया है। क्रूज शिप ऑपरेटर ओशनवाइड एक्सपीडिशन के मुताबिक फिलहाल जहाज पर 27 लोग मौजूद हैं। इनमें 25 क्रू सदस्य और दो मेडिकल स्टाफ शामिल हैं। जहाज पर मौजूद लोगों में फिलीपींस, नीदरलैंड, यूक्रेन, रूस और पोलैंड के नागरिक शामिल हैं। हंता वायरस एक दुर्लभ लेकिन गंभीर वायरल संक्रमण है, जो आमतौर पर संक्रमित चूहों और कृन्तकों के संपर्क में आने से फैलता है। इसके शुरुआती लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, शरीर दर्द और सांस लेने में तकलीफ शामिल हो सकती है। गंभीर मामलों में यह संक्रमण जानलेवा भी साबित हो सकता है।

बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना का बड़ा ऑपरेशन, 35 आतंकवादी ढेर

कराची। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान में एक बड़े खुफिया अभियान को अंजाम दिया है। इस कार्रवाई में 35 आतंकवादियों को मार गिराया गया है और तीन हाई-प्रोफाइल वरिष्ठ कमांडरों को भी गिरफ्तार किया गया है। यह अभियान मंगला जरघून क्षेत्र में चलाया गया। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने रविवार रात क्वेटा में मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह ऑपरेशन 13 मई को शुरू हुआ था। पिछले चार दिनों में 35 आतंकवादी मारे गए हैं। रिंद ने कहा, यह अभियान प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और बलूचिस्तान में उसके प्रॉक्सी समूहों के खिलाफ था। पकड़े गए तीनों कमांडर महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं। यह कार्रवाई पहले पकड़े गए आतंकवादियों से मिली खुफिया जानकारी पर आधारित थी।

बराकाह परमाणु संयंत्र क्यों है इतना अहम



दुबई। संयुक्त अरब अमीरात के बराकाह परमाणु संयंत्र पर रविवार शाम हमला हुआ, जिससे पश्चिम एशिया का तनाव फिर बढ़ गया है। दरअसल यह परमाणु संयंत्र यूएई के लिए बेहद अहम है और यही वजह है कि इस पर हुए हमले से ईरान युद्ध फिर से शुरू होने का खतरा बढ़ गया है।

संयुक्त अरब अमीरात के बराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हमले के बाद से पश्चिम एशिया में तनाव फिर बढ़ा हुआ है। आशंका है कि इस हमले के बाद फिर से युद्ध छिड़ सकता है। दरअसल अभी तक इस हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है, लेकिन हमले का शक ईरान पर जताया जा रहा है। वहीं इस हमले के बाद से संयुक्त अरब अमीरात की सरकार बेहद खफा है। तो आइए जानते हैं कि ये परमाणु संयंत्र क्यों संयुक्त अरब अमीरात और पूरी खाड़ी दुनिया के लिए क्यों इतना अहम है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यूएई का बराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र यूएई की बड़ी उपलब्धियों में से एक है और यह अरब दुनिया का पहला और एकमात्र परमाणु ऊर्जा संयंत्र है।

करीब 20 अरब डॉलर की लागत से दक्षिण कोरिया की साझेदारी में बने इस संयंत्र ने 2021 में पूर्ण व्यावसायिक संचालन शुरू किया था। यह यूएई की कुल बिजली जरूरत का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा पूरा करता है।

बराकाह संयंत्र 2050 तक %नेट जीरो% लक्ष्य हासिल करने की यूएई की रणनीति में भी बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यूएई इस संयंत्र का संचालन अमेरिका की मदद से करता है। दोनों देशों के बीच ऐसा समझौता है जिसके तहत यूएई खुद यूरेनियम संवर्धन और पुनर्प्रसंस्करण क्षमता विकसित करने के बजाय परमाणु ईंधन आयात करता है।

इस परमाणु संयंत्र को लेकर कहा जाता है, %बराकाह परियोजना को दुनिया के सामने सुरक्षित और शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के आदर्श मॉडल के तौर पर पेश किया जाता रहा है।%

हमले में संयंत्र के बिजली जेनरेटर को हुआ नुकसान

परमाणु संयंत्र पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी किसी संगठन ने नहीं ली है। हमले के चलते संयंत्र के परिसर की बाहरी सीमा पर आग लग गई थी और एक बिजली जनरेटर में आग लग गई थी। यूएई सरकार के अधिकारियों ने कहा है कि हमले के चलते संयंत्र से किसी तरह का रेडियोधर्मी रिसाव नहीं हुआ है और इससे जनता के लिए कोई खतरा नहीं है। भारत ने संयुक्त अरब अमीरात के बराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमले पर गहरी चिंता जताई और इसे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ाने वाली खतरनाक घटना बताया। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि ड्रोन हमले के स्रोत का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। इस घटना के बाद पूरे पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ने की आशंका गहरा गई है।

विदेश मंत्रालय ने कहा, यूएई के बराकाह परमाणु संयंत्र को निशाना बनाकर किए गए हमले को लेकर भारत गहरी चिंता व्यक्त करता है। ऐसी कार्रवाईयां अस्वीकार्य हैं और यह स्थिति को खतरनाक स्तर तक ले जाने वाला कदम है। हम सभी पक्षों से संयम बरतने और संवाद व कूटनीति के रास्ते पर लौटने की अपील करते हैं।

पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद से ही संयुक्त अरब अमीरात और खाड़ी के कई अन्य देश ईरान के निशाने पर हैं। ईरान कई बार यूएई पर ड्रोन और मिसाइल हमले कर चुका है, जिससे यूएई में कई लोगों की मौत हुई है।

शिकागो के पास सड़क हादसे में 25 साल की भारतीय छात्रा की मौत

वॉशिंगटन। अमेरिका में शिकागो के पास एक सड़क हादसे में 25 साल की भारतीय छात्रा नव्या गड्डसू की मौत हो गई। इस दुर्घटना में छह अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार, वैन में सुरक्षा नियमों की अनदेखी की गई थी। अमेरिका में शिकागो के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में 25 साल की एक भारतीय छात्रा की जान चली गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। यह घटना शनिवार देर रात इंडियाना राज्य के लेक काउंटी में क्राउन पॉइंट शहर के पास इंटरस्टेट 65 हाईवे पर हुई। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों ने मृत छात्रा की पहचान नव्या गड्डसू के रूप में की है। लेक काउंटी कोरोनर कार्यालय ने रविवार रात 12 बजकर 16 मिनट पर नव्या को मृत घोषित कर दिया। कोरोनर कार्यालय की रिपोर्ट में बताया गया है कि नव्या की मौत वाहन दुर्घटना के दौरान शरीर पर लगी गंभीर चोटों के कारण हुई। शिकागो में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है। दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में नव्या के परिवार और दोस्तों के प्रति संवेदना व्यक्त की। दूतावास ने कहा कि वे मृतक के परिवार के संपर्क में हैं। साथ ही, वे उन दोस्तों और समुदाय के सदस्यों के भी संपर्क में हैं जो हादसे में घायल हुए लोगों की मदद कर रहे हैं। इंडियाना स्टेट पुलिस ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि यह दुर्घटना शनिवार रात करीब 11 बजकर 15 मिनट बजे हुई। एक लाल रंग की मिनीवैन में सात वयस्क सवार थे। यह वैन एक अन्य वाहन के पीछे चल रही थी जिसमें कुछ तकनीकी खराबी आ गई थी। इस वजह से मिनीवैन की रफ्तार बहुत कम, केवल 10 से 15 मील प्रति घंटा थी। पीछे से आ रही एक दूसरी कार के ड्राइवर को अंदाजा नहीं हुआ कि मिनीवैन इतनी धीमी चल रही है।

टी.डी. कालेज में पी- एच. डी. कोर्स वर्क प्रारंभ

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। टी डी कालेज के शिक्षक शिक्षा विभाग में नव प्रवेशित सत्र 2024-25 के पी-एच.शोधार्थियों के कोर्स वर्क के उद्घाटन सत्र का आयोजन अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर राम आसरे सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम के संयोजक एवं संचालक डॉ. प्रशान्त कुमार पाण्डेय ने विषय-प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए पी-एच.डी. कोर्सवर्क की रूपरेखा, उद्देश्यों एवं शोधार्थियों के लिए इसकी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शोध केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि ज्ञान के सृजन और समाज के बौद्धिक विकास का महत्वपूर्ण साधन है। मुख्य अतिथि प्रोफेसर राम आसरे सिंह ने अपने उद्बोधन में शोध की गुणवत्ता, उसकी सामाजिक प्रासंगिकता तथा अनुसंधान की प्रक्रियागत नैतिकताओं पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने शोधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च गुणवत्ता वाला शोध न केवल अकादमिक जगत को समृद्ध करता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने शोध में मौलिकता, अनुशासन एवं समर्पण को अनिवार्य बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर सुधांशु सिन्हा ने वर्तमान समय में शोध के समक्ष उपस्थित चुनौतियों एवं संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए शोधार्थियों को नवीन दृष्टिकोण अपनाने, बहुविषयी अध्ययन की ओर अग्रसर होने तथा समाजोपयोगी शोध कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर रीता सिंह ने अपने उद्बोधन में शोधार्थियों को शोध कार्य में धैर्य, निरंतरता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शोध यात्रा आत्म-अनुशासन और सतत सीखने की प्रक्रिया है।

प्रोफेसर श्रद्धा सिंह ने शोध में नवीन तकनीकों एवं डिजिटल संसाधनों के उपयोग की महत्ता को रेखांकित करते हुए शोधार्थियों को समकालीन शोध पद्धतियों से जुड़ने का आह्वान किया। डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने अपने संबोधन में शोध की व्यवहारिक उपयोगिता पर बल देते हुए कहा कि शोध का उद्देश्य केवल सैद्धांतिक विमर्श तक सीमित न होकर समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान से भी जुड़ा होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर अजय कुमार दुबे ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं शोधार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन शोधार्थियों के परिचय सत्र एवं सकारात्मक ऊर्जा के साथ हुआ, जिसने सभी प्रतिभागियों को शोध के प्रति नई प्रेरणा एवं उत्साह प्रदान किया।

लाठीचार्ज को लेकर वकीलों का प्रदर्शन

जौनपुर। लखनऊ में अधिवक्ताओं के चैबरों को बुलडोजर से ध्वस्त करने एवं वकीलों पर लाठी चार्ज करने से आक्रोशित दीवानी न्यायालय के अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार करते हुए अध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव व मंत्री रण बहादुर यादव के नेतृत्व में नारेबाजी कर जुलूस निकाल कर कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहां कलेक्ट्रेट के अध्यक्ष घनश्याम सिंह एवं मंत्री मनोज मिश्रा तथा अन्य अधिवक्ताओं के साथ जिलाधिकारी को मांगों का ज्ञापन सौंपा।कहा कि अपने अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण विरोध कर रहे वकीलों पर लाठी चार्ज करवाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण निंदनीय व लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। अधिवक्ता समाज न्यायपालिका का अभिन्न अंग है जो संविधान और कानून की रक्षा में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता है। वकीलों पर लाठी चार्ज लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, विधि व्यवस्था की गरिमा पर सीधा आघात है। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट अविलंब लागू किया जाए। ,हिमांशु श्रीवास्तव,सुरेंद्र प्रजापति, मनीष सिंह, मंजीत कौर, अविनाश शुक्ला, नीलेश निषाद, रत्नेश अस्थाना, अवधेश यादव,सीपी दुबे,भारत सिंह, घनश्याम यादव, राहुल पाठक, प्रशांत उपाध्याय, विनय सिंह,निसार आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग का शव फंदे से लटका मिला

अवधनामा संवाददाता

- युवक के मड़हे में आग
- घनघनुआ गांव में घटना के बाद तनाव, एहतियातन भारी पुलिस बल तैनात

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के घनघनुआ गांव में रविवार देर शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब 17 वर्षीय किशोरी का शव घर के पास स्थित पशुशाला में फंदे से लटका मिला। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने गांव के एक युवक पर किशोरी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए उसके मड़हे में आग लगा दी। स्थिति तनावपूर्ण होने पर गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घनघनुआ गांव निवासी काजल बिंद (17) रविवार शाम घर से लापता हो गई थी।परिजनों ने काफी देर तक उसकी तलाश की,लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। देर शाम करीब आठ बजे परिजनों ने पशुशाला में उसका शव फंदे से लटका देखा। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।सूचना पर पहुंची सरायख्वाजा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजे जाने की बात कही है।पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ में भी जुटी हुई है।घटना के बाद ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया। परिजनों व ग्रामीणों ने गांव के एक युवक पर किशोरी की मौत के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाते हुए उसके मड़हे में आग लगा दी। आगजनी की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। घटना के बाद आरोपित पक्ष के लोग घर छोड़कर चले गए हैं।पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर निगरानी बढ़ा दी गई है। प्रभारी निरीक्षक सरायख्वाजा अमरेंद्र बहादुर पांडेय ने बताया कि किशोरी का शव फंदे से लटका मिला था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।मामले की जांच की जा रही है तथा प्राप्त तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फर्जी मतदाता सूची तैयार कर निर्वाचन प्रक्रिया में हेरफेर करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार

थाना जीयनपुर - आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता) पूर्व की घटनाः- 16 मई को तहसील सगड़ी में तैनात राजस्व निरीक्षक द्वारा थाना जीयनपुर पर लिखित तहरीर दी गयी कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन से सम्बन्धित पाण्डुलिपि कार्य के दौरान विकास खण्ड अजमतगढ़ से1 जमा की गयी पाण्डुलिपियों की जांच में फर्जी हस्ताक्षरयुक्त पाण्डुलिपि सम्मिलित पायी गयी, जिसमें मतदाता सूची में अवैध रूप से नाम परिवर्धन एवं विलोपन किया गया था। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि कुछ व्यक्तियों द्वारा मिलीभगत कर बीएलओ, सुपरवाइजर एवं अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर मतदाता सूची में हेरफेर किया गया, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया प्रभावित होने के साथ शासकीय क्षति भी हुई। उक्त प्रकरण में थाना जीयनपुर पर मु0अ0सं0 0220/2026 धारा 3(5)/319(2)/318(4)/ 338/ 336(3)/ 340(2)/316(5) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 दलप्रताप सिंह द्वारा की जा रही है। उ0नि0 दलप्रताप सिंह मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तों 1. अक्षय कुमार पुत्र रामबेलास निवासी छत्तरपुर दलेल थाना जीयनपुर, 2. संतोष कुमार भाष्कर पुत्र दिलब निवासी जमुआ हरिराम थाना मुबारकपुर तथा 3. नदीम अहमद पुत्र शमीम अहमद निवासी खालिसपुर थाना जीयनपुर को बागखालिस नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

अवैध निर्माण पर गरजा पीडीए का बुलडोजर

प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता) सिविल लाइंस क्षेत्र में प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए डॉ. लोहिया रोड स्थित ' निओ हाइट्स' अपार्टमेंट के मुख्य गेट पर बुलडोजर चलाया। आरोप है कि अपार्टमेंट की ओर से सड़क पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराया गया था। बताया जा रहा है कि पीडीए की टीम ने निर्धारित मानकों के विपरीत किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान मुख्य द्वार समेत सड़क पर किए गए अन्य अवैध निर्माणों को भी ध्वस्त किया गया। पीडीए अधिकारियों के अनुसार शहर में अवैध कब्जों और नियम विरुद्ध निर्माणों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल और पीडीए की टीम तैनात रही, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों के मुताबिक कार्रवाई से पहले संबंधित पक्ष को नोटिस भी जारी किया गया था। पीडीए ने स्पष्ट किया है कि मास्टर प्लान और भवन मानकों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग का फेयरवेल कार्यक्रम 'सफर' आयोजित

जौनपुर (अवधनामा संवाददाता) वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में प्रबंध संकाय के व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग द्वारा फेयरवेल कार्यक्रम 'सफर' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को भविष्य के लिए प्रेरित करते हुए शिक्षकों ने सफलता, अनुशासन और कठिन परिश्रम का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. मानस पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा हमें अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करती है तथा अपने उद्देश्य के प्रति अडिग रहने पर निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होती है। इसके बाद डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि कठिन परिश्रम, लगन और सतत अभ्यास से जीवन के उद्देश्य को प्राप्त किया जा सकता है। इसी क्रम में डॉ. अंजनी कुमार मिश्र ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। डॉ. निशा पाण्डेय ने अनुशासन, संयम और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन जाह्नवी सिंह और दीक्षा सिंह ने किया। कार्यक्रम की रूपरेखा अंकित राय, आयुष मिश्र, अभिषेक सिंह एवं शिवानी सिंह आदि ने तैयार की। इस अवसर पर सीनियर विद्यार्थियों विवेक, औचित्य, पृथुल, विमलेश, सचिन, श्रेया, काजल, अलशिफा, साक्षी और मुस्कान आदि ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जौनपुर (जफराबाद)(अवधनामा संवाददाता) क्षेत्र के नावघाट पुल पर दवा लेने जा रही एक महिला के साथ गांव के ही दो युवकों द्वारा छेड़खानी करने, विरोध करने पर जान से मारने की नियत से उनके ऊपर मोटरसाइकिल चढ़ा देने और गले से मंगलसूत्र छीनने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम सुल्तानपुर (इमलो) निवासी पिंकी निषाद पत्नी विकाश निषाद ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि बीते गुरुवार (14 मई) की शाम लगभग 4 बजे उनकी तबीयत खराब होने के कारण वह अपनी गूँगी ननद के साथ दवा लेने के लिए नरसिंह चौराहा आ रही थीं। जब वह नावघाट पुल पर पहुँचीं, तभी पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार होकर उनके ही गांव के विनोद निषाद पुत्र प्रकाश निषाद और संदीप निषाद पुत्र जनारदन निषाद आ गए। आरोपियों ने महिला के साथ अभद्रता व छेड़खानी करते हुए पुल के नीचे चलने का दबाव बनाया। जब महिला ने इसका कड़ा विरोध किया, तो आरोपियों ने जान से मारने की नियत से महिला के ऊपर मोटरसाइकिल चढ़ा दी।

प्रधानमंत्री के अपील का असर

ई-रिक्शे से कलेक्ट्रेट पहुंचे डीएम

- जनता दर्शन में की जनसुनवाई

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए सार्वजनिक परिवहन के अधिकाधिक उपयोग की अपील की गई है। प्रधानमंत्री के इस आह्वान का सकारात्मक प्रभाव अब प्रशासनिक व्यवस्था में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। इसी क्रम में आजमगढ़ के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने एक प्रेरणादायी पहल करते हुए शासकीय वाहन का उपयोग न कर ई-रिक्शा से कलेक्ट्रेट पहुंचकर सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने तथा सरकारी संसाधनों के मितव्ययी उपयोग का संदेश दिया। सोमवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार अपने सहायक के साथ ई-रिक्शा से कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट पहुंचने के उपरांत उन्होंने नियमित रूप से आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में आमजन की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी की इस पहल को आमजन एवं कर्मचारियों द्वारा सराहनीय कदम माना जा रहा है। यह पहल न केवल ईंधन संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश देती है, बल्कि सरकारी व्यय में मितव्ययिता एवं जिम्मेदार प्रशासनिक कार्यशैली का भी उदाहरण प्रस्तुत करती है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा भी अपने काफिले में वाहनों की संख्या कम कर सादगी एवं मितव्ययिता का संदेश दिया गया है। प्रदेश के अनेक मंत्री एवं अधिकारी भी समय-समय पर नवाचार एवं जनहितकारी पहल कर रहे हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार द्वारा ई-रिक्शा से कार्यालय पहुंचना प्रशासनिक सादगी, अनुशासन एवं जनसंदेश का प्रभावी उदाहरण माना जा रहा है। निश्चित रूप से उनकी यह पहल जनपद के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी सार्वजनिक परिवहन अपनाने तथा ऊर्जा संरक्षण के प्रति प्रेरित करेगी।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में आपदा न्यूनीकरण, डूबने की घटनाओं की रोकथाम, हीट वेव, अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, आंधी एवं वज्रपात से बचाव के संबंध में व्यापक समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में डूबने से लगातार हो रही घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए नदी, तालाब एवं अन्य जलाशयों के आसपास व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। जिन स्थानों पर बच्चे स्नान करने के लिए पहुंचते हैं वहां डेंजर बोर्ड एवं रिफ्लेक्टर लगाए जाएं तथा साथ ही जागरूकता संबंधी पंपलेट/लीफलेट का वितरण भी कराया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को नदियों एवं गहरे जलाशयों में जाने से रोकने के लिए विद्यालयों एवं अभिभावकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि गर्मी के दृष्टिगत बच्चों को घर के भीतर सुरक्षित रखते हुए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उन्हें व्यस्त रखने एवं जागरूक करने का कार्य किया जाए। बैठक में लू, गर्मी, आंधी एवं वज्रपात से बचाव के उपायों के संबंध में भी जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि ओआरएस पैकेट का वितरण कराया जाए तथा हीट वेव से बचाव हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर तक आपदा से बचाव संबंधी जानकारी पहुंचाई जाए तथा ग्राम सभाओं एवं बैठकों में लोगों को जागरूक किया जाए। जिलाधिकारी ने अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत सभी विद्यालयों में फायर इक्विपमेंट की जांच कराने के निर्देश दिए तथा प्रत्येक फ्लोर पर अग्निशमन उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने विद्यालयों में मॉक ड्रिल आयोजित कराने एवं बच्चों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त रसोईयों को एलपीजी गैस से बचाव एवं सुरक्षित उपयोग के संबंध में जागरूक करने तथा विद्युत सुरक्षा से संबंधित सभी आवश्यक कार्य समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी के द्वारा विद्यालयों के प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा के संबंध में बच्चों को जागरूक किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी पंजीकृत नावों में लाइफ जैकेट एवं प्रशिक्षित नाविक की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। नाविकों को अधिक से अधिक जागरूक करते हुए सुरक्षा मानकों का पालन कराया जाए, जिससे जनहानि की घटनाओं को रोका जा सके।

दुकान खोलने के नाम पर 80 हजार की ठगी, विरोध करने पर दिव्यांग को पीटा

जौनपुर (जफराबाद)। क्षेत्र के उधौचौकिया स्थित यदुवंश स्कूल के पास दुकान खोलने के बहाने ठगी करने और विरोध करने पर एक दिव्यांग को बुरी तरह पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद समेत चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व एससी/एसटी एक्ट सहित विभिन्न संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कादीपुर निवासी राजनाथ (पुत्र देवसरन) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह एक दिव्यांग है। वर्ष 2015 में पौना गांव निवासी संतोष यादव (पुत्र भुलई यादव) ने उसे पार्टनरशिप में दुकान खोलने का झांसा दिया और उससे 80 हजार रुपये ले लिए। रुपये लेने के बाद आरोपी ने न तो दुकान खोली और न ही आज तक उसके पैसे वापस किए। शनिवार की रात करीब 9 बजे राजनाथ जब चौकिया में यदुवंश स्कूल के पास मौजूद था, तभी वहां आरोपी संतोष यादव अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ पहुंच गया? पीड़ित ने जब अपने रुपये मांगे तो आरोपियों ने उसे जातिसूचक शब्द और गालियां देते हुए लात-घूसों तथा लोहे की सरिया से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया।

विट्ठल होटल में लगी भीषण आग

- आधी बिल्डिंग स्वाहा, 13 लोगों को सुरक्षित निकाला गया, सीएफओ का हाथ झुलसा

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। सिविल लाइंस के एम जी मार्ग स्थित होटल विट्ठल में सोमवार दोपहर में भीषण आग लग गई। घटना के दौरान होटल में कई लोग फंसे थे। आग की सूचना से अफरा- तफरी मच गई। आनन-फानन पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने होटल में फंसे करीब 13 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट होने के काण होटल में आग लगी। हालांकि समय रहते आग को बुझा लिया गया है। घटना को सीएम योगी ने भी संज्ञान लिया। सीएम योगी ने अफसरों को तुरंत राहत बचाव कार्य के निर्देश दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिविल लाइंस के एम जी मार्ग पर काफी हाउस के बगल में विठ्ठल होटल है। सोमवार की दोपहर डेढ़ बजे करीब होटल के पास रखे ट्रांसफॉर्मर में अचानक से ब्लास्ट हो गया। जिसकी लपट होटल की तीसरी मंजिल तक पहुंच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी बिल्डिंग को अपने कब्जे में ले लिया। घटना के समय होटल के अंदर कई लोग फंसे थे। आग देखकर अफरा-तफरी मच गई। कई लोग अपनी-अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकले, लेकिन 13 लोग होटल की बिल्डिंग में ही फंस गए। होटल में मची चीख-पुकार को देखकर वाणी प्रकाशन के योगेंद्र यादव ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने तुरंत राहत बचाव कार्य शुरू किया। अब तक 13 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। आग पर भी काबू पा लिया गया है।

आग बुझाने के दौरान चीफ फायर आफिसर सतीश चंद्र का हाथ झुलस गया। इसके बाद मौके पर ही उनका प्राथमिक इलाज किया गया। होटल में लगभग 25 कमरे हैं। घटना में दो बाइकें और आधे से ज्यादा होटल जलकर राख हो गया। बिट्ठल होटल के मालिक आलोक परमार शहर के मम्फोर्डगंज में रहते हैं।

गाजियाबाद के अरुण शर्मा होटल के 306 नंबर कमरे में रुके थे। उन्होंने बताया कि पहले ब्लास्ट की आवाज आई। आवाज सुनकर हम नीचे गए तो देखा कि ट्रांसफार्मर में आग लगी हुई थी। फिर आग ने होटल को चपेट में ले लिया। इसके बाद शोर मचाकर सभी को अलर्ट किया। हम लोगों ने भागकर जान बचाई।

स्थानीय लोगों ने बताया कि होटल के पास दो ट्रांसफॉर्मर रखे थे। अधिक गर्मी के कारण दूसरे वाले ट्रांसफॉर्मर में अचानक से ब्लास्ट हो गया। ट्रांसफॉर्मर की आग ने होटल की तीसरी मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते होटल से ऊंची-ऊंची आग की लपटें उठने लगी, जिसे देखकर आसपास के लोगों में भी दहशत फैल गई। उनका कहना है कि आग प्रेम पुष्प प्लाजा की तीसरी मंजिल पर भी लगी थी। हालांकि समय रहते उसे बुझा लिया गया था, लेकिन होटल की आग विकराल रूप ले चुकी थी। आग ने होटल के नीचे खड़ी दो बाइकों को भी अपनी आगोश में ले लिया। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की आठ दमकल टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आनन-फानन में नगर निगम से हाइड्रोलिक मशीनों को मंगाया गया। जिसके जरिए होटल पर पानी की बौछार करके आग पर काबू पाया गया।

डीसीपी बोले- ट्रांसफार्मर से फैली आग, सभी गेस्ट सुरक्षित

प्रयागराज। डीसीपी सिटी मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सबसे पहले होटल के बगल में लगे ट्रांसफार्मर में आग लगी थी। इसके बाद चिंगारी से आग फैलते हुए होटल तक पहुंच गई। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। होटल स्टाफ और अंदर मौजूद सभी मेहमानों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।

सीएम योगी ने लिया घटना का संज्ञान

प्रयागराज। होटल विट्ठल में लगी भीषण आग की खबर मिलते ही सीएम योगी ने भी घटना का संज्ञान लिया और तुरंत अफसरों को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, होटल में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए राहत बचाव कार्य चलाया जाए। सीएम योगी का निर्देश पाते ही सभी अफसर और कर्मचारी आग बुझाने और होटल में फंसे लोगों को बचाने के लिए राहत बचाव कार्य तेज कर दिया।

प्रॉपर्टी डीलर के हत्यारों ने किया सरेंडर

अवधनामा संवाददाता

- ऑफिस घुसकर मारी थी गोली, हत्या के बाद अतरसुइया थाना के सामने बनाई थी वीडियो

प्रयागराज। प्रयागराज में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या करने वाले चारों आरोपियों ने सोमवार को झूंसी थाने में सरेंडर कर दिया। हालांकि पुलिस गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। थाने में पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पता चला कि प्रॉपर्टी डीलर और आरोपियों के बीच 17 लाख रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद था।

आरोपियों के आफिस पहुंचने और फरार होने का भी वीडियो सामने आया है। प्रॉपर्टी डीलर के भाई की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। 17 मई को प्रापर्टी डीलर अजहरुद्दीन उर्फ अजहर को उसके पार्टनर ने अपने ऑफिस बुलाया। फिर आफिस में बंद कर प्रॉपर्टी डीलर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

प्रॉपर्टी डीलर ने भागने की कोशिश की तो उसकी कनपटी में सटाकर पिस्टल से गोली मार दी। इसके बाद आरोपी पार्टनर वैगनआर कार से अपने तीन साथियों के साथ फरार हो गया। हत्या करने के बाद आरोपी घर पहुंचे। कार चेंज की। फिर अतरसुइया थाने पहुंचे। थाने के सामने खड़े होकर आरोपी बृजेश ने एक वीडियो बनाई। उसने कहा कि मैं बृजेश कुमार अतरसुइया थाने में सरेंडर कर रहा हूं। वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के बाद चारों आरोपी कार से फरार हो गए थे। ज्ञात हो कि नैनी थाना क्षेत्र के महेवा निवासी 35 साल के अजहरुद्दीन प्रॉपर्टी डीलर थे। रविवार दोपहर करीब 3 बजे अजहरुद्दीन को उनके पार्टनर अरविंद और बृजेश निषाद ने फोन कर अपने ऑफिस बुलाया। प्रापॅर्टी डीलर बाइक से आफिस पहुंचे। आफिस के बाहर एक वैगनआर कार खड़ी थी। ऑफिस के अंदर पार्टनर समेत 4 लोग मौजूद थे। यहां पैसों के लेनदेन को लेकर अजहरुद्दीन का विवाद शुरू हो गया। आरोपियों ने अजहरुद्दीन पर हमला कर दिया। एक आरोपी ने लोहे की रॉड से पीटा। इसी बीच किसी ने अजहरुद्दीन की कनपटी में गोली मारकर हत्या कर दी।

हत्या करने के बाद आरोपी कार से फरार हो गए। हत्या करने के बाद अरविंद भारती वैगनआर कार से अपने घर पहुंचा। उसके साथ बृजेश निषाद और अन्य आरोपी भी थे। अरविंद ने अपने घर पर वैगनआर कार को खड़ा कर दिया। इसके बाद वह अपनी दूसरी कार से आरोपियों के साथ फरार हो गया।

सोने की बार की अनावश्यक खरीद से बचें : डीएम

अवधनामा संवाददाता

- सर्राफा व्यापारियों से डीएम की राष्ट्रहित में अपील
- बुलियन बिक्री सीमित करने पर मंथन

मैनपुरी। अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों एवं वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए आज जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद के सर्राफा व्यापारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मा. प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से 24 कैरेट खरा सोना बुलियन एवं सोने की ईंटों की अनावश्यक खरीदारी से बचने की अपील तथा मा. मुख्यमंत्री उ.प्र. द्वारा प्रदेश के सर्राफा व्यापारियों से 24 कैरेट शुद्ध सोना एवं सोने की बार सीधे ग्राहकों को विक्रय न किए जाने के संबंध में दिए गए सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने व्यापारियों से कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में आर्थिक संतुलन बनाए रखना सभी नागरिकों एवं व्यापारिक वर्ग की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होने कहा कि जनपद में सोने के आभूषणों की बिक्री पर किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है तथा आम नागरिक पूर्व की भांति आवश्यकतानुसार आभूषण खरीद सकते हैं, शासन एवं प्रशासन का उद्देश्य केवल अनावश्यक रूप से बुलियन एवं सोने की बार की खरीद-बिक्री को हतोत्साहित करना है, जिससे आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में सहयोग मिल सके। उन्होंने सर्राफा व्यापारियों को आश्वस्त किया कि प्रशासन द्वारा व्यापारिक हितों एवं व्यापारियों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा, व्यापारी समाज देश की आर्थिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग है और व्यापारियों का सहयोग सदैव राष्ट्रहित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होने अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि सभी व्यापारी स्वेच्छा से सरकार की अपील का सम्मान करें तथा बुलियन एवं सोने की बार की अनावश्यक खरीद-बिक्री को सीमित करते हुए देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अपना योगदान दें। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, बाजारों में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी की जाए, व्यापारी एवं प्रशासन के बीच बेहतर संवाद एवं समन्वय से ही जनपद में सकारात्मक व्यापारिक वातावरण बनेगा। बैठक के दौरान सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष रामबाबू वर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि व्यापारी वर्ग राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए मा. प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री की अपील का सम्मान करेगा, व्यापारियों ने कहा कि वह शासन, प्रशासन के साथ पूर्ण समन्वय बनाए रखते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे, व्यापारियों एवं पदाधिकारियों ने कहा कि देशहित एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को ध्यान में रखते हुए व्यापारी वर्ग सदैव शासन के निर्देशों का पालन करता आया है और आगे भी करता रहेगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक मजबूती एवं राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है तथा सभी व्यापारी इस दिशा में अपना सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित व्यापारियों से जनपद की कानून व्यवस्था, व्यापारिक सुरक्षा एवं बाजार की स्थिति के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। व्यापारियों ने जनपद में कानून व्यवस्था को संतोषजनक बताते हुए प्रशासन द्वारा व्यापारियों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए किए जा रहे प्रय

स्टेट बैंक के कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

कोलकाता में धरना, 25-26 मई को देशव्यापी हड़ताल का एलान

नई दिल्ली। एसबीआई कर्मचारियों ने कोलकाता में 16 सूत्री मांगों के समर्थन में धरना दिया। फेडरेशन ने 25 और 26 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। भर्ती, बीमा उत्पादों की गलत बिक्री रोकने और रिक्त पद भरने की मांगें शामिल हैं। ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन ने सोमवार को एक प्रमुख प्रशासनिक कार्यालय के सामने धरना दिया। यह धरना 16 सूत्री मांगों को लेकर आयोजित किया गया था। फेडरेशन ने 25 और 26 मई को भारतीय स्टेट बैंक में दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का भी आह्वान किया है। सोमवार का यह आंदोलन फेडरेशन द्वारा पिछले सप्ताह शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों की श्रृंखला का हिस्सा था। यूनियन नेताओं के अनुसार, धरने में 100 से अधिक कर्मचारी शामिल हुए। फेडरेशन की कोलकाता सर्किल इकाई के नेताओं ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपनी मांगों के पीछे के औचित्य को समझाया। सदस्यों से आने वाले दिनों में एक बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहने को कहा गया। फेडरेशन ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों के मुद्दों को सुलझाने के द्विपक्षीय तंत्र संतोषजनक नहीं हैं। उन्होंने समझौतों के गलत कार्यान्वयन या गैर-कार्यान्वयन का दावा किया। यूनियन ने बीमा उत्पादों की बड़े पैमाने पर गलत बिक्री का भी आरोप लगाया।

फेडरेशन की 16 सूत्री मांगों में उप-कर्मचारियों और सशस्त्र गार्डों की भर्ती शामिल है। बीमा उत्पादों की गलत बिक्री को रोकना भी एक मुख्य मांग है। साथ ही, कर्मचारियों के रिक्त पदों को तुरंत भरने की मांग की गई है। लक्ष्य और व्यावसायिक दबाव के कारण ग्राहकों को अनुपयुक्त उत्पाद बेचे जाने का आरोप है। आंदोलन कार्यक्रम के तहत फेडरेशन पहले ही कई विरोध प्रदर्शन कर चुका है। इनमें बैज पहनकर विरोध और दोपहर के भोजन के समय प्रदर्शन शामिल हैं। सांसदों और सरकारी अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपे गए हैं। अगले चरण में कैंडल मार्च जुलूस और प्रस्तावित अखिल भारतीय बैंक हड़ताल शामिल है।

पांच ट्रिलियन डॉलर का जंगल व्यापार, अमीर हो रहे कारोबारी, फिर भी दाने-दाने को मोहताज वनवासी

नई दिल्ली। दुनिया भर के जंगलों से 1.5 ट्रिलियन डॉलर की कमाई होती है, लेकिन इसका फायदा बिचौलिए उठा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की %ग्लोबल फॉरेस्ट गोल्स रिपोर्ट 2026% के अनुसार, वन उत्पाद बेचने वाले असली वनवासी आज भी गरीबी में हैं। भारत में 27 करोड़ लोग जंगलों पर निर्भर हैं।

दुनिया भर के जंगलों से हर साल अरबों रुपये की भारी भरकम कमाई होती है, लेकिन इसका फायदा उन गरीब वनवासियों को नहीं मिल रहा है जो इन जंगलों पर पूरी तरह निर्भर हैं। लकड़ी, शहद और जड़ी-बूटियों जैसे उत्पादों से होने वाली असली कमाई पर बिचौलियों और बड़े कारोबारियों ने कब्जा कर लिया है। इसके कारण जंगल के असली हकदार आज भी घोर गरीबी के जाल में फंसे हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट ने इस बड़े और कड़वे सच को दुनिया के सामने उजागर किया है।

जंगलों से हर साल करीब 1.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार होता है। संयुक्त राष्ट्र की ग्लोबल फॉरेस्ट गोल्स रिपोर्ट 2026 के अनुसार, जंगल के पास रहने वाले लोग अपना कच्चा माल बहुत ही कम दाम में बेचने को मजबूर हैं। बाजार तक सीधे न पहुंच पाने और खराब रास्तों की वजह से सारा मोटा मुनाफा बीच वाले लोग यानी बिचौलिए खा जाते हैं। यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र वन मंच (यूएनएफएफ) की 21वीं बैठक में पेश की गई है, जो बताती है कि गरीब वनवासियों की हालत सुधारने के लक्ष्य बहुत धीमी गति से चल रहे हैं। जंगलों से मिलने वाले कीमती उत्पाद जैसे बांस, लाख और तेंदूपत्ता करोड़ों लोगों के रोजगार का सबसे बड़ा साधन हैं। लेकिन इन गरीब लोगों के पास अपने माल को बड़े बाजार तक ले जाने की कोई सुविधा नहीं है। गांव में अच्छी सड़कें नहीं हैं और माल को सुरक्षित रखने के लिए कोई जगह नहीं होती है। इसका फायदा उठाकर बिचौलिए उनके माल को औने-पौने दाम पर खरीद लेते हैं।

साल 2017 में यूएन स्ट्रैटेजिक प्लान फॉर फॉरेस्ट्स 2017-2030 के तहत दुनिया भर के लिए छह बड़े लक्ष्य तय किए गए थे। इनमें से एक सबसे खास लक्ष्य था जंगलों पर निर्भर लोगों को 2030 तक अत्यधिक गरीबी से पूरी तरह बाहर निकालना।

लेकिन अब जो ताजा रिपोर्ट सामने आई है, वह बहुत ही चिंताजनक है। दुनिया इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बहुत ही धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है और करोड़ों परिवार आज भी गरीबी में कैद हैं।

भारत में लगभग 27 करोड़ लोग अपनी रोजी-रोटी के लिए सीधे तौर पर जंगलों पर ही निर्भर हैं। सरकार ने इनकी मदद के लिए वन धन विकास केंद्र, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और स्वयं सहायता समूह जैसी कई अच्छी योजनाएं चलाई हैं ताकि उन्हें बाजार से जोड़ा जा सके।

लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि जमीनी हकीकत आज भी ज्यादा नहीं बदली है। इन सरकारी कोशिशों के बाद भी भारत के वनवासी बिचौलियों के जाल से नहीं निकल पाए हैं और असली मुनाफा आज भी बड़े नेटवर्क तक ही पहुंच रहा है।

डर और लालच पर जीत दिलाते हैं क्वांट फंडः एआई करेगा आपके पैसों का निवेश

नई दिल्ली। क्वांट फंड में निवेश के फैसले इंसान नहीं बल्कि कंप्यूटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लेते हैं। यह फंड शेयर बाजार में इंसानी भावनाओं यानी डर और लालच को दूर कर डेटा के आधार पर काम करता है। भारत में एसबीआई, निप्पॉन जैसे फंड्स मौजूद हैं, लेकिन ये अभी शुरुआती दौर में हैं। क्वांट फंड लंबी अवधि के लिए सही हैं, लेकिन इन्हें पोर्टफोलियो का सिर्फ 10-15% हिस्सा ही बनाना चाहिए।

साल 1997 की वह सुबह शायद ही कोई भूल सकता है, जब दुनिया के सबसे महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्पारोव को आईबीएम के सुपर कंप्यूटर डीप ब्लू ने हरा दिया था। यह इतिहास में पहली बार था, जब दुनिया ने यह माना कि जहां एक इंसान के सोचने की सीमा खत्म होती है, ठीक वहीं से डेटा और एल्गोरिदम की असली ताकत शुरू होती है। आज निवेश की दुनिया में भी बिल्कुल ऐसा ही समय आ गया है। अब आपकी मेहनत की कमाई को बढ़ाने की जिम्मेदारी किसी फंड मैनेजर की सोच या उसकी अंतरात्मा पर नहीं है, बल्कि यह पूरी तरह से क्वांट फंड और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बेजोड़ गणित पर टिक गई है। शेयर बाजार में हम अक्सर दो सबसे बड़ी भावनाओं के कारण अपना पैसा गंवाते हैं, और वे हैं डर और लालच।

ओबेन इलेक्ट्रिक की रॉर ईवीओ को 15 दिनों में 25,000 से ज्यादा बुकिंग मिलीं,

लखनऊ। भारत की तेजी से बढ़ती रिसर्च एंड डेवलपमेंट बेस्ड इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक ने बताया कि उसकी हाल ही में लॉन्च हुई इलेक्ट्रिक बाइक ओबेन रोर ईवो को लॉन्च के सिर्फ 15 दिनों के भीतर 25000 से ज्यादा बुकिंग मिल चुकी हैं। ओबेन इलेक्ट्रिक की नई इलेक्ट्रिक बाइक रोर ईवो को कस्टमर्स से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। कंपनी के लिए ही नहीं बल्कि पूरे भारत के इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल मार्केट के लिए यह एक बड़ा माइलस्टोन माना जा रहा है। लॉन्च के बाद बेहद कम समय में इतनी बड़ी संख्या में डिमांड मिलना इस कैटेगरी में सबसे तेज उपलब्धियों में से एक है।

कंपनी 18 से ज्यादा राज्यों के 100 से अधिक शहरों में 150 से ज्यादा शोरूम और सर्विस सेंटर के जरिए कस्टमर्स को सर्विस दे रही है, जिससे कस्टमर्स को बेहतर सपोर्ट और आसान ओनरशिप एक्सपीरियंस मिल रहा है।

ओबेन इलेक्ट्रिक की नई बाइक रोर ईवो को शुरुआती 10000 कस्टमर्स के लिए 99,999 रुपये (एक्स-शोरूम) की इंट्रोडक्टरी कीमत पर लॉन्च किया गया है, जबकि इसके बाद इसकी कीमत 1,24,999 (एक्स-शोरूम) होगी।

इस उपलब्धि पर ओबेन इलेक्ट्रिक की फाउंडर और सीईओ मधुमिता अग्रवाल ने कहा, भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की तरफ तेजी से बदलाव हो रहा है और रोर ईवो को मिला शानदार रिस्पॉन्स दिखाता है कि अब लोग इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों को भी तेजी से अपनाने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि सिर्फ 15 दिनों में 25000 बुकिंग मिलना केवल कंपनी के लिए बड़ी उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह इस बात का संकेत है कि इंडियन राइडर्स अब ऐसी इलेक्ट्रिक बाइक चाहते हैं जो दमदार परफॉर्मेंस, रोजाना की जरूरतों और भरोसेमंद ओनरशिप एक्सपीरियंस दे सके।

विदेशी शेयरों से कमाई पर टैक्स चुकाना है जरूरी, वरना खानी पड़ सकती है जेल की हवा

नई दिल्ली। भारतीयों में विदेशी शेयरों में निवेश का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इस कमाई पर टैक्स चुकाना अनिवार्य है। शेयर को 24 महीने से ज्यादा रखने पर 12.5% और उससे कम समय रखने पर आय स्लैब के अनुसार टैक्स लगता है। विदेशी संपत्ति की जानकारी छुपाने पर 10 लाख रुपये का जुर्माना और 7 साल तक की जेल हो सकती है। अगर आपने भी विदेशी शेयर लिए है या भविष्य लेने हैं,आजकल भारतीयों में अमेरिकी शेयर बाजार और विदेशी कंपनियों में पैसा लगाने का बहुत ज्यादा क्रेज देखने को मिल रहा है। लोग सोचते हैं कि सात समंदर पार की कंपनियों में पैसा लगाकर वे आसानी से अमीर बन जाएंगे। लेकिन हमेशा याद रखिए, आपकी इस विदेशी कमाई पर भारत के आयकर विभाग की नजर बहुत पैनी है।

विदेशी बाजारों से मोटा पैसा कमाना कोई बुरी बात नहीं है, लेकिन इस कमाई पर सरकार को सही समय पर टैक्स देना बहुत जरूरी है। इसका सीधा मतलब यह है कि अगर आप विदेशी कंपनियों के शेयर या ईटीएफ खरीदकर मुनाफा कमा रहे हैं, तो सिर्फ डॉलर बटोरना ही काफी नहीं है।

पेट्रोल-डीजल के दाम में 3 की बढ़ोतरी का राजकोषीय स्थिति पर सीधा असर नहीं

नई दिल्ली। एसबीआई की हालिया रिपोर्ट के अनुसार पेट्रोल-डीजल की कीमतों में तीन रुपये की बढ़ोतरी से तेल कंपनियों को बड़ी राहत मिलेगी, जबकि राजकोषीय स्थिति पर इसका कोई सीधा प्रभाव नहीं पड़ेगा। अर्थव्यवस्था और महंगाई पर इस फैसले के असर की पूरी जानकारी के लिए अभी विस्तृत खबर पढ़ें!

अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की बढ़ती कीमतों के बीच तेल विपणन कंपनियों को हो रहे भारी नुकसान को कम करने के लिए पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया गया है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की रिसर्च रिपोर्ट इकोरैप के अनुसार, भले ही इस बढ़ोतरी से खुदरा महंगाई (सीपीआई) में फौरी तौर पर उछाल देखने को मिले, लेकिन देश की राजकोषीय स्थिति पर इसका कोई सीधा असर नहीं पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया है कि खुदरा कीमतें लंबे समय से स्थिर रहने के कारण तेल विपणन कंपनियों को रोजाना लगभग 1,000 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है, जो सालाना स्तर पर करीब 3.6 लाख करोड़ रुपये बैठता है। पेट्रोल-डीजल की मौजूदा कीमतों में 3 रुपये की वृद्धि से इन कंपनियों को अंडर-रिकवरी में 52,700 करोड़ रुपये की अहम राहत मिलेगी। यह राशि वित्त वर्ष 2026-27 में OMCs के कुल अनुमानित नुकसान का 15 फीसदी हिस्सा है।

महंगाई दर का संशोधित अनुमान- ईंधन के दाम बढ़ने से मई-जून 2026 में सीपीआई महंगाई दर पर 15-20 बेसिस पॉइंट्स का तात्कालिक असर देखने को मिल सकता है। इसके चलते एसबीआई ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने महंगाई दर के पूर्वानुमान को संशोधित कर 4.7त्न कर दिया है। खपत का ऐतिहासिक ट्रेंड- ऐतिहासिक आंकड़े दर्शाते हैं कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के ठीक बाद खपत में मामूली गिरावट आती है, लेकिन सालाना खपत के स्तर में कोई कमी दर्ज नहीं होती है और मांग तेजी से अपनी पुरानी स्थिति में लौट आती है।

एसबीआई की रिपोर्ट ने टैक्स संरचना में किसी भी संभावित बदलाव के राजकोषीय परिणामों का भी विश्लेषण किया है। वर्तमान में 15 प्रतिशत ओएमसी नुकसान की भरपाई 3 रुपये की खुदरा मूल्य वृद्धि से हो रही है, जबकि उत्पाद शुल्क को शून्य किए जाने की स्थिति में 53 प्रतिशत नुकसान को कवर किया जा सकता है।

हालांकि, यदि सरकार पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क को उनके मौजूदा स्तर (क्रमशः 11.9% और 7.8%) से घटाकर शून्य कर देती है, तो सरकारी राजस्व में भारी गिरावट आएगी। इससे सरकार को 1.9 लाख करोड़ रुपये का नुकसान होगा, जो OMCs के मुनाफे में तब्दील हो जाएगा। चालू वित्त वर्ष में उत्पाद शुल्क में कटौती (मार्च में की गई 10 रुपये की ड्यूटी कटौती से हुए शुद्ध नुकसान सहित) से सरकार का कुल नुकसान पहले ही 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है।

यदि सरकार अपने खर्च में कटौती नहीं करती है, तो उत्पाद शुल्क को शून्य करने के इस कदम से देश का राजकोषीय घाटा जीडीपी का 0.5त्न तक बढ़ सकता है। राज्यों के राजस्व पर भी पड़ेगा असर केंद्र सरकार के उत्पाद शुल्क घटाने का असर राज्यों के खजाने पर भी पड़ेगा। रिपोर्ट के अनुमान के मुताबिक, यदि केंद्र अपना उत्पाद शुल्क शून्य कर देता है, तो राज्य सरकारों को कुल 0.8 लाख करोड़ रुपये का नुकसान होगा। हालांकि, कच्चे तेल की उच्च कीमतों के कारण राज्यों को 30,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त लाभ भी होगा। इस प्रकार उत्पाद शुल्क में कटौती का राज्यों के राजस्व पर कुल शुद्ध प्रभाव 50,000 करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

कुल मिलाकर, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रुपये का हालिया इजाफा तेल कंपनियों के वित्तीय संकट को टालने के लिए उठाया गया एक अहम कदम है।

रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि केंद्र के पास एक्साइज ड्यूटी घटाने का विकल्प जरूर है, लेकिन यह राजकोषीय संतुलन और केंद्र-राज्य राजस्व संग्रह के मोर्चे पर भारी दबाव पैदा कर सकता है। फिलहाल, 3 रुपये की बढ़ोतरी से अर्थव्यवस्था के राजकोषीय मोर्चे पर कोई बड़ा जोखिम दिखाई नहीं दे रहा है।

बॉस बर्गर बाई सोशल ने इंटरनेशनल बर्गर डे के अवसर पर भारत के 9 शहरों में अपने सबसे पसंदीदा इंडेलजेंट बरगर्स के साथ मनाया जश्न

नई दिल्ली। बॉस बर्गर बाई सोशल, जो अपने लोडेड, मेसी, सटिस्फायिंग और फ्लेवर - पैक्ड बरगर्स के लिए जाना जाता है, इंटरनेशनल बर्गर डे के अवसर पर भारत भर में अपने तीन सबसे पसंदीदा बरगर्स को स्पॉटलाइट में ला रहा है।

हर तरह के बर्गर मूड के लिए तैयार मिड वीक क्रेविंग्स और सोलो मील्स से लेकर दोस्तों के साथ फुल - ब्लोन बर्गर फेस्ट्स तक बॉस बर्गर ने इंडेलजेंट बरगर्स के जरिए अपनी अलग पहचान बनाई है, जो जूसी पेटिस, पंची सॉसेस, जेनेरस फिल्लिंग्स और सॉफ्ट बन्स का बेहतरीन मेल पेश करते हैं।

इंटरनेशनल बर्गर डे के मौके पर, ब्रांड अपने मेन्यू के तीन डिस्टिंक्ट फेवरिट का जश्न मना रहा है- चिकन स्मैश बर्गर, समोसालिसियस स्मैश बर्गर, और अलूशियस बर्गर। हर बर्गर अपनी अलग पर्सनालिटी लेकर आता है – बोल्ड और मीटी से लेकर देसी, कांफ़्रंटिंग और क्रंच से भरपूर तक। चिकन स्मैश बर्गर एक जूसी, फ्लेवर-फॉरवर्ड विकल्प है, जो मीट लवर्स के लिए तैयार किया गया है। समोसालिसियस स्मैश बर्गर चटपटा समोसा स्टाइल पैटी, क्लासिक चटनियाँ और लोडेड टेक्सचर्स के साथ एक प्लेफुल देसी ट्विस्ट लेकर आता है। अलूशियस बर्गर स्पाइस्ड आलू पैटी, क्रीमी सॉसेस और सॉफ्ट बन के साथ फेमिलिअर, कम्फर्ट-लेड बाईट का अनुभव देता है।

इस एक दिन के उत्सव के तहत, बॉस बर्गर सेलेस सेलेक्ट बर्गर्स पर 50त्न श्रद्धद्ध की पेशकश करेगा, जो 28 मई को एक्सक्लुसिवली स्विग्गी और जोमाटो पर उपलब्ध होगी। यह ऑफर दिल्ली एनसीआर, बेंगलुरु, चंडीगढ़, मुंबई, कोलकाता, लखनऊ, देहरादून, पुणे और हैदराबाद में लाइव रहेगा, जिससे नौ शहरों के बर्गर लवर्स को ब्रांड के सबसे लोकप्रिय इंडेलजेंट पिक्स के साथ इस दिन को मनाने का मौका मिलेगा।

दादा भी, सुपरहीरो भी.. बच्चों की कल्पनाओं को नई उड़ान देने आ रही फिल्म द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो

लखनऊ। बच्चे अब मॉडर्न हो चुके हैं। ऐसे में, उनकी दुनिया सिर्फ किताबों और कार्टून देखने तक सीमित नहीं रह गई है। वे अपने आसपास के लोगों में भी सुपरहीरो ढूँढ लेते हैं.. कभी अपने पापा में, तो कभी अपने दादा में। इसी मासूम सोच, परिवार के प्यार और बच्चों की कल्पनाओं को बड़े पर्दे पर लेकर आ रही है फिल्म %द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो%। फिल्म के प्रमोशन के सिलसिले में जैकी श्रॉफ और तीन बार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक मनीष सैनी लखनऊ पहुँचे, जहाँ उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए फिल्म से जुड़े कई दिलचस्प अनुभव साझा किए।

बच्चों के साथ अपने जुड़ाव को लेकर दिग्गज कलाकार जैकी श्रॉफ ने कहा, ÷मैं बच्चों के साथ हमेशा बच्चा बनकर रहता हूँ। मुझे सारे बच्चे मेरे बेटे टाइगर की तरह ही लगते हैं, इसलिए स्वाभाविक रूप से मेरा प्यार उनके लिए बेहद खास हो जाता है और मैं खुद भी उनके सामने बच्चा बन जाता हूँ। परिवारों को छोटी-छोटी बातों को समझना बहुत जरूरी है। उन्हें अपने बच्चों को यह बताने की जरूरत है कि खेलो-कूदो, लेकिन एक लिमिट में। यह समझना जरूरी है कि हर एक विषय में लक्ष्मण रेखा ही दायरा तय करती है।

एकल परिवारों पर बात करते हुए, उन्होंने कहा, परिवारों को चाहिए कि एकल परिवारों को बढ़ावा देने के बजाए अपने माता-पिता को साथ लेकर चलें। यदि किसी काम के चलते घर से दूर रहना पड़े, तो उन्हें भी शरीर की तरह अपने साथ लेकर चलना चाहिए।

वहीं, निर्देशक मनीष सैनी ने फिल्म पर विस्तार से बात करते हुए कहा, यह फिल्म एक ऐसे किरदार की कहानी को बयाँ करती है, जो खुद कहानियों में जीता है। जब मैं पहली बार जैकी सर को उनके घर पर फिल्म की कहानी सुना रहा था, तब एक समय ऐसा आया, जब मैंने किरदार का नाम लेना बंद कर दिया। उसकी जगह मैं यह कहने लगा कि आप जहाँ-जहाँ जाते हो, पीछे-पीछे सारे बच्चे आ जाते हैं। कुल मिलाकर मेरी कल्पना में जैकी सर ही इस किरदार के रूप में दिखाई दे रहे थे।

जैकी दादा के भीतर एक बच्चा है, जो इस किरदार पर पूरी तरह फिट बैठता है। वह एक दादा भी हैं और एक सुपरहीरो भी।

एमिटी ऑनलाइन नेशनल स्कॉलरशिप एप्टीट्यूड टेस्ट 2026 के प्रथम संस्करण का सफलतापूर्वक आयोजन

लखनऊ। भारत की पहली और अग्रणी ऑनलाइन यूनिवर्सिटी, एमिटी यूनिवर्सिटी ऑनलाइन ने एमिटी ऑनलाइन नेशनल स्कॉलरशिप एप्टीट्यूड टेस्ट (AONSAT) 2026 के पहले संस्करण का सफलतापूर्वक आयोजन पूरा कर लिया है। ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम के लिए यह किसी भी भारतीय यूनिवर्सिटी द्वारा शुरू किया जाने वाला सबसे बड़ा ऑनलाइन स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट बन गया है। पूरे देश में शुरू की गई इस लचीली, आसान और मेरिट पर आधारित इस पहल को उच्च शिक्षा के मौके ढूंढने वाले अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट विद्यार्थियों का ज़बरदस्त समर्थन मिला। एमिटी ऑनलाइन नेशनल स्कॉलरशिप एप्टीट्यूड टेस्ट 2026 में अंडमान और निकोबार द्वीप से लेकर त्रिपुरा तक, लुधियाना से कोच्चि तक देश भर के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की, जिससे ऑनलाइन उच्च शिक्षा तक राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच की जानकारी मिली। इस प्रवेश परीक्षा में महानगरों, टियर 2 और टियर 3 शहरों और दूर-दराज के इलाकों सहित 495 से ज़्यादा शहरों से पंजीकरण कराये गए। हज़ारों छात्रों ने परीक्षा पास कर ली है और अपने अभ्यास की तैयारी शुरू कर दी है, जिससे पता चलता है कि भारत के युवाओं में ऑनलाइन उच्च शिक्षा को लेकर कितनी अधिक दिलचस्पी है। इस परीक्षा की ज़बरदस्त सफलता के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए एमिटी यूनिवर्सिटी ऑनलाइन के चेयरमैन श्री अजीत चौहान ने कहा- ÷एमिटी ऑनलाइन नेशनल स्कॉलरशिप एप्टीट्यूड टेस्ट 2026 भारत के युवाओं की बढ़ती उम्मीदों को दिखाता है, जो अपने शानदार भविष्य के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बेहतर मौके तलाश रहे हैं। एमिटी यूनिवर्सिटी ऑनलाइन में, हमारी सोच यह है कि अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा हासिल करने के रास्ते में भौगौलिक या आर्थिक रुकावटें नहीं आनी चाहिएं। एमिटी ऑनलाइन नेशनल स्कॉलरशिप एप्टीट्यूड टेस्ट के ज़रिए, हम एक पारदर्शी और प्रतिभा पर आधारित इकोसिस्टम बना रहे हैं जो शिक्षार्थियों को सबल बनाता है और देश को एक शक्तिशाली ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था बनने में मदद करता है। जैसे-जैसे हमारा देश विकसित भारत के विज़न की ओर बढ़ेगा, यह ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली, शिक्षा को सुलभ बनाने, बड़े पैमाने पर प्रतिभाओं को विकसित करने और भारत को एक भावी ग्लोबल एजुकेशन हब के तौर पर स्थापित करने में एक क्रांतिकारी भूमिका निभाएगी। इस तरह के प्रयास 2035 तक हायर एजुकेशन में 50त्न ग्रॉस एनरोलमेंट रेश्यो हासिल करने के भारत की नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के लक्ष्य को हासिल करने में भी अहम भूमिका निभाएंगे। पहली बार आयोजित किए गए एमिटी ऑनलाइन नेशनल स्कॉलरशिप एप्टीट्यूड टेस्ट में राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षिक स्तर को पहचाना गया और इसके लिए छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया स्नातक और पीजी श्रेणियों के 12 उत्कृष्ट विजेताओं को मेरिट के आधार पर स्कॉलरशिप मिली। विजेत्राओं में पूरे भारत में अलग-अलग शैक्षिक, सांस्कृतिक और क्षेत्रीय पृष्ठभूमि के विद्यार्थी शामिल हैं, जिससे डिजिटल रूप से हासिल की जा सकने वाली उच्च शिक्षा की बढ़ती समवेशिता और देश भर में इसकी सुलभता को और ताकतवर बनाया जा सकता है। अपने प्रतिभा के आधार पर दी जाने वाली स्कॉलरशिप के माध्यम से एमिटी ऑनलाइन नेशनल स्कॉलरशिप एप्टीट्यूड टेस्ट का लक्ष्य अच्छी गुणवत्ता वाली हायर एजुकेशन को और ज़्यादा सुलभबनाना और देश भर के विद्यार्थियों को आगे पढ़ने के अच्छे मौके उपलब्ध कराना है। इस शुरुआती प्रयास को मिली शानदार प्रतिक्रिया को देखते हुए, एमिटी यूनिवर्सिटी ऑनलाइन ने घोषणा की है कि एमिटी ऑनलाइन नेशनल स्कॉलरशिप एप्टीट्यूड टेस्ट का दूसरे संस्कारण की घोषणा जल्दी ही की जाएगी जिससे पूरे भारत के विद्यार्थियों को गुणवततापूर्ण उच्च शिक्षा को ज़्यादा आसान, किफ़ायती और समवेशी बनाने के मिशन को और मज़बूती मिल सके। यह पहल एमिटी यूनिवर्सिटी ऑनलाइन के बड़े विज़न को प्रदर्शित करती है, जिसमें टेक्नोलॉजी सक्षमता वाले लर्निंग मॉडल, स्कॉलरशिप सहायता और मापीय डिजिटल एजुकेशन प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षा तक बेरोकटोक पहुँच को मुमकिन बनाया गया है।

जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज का 33वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां, जादूगर करण रैना की प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

अवधनामा संवाददाता

कप्तानगंज, कुशीनगर। जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज का 33वां स्थापना दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों और क्षेत्रीय लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। समारोह के मुख्य अतिथि रामकोला के विधायक विनय प्रकाश गौड़, खड्डा के विधायक विवेकानंद पाण्डेय तथा हाटा के विधायक मोहन वर्मा रहे। इसके अलावा नगर पंचायत रामकोला के चेयरमैन प्रतिनिधि सतीश चौधरी, कप्तानगंज मंडल के भाजपा अध्यक्ष हरेराम गुप्त सहित कई प्रमुख लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, कुलगीत और देशभक्ति गीत की प्रस्तुति देकर वातावरण को भावविभोर कर दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत राजस्थानी लोकनृत्य, झांसी की रानी पर आधारित लघुनाटिका, शिव वंदना नृत्य सहित अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्रों ने भी शानदार गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इनमें तेज सिंह कुशवाहा, मानसी सिंह, आयुषी सिंह, देवानंद, निशा भारती और मोनिका अग्रहरी प्रमुख रहे। कार्यक्रम के दौरान जादूगर करण रैना ने अपनी जादू कला और गोरिल्ला डांस से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अपने संबोधन में विधायक विवेकानंद पाण्डेय ने कहा कि शिक्षण संस्थान किसी भी राष्ट्र की प्रगति की धुरी होते हैं। जब शिक्षक और विद्यार्थी समर्पण भाव से अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं, तभी देश विकास के मार्ग पर अग्रसर होता है। वहीं विधायक मोहन वर्मा ने भी शिक्षा और शिक्षकों की भूमिका को समाज निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। रामकोला के विधायक विनय प्रकाश गौड़ ने कहा कि पिछले 33 वर्षों में जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज ने संघर्ष और परिश्रम के बल पर क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीराम प्रसाद ने बताया कि इस संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर अनेक छात्र आज प्रशासनिक सेवा, न्यायपालिका, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, राजनीति, विज्ञान और कला सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश और समाज की सेवा कर रहे हैं।

कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

विशम्भर प्रसाद, राधेश्याम दीक्षित, चन्दन कुमार गोंड, नीरज तिवारी, उदयभान सिंह, जयराज सिंह, राजेश मिश्रा, सतीश चौधरी, आरके भट्ट, सीमा कसौधन, ज्ञानवर्धन, गोविन्द राव, आफताब आलम, संजय प्रताप सिंह, मुकेश सिंह, सुरजीत गौड़, वशिष्ठ दुबे, सुरेश चंद, पीएन पाण्डेय, लाल बहादुर मल्ल, आजाद प्रसाद, डॉ. सदानंद कुशवाहा, गोलू मिश्रा, रघुपति सिंह, दिनेश यादव, केके यादव, शिव प्रताप सिंह, नीरज कुमार, हरिश्चंद्र सिंह, सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता दीप्ति राय, रामदरस शर्मा, प्रेमनारायण पाण्डेय, अनुप सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

मोबाइल खोलेगा बालू सिंडिकेट का राज, कॉल डिटेल में छिपी करोड़ों की लूट

आईएसटीपी के खेल में राजस्व की लूट, पास के नाम पर सेटिंग से हर महीने करोड़ों की चोट

बिना ट्रांजिट पास ट्रकों की एंट्री ने खोली सिस्टम की पोल

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। बिहार सीमा से सटे कुशीनगर जिले में मोरंग और बालू के कथित अवैध कारोबार की असली पटकथा अब सड़कों पर नहीं, बल्कि मोबाइल फोन के भीतर छिपी बताई जा रही है। इलाके में चर्चा है कि यदि इस पूरे मामले में कथित इंट्री ऑपरेटरों, खनन विभाग के कुछ जिम्मेदार कर्मचारियों, चालक जितेंद्र, मुंशी सतीश और संबंधित थाना क्षेत्रों के पुलिसकर्मियों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), लोकेशन हिस्ट्री और मोबाइल चैट्स की निष्पक्ष जांच हो जाए, तो करोड़ों रुपये की राजस्व चोरी का पूरा ÷डिजिटल नेटवर्क÷ बेनकाब हो सकता है।

सूत्रों का दावा है कि बिना आईएसटीपी (इंटर स्टेट ट्रांजिट पास) के ट्रकों को यूपी सीमा में दाखिल कराने का खेल किसी साधारण अवैध धंधे की तरह नहीं, बल्कि एक संगठित नेटवर्क के जरिये संचालित होता है। बिहार सीमा से ट्रक निकलने से पहले ही मोबाइल फोन घनघनाने लगते हैं। किस रास्ते से ट्रक आएगी, किस चौकी पर कौन ड्यूटी में है, कहां चेकिंग सख्त है और किसे फोन कर ÷सेटिंग÷ करनी है – यह पूरा खेल मोबाइल नेटवर्क के जरिए संचालित होने की चर्चा है।

बॉर्डर पार कराने का 'डिजिटल कंट्रोल रूम'

जिले में चर्चा है कि बॉर्डर पर ट्रकों की एंट्री कराना किसी एक व्यक्ति के बस की बात नहीं है। इसके लिए एक पूरा चैन सिस्टम काम करता है। बताया जाता है कि ट्रक बिहार से निकलती है, सूचना बहादुरपुर बॉर्डर तक पहुंचती है और वहां से आगे के थाना क्षेत्रों में खबर भेजी जाती है। इसके बाद ÷क्लियरेंस÷ के हिसाब से ट्रकें जिले के अंदर आगे बढ़ती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार दिखावे के लिए कुछ ट्रकों को रोक लिया जाता है, लेकिन जिनकी ÷लाइन सेट÷ होती है, वे बिना आईएसटीपी के भी बेखौफ आगे बढ़ जाती हैं। यही वजह बताई जाती है कि जब बहादुरपुर चौकी पर सघन चेकिंग चल रही थी, तब भी ट्रकें तमकुहीराज, सेवरही और पटहेरवा क्षेत्र की सड़कों पर दौड़ती देखी गईं। अब सवाल उठ रहा है कि आखिर वह कौन-सा अदृश्य नेटवर्क था जो सीमा से लेकर अंदरूनी थाना क्षेत्रों तक ट्रकों को ग्रीन कॉरिडोर उपलब्ध करा रहा था।

कॉल डिटेल में छिपा करोड़ों का हिसाब

जानकारों का कहना है कि यदि जांच एजेंसियां सिर्फ पिछले एक महीने का मोबाइल डेटा खंगाल लें, तो कई बड़े खुलासे संभव हैं।कौन व्यक्ति किस समय किस अधिकारी या कर्मचारी के संपर्क में था, ट्रक पकड़ने से पहले और बाद में किन-किन नंबरों पर बातचीत हुई और आरोपी किन-किन स्थानों पर बार-बार मौजूद रहे यह सब कॉल डिटेल और लोकेशन मैपिंग से सामने आ सकता है। सूत्र बताते हैं कि मुकदमे में नामजद कुछ कथित इंट्री ऑपरेटरों की बातचीत नियमित रूप से विभागीय कर्मचारियों और कुछ थाना क्षेत्रों के जिम्मेदार लोगों से होने की चर्चा है। यदि यह तथ्य तकनीकी जांच में सही साबित हुए, तो मामला सिर्फ अवैध खनन का नहीं बल्कि संरक्षित राजस्व चोरी के बड़े नेटवर्क में बदल सकता है।

चर्चा में चालक और मुंशी की भूमिका

पूरे मामले में खनन विभाग के चालक जितेंद्र और मुंशी सतीश का नाम इलाके में सबसे ज्यादा चर्चा में है। आरोप है कि विभाग के अंदर और बाहर के लोगों के बीच संपर्क का बड़ा माध्यम यही दोनों बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि ट्रक कब निकलेगी, कहां रोकी जाएगी, किसे छोड़ना है और किसे पकड़ना है ऐसी सूचनाओं का आदान-प्रदान इन्हीं के जरिए होता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इन दोनों के मोबाइल फोन की फॉरेंसिक जांच हो जाए, तो पूरा खेल मिनट-दर-मिनट सामने आ सकता है।

मुकदमे के बाद भी सक्रिय रहे आरोपी?

सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जिन लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ, क्या वे मुकदमे के बाद भी पुलिस और विभागीय लोगों के संपर्क में थे? चर्चा है कि कुछ आरोपी मुकदमा दर्ज होने के बाद भी संबंधित थाना क्षेत्रों में खुलेआम घूमते और जिम्मेदार लोगों से मिलते देखे गए। यदि यह सही है तो सवाल यह भी उठता है कि क्या कार्रवाई सिर्फ दिखावे के लिए की गई है? क्या छोटे लोगों को पकड़कर असली नेटवर्क को बचाने की कोशिश हो रही है? ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि इन लोगों के मोबाइल लोकेशन और कॉल रिकॉर्ड की निष्पक्ष जांच हो।

एसपी के एक्शन के बाद सिस्टम में हलचल

तरया सुजान थानाध्यक्ष और बहादुरपुर चौकी प्रभारी के निलंबन के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। चर्चा है कि पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के सख्त तेवर के बाद अब खनन और पुलिस विभाग से जुड़े कुछ लोग अपने मोबाइल बदलने, चैट डिलीट करने और पुराने संपर्क मिटाने में जुट गए हैं। सूत्रों का कहना है कि यदि जांच एजेंसियों ने डिजिटल साक्ष्यों को गंभीरता से खंगाला, तो यह मामला सिर्फ अवैध ट्रक एंट्री तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पुलिस, खनन विभाग और कथित इंट्री नेटवर्क के बीच संबंधों की पूरी तस्वीर सामने आ सकती है। अब देखना दिलचस्प होगा कि कार्रवाई सिर्फ छोटी मछलियों तक सीमित रहती है या फिर मोबाइल डेटा के जरिए जांच एजेंसियां उन बड़े चेहरों तक पहुंचती हैं जिनके संरक्षण में यह करोड़ों का खेल चलता रहा।

क्या है आईएसटीपी

जानकार बताते हैं कि जब कोई खनिज पदार्थ जैसे बालू, मोरंग या गिट्टी एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाया जाता है, तो खनन विभाग द्वारा जारी इंटर स्टेट ट्रांजिट पास (आईएसटीपी) अनिवार्य होता है। यह पास यह सुनिश्चित करता है कि खनिज वैध रूप से खनन किया गया है और सरकार को मिलने वाली रॉयल्टी व टैक्स जमा किया गया है।

पेट्रोल-डीजल की किल्लत से परेशान लोगों ने किया जाम

अवधनामा संवाददाता

सिंदुरिया(महराजगंज)। सिंदुरिया थाना क्षेत्र के मिठौरा स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल की कमी के चलते बुधवार को लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हालात ऐसे रहे कि कई लोग सुबह से ही अपनी बारी के इंतजार में कतार में खड़े दिखाई दिए। बढ़ती भीड़ और अव्यवस्थित व्यवस्था के कारण मौके पर अफरातफरी की स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लंबी प्रतीक्षा और बढ़ती परेशानी के बीच कुछ लोगों ने नाराजगी जताते हुए सड़क पर चक्का जाम कर दिया। इस दौरान कतार में खड़े लोगों के बीच कहासुनी की स्थिति भी उत्पन्न हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को सामान्य कराया। डीजल की कमी का असर किसानों पर अधिक पड़ता दिख रहा है। किसानों का कहना है कि इस समय खेतों में सिंचाई और अन्य कृषि कार्य चल रहे हैं, ऐसे में डीजल की उपलब्धता प्रभावित होने से पेशानी बढ़ रही है। वहीं वाहन चालकों को भी आवश्यक कार्यों के लिए ईंधन की कमी का सामना करना पड़ रहा है। कड़ी धूप में लंबे समय तक लाइन में खड़े रहने से लोगों में नाराजगी देखी गई। स्थानीय लोगों सलाउद्दीन, शाकिर अली, नूर आलम, आर्यन और आकाश शर्मा ने संबंधित विभाग से समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है।

प्रधानमंत्री की अपील पर कुशीनगर में एक्शन, सोना-बुलियन खरीद से बचने की अपील

डीएम-एसपी ने सर्राफा व्यापारियों संग की उच्चस्तरीय बैठक

अवधनामा संवाददाता

कुशीनगर। देश की वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलियन और सोना खरीदने से बचने की अपील के बाद जनपद कुशीनगर में जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की अध्यक्षता में सर्राफा एवं बुलियन व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रधानमंत्री की अपील की जानकारी देते हुए व्यापारियों से अनावश्यक सोना-चांदी एवं बुलियन की खरीद-फरोख्त से बचने का आग्रह किया गया। अधिकारियों ने व्यापारियों को कानूनी पहलुओं से भी अवगत कराया और कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में राष्ट्रहित सर्वोपरि है। जिलाधिकारी ने कहा कि देश की आर्थिक मजबूती के लिए नागरिकों को अपनी छोटी-छोटी बचत को उत्पादक निवेशों की ओर मोड़ना चाहिए, जिससे राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके। प्रशासन ने सभी व्यापारियों से इस दिशा में सकारात्मक सहयोग देने की अपील की। बैठक में मौजूद सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने प्रधानमंत्री की अपील का समर्थन करते हुए जिला प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।प्रधानमंत्री की इस अपील का सम्मान करते हुए अनावश्यक बुलियन या सोना खरीदने से बचें और देश की आर्थिक मजबूती में अपना योगदान दें।

गोवंश तस्करी पर पुलिस का बड़ा शिकंजाः गैंगस्टर एक्ट में 8 लाख की महिंद्रा पिकअप जब्त

कुशीनगर। (अवधनामा ब्यूरो) जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पडरौना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब आठ रुपये कीमत की महिंद्रा पिकअप जब्त कर ली। पुलिस के अनुसार यह वाहन अवैध गतिविधियों से अर्जित धन से खरीदा गया था। पुलिस के अनुसार थाना तुर्कपट्टी में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 247/2025, धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट से संबंधित अभियुक्त संतोष कुमार यादव पुत्र रामबालक यादव, निवासी डार थाना भेजा, जिला मधुबनी (बिहार) द्वारा गोवंशीय पशुओं की तस्करी कर अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति से खरीदे गए महिंद्रा पिकअप वाहन संख्या BR07GC2218 को धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत जब्त कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि जब्त किए गए वाहन की अनुमानित कीमत 8,08,800 रुपये है।

युवती को भगा ले जाने का आरोप

मुंशीगंज (अमेठी)। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और घर से नकदी व जेवरात चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार तड़के करीब चार बजे उनकी 20 वर्षीय पुत्री घर से गायब मिली। आरोप है कि धम्मौर थाना क्षेत्र के कोईं का पुरवा निवासी एक युवक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। महिला का कहना है कि घर से सोने-चांदी के जेवरात व करीब 50 हजार रुपये नकद भी गायब हैं। काफी खोजबीन के बाद बेटी का पता न चलने पर पुलिस को सूचना दी गई। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

जिम्मेदार नागरिक के रूप में पालन करे शासन से आने वाली अपील और गाइडलाइन काः जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के दृष्टिगत माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा देश के नागरिकों से बुलियन/सोना की अनावश्यक खरीद से बचने एवं आर्थिक संतुलन बनाए रखने की अपील के क्रम में जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों, व्यापार मंडल एवं सर्राफा व्यापारियों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों का प्रभाव विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्था एवं बाजार व्यवस्था पर पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में केंद्र सरकार द्वारा आमजन से संयमित व्यवहार अपनाने तथा अनावश्यक रूप से बुलियन एवं सोना की खरीदारी से बचने की अपील की गई है, ताकि बाजार में अनावश्यक दबाव उत्पन्न न हो तथा आर्थिक संतुलन बना रहे। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सर्राफा बाजार के प्रतिनिधिगणों की समस्याओं को एक-एक करके सुना। उन्होने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही की जायेंगी। कोविड काल के दौरान समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए आवश्यक इंतजाम किये गये थे। इस काल के दौरान व्यापार भी काफी प्रभावित हुआ था। आपातकालीन के इस दौर में सर्राफा से संबंधित व्यक्तियों ने सहयोग दिया था। सरकार ने वैक्शीनेसन, आक्सीजन सिलेण्डर सहित अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से किया। उन्होने टैरिफ नीति 2025 पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बुरा वक्त आता है और चला जाता है। कहा कि इस वक्त जो अपील की जा रही है, या जो गाइडलाइन शासन से आये, उसे हम सब को जिम्मेदार नागरिक के रूप में पालन करना चाहिए। सरकार समस्या का समाधान लायेंगी। उन्होने फारेक्श रिजंव के उतार चढाव पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होने स्वर्ण व्यवसायियो से कहा कि सीएम उद्यमी योजना के तहत 05 लाख रूपये तक का लोन दिया जाता है, आपलोग अन्य कोई व्यवसाय करना चाहते है तो इस योजना के तहत लोन प्राप्त कर सकते है। पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने कहा कि समस्याओं को नोट कर लिया गया है, जो अपील हुयी है उसका पालन करें। बस्ती जिले का हमेशा सहयोग रहा है। उन्होने कहा कि आर्थिक मन्दी आती है तो हम सब को इसके लिए तैयार रहना होंगा। बैठक में सर्राफा व्यापारियों ने सुरक्षा के दृष्टिगत समस्याओं को अवगत कराया। इस पर उन्होने पुलिस विभाग इस कार्य के लिए हमेशा तत्पर है। इसके लिए सभी चौकी इंचार्ज को निर्देशित कर दिया जायेंगा। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान, उपायुक्त वाणिज्यकर प्रभाकर सरोज, उपायुक्त प्रशासन राज्यकर उपेन्द्र यादव, जिलाध्यक्ष सर्राफा कुन्दन वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार संगठन जगदीश अग्रहरि, विश्वनाथ वर्मा सहित सर्राफा प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

21 22 23 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में किया जाएगा विशेष लोक अदालत का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के निर्देशन में सम्पूर्ण भारतवर्ष में सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित वादों को सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारित कराने के संबंध में 21 अप्रैल, 2026 को समाधान समारोह, 2026 का शुभारम्भ किया गया है तथा उक्त अभियान आगामी 21, 22 तथा 23 अगस्त, 2026 को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ सम्पन्न होगा। उक्त जानकारी सचिव (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र कुमार-प्रथम ने दी है।

उन्होने बताया कि न्याय को सरल एवं सुलभ तरीके से घर-घर तक पहुंचाने तथा आपसी सहभागिता और सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह, 2026 का आयोजन 21 अप्रैल, 2026 से आरम्भ किया गया है जिसकी परिणति 21, 22 तथा 23 अगस्त, 2026 को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगी।

उन्होने बताया कि विशेष लोक अदालत का आयोजन माननीय सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 तथा 23 अगस्त को होगा जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलो को शामिल किया जायेगा । विशेष लोक अदालत से पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य/जिला/तालुका/ उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकार/समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जायेगा। इस सुलह वार्ता का आयोजन 21 अप्रैल 2026 को समाधान समारोह के आरम्भ के साथ शुरु हो चुका है ।

उन्होने बताया कि इस समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) के आयोजन का लक्ष्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का सुलह एवं आपसी सहमति से निष्पादन करना है। उन्होने बताया कि

रोजगार मेला 23 को

अमेठी। जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अमेठी के संयुक्त तत्वाधान में 23 मई 2026 को एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला पूर्वान्ह 9ः30 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अमेठी में आयोजित होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां एल एंड टी वेलस्पन टाटा मोटर एवं एसआईएस सिक्योरिटी गार्ड कंपनी प्रतिभाग करेंगी। मेले के माध्यम से विभिन्न पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में 10वीं 12वीं स्नातक आईटीआई उत्तीर्ण तथा अन्य तकनीकी योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर अपनी यूजर आईडी के माध्यम से अपनी योग्यता के अनुरूप संबंधित कंपनियों में आवेदन कर सकते हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी फोटो एवं बायोडाटा के साथ समय से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अमेठी में उपस्थित होकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि रोजगार मेले में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी में जुटे कांग्रेसी

अमेठी। राहुल गांधी के आगमन की खबर से उत्साहित कांग्रेसी युद्धस्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी में जुटे हैं।गौरीगंज बाईपास मोड पूरे तेजी मिश्रौली मॉडल स्कूल के सामने 20 मई को कांग्रेसियों का जमावड़ा होगा। कार्यकर्ताओं को एक लम्बे अर्से बाद राहुल गांधी संबोधित करेंगे।पार्टी के जिला प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि 20 मई को आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियाँ पूरे उत्साह और संगठित तरीके से आगे बढ़ रही हैं।जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल के नेतृत्व में कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देते हुए व्यापक तैयारी की जा रही है।

बिना मान्यता संचालित दो विद्यालयों पर कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। विकास खंड गौरीगंज क्षेत्र में बिना मान्यता संचालित शिक्षण संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी गौरीगंज अर्जुन सिंह एवं नायब तहसीलदार गौरीगंज अनुश्री त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से दो शिक्षण संस्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान दोनों संस्थान बिना मान्यता संचालित पाए जाने पर उन्हें बंद कराते हुए कक्षा-कक्षों में ताला लगवा दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने बताया कि जी0पी0एल0 पब्लिक स्कूल धारूपुर विकास खंड गौरीगंज की जांच के दौरान विद्यालय बिना मान्यता संचालित पाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जगदीश प्रसाद ने बताया कि विद्यालय में यूकेजी से कक्षा 08 तक कुल 59 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। जांच के दौरान ग्राम पूरे सरनाम असुरा के कुल 08 छात्र-छात्राएं उपस्थित पाए गए। बच्चों के शैक्षिक हित को देखते हुए संबंधित विद्यार्थियों का आयु संगत कक्षाओं में नामांकन सुनिश्चित कराने के लिए प्राथमिक विद्यालय असुरा एवं कंपोजिट विद्यालय धारूपुर के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया। विद्यालय बंद कराते समय प्रशांत कुमार त्रिपाठी प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय असुरा एवं रविकांत त्रिपाठी इंचार्ज प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय धारूपुर मौजूद रहे। विद्यालय संचालक को भविष्य में बिना मान्यता विद्यालय संचालन न करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में मदरसा सैय्यदना इमाम हसन इस्लाम नगर असुरा का भी निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान मदरसा बिना मान्यता संचालित पाया गया। मदरसा में एलकेजी से कक्षा 09 तक कुल 183 छात्र-छात्राएं उपस्थित मिलीं। मदरसा के प्रधानाध्यापक मो0 अन्सार द्वारा बताया गया कि संस्था का पंजीकरण रजिस्ट्रार कार्यालय में है लेकिन मदरसा की मान्यता अभी प्राप्त नहीं हुई है। विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित न हो इसके लिए बच्चों का नामांकन आयु संगत कक्षाओं में प्राथमिक विद्यालय असुरा एवं कंपोजिट विद्यालय धारूपुर में कराने हेतु निर्देश दिए गए। खंड शिक्षा अधिकारी गौरीगंज ने बताया कि जांच के उपरांत दोनों अमान्य संस्थानों के कक्षा-कक्षों में ताला लगवाकर उन्हें बंद करा दिया गया है। साथ ही संबंधित संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में बिना मान्यता किसी भी विद्यालय अथवा मदरसे का संचालन न किया जाए।

भाजपा जिला प्रशिक्षण वर्ग की ऐतिहासिक सफलता पर कोर कमेटी एवं समीक्षा बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी, बस्ती द्वारा आयोजित 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग' के सफल एवं अनुशासित समापन के उपरांत विक्रमजोत स्थित अवधेश सिंह होटल के सभागार में कोर कमेटी एवं प्रशिक्षण वर्ग संचालन व व्यवस्था समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने की, जबकि वर्ग प्रभारी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेन्द्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं, संगठनात्मक गतिविधियों तथा आगामी अभियानों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि जिला प्रशिक्षण वर्ग की सफलता सभी समितियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के समर्पण, अनुशासन और सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ताओं की निष्ठा और वैचारिक प्रतिबद्धता से मजबूत होता है तथा प्रशिक्षण वर्ग इसी दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से कार्यकर्ताओं को वैचारिक, सामाजिक और संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त बनाया गया है, जिससे वे सरकार की योजनाओं एवं पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचा सकें।

डीएम ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार को जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट सड़क सुधार कार्यों तथा यातायात नियमों के कड़ाई से अनुपालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर साइन बोर्ड स्पीड ब्रेकर रोड पैच सुधार रिफ्लेक्टर एवं रोड मार्किंग के कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएं तथा जहां कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनका भौतिक सत्यापन भी सुनिश्चित किया जाए।बैठक में स्कूली वाहनों एवं बसों की नियमित जांच फिटनेस एवं आवश्यक दस्तावेजों की जांच तथा 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने ड्रिंक एंड ड्राइव बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सड़क किनारे उगी झाड़ियों की कटाई टोल प्लाजा पर कांटा क्रेन कटर व एम्बुलेंस की उपलब्धता तथा प्रमुख चौराहों पर प्रकाश व्यवस्था संकेतक एवं चेतावनी बोर्ड दुरुस्त रखने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि चालान एवं जुर्माना की कार्रवाई प्रभावी ढंग से की जाए साथ ही जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह अधिशासी अभियंता निर्माण खंड रमेश चंद्र एआरटीओ जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी बीएसए संजय तिवारी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

लू चलने की मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

अवधनामा संवाददाता

- मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी के साथ की वर्चुअल बैठक
- हीट वेव से बचाव व तैयारी के सम्बन्ध में दिये दिशा निर्देश

बहराइच। मौसम विभाग, लखनऊ द्वारा आगामी सप्ताह 18 से 24 मई 2026 तक जनपद में दिन के समय कुछ स्थानो पर उष्ण लहर से भयंकर उष्ण लहर (तीव्र लू) चलने की सम्भावना के सम्बन्ध में जारी की गई चेतावनी के दृष्टिगत आयुक्त देवापाटन मण्डल दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के साथ वर्चुअल बैठक करते हुए हीट वेव से बचाव व तैयारी के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये गए हैं।

वर्चअल बैठक में प्राप्त दिशा निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा शिक्षा विभाग को विद्यालयों को बन्द करने व स्कूलों के समय में परिवर्तन हेतु निर्देशित किया गया है। आमजनमानस, चरिंद व परिंद को राहत पहुंचायें जाने के उद्देश्य से ड्रेनेज, नलकूप, वन व पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया गया है कि ग्राम पंचायतों के माध्यम से सभी अमृत सरोवरों व जल स्रोतों को भरवाना सुनिश्चित करें ताकि आमजन तथा मवेशियों को गर्मी के दौरान पानी की दिक्कत न हो। सिंचाई विभाग को निर्देश दिया गया है कि रोस्टर के अनुसार नहरों के संचालन के साथ यह भी सुनिश्चित करें कि पानी नहरों की टेल तक अवश्य पहुँचे।

डीएम ने नगर निकाय, पंचायती राज व जल निगम को निर्देश दिया है कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत हैण्डपम्पों को क्रियाशील रखा जाय। इसी सन्दर्भ में नलकूप विभाग को निर्देशित किया गया है कि शुष्क मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सभी राजकीय नलकूपों को क्रियाशील रखा जाय। यांत्रिक एवं विद्युत दोष से बन्द नलकूपों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित कराया जाय तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि छोटी-मोटी फाल्ट से नलकूप बन्द न होने पाएं। सभी कार्यालयाध्यक्षों को ऑफिस में शीतल पेयजल के लिए प्राकृतिक फ्रिज़ मटके की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं जिससे कार्यालय आने वाले बच्चे, वृद्धजन व अस्वस्थ व्यक्ति हीटवेव से प्रभावित न होने पाये। ग्रीष्म ऋतु को मद्देनज़र रखते हुए डीएम ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि खराब ट्रांसफामर्स को तत्काल ठीक करा दें तथा जिन स्थानों पर ओवर लोडिंग के कारण कोई समस्या हो वहाँ पर उचित बन्दोबस्त कर दिये जाएं। पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जनपद में संचालित समस्त गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों हेतु हरे चारे, पानी, छांव, भूसे, उपचार की माकूल व्यवस्था के साथ-साथ आवश्यकतानुसार पंखों की व्यवस्था भी करायी जाय। डीएम ने बीडीओ व सीवीओ को निर्देश दिया कि संरक्षित गोवंश किसी भी दशा में धूप में न रहने पायें। डीएम ने कहा कि गर्मी के मौसम में पशु चिकित्साधिकारी नियमित रूप से आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर पशुओं के स्वास्थ्य पर दृष्टि बनाये रखें। डीएम द्वारा स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया है कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए सभी आवश्यक दवाओं के प्रबन्ध के साथ-साथ सभी पीएचसी व सीएचसी पर आवश्यक स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाय। सीएमओ को निर्देश दिया गया कि आमजनमानस द्वारा अपनायी जाने वाली सावधानियों इत्यादि के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये तथा एडवाईज़री भी जारी कर दें ताकि लोगों को इस बात की जानकारी रहे कि लू व गर्मी का प्रकोप होने पर उन्हें क्या करना है और क्या नहीं करना है। डीएम ने समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया है कि कार्यस्थलों पर श्रमिकों इत्यादि के लिए स्वच्छ पेयजल का उपयुक्त प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाय। डीएम श्री त्रिपाठी ने जनपदवासियों से भी अपील की है कि मौसम को देखते हुए स्वयं अपना व परिजनों का ख्याल अवश्य रखें तथा अपने घरों की छतों पर अपनी सामर्थ्य के अनुसार दाने व पानी का प्रबन्ध अवश्य करें जिससे घर आये मेहमान पक्षियों को गर्मी में असुविधा न हो।

कपड़ों की दुकानों के पीछे छिपा वाटर कूलर बना शोपीस

सुलतानपुर। भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच जहां राहगीर पानी की एक-एक बूंद के लिए परेशान हैं, वहीं नगर क्षेत्र में जनता की सुविधा के नाम पर लगाए गए सरकारी प्याऊ बदहाली का शिकार बने हुए हैं। ताजा मामला कोतवाली नगर सुलतानपुर के ठीक सामने और तहसील मुख्य गेट के बगल का है, जहां लोगों की प्यास बुझाने के लिए लगाया गया वाटर कूलर अब कपड़ों की अस्थायी दुकानों के पीछे पूरी तरह छिप चुका है।

हालत यह है कि दूर-दराज से तहसील और कोतवाली आने वाले लोग प्याऊ तक पहुंच ही नहीं पा रहे हैं और मजबूरन बोतलबंद पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि चिलचिलाती गर्मी में जहां दो कदम चलना मुश्किल हो रहा है, वहीं सरकारी धन से लगाए गए प्याऊ यदि सही तरीके से संचालित हों तो आम जनता को काफी राहत मिल सकती है। लेकिन जिम्मेदार विभागों की अनदेखी और उदासीनता के चलते यह सुविधा सिर्फ नाम मात्र बनकर रह गई है।

जयवीर सिंह ने फिरोजाबाद में 872.08 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार के यशस्वी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के मुख्य आतिथ्य में आज जनपद फिरोजाबाद की तहसील जसराना के पाढ़म स्थित ऐतिहासिक परीक्षित कुण्ड प्रांगण में एक भव्य लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र के धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के कायाकल्प के लिए कुल 872.08 लाख रुपये (8.72 करोड़ रुपये) की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात दी गई। प्रमुख परियोजनाओं का लोकार्पणः कार्यक्रम के दौरान मंत्री द्वारा कुल 621.40 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हो चुके विकास कार्यों का विधि-विधान से लोकार्पण किया गया, जिसमें मुख्य रूप से निम्नलिखित कार्य शामिल हैं। परीक्षित कुण्ड, पाढ़म (लागतः 432.04 लाख रुपये): जसराना तहसील के अंतर्गत पाढ़म स्थित इस पौराणिक और ऐतिहासिक कुण्ड के पर्यटन विकास एवं सौंदर्गीकरण कार्यों का लोकार्पण किया गया। रामलीला मैदान, खेरिया (लागतः 189.36 लाख रुपये), यहाँ खेल, सांस्कृतिक व सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बाउंड्रीवॉल (चारदीवारी) निर्माण एवं अन्य आवश्यक विकास कार्यों का लोकार्पण संपन्न हुआ। क्षेत्रीय पर्यटन और जन-आस्था के केंद्रों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंत्री द्वारा 250.68 लाख रुपये की लागत वाली नई परियोजनाओं का शिलान्यास (भूमि पूजन) भी किया गया। बड़े जखईया महाराज मंदिर, जसरानाः इस प्रसिद्ध और आस्था के बड़े केंद्र के पर्यटन विकास एवं व्यापक सौंदर्याकरण कार्यों का शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही जसराना तहसील के अंतर्गत विभिन्न अन्य चिन्हित स्थानों पर भी पर्यटन विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री पूज्य योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पर्यटन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मंत्री परीक्षित कुंड प्रांगण पाढम, रामलीला मैदान खेरिया का लोकार्पण, बड़े जखइया महाराज मंदिर, चकलेश्वर महादेव मंदिर पैठत, जखइया महाराज मंदिर जसराना, मां कामाख्या मंदिर जसराना का शिलान्यास करेंगे।

एनएचएम संविदा कर्मचारियों का प्रदर्शन

- दो माह का वेतन न मिलने पर 21 मई से नो पे-नो वर्क की चेतावनी

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। पूरे उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। पिछले दो महीनों (मार्च और अप्रैल 2026) से मानदेय न मिलने से नाराज कर्मचारियों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 20 मई तक उनका बकाया मानदेय नहीं चुकाया गया, तो 21 मई से नो पे-नो वर्क की नीति अपनाते हुए पूर्ण कार्य बहिष्कार करेंगे। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ ने सुल्तानपुर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और प्रशासन को एक पत्र सौंपा। इस पत्र में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि 20 मई तक लंबित मानदेय का भुगतान नहीं किया गया, तो जिले के सभी कर्मचारी 21 मई से पूर्ण कार्य बहिष्कार पर चले जाएंगे। कर्मचारियों का कहना है कि नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है, जिससे बच्चों की स्कूल फीस, किताबों और दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उनके पास पैसे नहीं हैं। इस स्थिति ने उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। प्रांतीय संगठन के निर्देशानुसार, 18, 19 और 20 मई को प्रदेश भर के सभी एनएचएम संविदा कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन दर्ज करा रहे हैं। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि 20 मई तक दो महीने का मानदेय नहीं मिला, तो 21 मई से पूरी तरह से कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया जाएगा। हालांकि जनहित को ध्यान में रखते हुए आपातकालीन सेवाएं सुचारू रूप से संचालित रहेंगी। डॉ. आकर्ष शुक्ला ने मीडिया से बातचीत में बताया कि जिले के एनएचएम कर्मचारियों का वेतन लंबित है।

पोल ना खुले इसलिए सगे भाई की कर दी भाई ने हत्या

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपद में सोमवार को पुलिस ने एक ऐसे मामले का खुलासा किया है जिसमें पोल पट्टी ना खुले इसके लिए सगे भाई ने सगे भाई की हत्या कर दी पूरा मामला थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र का है जहां 14 मई को हरदोई जनपद के हैदरपुर निवासी पप्पू पुत्र परागू का शाहजहांपुर जनपद के डींगुरपुर गांव में मरघट के पास शव बरामद हुआ था जिसके सर पर गंभीर चोट थी और पास में खून से सना हुआ एक डंडा पड़ा था दूसरे दिन इस मामले में मृतक के पुत्र रानू ने थाना सेहरामऊ दक्षिणी थाने पर गांव के ही नरेश के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही थी इसी बीच मृतक के भाई का भी नाम सामने आया पूंछताछ में एक बड़ा खुलासा हुआ है।

पूछताछ करने पर अभियुक्त मृतक के सगे भाई ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि मृतक पप्पू उसका सगा भाई था तथा उसकी उससे कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं थी। अभियुक्त ने बताया कि लगभग चार वर्ष पूर्व उसके भाई पप्पू का पुत्र रानू, जो बड़े वाहनों का चालक है और विभिन्न शहरों में आना-जाना करता रहता है, की पहचान हरिद्वार स्थित एक मैरिज लॉन में कार्य करने वाली काजल एवं उसके परिवार से हुई थी। रानू काजल को पसंद करता था तथा बाद में काजल व उसकी माता कलावती को अपने गांव हैदरपुर लेकर आया था, जहां रानू ने काजल से विवाह कर लिया था। इसी दौरान काजल की माता कलावती, जो अपने पूर्व पति से परेशान थी, ने अभियुक्त आनन्द उर्फ जानकी से विवाह कर लिया था। कुछ समय पश्चात रानू की पत्नी काजल उसे छोड़कर अपने पिता के साथ चली गई। इसी बीच कलावती और रानू के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। जब-जब रानू ड्राइविंग हेतु बाहर जाता था, उस दौरान कलावती अभियुक्त से भी बातचीत करती थी। इस संबंध की जानकारी अभियुक्त के भाई पप्पू को हो गई थी, जिसके बाद वह अभियुक्त को अक्सर धमकी देता था कि वह उक्त बात रानू को बता देगा। अभियुक्त ने बताया कि दिनांक 14.05.2026 को सायंकाल गांव के निवासी मनोज द्वारा उसे सूचना मिली कि उसका भाई पप्पू ग्राम डींगुरपुर स्थित मरघट के पास कच्चे रास्ते पर शराब के नशे में पड़ा हुआ है। इस पर अभियुक्त मौके पर पहुंचा और पप्पू को उठाकर घर ले जाने का प्रयास किया, किन्तु पप्पू घर चलने के बजाय अभियुक्त एवं कलावती के संबंधों के बारे में जोर-जोर से चिल्लाने लगा। इसी बात से क्रोधित होकर अभियुक्त ने पास के खेत में पड़ा एक डंडा उठाकर पप्पू के सिर पर मार दिया। अभियुक्त ने बताया कि वह स्वयं भी नशे की हालत में था और गुस्से में उसने उक्त वार कर दिया, जिससे पप्पू के सिर से खून बहने लगा। घटना के बाद अभियुक्त घबरा गया और घटना में प्रयुक्त डंडे को मरघट के पास झाड़ियों में छिपाकर वहां से गौशाला में जाकर सो गया। अगले दिन जब उसे अपने भाई की मृत्यु की जानकारी हुई तो वह डर गया और अपने भतीजे रानू के माध्यम से पड़ोसी नरेश के विरुद्ध झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया। अभियुक्त ने बताया कि नरेश ने भी उसे एवं कलावती को साथ देखा था तथा उसे भय था कि नरेश यह बात रानू को बता सकता है, इसलिए स्वयं को बचाने एवं नरेश को झूठे मुकदमे में फंसाने के उद्देश्य से उसका नाम मुकदमे में लिखवाया गया। फिलहाल पुलिस ने इस कबूलनामें के साथ मृतक के सगे भाई को अदालत में पेश करते हुए जेल भेज दिया है।

महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का सीडीओ ने किया निरीक्षण

बहराइच (अवधनामा संवाददाता) महाराजा सुहेलदेव जी के विजय उत्सव के अवसर पर विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल पर 23 व 24 मई 2026 को आयोजित होने वाले विजय उत्सव कार्यक्रम के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, जिला विकास अधिकारी राजकुमार, डीपीआरओ चन्द्रभान सिंह, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी मनीष कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने मंच स्थल, स्टाल व वीआईपी गैलरी, पार्किंग, आवागमन के रास्ते तथा कार्यक्रम में लगने वाले विभिन्न स्टालों के लिए ब्लाकवार ले-आउट प्लान तैयार करने के निर्देश दिये। सीडीओ ने सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल की व्यापक स्तर पर साफ-सफाई कराये जाने के भी निर्देश दिये।

6 प्रगणक सम्मानित

फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता) आज तहसील शिकोहाबाद में जिन 6 प्रगणकों ने अपनी भ्स्ठ में शत प्रतिशत स्व गणना कर ली है उन्हें नायब तहसीलदार नितिन चौधरी द्वारा सम्मानित किया गया। आज तहसील शिकोहाबाद में जनगणना 2027 के प्रथम चरण से पूर्व अपने निर्धारित मकान सूची करण ब्लॉक में शत प्रतिशत स्व गणना कराने वाले 6 प्रगणकों को नायब तहसीलदार द्वारा सम्मानित किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि यदि आम आदमी स्वगणना करेंगे तो जनमानस का शासन के कार्य में जन भागीदारी बढ़ेगी।

किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू किसान ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

टूंडला (अवधनामा संवाददाता) सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (किसान) के तत्वाधान में प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज धाकरे के नेतृत्व में किसानों ने उप जिलाधिकारी कार्यालय, तहसील टूंडला पहुंचकर विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों को प्रतिदिन 18 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, प्रीपेड स्मार्ट मीटरों को हटाने तथा यूरिया खाद सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। इस दौरान राष्ट्रीय महामंत्री गजेन्द्र पाल सिंह, अंकुश धाकरे, जितेन्द्र सिंह, अमन ठाकुर, योगेंद्र ठाकुर सहित अन्य किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कीटनाशक दवाएं चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

टूंडला (अवधनामा संवाददाता) थाना नारखी पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान कृषि कीटनाशक दवाएं चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में अवनीश उर्फ रामू, सुमित व करन शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 20 पैकेट सुपर ब्लैक गोल्ड सॉल्यूबल ह्यूमिक एसिड, 5 पैकेट ट्राइको डर्मा हरजियानम, 6 पैकेट एट्राजीन डब्ल्यूपी हर्बी साइड तथा 20 बोतल इमिडाक्लोप्रिड दवा बरामद की। साथ ही घटना में प्रयुक्त पैशन प्रो मोटरसाइकिल और दो चाबियां भी बरामद की गई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जलेसर रोड गढ़ी उदी मोड़ से गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर थाना नारखी में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है,जहां आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

महंगाई के विरोध में सिलेंडर और बर्तन लेकर रोड पर निकले कांग्रेसी

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपद में सोमवार को कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता खाली सिलेंडर और बर्तन लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने थाली बजाते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की व कलेक्ट्रेट का घेराव किया इस दौरान कांग्रेस पार्टी के शाहजहांपुर जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता साइकिल पर खाली सिलेंडर, खाली पीपियां और हाथों में खाली बर्तन-थाली बजाते हुए कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन से निकले। यह जुलूस नगर निगम, सदर बाजार, खिरनीबाग होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां जोरदार प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार देश के सामने अकारण ही भय का माहौल पैदा कर रही है, जबकि प्रधानमंत्री खुद विदेश यात्राओं में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा यदि कोई आर्थिक संकट है, तो वह पांच राज्यों के चुनाव के तुरंत बाद ही क्यों दिखा इससे पहले प्रधानमंत्री कहां थे इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन सिंह, पीसीसी सदस्य कृष्ण विनोद मिश्रा, महानगर उपाध्यक्ष अदीब अहमद, कांग्रेस नेता फैजान अली खान, अनस इक़बाल, नौशाद कुरैशी, पार्षद तालिब खान, अब्दुल सत्तार लाले, रामजी अवस्थी, रफी उल हसन, सईद अंसारी, फुरकान अहमद कुरैशी, अनिल श्रीवास्तव, गौरव त्रिपाठी, रहीम दाद खान, नूरे सहर बी, संजय सक्सेना, सुशील प्रकाश शर्मा, हारून इदरीसी, इक़बाल अंसारी, अखलेश पाल, इक़रार अहमद, डॉक्टर जाने आलम, अच्छन खान, हम्माद खान, संतोष गुप्ता, शाश्वत मिश्रा, मोहसिन खान, परवेज अहमद और राहिल अंसारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे

सुरक्षा इंतजामों का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त रखने और आमजन को सुरक्षित माहौल देने के लिए पुलिस अधीक्षक चारू निगम देर रात अचानक सड़कों पर उतर आई। आधी रात में उन्होंने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पहुंचकर डायल 112 की कार्यप्रणाली, पुलिसकर्मियों की सतर्कता और सुरक्षा इंतजामों का औचक निरीक्षण किया। एसपी के अचानक निरीक्षण से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। चारू निगम ने मौके पर पहुंचकर डायल 112 वाहनों की स्थिति, पुलिस कर्मियों की मौजूदगी और घटनाओं पर रिस्पॉन्स टाइम की बारीकी से जांच की। उन्होंने पुलिसकर्मियों से पूछा कि सूचना मिलने के कितने समय के भीतर टीम घटनास्थल तक पहुंचती है। निरीक्षण के दौरान कई जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए गए। जब पूरा शहर गहरी नींद में था, तब पुलिस कप्तान खुद सड़क पर रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रही थीं। उनका साफ संदेश था कि जनता की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बेहतर पुलिसिंग और सख्त प्रशासनिक कार्यशैली के लिए चर्चित चारू निगम का यही अंदाज अब सुल्तानपुर में भी दिखाई देने लगा है। आम लोगों के बीच उनकी सक्रियता और निगरानी की चर्चा जोरों पर है। लोगों का कहना है कि कप्तान की लगातार मॉनिटरिंग से पुलिस व्यवस्था पहले से ज्यादा सक्रिय नजर आ रही है।

सपा प्रवक्ता भाटी के बिगड़े बोल पर ब्राह्मणों में उबाल, कुड़वार में फूंका पुतला

सुल्तानपुर। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राज कुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में सोमवार को जिले के कुड़वार कस्बे में परशुराम युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला संयोजक उदय प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सपा प्रवक्ता का पुतला फूंककर विरोध जताया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन कुड़वार थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव को सौंपते हुए मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान जिला संयोजक उदय प्रकाश मिश्रा ने कहा कि किसी भी समाज के सम्मान के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली है और समाज की भावनाओं को आहत करती है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान रमेश तिवारी, श्रवण कुमार मिश्रा, अनंत भूषण पांडेय, गिरीश मिश्रा, धर्मेंद्र तिवारी, विजय तिवारी, सनी दूबे, घनश्याम पांडेय, हरीश शर्मा, सोनू उपाध्याय, सचिन पांडेय, सुधीर सिंह, अनिल चौहान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

त्यौहारों को लेकर फिरोजाबाद में पीस कमेटी की हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता

- सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाईः डीएम
- त्यौहारों पर नई परंपरा नहीं, पुरानी व्यवस्था का पालन करें
- बकरीद और शोभायात्राओं को लेकर प्रशासन अलर्ट

फिरोजाबाद। आगामी त्यौहारों (परशुराम शोभा यात्रा, बकरीद, अहिल्याबाई शोभा जयंती यात्रा, गंगा दशहरा आदि) शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला शांति समिति (पीस कमेटी) की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुख्य रूप से उपस्थित रहें, इसके अतिरिक्त बैठक में एस पी सिटी रविशंकर प्रसाद, एस पी ग्रामीण अनुज चौधरी, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 कल्पना जयसवाल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविन्द द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहन लाल गुप्ता सभी उप जिलाधिकारी, सभी क्षेत्राधिकारी, विभिन्न धर्मों के धर्म गुरू और क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहें। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा जिला आपसी भाईचारें की मिशाल है, जहां हिन्दू और मुस्लिम सभी समुदाय के लोग अपने-अपने त्यौहार मिलजुलकर मनाते है। उन्होने विशेष जोर देते हुए कहा कि त्यौहारों के दौरान किसी नई या अपरम्परागत प्रथा की शुरूआत न की जाए, केवल पूर्व से चली आ रही परम्पराओं का ही पालन किया जाए, उन्होने नागरिको को आस्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासन 24'7 घण्टे जनता की सेवा में तत्पर है, त्यौहारों के दौरान बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं में कोई कमी नही आने दी जाएगी। जिलाधिकारी ने इस दौरान स्पष्ट चेतावनी दी की किसी भी प्रकार की अराजकता या असामाजिक गतिविधियों को बर्दाश्त नही किया जाएगा और माहौल बिगाडने वालों के खिलाफ कडी से कडी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी धर्मगुरूओं से अपील कि की वह अपने-अपने क्षेत्रों के नवयुवकों का काउन्सिलिंग करें और उन्हे समझाये की त्यौहारों को संयम और पवित्रता के साथ मनाऐं, क्योंकि त्यौहार खुशियां बांटने और एकता संदेश देने के लिए होते है, अतः ऐसा कोई भी कृत्य न करें, जिससे खुशियों में बाधा उत्पन्न हो, जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्यौहारों के दौरान निर्बाध और अधिकतम बिजली आपूर्ति की जाए, जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पानी के पीने की निरंतर सप्लाई बनी रहें, जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया की ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए, जबकि सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने नगर पंचायतों में त्यौहारों के अवसर पर स्वच्छता का विशेष ध्यान दें, क्योंकि त्यौहार की सबसे बडी खुबसूरती स्वच्छता ही है। 'त्यौहारों के दौरान जिलें में एक विशेष कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा, जो हर गतिविधि पर नजर रखेगा और किसी भी समस्या का तत्काल समाधान करेंगा।' सभी उप जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में संयुक्त रूप से भ्रमण करेंगे, साथ ही सभी थानों पर पीस कमेटी की बैठक की जाए, घाटों पर बैरिकेटिंग इत्यादि करायी और आपदा मित्रों की डयूटी घाटों पर लगायी जाए और नदीयों में नाव और नाविक दोनो विद्यमान रहेंगे, जिससे किसी आपद् स्थिति से बचा जा सकें। बैठक के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने कहा कि इस बैठक में तय की गयी बातों और निर्देशों को अपने करीबियों को पहुंचाए, साथ ही उन्होने सभी मुस्लिम धर्मगुरूओं और संभ्रांत नागरिको से अपील कि की नमाज केवल परिसर के अंदर ही अदा की जाए, सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी न की जाए और न ही इसका सोशल मीडीया पर कोई लाइव प्रसारण या फोटो वीडियो शेयर की जाए, प्रतिबन्धित पशुओं की कुर्बानी किसी भी स्थिति में नही होनी चाहिए।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम RAKHSHI MAHTAR था जिसको बदलकर RAKHSHI MAHTAB रख लिया है अब मुझे RAKHSHI MAHTAB नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाय। रख्शी महताब C/O सैजाद हुसैन, गांव-शास्त्री नगर पोस्ट-दिलदार नगर, जनपद-गाजीपुर।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं.	106-टेली/टेंडर/05/2026-27
कार्य का नाम	उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में नॉन–इंटरलोक्ड एल.सी. गेटों पर फाइबर–आधारित सी.सी.टी.वी. कैमरों की व्यवस्था के प्रावधान का कार्य।
अनुमानित लागत	रु. 4,81,96,529.14/-
निविदा प्रपत्र की कीमत	शून्य
धरोहर राशि	रु. 9,63,900.00/-
कार्य पूरा करने की अवधि	270 दिन
निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	05.06.2026 15:30 Hrs
वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है	www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/लखनऊ

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है • मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.– 106–टेली/टेंडर/05/2026–27 दिनांक 15.05.2026

1644/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

बाढ़ से निपटने को प्रशासन अलर्ट

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। आगामी मानसून और संभावित बाढ़ को देखते हुए कलेक्ट्रेट सभागार में वर्ष 2026-27 की बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद की बाढ़ सुरक्षा तैयारियों, तटबंधों की स्थिति और राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए पूर्व तैयारी सबसे जरूरी है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए 'शून्य जनहानि' लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए गए।

यमुना और बेतवा नदी से जुड़े तटबंधों पर रैन कट, रैट होल, झाड़ियों और जंगलों की सफाई का कार्य 30 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए गए। तटबंधों की लगातार निगरानी रखने तथा किसी भी क्षति की सूचना तत्काल उपलब्ध कराने को कहा गया।

जलभराव और जल निकासी की समस्या से निपटने के लिए पर्याप्त

■ 'जीरो कैजुअल्टी' लक्ष्य के साथ तैयारियां तेज

पंपिंग सेटों की व्यवस्था और उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। छोटी-बड़ी नावों का सत्यापन और मरम्मत कराने के साथ ही कुशल गोताखोरों की सूची तैयार कर प्रशिक्षण देने की बात कही गई, ताकि आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्य तेजी से किए जा सकें।

बैठक में बताया गया कि विभिन्न स्थानों पर खाली बोरियां, वायरक्रेट, स्टोन बोल्डर, मिट्टी और बालू सहित आवश्यक संसाधनों का भंडारण कर लिया गया है। जरूरत पड़ने पर मशीनों और ठेकेदारों की अग्रिम मैपिंग करने के निर्देश भी दिए गए।

जिन विद्यालयों में बाढ़ चौकियां बनाई जाती हैं वहां शौचालय, पेयजल, बिजली और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं पहले से सुनिश्चित करने को कहा गया। संवेदनशील और तटवर्ती क्षेत्रों में एंटी-वेनम दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने तथा नालियों और जल निकासी मार्गों की नियमित सफाई कराने के निर्देश भी दिए गए।

एक जून से 31 अक्टूबर तक कलेक्ट्रेट परिसर में 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम संचालित किया जाएगा। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त गेज रिपोर्टों का नियमित आदान-प्रदान कर जिला और राज्य स्तर पर सूचनाओं का त्वरित प्रेषण सुनिश्चित किया जाएगा। सहायक अभियंता-द्वितीय यशवीर सिंह को बाढ़ प्रभारी बनाया गया है और कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है।

नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर पालिका और जल निगम को पंपिंग सेट और जल निकासी व्यवस्थाएं पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में गठित बाढ़ सुरक्षा समितियों को लगातार सक्रिय रहने और ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए कहा गया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गीतम सिंह, एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद, अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

दुर्घटना में घायल वृद्धा ने कानपुर ले जाते समय दम तोड़ा

भरुआ सुमेरपुर। रविवार को देर शाम मुण्डेरा मार्ग में गौरी श्रमदान के समीप ट्रैक्टर की टक्कर से घायल हुई वृद्धा की इलाज के दौरान कानपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। शाम को गांव में इनका अंतिम संस्कार किया गया है। ग्राम पंचायत अतरैया के मजरा गौरी निवासी धर्मपाल सिंह की पत्नी ज्ञानवती सिंह ने रविवार को देर शाम कस्बे से लौटकर घर जा रही थी। मुंडेरा मार्ग में गौरी श्रमदान में ई रिक्शा से उतरकर यह गांव जाने के लिए गौरी श्रमदान में चढ रही थी। तभी तेज रफ्तार ईट लदे ट्रैक्टर ने वृद्धा को टक्कर मार दी। इससे यह गंभीर रूप से घायल हुई थी। सूचना पाकर पहुंचे परिजन इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए थे। हालत गंभीर होने पर इन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया था। सदर अस्पताल से रात में कानपुर ले जाते समय घाटमपुर के आगे इसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। सोमवार को शाम 5 बजे के बाद गांव में अंतिम संस्कार किया गया। मृतका अपने पीछे पति धर्मपाल सिंह, पुत्र सतवंत सिंह, विधवा बहू सीमा सिंह को रोता बिलखता छोड़ गई है।

नीति आयोग की रैंकिंग में सोनभद्र बना देश का नंबर-1 आकांक्षी जिला

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जनपद ने विकास की नई इबारत लिखते हुए पूरे देश में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत जारी दिसंबर 2025 की नवीनतम प्रगति रिपोर्ट में सोनभद्र ने देश के 112 आकांक्षी जिलों को पीछे छोड़ते हुए समग्र विकास (व्अमतंसस च्मतवितउंदबम) में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि न केवल जनपद बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार सोनभद्र का ओवरऑल स्कोर नवंबर 2025 के 57.3603 से बढ़कर दिसंबर 2025 में 65.0066 पहुंच गया। जिले ने 7.646 का सर्वाधिक डेल्टा स्कोर अर्जित किया, जो देश के सभी आकांक्षी जिलों में सर्वोच्च रहा। यही ऐतिहासिक प्रदर्शन सोनभद्र को राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान तक पहुंचाने का आधार बना। जनपद ने विशेष रूप से कृषि एवं जल संसाधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज करते हुए देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कृषि क्षेत्र में जिले का स्कोर 37.9523 से बढ़कर 42.7207 हो गया तथा 4.768 अंकों का प्रभावी सुधार दर्ज किया गया। किसानों के हित में संचालित योजनाओं, जल संरक्षण, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास कार्यों का सकारात्मक प्रभाव इस उपलब्धि में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में भी सोनभद्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश में छठी रैंक हासिल की। जिले का स्वास्थ्य स्कोर 68.2721 से बढ़कर 86.4586 पहुंच गया, जो 18.187 अंकों की बड़ी वृद्धि को दर्शाता है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, पोषण अभियानों के प्रभावी संचालन तथा ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का यह परिणाम माना जा रहा है।

बस का संचालन भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

मौदहा (अवधनामा संवाददाता) परिवहन विभाग द्वारा बिवांर कस्बे से मौदहा अछरौड़ बांदा होते हुए चित्रकूट के लिए नयी बस का संचालन किया गया। जिससे क्षेत्र के लगभग दर्जनो गॉवो के बॉदा और चित्रकूट जाने वाले यात्रियों को सुविधा होगी। रोडवेज को रोककर चालक परिचालक का मुंह मीठा कराकर गंतव्य के लिए रवाना किया गया। भारतीय जनता पार्टी के नेता राजदीप सिंह ने यात्रियों की समस्या को देखते हुये परिवहन विभाग से नयी बस संचालन की मांग की थी। जिससे चित्रकूट कामतानाथ जाने वाले यात्रियों को सुविधा हो सके। बस के चालक सचिन पाल और परिचालक राजा भैया सिंह चन्देल को भाजपा नेता राजदीप सिंह ने माला पहनाकर मुंह मीठा करवाकर बस संचालन कराया। एसएसआई रणविजय सिंह ने बताया कि बस बिवार से 7.30 बजे चित्रकूट की ओर रवाना होगी। वहां से शाम 3.30 से वापस बिवांर की ओर निकलेगी। इस मौके पर भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष वेदरत्न मिश्रा, परिवहन विभाग के एसएसआई रणविजय सिंह, प्रह्लाद सिंह , क्षेत्र पंचायत सदस्य मृदुल पाठक, भरत गुप्ता, राहुल सिंह, चाचा बाजपेई, रामाराव सोनी सहित दर्जनो लोग मौजूद रहे।

डीएम की अध्यक्षता में हुआ जनता मिलन कार्यक्रम

हरदोई (अवधनामा संवाददाता) कलेक्टेट सभागार में जनता मिलन कार्यक्रम के तहत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजन ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गई। जनसुनवाई मे आज 115 शिकायतें प्राप्त हुई। जनता मिलन के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, समाज कल्याण, विद्युत, जल निगम, चिकित्सा एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई इस पर जिलाधिकारी अनुनय झा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया कराये ताकि शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है और किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी /कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूनम भास्कर अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सपा अधिवक्ता सभा, इटावा ने डीएम को दिया ज्ञापन

इटावा (अवधनामा ब्यूरो) समाजवादी अधिवक्ता सभा के पदाधिकारियों ने लखनऊ में अधिवक्ताओं के ऊपर हुए लाठी चार्ज के विरोध में सोमवार को राज्यपाल उत्तर प्रदेश को ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया।ज्ञापन में लाठी चार्ज का विरोध किया व मांग की गई कि संबंधित मामले में दोषी पुलिस बल/अधिकारियों पर विधि अनुसार कार्रवाई/विभागीय कार्यवाही होनी चाहिए।ज्ञापन देने वाले अधिवक्ता अध्यक्ष अभिनय यादव, महासचिव भुवनेश यादव, कोषाध्यक्ष /मीडिया प्रभारी मैराज अली खान, पूर्व डी, जी, सी, दंड रवींद्र यादव, श्याम सिंह यादव, जगबीर यादव , हरि शंकर सक्सेना, अनूप शर्मा, सुमित कश्यप, अल्लू यादव, मंगल कुशवाह , वी पी यादव, असित यादव, अमित यादव, अभिलाख यादव, लोकेंद्र यादव मदीना सिद्दीकी, अचिंत्य यादव, दीपक कुदेशिया, हुकुम सिंह यादव, नवीन बाजपेई आदि अधिवक्तागण रहे।

सुमेर सिंह किले पर नेचर लवर्स द्वारा नेचर वॉक का आयोजन

इटावा (अवधनामा ब्यूरो) सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर के तत्वाधान में सुमेर सिंह किले पर नेचर लवर्स द्वारा रविवार को नेचर वॉक का आयोजन हुआ। नेचर वॉक का नेतृत्व डॉ अत्री गुप्ता, डॉ कमल कुशवाहा, डॉ राजीव चौहान, संजय सिंह चौहान द्वारा किया गया। संजय सिंह चौहान ने बताया कि सुमेर सिंह किले के पास स्थित हनुमान घाट में गंदगी होने की वजह से वहां की वातावरण में परिवर्तन एवं पर्यावरण में नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। वॉक में सिंधी सॉन्ग ने बताया कि उनके द्वारा करीब 30 पेड़ पौधों की प्रजाति एवं 10 पक्षियों की प्रजाति देखने को मिली। नेचर वॉक में कुछ नए प्रकार की प्रजातियां पेड़ पौधों की देखने को मिली जिनमें व्हाइट रोज, बोगनवेलिया, सीरीज एवं अनेक प्रकार की प्रजातियां मिली। नेचर वॉक में कुछ नई सदस्य भी सम्मिलित हुए एवं यह प्रमाण दिया कि वह लोग पर्यावरण संरक्षण के लिए जागृत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में किला स्टाफ, मुकेश, अर्जुन, शैलेंद्र, रश्मि पोरवाल, दीक्षा, टीटू एवं वैभव यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

लखनऊ लाठीचार्ज के विरोध में इटावा के वकील आज 19 मई को रहेंगे अवकाश पर

इटावा (अवधनामा ब्यूरो) लखनऊ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज का विरोध अब इटावा तक पहुंच गया है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने इस घटना की कड़ी निंदा की है, लखनऊ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन इटावा ने आज 19 मई 2026 को सामूहिक अवकाश का ऐलान किया है। डीबीए अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। डीबीए अध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने कहा कि इटावा बार लखनऊ में अधिवक्ता साथियों पर हुए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करता है। प्रशासन द्वारा किए गए बर्बरतापूर्ण कृत्य के विरोध में आज 19 मई को डीबीए के समस्त अधिवक्तागण सामूहिक रूप से अवकाश पर रहेंगे। बैठक में महामंत्री नितिन तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्रिपाठी, सुनील यादव, प्रमोद तिवारी, सौरभ झा, अमित चौरसिया, राजवीर सिंह चौहान, इंद्रपाल सिंह, हिमांशु यादव, राना यादव, अनिल वर्मा, रीना यादव, प्रीति चौहान, पुष्पा कुशवाहा, निधि पाल, अर्चना शाक्य, अनूप शर्मा और मीडिया प्रभारी अमित तिवारी मौजूद रहे।

कुलपति ने दस नई अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनों का किया उद्घाटन

सैफई (अवधनामा ब्यूरो) उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (यूपीयूएमएस), के ट्रॉमा सेंटर स्थित डायलिसिस यूनिट में सोमवार को दस नवीन एवं अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनों का उद्घाटन कुलपति प्रो0(डॉ0)अजय सिंह के कर-कमलों द्वारा किया गया।यह मशीनें आधुनिक तकनीक से युक्त हैं,जिनके माध्यम से सभी प्रकार की उन्नत डायलिसिस सेवाएं मरीजों को उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इस अवसर पर कुलपति ने डायलिसिस यूनिट का निरीक्षण करते हुए मरीजों से सीधे संवाद कर उनका हाल-चाल जाना। इसके उपरांत कुलपति ने वार्ड में पहुंचकर मरीजों से मुलाकात की। उन्होंने मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ0मनोज कुमार को डायलिसिस सेवाओं को और अधिक सुदृढ़,व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के निर्देश दिए,ताकि मरीजों को उच्च स्तरीय उपचार सुविधाएं निरंतर प्राप्त हो सकें।इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अमित सिंह,डीन मेडिसिन डॉ.आदेश कुमार,प्रॉक्टर डॉ.विजय मिश्रा सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

वाणिज्य संकाय में प्रथम अंक लाने पर रमनीत कौर को गुरूद्वारे मे किया गया सम्मानीत

अनपरा/सोनभद्र (अवधनामा संवाददाता) अनपरा नगर में पिछले सप्ताह मे सीबीएसई के 12वीं के नतीजे की घोषणा होने के बाद अनपरा तापीय परियोजना आवासीय परिसर में स्थित संट फ्रांसिस स्कूल की छात्रा रमनीत कौर विरदी ने वाणिज्य संकाय में विद्यालय में 96.4 प्रतिशत अंक के साथ पहला स्थान लाकर विद्यालय में टॉप किया। विद्यालय की तरफ से प्रधानाचार्य द्वारा सभी टॉपर बच्चों को बधाई दिया गया। रमनीत कौर के पिता प्रीतपाल सिंह विरदी और मॉ गुरमित कौर विरदी को भी विद्यालय कि तरफ से बधाई दि गई। रवीवार को अनपरा नगर के रेणुसागर में मौजूद गुरूद्वारे मे सिख धर्म से जूड़े लोगो ने रमनीत कौर विरदी के सम्मान एवं बधाई के लिए कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमे गुरूद्वारे के सचिव दारा सिंह के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान रमनीत कौर विरदी के पिता प्रीतपाल सिंह विरदी और मॉ गुरमित कौर विरदी मौजूद रही विक्रम सिंह द्वारा रमनीत कौर को अंग वस्त्र पहना कर वह उपहार भेंट कर बधाई दिया गया इस मौके पर केवल सिंह, इंदरजीत सिंह, मलकीत सिंह अन्य गुरूद्वारे से जूड़े सभी लोगो ने रमनीत कौर के उज्जवल भविष्य की कामना एवं बधाई दी।

अल्ट्राटेक फैक्ट्री के धुएं से डाला के लोग परेशान

डाला (सोनभद्र)(अवधनामा संवाददाता) डाला स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के भीतर कचरा जलाने से उत्पन्न असहनीय दुर्गंध व प्रदूषण से नगरवासी परेशान , डाला नगर पंचायत अध्यक्षा ने जिलाधिकारी सोनभद्र को ज्ञापन देकर कराया अवगत फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा कचरे को जलाना 15 दिनो के भीतर बंद नहीं किया गया, तो फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन करने को बाध्य होंगे। डाला नगर पंचायत अध्यक्षा फूलवंती कुमारी ने सोमवार को जिलाधिकारी सोनभद्र के नामित ज्ञापन को सौंपते हुए अवगत कराया कि डाला नगर क्षेत्र में स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के भीतर लगातार भारी मात्रा में कचरा जलाया जा रहा है। फैक्ट्री से चौबीसों घंटे निकलने वाली इस असहनीय और भारी दुर्गंध के कारण स्थानीय जनता का जीना मुहाल हो गया है। फैक्ट्री के भीतर कचरा जलने से निकलने वाला जहरीला धुआं पूरे नगर को अपनी चपेट में ले रहा है। इसके कारण नगर में दमा, सांस की बीमारी, आंखों में जलन और त्वचा संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा अत्यधिक बढ़ गया है। बच्चे और बुजुर्ग इसके सबसे पहले शिकार हो रहे हैं। बार-बार ध्यान आकर्षित कराने के बाद भी फैक्ट्री प्रबंधन जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। अध्यक्षा ने बताया कि यदि डाला स्थित अल्ट्राटेक फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा इस कचरे को जलाना 15 दिनो के भीतर बंद नहीं किया गया।

पेट्रोल-गैस की कीमतों पर कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। कलेक्ट्रेट में सोमवार को कांग्रेसियों ने पेट्रोल, डीज़ल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों तथा तेल संकट को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां और बैनर लिए हुए थे। तख्तियों पर 'महंगाई डायन खाए जात है', 'भारत जोड़ो-भारत जोड़ो, महंगाई से नाता तोड़ो' और 'अच्छे दिन चले गए, महंगाई के दिन आ गए' जैसे नारे लिखे हुए थे। उन्होंने इन नारों के साथ केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध जताया।

प्रदर्शन में शामिल हुये जिलाध्यक्ष गोविंद अहिरवार, संजयवीर लोधी, देवेंद्र मोहन चौबे, दिनेश सिंह, आराधना प्रकाश, नीलम निषाद ने कहा कि गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी का असर दैनिक वस्तुओं पर पड़ रहा है। इस महंगाई के कारण आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है। सरकार आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठा रही है। मीडिया प्रभारी उज्ज्वला पाठक ने कहा कि पेट्रोल और डीज़ल की बढ़ी कीमतों से आम जनमानस परेशान है। ईंधन महंगा होने से खाने-पीने की वस्तुओं सहित अन्य जरूरी सामानों के दाम भी बढ़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मध्य एशिया में चल रहे संकट को लेकर चेतावनी दी थी, तब केंद्र सरकार राज्यों के चुनाव में व्यस्त थी। सरकार 4 मई तक देश को यह भरोसा दिलाती रही कि तेल संकट जैसी कोई स्थिति नहीं है, लेकिन अब प्रधानमंत्री द्वारा पेट्रोल-डीज़ल का कम उपयोग करने और तेल बचाने की अपील की जा रही है। यह सब करके जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था और बेरोजगारी से छात्र और युवा दोनों परेशान हैं। सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि यदि सरकार जनता के हित में काम नहीं कर सकती तो उसे इस्तीफा दे देना चाहिए।

ट्रक से डीजल चोरी कर रहे बदमाशों ने ट्रक मालिक की स्कार्पियो पर झोंके फायर

भरुआ सुमेरपुर। नेशनल हाईवे 34 पर खड़े ट्रक से डीजल चोरी के दौरान ट्रक मालिक के पहुंचने पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में ट्रक मालिक ने भी फायर झोंक दिए। बदमाश भयभीत होकर अपनी ऑल्टो कार से बैठकर ललपुरा थाना क्षेत्र के पौथिया गांव के समीप पहुंचे और वाहन को छोड़कर मौके से भाग निकले। घटना नरायनपुर गांव के समीप की बताई जा रही है। लेकिन थानाध्यक्ष ने इससे साफ इनकार किया है।

बीती रात नेशनल हाईवे 34 के किनारे नरायनपुर के समीप अज्ञात बदमाश खड़े ट्रक से डीजल चोरी कर रहे थे। इसी बीच ट्रक मालिक ने मौके पर पहुंचकर उनको देखते ही ललकारा। इस पर बदमाशों ने उन पर फायरिंग झोंक दी। जवाब में ट्रक मालिक ने भी फायर किए। इस घटना के बाद बदमाश अपनी कार से भाग खड़े हुए। ट्रक मालिक ने घटना से पुलिस को अवगत कराया। सूचना पाकर सक्रिय हुई पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी की। अपने को पुलिस से घिरता देखकर कुंडौरा एवं पौथिया मार्ग पर नर्सरी के पास वाहन छोड़कर भाग गए। ललपुरा पुलिस ने वाहन को बरामद किया।

स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत एनटीपीसी विंध्याचल में श्रमदान एवं विशेष स्वच्छता अभियान

सोनभद्र/विंध्यनगर। 'स्वच्छता पखवाड़ा-2026' के अंतर्गत दिनांक 17.05.2026 को एनटीपीसी विंध्याचल में व्यापक स्तर पर 'श्रमदान' एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों, सीआईएसएफ कर्मियों, कर्मचारियों, परिवारजनों, यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधियों तथा संविदा हाउसकीपिंग कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान मंदिर परिसर सहित परियोजना के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई एवं श्रमदान गतिविधियाँ संचालित की गईं। साथ ही, स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर विशेष हाउसकीपिंग गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं।

दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा में समर कैंप शुरू

■ समर कैंप गर्मियों की छुट्टियों का सही सदुपयोग: भावना सिंह

वहाज अली 'निहाल'

इटावा। दिल्ली पब्लिक स्कूल में सोमवार से विशेष आकर्षक समर कैंप की धमाकेदार शुरुआत विभिन्न खेल और विशेष तर्कशील गतिविधियों के साथ हुई जिसमे बच्चों ने विभिन्न प्रकार के विशेष खेल कूद का भरपूर आनंद उठाया। 18 मई से 23 मई तक चलने वाले इस विशेष समर कैंप में बच्चे प्रतिदिन प्रातः6 से 9 बजे तक अपनी अपनी पसंद के इनडोर-आउटडोर गेम्स खेलने के साथ साथ विशेष आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी ले सकेंगे। शुभारंभ दिवस पर बच्चों ने विद्यालय में ही स्थापित उत्तर प्रदेश की पहली अत्याधुनिक एयरोस्पेस लैब को भी देखा और आधुनिक विज्ञान के साथ साथ वर्ल्ड गैलेक्सी की नई अद्भुत जानकारियां प्राप्त की। समर कैम्प में विद्यालय के क्लास 5 से लेकर क्लास 8 तक के बच्चों ने खेल विभाग के विभागाध्यक्ष रेहान अजीज के कुशल दिशा निर्देशन में कई प्रकार के इनडोर और आउटडोर गेम्स जैसे योगा, खो खो, स्केटिंग, बॉलीवाल, क्रिकेट, बास्केटबाल, जूडो, डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, बेकिंग, म्यूजिक लर्निंग, टेबिल टेनिस, ताईक्वांडो, शतरंज, हैंड्स टेक (कंप्यूटर) के साथ साथ पोटर्स एक्टिविटी, संस्कार शाला, म्यूजिकल पाइप बैंड, गिटार प्ले सहित पर्सनेलिटी डेवलेपमेंट की प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया। कैम्प में बच्चों को विशेष रूप से आत्मरक्षा से जुड़े विशेष प्रशिक्षण जैसे जूडो कराटे, ताइक्वांडो का भी विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समर कैंप के शुभारंभ पर प्रिंसिपल भावना सिंह ने कहा कि, इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में आपसी सद्भाव के साथ सामाजिक भावना की समझ भी विकसित होती है साथ ही उनमें छिपी हुई अनोखी खेल प्रतिभा निखरती है और वे स्वस्थ बने रहते है। डीपीएस के चेयरमैन डॉ विवेक यादव ने सभी अभिभावको से अपील करते हुए कहा कि, डीपीएस के इस विशेष समर कैंप में अपने अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करें क्यों कि, खेल कूद की इन गतिविधियों से ही बच्चो में बेहतर स्वास्थ्य और आत्मविश्वास बढ़ता है। इसलिए सभी बच्चों को इन समर कैंप में हमेशा ही प्रतिभाग करना चाहिए।

नगर पालिका सहित सभी नगर पंचायतों में समाधान दिवस सम्भव आयोजन किया गया

सोनभद्र/(अवधनामा ब्यूरो) उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारण के लिए प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में आज दिनांक- 18 मई 2026 सोमवार को मुकेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र, की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का अयोजन किया गया। तत्क्रम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 2, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 1, नगर पंचायत चोपन में 2, नगर पंचायत ओबर में 3, नगर पंचायत रेनुकूट में 0, नगर पंचायत पिपरी में 4, नगर पंचायत दुद्धी में 3, नगर पंचायत डाला बजार में 3, नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों में कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। मुकेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र, द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है उक्त अवसर पर सदस्यगण एवं नगर पालिका कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

बैंडबाजे एवं आतिशबाजी के साथ हुआ आरपीएल 2026 का आगाज

अवधनामा संवाददाता

अनपरा/सोनभद्र। हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर के तत्वावधान में आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज के खेल मैदान में भव्य बैंडबाजे एवं आकर्षक आतिशबाजी एवं बच्चों के नृत्य के साथ आरपीएल 2026 क्रिकेट लीग का मैच शानदार आगाज हुआ। उद्घाटन अवसर पर खेल प्रेमियों एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। आरपीएल 2026 क्रिकेट लीग में कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता को आईपीएल की तर्ज पर आयोजित किया गया है, जिसमें प्रत्येक टीम के खिलाड़ियों का चयन ऑक्शन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। ऑक्शन के जरिए टीम गठन होने से खिलाड़ियों एवं दर्शकों में प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह बना हुआ है। 'टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह ने मशाल के द्वारा प्रज्ज्वलित किया गया और खिलाड़ियों ने क्रिकेट मैदान पर प्रज्ज्वलित मशाल के साथ भव्य मार्च निकालने के पश्चात

■ खेल नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का सशक्त मंच है: आरपी सिंह

राष्ट्रगान हुआ ।कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुये मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया।इसी कड़ी में हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त मंच है। उन्होंने आरपीएल 2026 क्रिकेट लीग के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि हिंडालको रेनुसागर द्वारा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु लगातार सकारात्मक पहल की जा रही है। इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में खेल भावना, अनुशासन एवं आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने का कार्य करती हैं। इसके पूर्व हेड एच आर आशीष पांडेय ने आरपीएल 2026 लीग क्रिकेट मैच पर प्रकाश डालते हुये खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। तत्पश्चात संचालन विभाग के प्रभारी मनीष जैन ने प्रतिभाग कर रही टीमों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं में ऊर्जा, आत्मविश्वास एवं आपसी भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उद्घाटन आरपी सिंह एकादश एवं मनीष जैन

लोहिया संस्थान लखनऊ में बनेगा 1010 बेड का अत्याधुनिक इमरजेंसी सेंटर

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नवीन परिसर में 1010 बिस्तरों वाला मल्टी स्पेशलिटी इमरजेंसी सेंटर बनाने की परियोजना को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। यह परिसर राजधानी के शहीद पथ स्थित गोमती नगर विस्तार सेक्टर-7 में स्थित है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर 855 करोड़ चार लाख 34 हजार रुपये खर्च होंगे और इसके तहत अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इमरजेंसी अस्पताल के साथ नया ओपीडी ब्लॉक और 200 सीटों वाला टीचिंग ब्लॉक भी बनेगा। नया ओपीडी ब्लॉक मरीजों की बढ़ती संख्या और बेहतर उपचार व्यवस्था को

855 करोड़ की मंजूरी

ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। इससे प्रदेशवासियों को अधिक सुव्यवस्थित और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

वहीं टीचिंग ब्लॉक (शैक्षणिक खंड) में चिकित्सा छात्रों को आधुनिक तकनीक और संसाधनों से युक्त शिक्षण वातावरण मिलेगा, जिससे मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता सुधरेगी। अधिकारियों के अनुसार, नई चिकित्सा अवसंरचना के विकसित होने से गंभीर मरीजों को त्वरित और विशेषज्ञ उपचार मिल सकेगा। साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों से राजधानी आने वाले मरीजों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

समयबद्ध ढंग से टीकाकरण कार्य पूर्ण कराया जाए

वर्तमान में प्रदेश में 131 गोबर गैस संयंत्र स्थापित हैं, जिनकी कुल क्षमता 5244.75 घन मीटर है। इनमें 66 संयंत्र क्रियाशील हैं, जबकि 28 संयंत्र एनजीओ द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी जनपद में वैक्सीनेशन कार्य में शिथिलता न बरती जाए। ग्रामीण क्षेत्रों व दूर दराज के क्षेत्रों तक के पशुपालकों को जागरूक किया जाए तथा समयबद्ध ढंग से टीकाकरण कार्य पूर्ण कराया जाए। पशुपालकों को बेहतर पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

पशु चिकित्सा छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता तीन गुना बढ़ा

पशु चिकित्सा के छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता 4000 रुपये से बढ़ाकर 12000 रुपये कर दिया गया है। राज्य सरकार का यह निर्णय पशु चिकित्सा शिक्षा को नई ऊर्जा देने वाला है। इससे छात्रों का उत्साहवर्धन होगा तथा पशु चिकित्सा सेवाओं में दक्ष मानव संसाधन तैयार करने में मदद मिलेगी। यह कहना है पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह का। विधान सभा स्थित सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में पशुधन मंत्री ने प्रदेश के गो-आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गोबर गैस एवं बायो गैस संयंत्रों के माध्यम से ऊर्जा उत्पादन और आय सृजन को बढ़ावा दिए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

अवैध खनन को लेकर अखिलेश ने भाजपा पर बोला करारा हमला

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बांदा में कथित अवैध खनन को लेकर भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोला है। 'बांदावासियों' के नाम जारी एक भावुक अपील में उन्होंने कहा कि निर्मम उत्खनन के कारण बांदा को साजिशन खत्म किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा, ' अगर शोषण-दोहन यूँ ही जारी रहा तो एक दिन दुनिया कहेगीः 'एक था बांदा।'

अखिलेश यादव ने कहा कि आज की धन लोभी भाजपा सरकार और उनके पालित-पोषित लालची ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे उत्खनन से बांदा मिटाया जा रहा है और दूसरी जगहों को बसाया जा रहा है। इस 'प्राकृतिक उत्पीड़न' के कारण स्थानीय पैदावार चक्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सपा प्रमुख ने कहा कि काम-कारोबार की कमी से लोग पलायन कर रहे हैं। इससे बांदा 'प्राकृतिक पलायन' का शिकार हो रहा है। इसका असर यह हुआ है कि बांदा की हर संपत्ति का मूल्य घट रहा है और मान भी।

एसजीपीजीआई में भर्ती मरीज का खून से लथपथ शव बरामद

अवधनामा संवाददाता

लीवर कैंसर से पीड़ित था मुश्ताक अली

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में भर्ती एक मरीज का सोमवार तड़के खून से लथपथ शव बरामद किया गया, जिसका गला कटा हुआ था। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अमित कुमार आनन्द ने पत्रकारों को बताया कि मृतक की पहचान बस्ती जिले के निवासी मुश्ताक अली (61) के रूप में हुई जो लीवर कैंसर से पीड़ित था।

डीसीपी ने बताया कि सोमवार को पीजीआई थाना क्षेत्र में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में भर्ती बस्ती जिले के निवासी एक मरीज मुश्ताक अली (61) की गला कटने से मौत की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पुलिस पहुंची। आनन्द ने बताया कि पूछताछ में यह पता चला कि करीब चार-साढ़े चार बजे उसके बगल के बेड पर भर्ती मरीज के तीमारदार ने देखा कि मुश्ताक के गले से खून निकल रहा है, तत्काल सूचना स्टाफ एवं पुलिस को दी गई।

डीसीपी ने बताया कि उसके बगल में एक ब्लेड पड़ा था और वह पिछले एक माह से पीजीआई में भर्ती था। उन्होंने कहा कि वह लीवर कैंसर से ग्रसित था और लगभग आठ-नौ माह से उपचाराधीन था। उन्होंने यह भी बताया कि यह आर्थिक तंगी में भी था। डीसीपी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं की छानबीन कर रही है। बाद में एक बयान में एसजीपीजीआई ने कहा कि बस्ती के रहने वाले मरीज़ मुश्ताक अली (61) को 21 अप्रैल, 2026 को गैस्ट्रो सर्जरी वार्ड में डॉ. आशीष सिंह की देखरेख में गॉल ब्लैडर के एडवांस्ड एडेनो कार्सिनोमा के फॉलो-अप केस के तौर पर भर्ती किया गया था। 17 मई की रात को उनकी हालत स्थिर थी, वे आराम से थे और सभी स्टाफ से अच्छे से बात कर रहे थे।

बयान के अनुसार '18 मई की सुबह, पास के बेड पर मौजूद एक मरीज के रिश्तेदार ने जानकारी दी कि मरीज़ मुश्ताक अली की तबीयत खराब है, जिसके बाद वार्ड के नर्सिंग स्टाफ ने तुरंत मरीज़ को देखा। जांच करने पर, मरीज़ की नब्ज और बीपी नहीं मिल रहा था, वे कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहे थे और उनकी गर्दन के दाईं ओर एक गहरा कटे का निशान था, जिससे उनके सिर, बेड और जमीन पर काफी खून फैला हुआ था। बयान के अनुसार वार्ड के नर्सिंग स्टाफ ने तुरंत सीपीआर शुरू किया और वार्ड के रेजिडेंट डॉक्टर को सूचना दी गई। वार्ड के रेजिडेंट डॉक्टर भी मरीज़ को होश में लाने की कोशिश में शामिल हो गए।

किशोर व पिता की बर्बर पिटाई में दबंगों को मिले कड़ी सजा

अवधनामा संवाददाता

सरकार के दलितों-वंचितों की सुरक्षा के दावों पर एक करारा तमाचा है : भाकपा

लखनऊ। भाकपा (माले) ने कानपुर के सचेंडी (झखरा संभरपुर गांव) में महज़ सरकारी हैंडपंप के पास रखी बाल्टी से पानी पी लेने पर एक दलित किशोर को नग्न कर बेरहमी से पीटने, जूते पर थूक चटवाने और उसके पिता की पसलियां तोड़ देने की सामंती-दबंगई की घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। पार्टी ने इस अमानवीय कृत्य की तीखी निंदा करते हुए इसे उत्तर प्रदेश में पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी कानून-व्यवस्था का एक और ज्वलंत प्रमाण बताया है।

भाकपा (माले) के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने सोमवार को बयान जारी कर कहा, 'यह घटना योगी सरकार के तथाकथित 'रामराज्य' और दलितों-वंचितों की सुरक्षा के दावों पर एक करारा तमाचा है। 2 मई को घटी इस जघन्य वारदात की एफआईआर दर्ज होने और मीडिया में आने में 14 दिन लग गए। यह विलंब साफ तौर पर दर्शाता है कि स्थानीय पुलिस और प्रशासन सामंती दबंगों को संरक्षण दे रहे थे। जब पीड़ित अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे थे, तब सचेंडी पुलिस मामले को दबाने और मोड़ने की साजिश में जुटी हुई थी।

पार्टी राज्य सचिव ने पुलिस के उस ढुलमुल रवैये की भी कड़ी आलोचना की, जिसमें मामले को 'कूड़ा फेंकने का पुराना विवाद' बताकर हल्का करने की कोशिश की जा रही है। माले नेता ने कहा कि घटना के जातिगत और अमानवीय पहलू (जूते पर थूक चटवाना, जातिसूचक गालियां देना) को छुपाने की कोई भी प्रशासनिक कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

योगी से मिलने बिहार से पहुंची महिला

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास में जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से कहा कि घबराइए नहीं हर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएंगे।

सीएम ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें। समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी तरीके से निस्तारण कराएं। इस मौके पर सीएम ने कहा कि हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान हमारी प्रतिबद्धता है। हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिले। जरूरतमंदों को समुचित इलाज की व्यवस्था हो। जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। जनता दर्शन में बिहार से पहुंची एक महिला ने स्थानीय भाषा में बात करते हुए सीएम से मिली। सीएम ने उनसे पूछा कि कहां से आई हैं?

कार्यकाल बढ़ाने के लिए धरने पर बैठे ग्राम प्रधानों को डिप्टी सीएम ने खिलाई मिठाई

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। यूपी में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल अगले सप्ताह पूरा हो रहा है। आरक्षण प्रक्रिया के कारण चुनाव आगे बढ़ेगा। चुनाव न होने तक पंचायतों में प्रशासक नियुक्त करने की हलचल है। उधर, ग्राम प्रधानों की तरफ से कार्यकाल बढ़ाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इसी क्रम में सैकड़ों ग्राम प्रधान, राजधानी लखनऊ पहुंचकर धरने पर बैठ गए हैं।

सोमवार को हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा के पास प्रधानों का धरना चल रहा था। उप-मुख्यमंत्री बृजेश पाठक प्रधानों के बीच पहुंच गए। भयंकर गर्मी थी। डिप्टी सीएम ने प्रधानों का हालचाल जाना। उनकी मांग सुनी। पानी पिलवाया और मिठाई खिलाई। आश्वस्त किया कि उनकी मांग पहुंचा दी जाएगी। सोमवार को ही यूपी कैबिनेट ने पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी दी है। दरअसल, पंचायतों में आरक्षण प्रक्रिया लागू होनी है। चूंकि अभी तक आयोग ही गठित नहीं हुआ था।

अब प्रस्ताव को मंजूरी मिली है तो पिछड़ा वर्ग आयोग गठित होगा और छह महीने के अंदर यह अपनी रिपोर्ट देगा। उसी आधार पर पंचायतों में आरक्षण प्रक्रिया लागू होगी। हालांकि पंचायत चुनाव से जुड़ा मामला अभी कोर्ट में भी विचाराधीन है। बहरहाल, प्रधान कार्यकाल बढ़ाने की मांग उठाए हैं। उधर, शासन स्तर पर पंचायतों में प्रशासक नियुक्त करने पर मंथन की बातें सामने आ रही हैं। सनद रहे कि यूपी में 26 मई को ग्राम प्रधानों का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इसी के साथ जिला पंचायत सदस्य और क्षेत्र पंचायतों सदस्यों का भी कार्यकाल समाप्त हो रहा है। बीच में, यूपी के गांव-गांव त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही थीं। प्रत्याशी भी पूरी दमखम झोंकने लगे थे। लेकिन अभी पंचायत चुनाव टलने पर गांवों की सियासत फिर से शांत होने लगी है।

ऊर्जा और ईंधन बचत के लिए भाषा विवि में जारी किए गए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों एवं विभिन्न देशों के बीच जारी तनाव के कारण उत्पन्न हालातों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल-डीजल, बिजली एवं अन्य ऊर्जा संसाधनों के संयमित उपयोग की अपील की गई है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भी इस दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

इन निर्देशों को गंभीरता से लेते हुए ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय स्तर पर ठोस कदम उठाए हैं। उनके निर्देशन में विश्वविद्यालय प्रशासन ने संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं समस्त स्टाफ के लिए तीन महत्वपूर्ण श्रेणियों में निर्देश जारी किए हैं, जिनका उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण, ईंधन की बचत एवं संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करना है। विद्युत बचत के लिए विद्युत उपकरणों का न्यूनतम उपयोग सुनिश्चित करने व कार्यालय छोड़ते समय सभी स्विच बंद किए जाएं। एसी का तापमान 25-26 डिग्री पर रखा जाए। लिफ्ट के स्थान पर सीढ़ियों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए। ईंधन बचत के लिए परिवहन संबंधी निर्देश : कार पूलिंग एवं टू-व्हीलर पूलिंग को अपनाया जाए। यथासंभव सार्वजनिक परिवहन का उपयोग किया जाए। साइकिल एवं ई-रिक्शा जैसे वैकल्पिक साधनों को बढ़ावा दिया जाए।

एमआईटी-वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटीके छात्रों का वैश्विक मंच पर परचम

अवधनामा संवाददाता

पल 'स्वीफ्ट स्टूडेंट चैलेंज 2026' में पाई बड़ी सफलत

लखनऊ। एक अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि के अंतर्गत, 'एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी' के दो छात्रों ने प्रतिष्ठित 'स्विफ्ट स्टूडेंट चैलेंज 2026' में विश्व भर के शीर्ष 50 'डिस्टिंग्विश्ड विनर्स' (प्रतिष्ठित विजेताओं) में अपनी जगह बनाई है। इस अद्वितीय सफलता के फलस्वरूप उन्हें कैलिफ़ोर्निया के क्यूपर्टिनो स्थित 'एप्पल पार्क' में आयोजित होने वाले एप्पल के 'वर्ल्डवाइड डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस' 2026 में सम्मिलित होने का विशेष अवसर प्राप्त हुआ है। इन दो उत्कृष्ट विजेताओं के अतिरिक्त, एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के 10 अन्य छात्रों ने भी वैश्विक स्तर पर शीर्ष 350 में स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के 'आईओएस डेवलपमेंट सेंटर' के लिए यह सफलता एक ऐतिहासिक उपलब्धि सिद्ध हुई है।

एप्पल का 'स्विफ्ट स्टूडेंट चैलेंज' कार्यक्रम भावी पीढ़ी के डेवलपर्स, क्रिएटर्स और उद्यमियों को प्रोत्साहित करने का कार्य करता है। इस वैश्विक प्रतियोगिता में दुनिया भर से हजारों छात्र डेवलपर्स भाग लेते हैं, जिन्हें अपनी रचनात्मकता और तकनीकी विशेषज्ञता के माध्यम से वास्तविक जीवन की चुनौतियों का समाधान करने वाले अभिनव एप्लीकेशन विकसित करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

श्लोका शेट्टी द्वारा विकसित 'एअरोलैब' एक संवादात्मक शैक्षणिक मंच प्रदान करता है। यह मुख्य रूप से फॉर्मूला 1 कारों जैसी उच्च-प्रदर्शन प्रणालियों में प्रयुक्त होने वाली जटिल 'एअरोडायनामिक' संकल्पनाओं को सरल बनाता है, जिससे यह छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए अधिक सुगम हो जाता है।

चैलेंज के सभी विजेताओं को एप्पल की ओर से आधिकारिक मान्यता पत्र, व्यक्तिगत 'एप्पल डेवलपर प्रोग्राम' की सदस्यता और 'एअर पॉड्स मॅक्स' प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा। एप्पल और इंफोसिस के सहयोग से संचालित 'आईओएस डेवलपमेंट सेंटर' के माध्यम से नवाचार, रचनात्मकता और उद्योग-अनुकूल कौशलों को बढ़ावा देने की एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता को यह वैश्विक मंच रेखांकित करता है।

परिवार ही असली शक्तिः डा. दिनेश

अवधनामा संवाददाता

आशियाना में संस्कृतिकर्मी हुए सम्मानित

लखनऊ। 'बहुत सी विसंगतियों के बीच परिवार आज सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। असली शक्ति है।' यह बात राज्यसभा सांसद डा. दिनेश शर्मा ने आशियाना परिवार के सेक्टर-के पार्क में आयोजित सम्मान समारोह में कही। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य में सुखी और समृद्ध परिवार की महत्ता पर जोर दिया।

देश-विदेश के अनेक संस्मरणात्मक उदाहरण सामने रखते हुए डा. शर्मा ने कहा कि समय के साथ लगभग सब कुछ बदल गया है। संवेदनाओं करुणा और दया भाव आदि का जैसे लोप हो गया है। ऐसी वर्तमान परिस्थितियों में परिवार में हर तरह का संतुलन बनाकर पालन-पोषण करना, संस्कार देना, नैतिक पाठ पढ़ाना, हर मायने में उसका विस्तार करना और सदस्यों को समाज हित में सार्थक योगदान के योग्य बनाना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि आशियाना परिवार, आरडी द्विवेदी के मार्गदर्शन में सबको साथ लेकर अपनी नैतिक जिम्मेदारी बखूबी निभाते हुए आगे बढ़ रहा है। संयोजक आरडी द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत किया और आशियाना परिवार की 26 वर्षों की गतिविधियों को संक्षेप में रखा। इस अवसर पर डा. दिनेश शर्मा ने अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर आशियाना परिवार से जुड़े कलाकारों और पत्रकारों किशोर चतुर्वेदी, रश्मि चतुर्वेदी, सुनील शुक्ला, रत्ना शुक्ला, राजवीर रतन, ज्योति किरन रतन, रविनाथ मिश्र, रत्नेश मिश्र, मिथिलेश आदि को सम्मानित किया।

पसमांदा समाज को गांव से सरकार तक मजबूत आवाज़ देने की तैयारी

अवधनामा संवाददाता

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ की ऑनलाइन बैठक में संगठन विस्तार, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता पर मंथन

लखनऊ। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ की पूर्वी एवं मध्य उत्तर प्रदेश इकाई की ऑनलाइन ज़ूम बैठक शनिवार शाम आयोजित हुई, जिसमें संगठन विस्तार, सामाजिक जागरूकता, शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रशासनिक समस्याओं के समाधान जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को पसमांदा समाज की बढ़ती सामाजिक चेतना और आत्मसम्मान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज़ हनीफ़ ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में प्रभावी कार्य के लिए संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश को पूर्वी, पश्चिमी, मध्य उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड–चार ज़ोनों में विभाजित कर संगठन को नई गति दी जाएगी। प्रत्येक क्षेत्र में अलग समन्वय तंत्र विकसित किए जाएंगे, ताकि स्थानीय समस्याओं के अनुरूप कार्ययोजना बनाई जा सके।

राष्ट्रीय कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद यूनुस ने कहा कि महाज़ का उद्देश्य किसी से टकराव नहीं, बल्कि पसमांदा समाज की सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक उन्नति सुनिश्चित करना है। संगठन मंत्री एडवोकेट सईद उज्जमान ने बताया कि जल्द ही चारों ज़ोनों में ज़ोनल अध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी, जिसके बाद मंडल, जिला और ब्लॉक स्तर पर संगठन का विस्तार किया जाएगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शाइस्ता सल्मानी ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर ज़ोर देते हुए कहा कि महिलाओं को संगठन से जोड़ने के लिए अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा।

वहीं डॉ. मोहम्मद अज़हर अंसारी ने पसमांदा मुद्दों को शोध, मीडिया और सामाजिक अभियानों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई।प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लखनऊ कार्यालय प्रभारी अब्दुल इलियास सल्मानी ने 13 जून 2026 को होने वाले सम्मेलन की तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि सम्मेलन में पसमांदा विमर्श से जुड़ा साहित्य प्रदर्शित किया जाएगा तथा गांव-गांव तक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।

सेवा, दया की भावना से आत्मा को सदैव शुद्ध रखें : डा. भारती

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल की संस्थापिका निदेशिका डॉ भारती गाँधी के मार्गदर्शन में एक वैचारिक-आध्यात्मिक सत्संग सभा का आयोजन सी.एम.एस. प्रधान कार्यालय में सम्पन्न हुआ। सत्संग में श्री राबर्ट गांधी एवं श्री जहीर अहमद समेत 70 से अधिक विभिन्न धर्मों के अनुयाइयों ने 'सेवा, दया व सहयोग से आत्मा की शुद्धता' विषय पर सारगर्भित चर्चा-परिचर्चा की।

सत्संग में बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए सी.एम.एस. संस्थापिका डा. भारती गाँधी ने जनमानस का आह्वान किया कि सेवा, दया व सहयोग की भावना से अपनी आत्मा को सदैव शुद्ध रखें। उन्होंने कहा कि मनुष्य ईश्वर की बनाई सबसे उत्कृष्ट कृति है। केवल मनुष्य को ही ईश्वर ने सोचने, समझने व निर्णय लेने की क्षमता प्रदान की है परन्तु ईश्वर अपने द्वारा प्रदत्त सदुणों का समय समय पर परीक्षण करते रहते हैं। आपने अपने जीवन में कितनी सेवा की, दया भाव रखा व सबको सहयोग किया, वह समय-समय पर इसकी परीक्षा लेता रहता है। अतः हमें सत्कर्मों को अपनाकर एवं सभी के प्रति प्यार व सम्मान की भावना रखकर अपने अन्तःकरण को सदैव निर्मल व शुद्ध रखने का प्रयास करना चाहिए। डॉ. भारती गाँधी ने जोर देते हुए आगे कहा कि प्रत्येक माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों के ईश्वर की भक्ति व उनकी शिक्षाओं से अवश्य अवगत करायें और उनमें ईश्वरीय गुणों जैसे कि सेवा करना, सहयोग करना व भेदभाव न करना आदि के प्रति प्रेरित करें।

सीएमएसः समर कैम्प में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के विभिन्न कैम्पसों द्वारा आयोजित किये जा रहे समर कैम्प जहाँ एक ओर छात्रों की नैसर्गिक बहुमुखी प्रतिभा को निखारने व संवारने में अहम भूमिका निभा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास हेतु सी.एम.एस. की प्रतिबद्धता को भी दर्शाते हैं।

समर कैम्प के अन्तर्गत सी.एम.एस. शालीमार वनवर्ल्ड कैम्पस, कानपुर रोड कैम्पस, चौक कैम्पस एवं राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस समेत सभी 21 कैम्पसों में इन दिनों छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा का अभूतपूर्व नजारा देखने को मिल रहा है, जहाँ छात्र अपनी रूचि के अनुसार खेलकूद, गायन, वादन, नृत्य, चित्रकला, ताइक्वाण्डो, योगा, सेल्फ-डिफेन्स, तैराकी, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, वाद्य यंत्र, वेस्टर्न म्यूजिक, ऐरोबिक्स, पेन्टिंग, कैलीग्राफी आदि विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा को निखारने व सँवारने में संलग्न नजर आये। खास बात यह है कि ये निःशुल्क समर कैम्प छात्रों में आपसी सद्भाव, सौहार्द व एकता के विचारों को बढ़ावा देने का अवसर भी साबित हो रहे हैं, जिसमें छात्र अपनी रूचि के अनुसार विभिन्न विधाओं में पारंगत होने के साथ ही यादगार अवसरों को संजो रहे हैं।

सिटी मोन्टेसरी स्कूल का शालीमार वनवर्ल्ड कैम्पस इन दिनों छात्रों के प्रतिभा विकास का केन्द्र बना हुआ है, जहाँ मजेदार तौर-तरीकों से छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारा व तराशा जा रहा है। कक्षा-4 की छात्रा अभिश्री श्रीवास्तव ने एक अनौपचारिक वार्ता

समर कैम्प का हर दिन बड़ा ही उत्साहपूर्ण रहा : अभिश्री

में समर कैम्प के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि समर कैम्प का हर दिन बड़ा ही उत्साहपूर्ण रहा। भारतनाट्यम के नये स्टेप और भाव-भंगिमाएं सीखना मुझे बहुत अच्छा लगा, साथ ही गिटार व जुम्बा सत्रों का खूब आनंद उठाया। कक्षा-9 के छात्र आद्विक श्रीवास्तव का कहना था कि समर कैम्प में मुझे नई चीजें सीखने और नये दोस्त बनाने का बहुत अच्छा अवसर मिला जबकि कक्षा-2 के छात्र श्रेयांस ने कहा कि यह समर कैम्प एक यादगार अवसर है।

इसी प्रकार, सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस के समर कैम्प में भी प्रतिभागी छात्रों का उत्साह अपने चरम पर है और सम्पूर्ण विद्यालय परिसर छात्रों व अभिभावकों की चहल पहल से गुंजायमान नजर आया। तैरीकी का अभ्यास करते एवं पानी में खुशी से किलकारियां मारते नन्हें-मुन्हें बच्चों को देखना एक सुखद अनुभव रहा। स्केटिंग, रेसलिंग, फुटबाल, वॉलीबाल, कम्प्यूटर साइंस, ताइक्वाण्डो, तैराकी आदि विभिन्न विधाओं में छात्रों का अभूतपूर्व उत्साह सहज ही दिखाई दे रहा था। सी.एम.एस. राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस एवं सी.एम.एस. चौक कैम्पस के समर कैम्प में भी गीत-संगीत, नृत्य एवं वाद्य यंत्रों के साथ ही विभिन्न खेलों में छात्रों का उत्साह देखने को मिला। संगीत क्लास में गिटार, पियानो एवं अन्य उपकरणों पर बच्चों की अच्छी-खासी मौजूदगी इसका स्पष्ट प्रमाण थी तो वहीं दूसरी ओर, मार्शल आर्ट व कोआपरेटिव खेलों में छात्रों ने जमकर भागीदारी की और अनुशासन, टीम भावना, सहयोग एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की सीख प्राप्त की।

प्रधान पुत्रों का आतंक, युवक को होटल के कमरे में बंद कर पीटा

बुलंदशहर लखनऊ। यूपी के बुलंदशहर स्थित ककोड़ थाना कोतवाली क्षेत्र के सुनपेड़ा में एक युवक को होटल में बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा गया है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पिटाई करने वाले ग्राम प्रधान हरवीर के पुत्र बताए जा रहे हैं।

वायरल वीडियो में हर्ष, शिवम और नितिन पुत्र हरवीर निवासी सुनपेड़ा दिखाई दे रहे हैं। उनके साथ आशु पुत्र अजीमुल्ला निवासी सुनपेड़ा भी युवक को पीटते नजर आ रहा है। वीडियो में पीड़ित युवक पर मकान खाली करने का दबाव बनाया जा रहा है। हरवीर को सुनपेड़ा का ग्राम प्रधान बताया गया है। उसके बेटे ही युवक की पिटाई कर रहे हैं। इस मामले में ककोड़ थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।